CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri



बृहद्वास्तुमाला

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

॥ श्रीः ॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला
१२

बृहद्वास्तुमाला

काशीस्थ-मारवाडीसंस्कृतमहाविद्यालयस्य भूतपूर्वप्रधानाध्यापकेन
ज्यौतिषाचार्य-ज्यौतिषतीर्थ स्व० पं० श्रीरामनिहोरद्विवेदेन
सङ्गृहीता-तेनैव हिन्दीभाषयाऽनूदिता च

एवम्

एम० ए०, पी-एच० डी०, डी० एस-सी० एवाई०-
साहित्य-आयुर्वेद-ज्यौतिषाचार्योपाधिभाजा

डॉ० ब्रह्मानन्दत्रिपाठि-महोदयेन
संशोधिता सम्पादिता च

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

वा रा ण सी

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

प्रकाशक

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri
(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)
के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129, वाराणसी 221001
दूरभाष : 2335263

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

चौखम्बा सुरभारती
वाराणसी- 0542-2235263
रु० ६५/

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस
4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)
गली नं. 21-ए, अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली 110002
दूरभाष : 32996391
ई-मेल : chaukhamba_neeraj@yahoo.com

❖

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
38 यू. ए. बंगलो रोड, जवाहर नगर
पो. बा. नं. 2113
दिल्ली 110007
दूरभाष : 23856391

❖

चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बैंक ऑफ बड़ोदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069, वाराणसी 221001
दूरभाष : 2420404
Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

भूमिका

श्रीविक्रमादित्यगुरोः पदाब्जे सम्पातसम्भावितशेखरोऽहम् ।
ज्योतिर्विदामग्रसरस्य पादौ श्रीरामयत्नाख्यगुरोर्नमामि ।। १ ।।

गृहनिर्माण सम्बन्धी बातों को जानने के लिए सर्वसाधरण को आवश्यकता है। प्राचीन ग्रन्थों में इसकी चर्चा और संक्षिप्त बातें मिलती हैं किन्तु सबका संग्रह एकत्र मिल जाय इस प्रकार की पुस्तक आज तक कोई देखने में नहीं आई इसलिए मेरे अनेक मित्रों ने अनुरोध किया कि वास्तु सम्बन्धी सब बिषयों का संग्रह प्रमाण सहित एकत्र प्रकाशित हो जाय तो विद्वानों को बड़ो सुगमता होगी। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए मैंने बहुत ही परिश्रम से ऋषिप्रणीत अनेक ग्रन्थों को एकत्रित कर यह अद्वितीय ग्रन्थ तैयार किया है। इस पुस्तक को लिखते समय जहाँ-जहाँ विवादग्रस्त (मतभेद) बातें आ पड़ी हैं उसके लिए काशी के सुप्रसिद्ध विद्वान् गुरुवर ज्यौ० पं० रामरत्न ओझाजी प्रधान ज्यौतिषशास्त्राध्यापक हिन्दू विश्वविद्यालय तथा जगद्विख्यातकीर्ति गुरुवर ज्यौ० पं० हृषीकेशोपाध्यायजी-प्रधानगणितशास्त्राध्यापक गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज-बनारस, दोनों महानुभावों के निर्णय द्वारा लिखी गई है।

किस स्थान पर गृह बनाना चाहिए अर्थात् भूमि शोधन की सभी बातें-मकान के किस भाग में कितने दूर पर जलाशय आदि को रहना चाहिए, गजपृष्ठ, कूर्म-पृष्ठ आदि का लक्षण पिण्डनिर्माण ऋषियों के मत से दकार्गल, वृक्षायुर्वेदाध्याय मण्डलेश, सिद्धपिण्ड और पिण्डसारिणी शिलान्यास आदि का मुहूर्त, चरणी विचार अनेक प्रकार के चक्र, देवमन्दिर निर्माण का विचार, सभी बातें अनेक ग्रन्थों में सप्रमाण दियी गयी हैं। और सर्वसाधारण इस विषय को समझ सके इसलिये सरल हिन्दी भाषा में सब श्लोकों का अनुवाद उदाहरण सहित लिख दिया गया है, तथा अन्त में शिलान्यास, वास्तुशान्ति सम्बन्धो सब विधि स्वर्गीय महामहो-पाध्याय प० प्रभुदत्तजी अग्निहोत्री के पुत्र विख्यात कर्मकाण्डी काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय धर्म विज्ञान विभाग के अध्यक्ष पं० श्रीविद्याधरजी की कृपा से प्राप्तकर

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

उसका भी सन्निवेश कर दिया गया है। परिशिष्ट में पिण्डानयन की उपपत्तियां भी दे दी गई हैं, जिनकी उपपत्तियां नहीं दी गई हैं वे उपपत्तियां इन्हीं उपपत्तियों से सिद्ध होती हैं। ग्रन्थ को सुन्दर बनाने में बहुत कुछ यत्न किया गया है, केवल जब पुस्तक यन्त्रस्थ हुई तो पूज्य पिताजी की बीमारी के बढ़ जाने से मुझे चञ्चल रहना पड़ा इसलिए कहीं-कहीं की छपाई की भूल रह गई है। तथापि जो कुछ त्रुटियां रह गई हों उसे हृदय पाठकगण प्रथमावृत्ति के लिये क्षमा करें। मैंने केवल जनता के उपकारार्थ इसका सम्पादन किया है यदि विद्वान् लोग एक बार भी इस ग्रन्थ को आद्योपान्त पढ़कर इसकी उपयोगिता समझेंगे तो मैं भी अपना परिश्रम सफल समझूंगा। इस पुस्तक के सम्पादन में जिन लोगों ने मुझे प्रोत्साहित किया है तथा यथासाध्य सहायता दी है उन लोगों का मैं कृतज्ञ हूं।

आश्विन कृ० ६ सं० १९८७
मारवाड़ी संस्कृत कालेज काशी

विनीत—
रामनिहोर द्विवेदी

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वितीय-संस्करण की भूमिका

वास्तु विषयक अनेक ग्रन्थों का मनन कर एवं अपने विशेष अनुभूत योगोंके ज्ञान के आधार पर प्रातःस्मरणीय पूज्यपाद स्व० पिता जी ने 'बृहद्वास्तुमाला' नामक इस ग्रन्थ रत्न का अवतरण कुछ समय पूर्व किया था। अधिक संख्या में ग्रन्थ की प्रतियाँ मुद्रित कराने पर छात्र-वर्ग के अतिरिक्त सामान्य गृहस्थ जन तथा पण्डित समुदाय द्वारा ग्रन्थ का अत्यधिक क्रय किये जाने से उक्त ग्रन्थ कुछ वर्षो से अप्राप्य हो गया था। वास्तु विषय का ज्ञान कितना आवश्यक है इससे सभी विज्ञजन परिचित हैं। एक ग्रन्थ में इस महत्वपूर्ण वास्तुज्ञान को सम्बद्ध कर पूज्य पिता जी ने हिन्दी भाषानुवाद द्वारा भी ग्रन्थ का आशय सुस्पष्ट कर दिया था। इससे वास्तु मर्म का परिज्ञान कराने में सरलता और सन्देहास्पद स्थिति का पूर्णतया निराकरण हो जाता है। इसीलिए भूतपूर्व वाराणसेय संस्कृत महाविद्यालय तथा वर्तमान संस्कृत विश्वविद्यालय तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ज्यौतिषविषयक शास्त्री एवं आचार्य परीक्षा में बृहद्वास्तुमाला को स्थान दिया गया। ग्रन्थ की नित्य बढ़ती मांग को ध्यान में रख मैंने, मुद्रित त्रुटियों के सुधार पूर्वक 'बृहद्वास्तुमाला' को यथावत् पुनः प्रकाशित कराया है। तथापि—

गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः॥

के अनुसार संभवतः मुद्रण सम्बन्धी दोष पुनरपि विद्यमान रह गये हों। आशा है, विद्वज्जन उनको क्षमा कर भविष्य में सुधारने के लिए मुझे सूचित करेंगे।

आषाढ़कृष्ण १ सं० २०१८
३/४ मीरघाट वाराणसी

निवेदक—
रमाकान्त द्विवेदी

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

तृतीय संस्करण की भूमिका

यह विश्वविदित है कि प्राणिमात्र सुख तथा सुरक्षा की दृष्टि से अपने योग्य निवास की व्यवस्था करता है, उन सब में मानव बुद्धि प्रधान प्राणी है, जिसका जीवनक्रम वेदशास्त्रों के निर्देशानुसार अनुशासित है। ज्यौतिषशास्त्र का अन्यतम अंग वास्तुविद्या है, इसका ज्ञान बृहत्संहिता, मुहूर्तचिन्तामणि, मुहूर्तमार्तण्ड, मुहूर्तगणपति, रत्नमाला, गृहभूषण, वास्तुमाला, वास्तुप्रबन्ध आदि ग्रन्थों में विकीर्ण है, इस दृष्टि से 'वास्तुमाला' में उन समस्त विषयों का सन्निवेश कर दिया गया है।

'गृह्णातीति गृहम्' जो दूरस्थ प्राणी को भी अपनी ओर आकृष्ट करे उसे गृह करते हैं। इसमें भी तृण, मिट्टी, ईंट और पत्थर द्वारा निर्मित गृह उत्तरोत्तर श्रेष्ठ माने गये हैं। वास्तुशास्त्र की दो परम्परायें रहीं हैं। जिसमें उत्तरापथीय के प्रवर्तक विश्वकर्मा तथा दक्षिणापथीय के मय दानव थे।

इस विद्या का पश्चाद्वर्ती ज्यौतिषियों ने पल्लवन किया अतः इनके कुछ-कुछ निर्देश भिन्न-भिन्न ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं, जिनकी मान्यता धर्मप्राण भारतवर्ष में चिरकाल से चली आरही है, आज हम भारतीय पाश्चात्य भी विज्ञान के आलोक से इतने अधिक प्रभावित हो गये हैं कि हमको अपने शास्त्र तथा अपने पूर्वजों के उपदेश अच्छे नहीं लग रहे हैं, फलतः हम उनकी उपेक्षा करते जा रहे हैं, फिर भी कतिपय धर्मप्राण व्यक्ति आज भी हैं और रहेंगे, जिनकी आस्था अपने धर्मग्रन्थों, विज्ञान तथा पूर्वजों के उपदेशों के प्रति अडिग है। उन्हीं के सबल कन्धे धर्मधुर को धारण किये हैं, इस प्रकार की प्राचीन संस्कृति के संरक्षक भी वे ही हैं। जिनके कारण भारत वसुन्धरा आज भी गौरवान्वित है। उन्हीं के हितार्थ प्रस्तुत ग्रन्थ का पुनर्मुद्रण किया जा रहा है। विश्वास है इस संशोधित संस्करण का विद्वत् समाज आदर करेगा।

ब्रह्मानन्द त्रिपाठी

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
वास्तुपुरुषस्वरूपम्	१
गृहनिर्माणे हेतुः	२
जीर्णोद्धारफलम्	,,
परगृहनिवासफलम्	,,
गृहारम्भविधिः	३
नराकारचक्रम्	,,
ग्रामवासचक्रम्	४
शुभाशुभफलबोधचक्रम्	,,
वर्गादिज्ञानम्	,,
काकिणीविचारः	५
ग्रामवासविचारः	,,
ग्रामवासविचारचक्रम्	,,
ग्रामदासफलम्	६
अष्टोत्तरीया दिग्दशा	,,
दिग्वर्गाङ्कचक्रम्	,,
दिग्दशाफलम्	७
,, ,,	,,
भूमिलक्षणानि	,,
,, ,,	८
,, ,,	,,
तासां फलानि	,,
भूमिलक्षणानि	,,
,, ,,	९
दिक्प्लवत्वफलम्	,,

विषय	पृष्ठ
मतान्तरम्	,,
नारायणभट्टमते	,,
भूमिप्लवनादिफलम्	१०
प्रशस्ता भूमिः	१६
भूमिदोषाः	,,
विशेषफलम्	,,
गजपृष्ठभूमिलक्षणम्	,,
कूर्मपृष्ठ ,,	१७
दैत्यपृष्ठ ,,	,,
नागपृष्ठ ,,	,,
भूमिलक्षणम्	१८
वासयोग्याभूमिः	,,
जागृतादिभूमिज्ञानम्	१९
तडागादिखननयोगाः	,,
जीवितादिभूमिज्ञानं फलं च	,,
प्रश्नाज्जीवितादिभूमिज्ञानम्	२०
भूमेः खननाधिकारः	,,
खातविधिः	,,
भूमिसंशोधनप्रकारः	२१
,, ,,	२२
खातमध्ये पाषाणादिप्राप्तिफलम्	,,
भूमिपूजाविधिः	२३
पिण्डाद्भित्तिविचारः	,,
,, ,,	२४

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषय	पृष्ठ
गृहनिर्माणार्थमिष्टकाविचारः	,,
इष्टकाचक्रम्	,,
वह्निदीपनचक्रम्	२५
शिलान्यासविधिः	,,
स्तम्भस्थापनम्	,,
स्तम्भोच्छ्रायविधिः	२६
निषिद्धकाष्ठानि	,,
ग्राह्यकाष्ठानि	,,
त्याज्यकाष्ठानि	२७
वृक्षच्छेदनमुहूर्त्ताः	२८
वृक्षच्छेदने भूतादिप्रार्थना	,,
खाते निक्षेपवस्तूनि	,,
वास्तुकृत्यम्	२९
स्तम्भादिनामानि	,,
गृहोच्चतामानम्	,,
पूर्वादिदिक्षुगृहोच्चनीचत्वफलम्	३०
दिक्परत्वेन गृहविभागाः	,,
विश्वकर्मप्रकाशे विशेषः	३१
भूमिशोधनार्थसूत्रनिर्णयः	,,
,, ,,	,,
शल्यनिष्कासनविधिः	३२
शल्यानयनप्रकारः	३४
दिग्बोधनचक्रम्	,,
अथास्य फलम्	,,
शल्यानयनप्रकारः	३५
अहिबलचक्रम्	३६

विषय	पृष्ठ
निर्माणविधिः	३७
दिक्साधनम्	४२
दिक्साधनप्रकारः	,,
ग्रहलाघवोक्तः सरलोपायः	४३
दिग्ज्ञानसाधनम्	४४
तत्र मतान्तरम्	४५
पिण्डानयनप्रकारः	४६
,, ,,	४७
,, ,,	४८
प्रकारान्तरेणविचारः	४९
आयाद्यानयनम्	५०
उदाहरणम्	५१
एतेषां फलानि	,,
आयानां स्वरूपाणि	५२
जातिक्रमेण ग्राह्यायाः	,,
राशिपरत्वेन आयविचारः	५३
ग्राह्यवाराः	,,
प्रकारान्तरेण आयविचारः	,,
वसिष्ठमते ,,	५४
च्यवनमते ,,	५५
गणनाविचारः	,,
राशिज्ञाने विशेषः	५६
गृहनक्षत्रविचारः	,,
योनिविचारः	,,
ग्रहमैत्रीविचारः	५७
नाडीविचारः	५८

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
नाडीचक्रम्	,,	ग्राह्यमासाः	,,
गृहमेलनादिविचारः	५९	सौरचान्द्रमासविचारः	६९
एकनाडीप्राशस्त्यम्	,,	गृहारम्भः	,,
आयादिविचारे विशेषः	,,	गृहारम्भमासाः	७०
तृषादिगेहेषु शिलान्यासनिषेधः	६०	राहुमुखविचारः	,,
ग्रहाणाम् अंशेशविधिः	,,	राहुमुखचक्रम्	७१
पिण्डाद् द्रव्यानयनप्रकारः	,,	जीर्णगृहनिर्माणे मासादिविचारः	,,
ऋणानयनप्रकारः	६१	पक्षशुद्धिः	७२
नक्षत्रानयनप्रकारः	,,	गृहारम्भे निषिद्धतिथयः	,,
ताराफलम्	,,	नक्षत्रशुद्धिविचारः	७३
निषिद्धताराः	,,	गृहारम्भसमयः	७४
तिथ्यानयनप्रकारः	६२	शुभयोगाः	७६
योगानयनप्रकारः	,,	गृहायुष्यविचारः	,,
आयुरानयनप्रकारः	,,	गृहायुष्ममानम्	७७
गृहविनाशहेतुविचारः	,	तन्वादिस्थितग्रहफलम्	७७
मण्डलज्ञानम	६३	ग्रहवशाद् गृहलक्षणानि	८१
मतान्तरेणविचारः	,,	सप्तशलाकाचक्रम	८४
रामदैवज्ञमते विशेषः	६४	गृहारम्भे निषिद्धयोगाः	८५
वास्तुशास्त्रीयं मतम्	,,	वास्तुचक्रम्	,,
टोडरानन्दमते विचारः	६५	वृषवास्तुचक्रम्	८६
शालाध्रुवाङ्कानयनप्रकारः	,,	वृषभचक्रम्	,,
वास्तुनिवेशनप्रकारः	६६	वत्सचक्रम्	८७
कालशुद्धिविचारः	,,	वास्तुपुरुषस्य स्थितिनिर्णयः	८८
मासफलचक्रम्	६७	शिल्पशास्त्रे विचारः	,,
मासशुद्धिविचारः	,,	कूर्मचक्रम्	८९
त्याज्यमासाः	६८	शङ्कुलक्षणनिर्देशः	,,

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषय	पृष्ठ
मण्डलेशानयनविचारः	९०
मण्डलेशफलचक्रम्	,,
अग्निरानयनप्रकारः फलञ्च	९१
द्वारनिर्णयविचारः	,,
द्वारवेधफलम्	३
विशेषफलविचारः	,,
द्वाराणां शुभाशुभफलम्	९५
द्वारचक्रम्	९७
द्वारस्थापनेशुभनक्षत्राणि	९८
,, तिथिविचारः	,,
नृपादिब्राह्मणान्तानां पञ्चपञ्च-गृहाणां प्रमाणानि	१००
ब्राह्मणादीनां पञ्चविधगृहनिर्माण-विधानचक्रम्	१०१
विविधगृहप्रवेशः	१०३
गृहप्रवेशे समयनिर्देशः	,,
गृहारम्भे विशेषविचारः	१०४
शुभयोगनिर्देशः	,,
लग्नविचारः	१०५
वामरविविचारः	१०७
गृहप्रवेशे कुम्भचक्रम	,
गृहप्रवेशे निषेधः	१०८
गृहप्रवेशे गृहपतिकर्तव्यम्	१०९
जीर्णगृहप्रवेशविचारः	,,
यात्रानिवृत्तनृपगृहप्रवेशविचारः	,,
गृहप्रवे[illegible]	११०

विषय	पृष्ठ
पशुगृहनिर्माणे चरणविचारः	११०
अश्वगृहनिर्माणविधिः	१११
अश्वबन्धन स्थानविचारः	,,
अश्वप्रमाणनिर्देशः	,,
गजगृहनिर्माणप्रकारः	११२
निषिद्धाः पशुपक्षिणः	,,
ग्राह्यवृक्षाः	११३
वृक्षविचारः	११४
वाटिकादिरोपणमाहात्म्यम्	११५
वृक्षरोपणात् स्वर्गप्राप्तिप्रकारः	११६
दिग्विभागेन वृक्षारोपणप्रकारः	,,
गृहारामनिर्माणप्रकारः	,,
वृक्षारोपणकूपनिर्माणयोः फलम्	११७
राजवाटिकाप्रकारः	११८
जलयन्त्रनिर्माणप्रकारः	,,
मण्डपादिनिर्माणप्रकारः	११९
वृक्षारोपणमुहूर्तः	,,
वृक्षचक्रम्	१२०
जलाशयमाहात्म्यवर्णनम्	१२१
दिगीशाः शिरानामानि च	१२२
शिराचिह्ननिर्देशः	१२३
मरुभूमौ शिराविज्ञानविचारः	१३४
जाङ्गलदेशे विशेषः	१३९
दिग्विभागेन कूपलक्षणम्	१४२
मनुप्रोक्तं दकार्गलम्	,,
भू[illegible]	१४४

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषय	पृष्ठ
कूपदिग्विभागः	१४५
सूर्यभात् कूपचक्रम्	१४६
कूपमुहूर्त्ताः	१४९
तडागचक्रम्	,,
तडागमुहूर्तविचारः	१५१
वापीमुहूर्त विचारः	,,
निर्वारचक्रम्	,,
वापीकूपाद्यारम्भः	१५२
शुभनक्षत्राणि	,,
वृक्षारोपणप्रयोजनम्	१५३
मृदुभूमेः प्राशस्त्यम्	,,
प्रथमरोपणीयवृक्षाः	,,
काण्डरोप्यवृक्षविधानम्	,,
कालानुसारिवृक्षारोपणनियमाः	१५४
उत्खातप्रतिरोपणविधिः	,,
वृक्षारोपणविचारः	,,
रोपितवृक्षाणां सेचनविधिः	१५५
अनूपदेशजवृक्षसेचनप्रकारः	,,
वृक्षारोपणे मध्यान्तरविचारः	,,
वृक्षाणां रोगज्ञानप्रकारः	१५६
वृक्षाणां चिकित्साप्रकारः	,,
फलनाशचिकित्सावर्णनम्	१५७
बीजवपनविधानम्	१५८
तिन्तिणीबीजरोपणम्	,,
कपित्थ ,, ,,	,,
श्लेष्मातक ,, ,,	१५९

विषय	पृष्ठ
सामान्यवृक्षारोपणप्रकारः	,,
वृक्षारोपणनक्षत्राणि	१६०
देवमन्दिरनिर्माणप्रयोजनम्	,,
देवतानुरागस्थलानि	१६१
मन्दिरोचितभूमिनिर्देशः	१६२
देवालयोक्तवास्तुपुरुषलक्षणं-द्वारविभागश्च	,,
चतुःषष्ठिपदो वास्तुनरः	१६३
देवालयविधानम्	१६४
प्रासादनामानि	१६५
मेरुप्रासादलक्षणानि	१६६
मन्दरकैलासयोः ,,	,,
विमाननन्दनयोः ,,	,,
समुद्गपद्मयोः ,,	१६७
गरुडनन्दिवर्धनयोः ,,	,,
कुञ्जरगुहराजयोः ,,	१६८
वृषहंसघटानां ,,	,,
सर्वतोभद्र ,,	१६९
सिंहवृत्तादीनां ,,	,,
भूमेर्मानम्	१७०
प्लवविचारः	,,
जलाशयादिप्रतिष्ठामुहूर्त्ताः	,,
मासानुसारिप्रतिष्ठाफलम्	१७२
उग्रप्रकृतिवतां स्थापनम्	१७३
देवविशेषस्थापना	,,
पक्षविचारः	,,

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषय	पृष्ठ
वारफलम्	१७४
शुभनक्षत्राणि	,,
शुभराशयः	१७५
प्रतिष्ठायां समयविचारः	,,
वैनाशिकनक्षत्राणि	१७६
लग्नशुद्धिः	,,
दुष्टलग्नपरिहारः	१७७
प्रतिष्ठादोषाः	१७८
दिग्विचारः	,,
गृहपिण्डसारणी	१७९
शिलान्यासपद्धतिः	१८७
वास्तुशान्तिपद्धतिः	१९३
परिशिष्टम्	२१९

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ श्रीः ॥

बृहद्वास्तुमाला

वास्तुपुरुषस्वरूपम्

पुरा कृतयुगे ह्यासीन्महद्भूतं समुत्थितम् ।
व्याप्यमानं शरीरेण सकलं भुवनं ततः ॥ १ ॥
तद्दृष्ट्वा विस्मयं देवा गताः सेन्द्रा भयावृताः ।
ततस्तैः क्रोधसन्तप्तैर्गृहीत्वा तमथासुरम् ॥ २ ॥
निक्षिप्तमधोवक्त्रं स्थितास्तत्रैव ते सुराः ।
तमेव वास्तुपुरुषं ब्रह्मा कल्पितवान् स्वयम् ॥ ३ ॥

मङ्गलाचरणम्

मङ्गलं दिशतु नो विनायको मङ्गलं दिशतु नः समुद्रजा ।
मङ्गलं दिशतु नो महेश्वरी मङ्गलं दिशतु नः सरस्वती ॥ १ ॥
दग्धा येन समस्तलोककदनोद्भूतस्य रक्षः कुले
विक्रान्तस्य मदावलिप्तवपुषः प्रोल्लङ्घ्य वारांनिधिम् ।
सीताशोकदवानलेन सहसा लङ्काकलङ्काशया
वन्दे वायुसुतं तमेव सततं कायेन वाचा हृदा ॥ २ ॥
ध्यायं ध्यायं रामचन्द्रस्य पादं स्मारं स्मारं श्रीरमायाः पदाब्जम् ।
बारम्बारं श्रीबृहद्वास्तुमालां दैवज्ञानां रञ्जनाय प्रवच्मि ॥ ३ ॥

सत्ययुग के आरम्भ में एक महान् प्राणी उत्पन्न हुआ, जो अपने विशाल शरीर से समस्त भुवनों में व्याप्त था, इसको देखकर देवराज इन्द्र सहित सभी देवता भय एवं आश्चर्य चकित थे, तदनन्तर उन्होंने क्रुद्ध होकर उस असुर को पकड़कर उसका शिर नीचे करके भूमि में गाड़ दिया और स्वयं वहीं खड़े रहे। इसीका नाम ब्रह्मा ने वास्तुपुरुष रखा ॥ १-३ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गृहनिर्माणे हेतुः—

स्त्रीपुत्रादिकभोगसौख्यजननं धर्म्मार्थकामप्रदम्
जन्तूनामयनं सुखास्पदमिदं शीताम्बुघर्मापहम् ।
वापीदेवगृहादिपुण्यमखिलं गेहात्समुत्पद्यते
गेहं पूर्वमुशन्ति तेन विबुधाःश्रीविश्वकर्म्मादयः ॥ ४ ॥

स्त्री-पुत्र आदि के भोग, सुख, धर्म, अर्थ, काम को देने वाला, प्राणियों के सुख का स्थान और सर्दी, वायु, गर्मी आदि कष्टों से रक्षा करने वाला 'गृह' ही है। विधिवत् गृहनिर्माणकर्ता को बावड़ी, देवालय आदि के निर्माण का पुण्य भी प्राप्त होता है, अतएव विश्वकर्मा आदि देवशिल्पियों ने सर्वप्रथम गृहनिर्माण का निर्देश किया है ॥ ४ ॥

कोटिघ्नं तृणजे पुण्यं मृण्मये दशसङ्गुणम् ।
ऐष्टिके शतकोटिघ्नं शैलेऽनन्तं फलं गृहे ॥ ५ ॥

पर्णशाला बनाने से कोटि गुण, मिट्टी का घर बनाने से दस करोड़ गुण, ईंट का घर बनाने से सौ करोड़ गुण और पत्थरों द्वारा घर बनाने से अनन्त गुण पुण्य की प्राप्ति होती है ॥ ५ ॥

वक्तव्य—तात्पर्य यह है कि तृण से मिट्टी, ईंट, पत्थर उत्तरोत्तर चिरस्थायी होते हैं अतएव पुण्यवृद्धि का कारण दिखलाकर चिर-स्थिर गृह निर्माण की ओर शास्त्रकार का संकेत है।

जीर्णोद्धारफलम्—

वापी—कूप—तडागादि—प्रासाद—भवनानि च ।
जीर्णान्युद्धरते यस्तु पुण्यमष्टगुणं लभेत् ॥ ६ ॥

बावड़ी, कुआँ, प्रासाद (देव अथवा राजमहल) और जो घर का जीर्णोद्धार करते हैं, उनको अठगुना फल प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

परगृहनिवासफलम्—

परगेहकृताः सर्वाः श्रौतस्मार्तक्रियाः शुभाः ।
निष्फलाः स्युर्यतस्तासां भूमीशः फलमश्नुते ॥ ७ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

दूसरे के घर में (बिना शुल्क दिये) रहकर किये गये श्रौत स्मार्त आदि समस्त शुभकार्य अपने लिये निष्फल हो जाते है, क्योंकि उनका फल भूस्वामी को प्राप्त होता है ॥ ७ ॥

वक्तव्य—वास्तव में पर गृह निवास स्वतन्त्रता एवं स्वाभिमान की दृष्टि से सर्वथा त्याज्य है। इसकी निन्दा 'चाणक्य' के शब्दों में इस प्रकार है—'परसदननिविष्टः को लघुत्व न याति'।

गृहारम्भविधिः—

द्वारशुद्धिं निरीक्ष्यादौ भशुद्धिं वृषचक्रतः।
निष्पञ्चके स्थिरे लग्ने द्व्यङ्गे वालयमारभेत् ॥ ८ ॥
त्यक्त्वा कुजार्कयोश्चांशं पृष्ठे चाग्रे स्थितं विधुम्।
बुधेज्यराशिगं चार्कं कुर्याद् गेहं शुभाप्तये ॥ ९ ॥

सर्वप्रथम द्वारशुद्धि का विचार कर वृषचक्र के अनुसार नक्षत्र शुद्धि देखें, पञ्चक (धनिष्ठा से रेवती तक के नक्षत्रों) को छोड़कर स्थिर अथवा द्विस्वभाव लग्न में गृहारम्भ करे, मंगल और सूर्य का अंश, आगे तथा पीछे का चन्द्रमा एवं मिथुन, कन्या, धन, मीन राशि के सूर्य को छोड़कर गृहारम्भ करे ॥ ८-९ ॥

वास्तुरत्नावल्यां ग्रामवासे नराकारं शुभाशुभचक्रमाह—

मस्तके पञ्चलाभाय मुखे त्रीणि धनक्षयः।
कुक्षौ पञ्च धनं धान्यं षट्पादे स्त्रीदरिद्रता ॥ १० ॥
पृष्ठे चैकं पादहानिर्नाभौ चत्वारि सम्पदः।
गुह्ये चैकं भयं पीडां हस्त चैकन्तु क्रन्दनम् ॥ ११ ॥
वामे चैक करे भेदो ग्रामचक्रं नराकृतिः।
गणयेज्जन्मनक्षत्रं ग्रामनक्षत्रतस्सदा ॥ १२ ॥

ग्राम के (नाम) नक्षत्र से जन्म नक्षत्र तक नराकृति चक्र का विचार करे। नक्षत्रों की गणना मस्तक से प्रारम्भ करे। शेष अर्थ चक्र द्वारा स्पष्ट है ॥ १०-१२ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

ग्रामवासचक्रम्—

स्थान	मस्तक	मुख	कुक्षि	चरण	पृष्ठ	नाभि	गुद	द० कर	वामकर
नक्षत्र	५	३	५	६	१	४	१	१	१
फल	लाभ	धनक्षय	धन धान्य	स्त्री हानि	पादहानि	सम्पत्ति	भय	क्रन्दन	भेद

ग्रामवासे शुभाशुभबोधनाय शिवाबलिः—

(निशीथे निर्जने देशे भक्तं मांसादिसंयुतम् ।
भूमौ निधाय विधिवद् दूरं गत्वा विचिन्तयेत् ॥)

ईशाने मरणं प्रोक्तं चोत्तरे कुरु सर्वतः ।
वासं वायव्यकोणेषु भयं किञ्चित्प्रजायते ॥ १३ ॥
पश्चिमे वासकरणादानन्दः परिकीर्त्तितः ।
नैर्ऋत्ये हि शिवा रौति तदावासं न कारयेत् ॥ १४ ॥
दक्षिणे रौति कल्याणं वह्निकोणे भयं महत् ।
पूर्वेप्युच्चाटनं ज्ञेयं कलिर्वा रिपुभिस्सह ॥ १५ ॥
अष्टदिक्षु यदा रौति तदा वासं न कारयेत् ।
निश्शब्दे सर्वलाभः स्यादिति गर्गादिभाषितम् ॥ १६ ॥

विधि—आधी रात को एकान्त स्थान में मांस आदि से युक्त भात को भूमि पर रखकर स्वयं कुछ दूर हटकर शवा (शृगालिन) के शब्द का बिचार करे । शेष अर्थ निम्नलिखित तालिका द्वारा स्पष्ट हो जायगा ॥ १३-१६ ॥

शुभाशुभफलबोधचक्रम्—

पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैर्ऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	अष्टदिक	निःशब्द
उच्चाटन शत्रुकलह	महान-भय	कल्याण	अशुभ	आनन्द	अल्प-भय	शुभ	मरण	अशुभ	अतिशुभ

वर्गादिज्ञानम्—

वर्गाष्टकस्य पतयो गरुडो विडालः
सिंहस्तथैव शुनकोरग-मूषकैण्"ः ।
मेषः क्रमेण गदिताः खलु पूर्वतोऽपि
यः पञ्चमः स रिपुरेव बुधैर्विवर्ज्यः ॥ १७ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अ, क, च, ट, त, प, य, श इन आठ वर्गों के क्रमशः गरुड़, विडाल, सिंह, श्वान, सर्प, मूषक, मृग, मेष स्वामी होते हैं। और ये पूर्व आदि आठ दिशाओं के स्वामी भी हैं। उपर्युक्त वर्गों के स्वामी अपने से पाँचवे के शत्रु होते हैं। यथा—गरुड़ सर्प का शत्रु होता है ॥ १७ ॥

काकिणीविचारः—

स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत्।
अष्टभिस्तु हरेद्भागं योऽधिकः स ऋणी भवेत् ॥ १८ ॥

अपने-अपने वर्ग को दुगुना करके दूसरे की वर्ग संख्या को जोड़कर उसमें आठ का भाग देने पर जो शेष रहे उसको काकिणी कहते हैं। दोनों की काकणियों में जिसकी संख्या अधिक हो वह ऋणी (दूसरे को लाभदायक) होता है ॥ १८ ॥

रामदैवज्ञमते राशिभेदाद् ग्रामवासविचारः—

गोसिंहनक्रमिथुनं निवसेन्न मध्ये
ग्रामस्य पूर्व-ककुभोऽलिझषाङ्गनाश्च।
कर्को धनुस्तुलभमेषघटाश्च तद्व-
द्वर्गाः स्वपञ्चमपरा बलिनःस्युरैन्द्रयाः ॥ १९ ॥

वृष, मिथुन, सिंह, मकर राशि वालों को ग्राम के मध्य में तथा पूर्व, आग्नेय, दक्षिण, नैऋृत्य, पश्चिम, वायव्य, उत्तर, ईशान से क्रमशः वृश्चिक, मीन, कन्या, कर्क, धनु, तुला, मेष, कुम्भ राशि वालों को निवास नहीं करना चाहिये। अकारादि वर्ग उपर्युक्त पूर्वादि दिशाओं में क्रमशः बलवान् होते हैं। यथा—अवर्ग युक्त नाम वाले व्यक्तियों को पश्चिम दिशा में द्वार या निवास करना चाहिये। १९ ॥

ग्रामवास विचार चक्रम—

दिशा	मध्य	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋृत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
निषिद्ध राशि	वृ.।म. सि म.	वृश्चिक	मीन	कन्या	कर्क	धनु	तुला	मेष	कुम्भ
वर्ग	—	अ	क	च	ट	त	प	य	श

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

नारायणभट्टमते नामराशितः ग्रामवासफलम्—

नामर्क्षाद्द्विसुताङ्कदिग्भवगतो ग्रामः शुभो नान्यथा ।

मतान्तरे—

स्वनामराशेर्यद्राशिर्द्विशराङ्केशदिग्मितः ।
स ग्रामः शुभदः प्रोक्तस्त्वशुभः स्यात्ततोऽन्यथा ।। २० ।।

अपने नामकी राशि से दूसरी, पाँचवी, नवीं, दसवीं, ग्यारहवीं राशि वाले ग्राम में निवास शुभ होता है । अन्य राशि वाले ग्राम में निवास न करें । उक्त दूसरे पद्य का भी यही आशय है ।। २० ।।

अष्टोत्तरीया दिग्दशा—

गजशरर्त्तुयुगाश्वमहीगुणा द्विसहिता मघवादिदिशि क्रमात् ।
गृहपतेरभिधापुरदिङ्मिता नवहृता भवनस्य दशा भवेत् ।।२१।।
अथाष्टवर्गाः क्रमतोऽष्टवाण तर्काब्धिसप्तेन्दुगुणाश्विभिश्च ।
नृग्रामदिग्वर्णमिताङ्कयोगे सूर्यादृशेशाः नवभिर्विभक्तात् ।।२२।।
सूर्येन्दुभौमास्त्वगुजीवमन्दसौम्याश्च केतुर्भृगुजः क्रमेण ।
षड्दिङ्नगाधृत्यवनीश्वरांकचन्द्राघनास्सप्तनखास्तदब्दाः ।।२३।।
स्वेष्वेषु वर्षप्रमितेषु तेषां दशाफलं तत्र निवासिनां च ।
तदुत्तरादुत्तरतो दशेशफलं विकल्प्यं च दशाक्रमेण ।।२४।।

दिग्वर्गाङ्कचक्रम्—

दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैर्ऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
वर्ग	अ	क	च	ट	त	प	य	श
अंक	८	५	६	४	७	१	३	२

उपर्युक्त तालिका के अनुसार ग्राम, दिशा और निवासकर्ता के वर्गों के अंकों को जोड़कर ९ का भाग देने पर जो संख्या शेष बचेगी उसकी दशा सू, चं., भौ., रा., वृ., श., बु के. के अनुसार होगी । उक्त ग्रहों के दशावर्ष इस प्रकार हैं—सूर्य ६ चन्द्र १० भौम ७ राहु १८ जीव १६ शनि १९ बुध १७ केतु ७,

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

शुक्र २० । उन-उन ग्रामों में निवास करने वालों को उक्त ग्रह अपनी अवधि पर्यन्त शुभ ग्रह शुभ फ़ल और अशुभ ग्रह अशुभ फल देते हैं ।। २१-२४ ।।

उदाहरण—सारनाथ में प्रभुनारायण सिंह के लिये पूर्व दिशा में मकान बनाने के लिये दशा देखनी है, तो ग्राम के आदि अक्षर 'स' के अनुसार ग्राम का अंक २, मकान के स्वामी के नाम का अंक १ और दिशा का अंक ८ (अंकों के लिये उक्त तालिका को देखें) इनका योग = २ + १ + ८ = ११ इसमें ९ का भाग दिया तो शेष २ बचा । इसलिये गृहारम्भ से पहले ६ वर्ष सूर्य की दशा रही । वर्त्तमान दशा चन्द्रमा की १० वर्ष शुभ है । इसी क्रम से आगे भी समझें ।

दिग्दशाफलम्—

उद्विग्निचित्तः परिपूर्णवित्तो वह्न्याभिभूतो ज्वरपीडिताङ्गः ।
सौख्यान्वितो रोगयुतः सुखाढ्यो दुःखान्वितः सर्वसुखान्वितश्च ।।२५।।

दशा	सूर्य	चन्द्र	भौम	राहु	वृहस्पति	शनि	बुध	केतु	शुक्र
फल	उद्वेग	धनयुक्त	अग्नि-भय	ज्वर-पीड़ा	सुख	रोग	सुख	दुःख	आनन्द

वास्तुराजवल्लभोक्तदिग्दशाज्ञानम्—

नृग्रामदिग्वर्गमिताङ्कयोगे सूर्य्यादिशेशा नवभिर्विभक्तात् ।
आचंकुराजीशबुकेशुपूर्वा दशा ग्रहाणां कथिता मुनीन्द्रैः ।।२६।।

गृहपति के नाम वर्ग, ग्रामवर्ग, दिशा वर्ग के योग में ९ का भाग देने से जो शेष बचे तदनुसार ऊपर निर्दिष्ट क्रम के अनुसार दशा तथा उसका फल समझें ।।२६।।

वर्णपरत्वेन भूमिलक्षणानि—

शुभस्य शुभदा ज्ञेया दशा पापस्य चाधमा ।
शुक्ला मृत्स्ना च या भूमिर्ब्राह्मणी सा प्रकीर्तिता ।। २७ ।।
क्षत्रिया रक्तमृत्स्ना च हरिद्वैश्या उदाहृता ।
कृष्णा भूमिर्भवेच्छूद्रा चतुर्धा परिकीर्तिता ।। २८ ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri
सफेद वर्ण की मिट्टी वाली भूमि ब्राह्मणी, लाल वर्ण की क्षत्रिया, हरित वर्ण की वैश्या और काले वर्ण वाली शूद्रा कही जाती है ॥२७-२८॥

प्रकारान्तरेण भूमिलक्षणानि—

ब्राह्मणी भूः कुशोपेता क्षत्रिया स्याच्छराकुला ।
कुशकाशाकुला वैश्या शूद्रा सर्वतृणाकुला ॥ २९ ॥

कुश युक्त भूमि ब्राह्मणी, शर (मूंज) वाली क्षत्रिया, कुश-काश मिश्रित वैश्या और सब प्रकार के तृणों से युक्त भूमि को शूद्रा कहा गया है ॥ २९ ॥

कल्पद्रुमोक्तभूमिलक्षणानि—

सुगन्धा ब्राह्मणी भूमी रक्तगन्धा तु क्षत्रिया ।
मधुगन्धा भवेद्वैश्या मद्यगन्धा च शूद्रिका ॥ ३० ॥
अम्ला भूमिर्भवेद्वैश्या तिक्ता शूद्रा प्रकीर्तिता ।
मधुरा ब्राह्मणी भूमिः कषाया क्षत्रिया मता ॥ ३१ ॥

सुगन्ध युक्त ब्राह्मणी, रक्त गन्ध वाली क्षत्रिया, मधु (सस्य) गन्धा, वैश्या और मद्य गन्ध सम्पन्न भूमि शूद्रा कही जाती है । और अम्लरस युक्त वैश्या, तिक्त रस युक्त शूद्रा, मधुररस युक्त ब्राह्मणी और कषाय रस युक्त क्षत्रिया भूमि होती है ॥ ३०-३१ ॥

तासां फलानि—

ब्राह्मणी सर्वसुखदा क्षत्रिया राज्यदा भवेत् ।
धनधान्यकरी वैश्या शूद्रा तु निन्दिता स्मृता ॥ ३२ ॥

ब्राह्मणी भूमि सुखद, क्षत्रिया राज्यप्रद, वैश्या धनधान्य देने वाली और शूद्रा भूमि त्याज्य होती है ॥ ३२ ॥

वसिष्ठोक्त–भूमि–लक्षणानि—

श्वेता शस्ता द्विजेन्द्राणां रक्ता भूमिर्महीभुजाम् ।
विशां पीता च शूद्राणां कृष्णान्येषां विमिश्रिता ॥ ३३ ॥

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्रों को क्रमशः सफेद, लाल, पीली, काली एवं अन्य वर्णों के लिये मिश्रित वर्ण की भूमि शुभ होती है ॥ ३३ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

नारदमते भूमिलक्षणानि—

ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणाञ्च शुभावहः।
घृतासृगन्नमद्यानां गन्धश्च क्रमशो भवेत् ॥ ३४ ॥

ब्राह्मण आदि चारों वर्णों के लिये क्रम से घृत, रक्त, अन्न और मद्य गन्ध वाली भूमि सुखद होती है ॥ ३४ ॥

भूमेः अष्टदिक्प्लवत्वफलम्—

श्रियं दाहं तथा मृत्युं धनहानिं सुतक्षयम्।
प्रवासं धनलाभं च विद्यालाभं क्रमेण च ॥ ३५ ॥
विदध्यादचिरेणैव पूर्वादिप्लवतो मही।
मध्यप्लवा मही नेष्टा न शुभा प्लवतत्परा ॥ ३६ ॥

पूर्व दिशा की ओर भूमि ढालदार हो तो धन प्राप्ति, अग्निकोण में दाह, दक्षिण में मृत्यु, नैर्ऋत्य में धननाश, पश्चिम में पुत्र हानि, वायव्य में परदेश में निवास, उत्तर में धनागम, ईशान में विद्यालाभ होता है। बीच में गड्ढा वाली भूमि कष्टदायक होता है ॥ ३५-३६ ॥

मतान्तरम्—

शम्भुकोणे प्लवा भूमिः कर्तुः श्रीसुखदायिनी।
पूर्वप्लवा वृद्धिकरी धनदा तूत्तरप्लवा ॥ ३७ ॥
मृत्युशोकप्रदा नित्यमाग्नेयी दक्षिणप्लवा।
गृहक्षयकरी सा च भूमिर्या निर्ऋतिप्लवा ॥ ३८ ॥
धनहानिकरी चैव कीर्तिदा वरुणप्लवा।
वायुप्लवा तथा भूमिर्नित्यमुद्वेगकारिणी ॥ ३९ ॥

ईशान कोण में भूमि ढालदार हो तो गृहपति को धन, सुख, पूर्व में वृद्धि, उत्तर में धनलाभ, अग्निकोण मे मृत्यु तथा शोक, दक्षिण गृहनाश, नैर्ऋत्य में धन हानि, पश्चिम में अपयश, वायव्य में मानसिक उद्वेग करती है ॥ ३७-३९ ॥

नारायणभट्टमते—

सौम्यादिप्लवभूतले विरचयेद्विप्रादिकोऽग्रचोऽखिले।
ऽन्येषां नियमोऽथ यत्र निखिला कुर्यात्पूर्वं हस्तिथरम् ॥ ४० ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

सफेद वर्ण की मिट्टी वाली भूमि ब्राह्मणी, लाल वर्ण की क्षत्रिया, हरित वर्ण की वैश्या और काले वर्ण वाली शूद्रा कही जाती है ॥२७-२८॥

प्रकारान्तरेण भूमिलक्षणानि—

ब्राह्मणी भूः कुशोपेता क्षत्रिया स्याच्छराकुला ।
कुशकाशाकुला वैश्या शूद्रा सर्वतृणाकुला ॥ २९ ॥

कुश युक्त भूमि ब्राह्मणी, शर (मूंज) वाली क्षत्रिया, कुश-काश मिश्रित वैश्या और सब प्रकार के तृणों से युक्त भूमि को शूद्रा कहा गया है ॥ २९ ॥

कल्पद्रुमोक्तभूमिलक्षणानि—

सुगन्धा ब्राह्मणी भूमी रक्तगन्धा तु क्षत्रिया ।
मधुगन्धा भवेद्वैश्या मद्यगन्धा च शूद्रिका ॥ ३० ॥
अम्ला भूमिर्भवेद्वैश्या तिक्ता शूद्रा प्रकीर्तिता ।
मधुरा ब्राह्मणी भूमिः कषाया क्षत्रिया मता ॥ ३१ ॥

सुगन्ध युक्त ब्राह्मणी, रक्त गन्ध वाली क्षत्रिया, मधु (सस्य) गन्धा, वैश्या और मद्य गन्ध सम्पन्न भूमि शूद्रा कही जाती है । और अम्लरस युक्त वैश्या, तिक्त रस युक्त शूद्रा, मधुररस युक्त ब्राह्मणी और कषाय रस युक्त क्षत्रिया भूमि होती है ॥ ३०-३१ ॥

तासां फलानि—

ब्राह्मणी सर्वसुखदा क्षत्रिया राज्यदा भवेत् ।
धनधान्यकरी वैश्या शूद्रा तु निन्दिता स्मृता ॥ ३२ ॥

ब्राह्मणी भूमि सुखद, क्षत्रिया राज्यप्रद, वैश्या धनधान्य देने वाली और शूद्रा भूमि त्याज्य होती है ॥ ३२ ॥

वसिष्ठोक्त–भूमि–लक्षणानि—

श्वेता शस्ता द्विजेन्द्राणां रक्ता भूमिर्महीभुजाम् ।
विशां पीता च शूद्राणां कृष्णान्येषां विमिश्रिता ॥ ३३ ॥

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्रों को क्रमशः सफेद, लाल, पीली, काली एवं अन्य वर्णों के लिये मिश्रित वर्ण की भूमि शुभ होती है ॥ ३३ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

नारदमते भूमिलक्षणानि—

ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणाञ्च शुभावहः ।
घृतासृगन्नमद्यानां गन्धश्च क्रमशो भवेत् ॥ ३४ ॥

ब्राह्मण आदि चारों वर्णों के लिये क्रम से घृत, रक्त, अन्न और मद्य गन्ध वाली भूमि सुखद होती है ॥ ३४ ॥

भूमेः अष्टदिक्प्लवत्वफलम्—

श्रियं दाहं तथा मृत्युं धनहानिं सुतक्षयम् ।
प्रवासं धनलाभं च विद्यालाभं क्रमेण च ॥ ३५ ॥
विदध्यादचिरेणैव पूर्वादिप्लवतो मही ।
मध्यप्लवा मही नेष्टा न शुभा प्लवतत्परा ॥ ३६ ॥

पूर्व दिशा की ओर भूमि ढालदार हो तो धन प्राप्ति, अग्निकोण में दाह, दक्षिण में मृत्यु, नैर्ऋत्य में धननाश, पश्चिम में पुत्र हानि, वायव्य में परदेश में निवास, उत्तर में धनागम, ईशान में विद्यालाभ होता है। बीच में गड्ढा वाली भूमि कष्टदायक होता है ॥ ३५-३६ ॥

मतान्तरम्—

शम्भुकोणे प्लवा भूमिः कर्तुः श्रीसुखदायिनी ।
पूर्वप्लवा वृद्धिकरी धनदा तूत्तरप्लवा ॥ ३७ ॥
मृत्युशोकप्रदा नित्यमाग्नेयी दक्षिणप्लवा ।
गृहक्षयकरी सा च भूमिर्यानिर्ऋतिप्लवा ॥ ३८ ॥
धनहानिकरी चैव कीर्तिदा वरुणप्लवा ।
वायुप्लवा तथा भूमिर्नित्यमुद्वेगकारिणी ॥ ३९ ॥

ईशान कोण में भूमि ढालदार हो तो गृहपति को धन, सुख, पूर्व में वृद्धि, उत्तर में धनलाभ, अग्निकोण मे मृत्यु तथा शोक, दक्षिण गृहनाश, नैर्ऋत्य में धन हानि, पश्चिम में अपयश, वायव्य में मानसिक उद्वेग करती है ॥३७-३९॥

नारायणभट्टमते—

सौम्यादिप्लवभूतले विरचयेद्विप्रादिकोऽग्रचोऽखिले ।
नान्येषां नियमोऽथ यत्र निखिला कुर्युर्गृहं हृत्स्थिरम् ॥ ४० ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

ब्राह्मण को उत्तर, क्षत्रिय को पूर्व, वैश्य को दक्षिण और शूद्र को पश्चिम की ओर ढाल युक्त भूमि शुभ है। अथवा ब्राह्मण के लिये सभी प्रकार की ढाल वाली भूमि शुभ होती है। शेष वर्णों के लिये कोई नियम नहीं है ॥ ४० ॥

वास्तुविद्यायां भूमिप्लवनादिफलम्—

पूर्वप्लवा वृद्धिकरी उत्तरा धनदा स्मृता।
अर्थक्षयकरीं विद्यात् पश्चिमप्लवना ततः ॥ ४१ ॥
दक्षिणप्लवना पृथ्वी नराणां मृतिदा भवेत्।
वारुणोच्चसमायुक्ता नीचमाहेन्द्रसंयुता ॥ ४२ ॥
सा गोवीथिरिति ज्ञेया ऐन्द्रोच्चा नीचवारुणा।
जलवीथिरिति प्रोक्ता वास्तुज्ञानविशारदैः ॥ ४३ ॥

पूर्व की ओर ढालवाली भूमि धन-धान्य की वृद्धि करने वाली, पश्चिम की ओर ढाल वाली भूमि अर्थनाश कारक, और दक्षिण की ओर ढाल वाली भूमि गृहपति के मृत्यु का कारण होती है।

जो भूमि पश्चिम में ऊँची और पूर्व में नीची हो उसको 'यमवीथी' कहते हैं, जो भूमि पूर्व में ऊँची और पश्चिम में नीची हो उसको 'जलवीथी' कहते हैं ॥ ४१-४३ ॥

सोमोच्चयमनीचा च यमवीथीति कथ्यते।
यमोच्चसोमनीचाच्च गजवीथीति कथ्यते ॥ ४४ ॥

उत्तर की ओर ऊँची एवं दक्षिण की ओर नीची (ढालयुक्त) भूमि को यमवीथी और दक्षिण की ओर ऊँची तथा उत्तर की ओर नीची भूमि को गजवीथी कहते हैं ॥ ४४ ॥

ईशोच्चं निर्ऋतौ नीचं भूतलं भूतवीथिकम्।
आग्नेयोच्चं वायुनीचं नागवीथी प्रशस्यते ॥ ४५ ॥

ईशान कोण की ओर ऊँची एवं नैर्ऋत्य की ओर नीची भूमि को भूतवीथी, अग्निकोण की ओर ऊँची तथा वायव्य कोण की ओर नीची भूमि को नागवीथी कहते हैं ॥ ४५ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वायूच्चमग्निनीचं यद् वीथिं वैश्वानरीं विदुः ।
निर्ऋत्युच्चमीशनीचं धनवीथीत्युदाहृता ॥ ४६ ॥
इन्द्राग्न्यन्तरमुच्चं स्यान्नीचं वरुणवातयोः ।
वास्तु पैतामहं विद्यान्नराणां कुरुते शुभम् ॥ ४७ ॥

और वायव्य कोण की ओर ऊँची तथा अग्नि कोण की ओर नीची भूमि को वैश्वानरी कहते हैं। नैर्ऋत्य कोण की ओर नीची, ईशान कोण की ओर ऊँची भूमि को धनवीथी, अग्निकोण के मध्य में ऊँची और पश्चिम तथा वायुकोण के मध्य में नीची भूमि को पितामह वास्तु कहते हैं। ऐसी भूमि में निवास सुखद होता है ॥ ४६-४७ ॥

याम्याग्न्यन्तरमुच्चं स्यान्नीचं मारुतसोमयोः ।
सुपथं नाम तद्वास्तु प्रशस्तं सर्वकर्मणि ॥ ४८ ॥

अग्निकोण और पश्चिम के बीच में ऊँची तथा वायव्यकोण एवं उत्तर के बीच में नीची भूमि को सुपथ वास्तु कहते हैं। यह भूमि सभी कर्मों के योग्य होती है ॥ ४८ ॥

सोमेशानान्तरं नीचमुच्चं निर्ऋतिकालयोः ।
दीर्घायुर्नाम तद्वास्तु प्रशस्तं कुलवर्धनम् ॥ ४९ ॥
ईशानेन्द्रान्तरं नीचमुच्चं वरुणरक्षसोः ।
पुण्यकं नाम तद्वास्तु द्विजानां च शुभावहम् ॥ ५० ॥

उत्तर, ईशान कोण के बीच में नीची नैर्ऋत्य, दक्षिण दिशा के बीच में ऊँची भूमि को दीर्घायुवास्तु कहते हैं। यह भूमि उत्तम तथा वंश वृद्धिकारक होती है। ईशान कोण, पूर्व के बीच में नीची और नैर्ऋत्य, पश्चिम के बीच में ऊँची भूमि को पुण्यकवास्तु कहते हैं। यह भूमि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यों के लिये सुखद होती है ॥ ४९-५० ॥

इन्द्राग्न्योरन्तरं नीचमुच्चं वायुजलेशयोः ।
अपथं नाम तद्वास्तु वैराय कलहाय च ॥ ५१ ॥
कालाग्न्योरन्तरं नीचमुच्चं स्याद्वायुसोमयोः ।
रोगकृन्नाम तद्वास्तु नराणां रोगवृद्धिकृत् ॥ ५२ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्व, अग्नि कोण के बीच में नीची और वायव्य कोण, पश्चिम के बीच में ऊँची भूमि को अपथवास्तु कहते हैं। यह भूमि लड़ाई झगड़ा कराने वाली होती है। अग्नि कोण, दक्षिण के बीच में नीची और वायव्य कोण, उत्तर के मध्य में ऊँची भूमि को रोगकर वास्तु कहते हैं। यह भूमि रोगकारक होती है ॥५१ ५२॥

निऋत्यन्तकयोर्नीचमुच्चं सोमशिवान्तरम्।
अर्गलं नाम तद्वास्तु ब्रह्महत्यादिनाशकृत् ॥ ५३ ॥
रुद्रेन्द्रान्तरमुच्च स्थान्नीचं वरुणरक्षसोः।
श्मशानं नाम तद्वास्तु केवलं कुलनाशनम् ॥ ५४ ॥

नैऋत्य कोण, दक्षिण के बीच में नीची और ईशान कोण, उत्तर के बीच में ऊँची भूमि को अर्गलवास्तु कहते हैं। यह भूमि ब्रह्महत्या आदि महापापों का विनाश कर्ता है। ईशान कोण पूर्व के बीच में ऊँची और पश्चिम नैऋत्य कोण में नीची भूमि को श्मशानवास्तु कहते हैं। यह भूमि कुलनाशक होती है ॥ ५३-५४ ॥

नीचमग्नौभवेदुच्चं निऋतीशानवायुषु।
श्येनकं नाम तद्वास्तु नाशाय मरणाय च ॥ ५५ ॥
रुद्राग्निवरुणेषूच्चं नीचं स्यान्निऋतौ तथा।
श्वमुखं नाम तद्वास्तु दारिद्र्यं कारयेत्फलम् ॥ ५६ ॥

अग्निकोण में नीची, निऋति, ईशान तथा वायव्यकोण में ऊँची भूमि को शोकवास्तु कहते हैं। यह भूमि सम्पत्तिनाशक एवं मृत्युकारक होती है। ईशानकोण, अग्निकोण तथा पश्चिम में ऊँची और नैऋत्यकोण में नीची भूमि को श्वमुखवास्तु कहते हैं। यह भूमि निवासकर्ता को दरिद्र बना देती है ॥ ५५-५६ ॥

नैऋत्यान्निशिवेषूच्चं नीचं वह्नीन्द्रयोस्तथा।
ब्रह्मघ्नं नाम तद्वास्तु नेष्टं प्राणभृतां सदा ॥ ५७ ॥
अग्नौ यदि भवेदुच्चं नीचं निऋतिरुद्रयोः।
वातनिम्नं च तद्वास्तु स्थावरं नाम शोभनम् । ५८ ॥

नैऋत्य, आग्नेय और ईशानकोण में ऊँची तथा पूर्व, वायव्यकोण में नीची भूमि को ब्रह्मघ्न वास्तु कहते हैं। यह भूमि प्राणियों के निवास योग्य
Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

नहीं होती, ऐसी भूमि पर खेती आदि करनी चाहिये। अग्निकोण में ऊँची और और नैऋ त्य, ईशान, वायव्यकोण में नीची भूमि को स्थावरवास्तु कहते हैं। यह भूमि सब भाँति शुभ होती है ॥ ५७-५८ ॥

उच्चं निऋ तिभागे स्यान्नीचं ज्वलनवातयोः ।
रुद्रनिम्नं च तद्वास्तु स्थण्डिलं नाम शोभनम् ॥ ५९ ॥
रुद्रोच्चं यदि निम्नं स्याद्वह्नौ निऋ तिवातयोः ।
शाण्डुलं नाम तद्वास्तु प्रापयत्यशुभं सदा ॥ ६० ॥

नैऋ त्यकोण में ऊँची तथा आग्नेय, वायव्य, ईशानकोण में नीची भूमि को स्थण्डिलवास्तु कहते हैं। यह स्थिरता प्रदान करने के कारण शुभ है। ईशान कोण में ऊंची और आग्नेय, नैऋ त्य, वायव्यकोण में नीची भूमि को शाण्डुलवास्तु कहते हैं। यह भूमि सर्वथा निवास के अयोग्य है ॥ ५९-६० ॥

नैऋ त्याग्निशिवेषूच्चं नीचं चन्द्रमसंप्रति ।
द्विजेन्द्राणान्तु सुस्थानमवनी समुदाहृता ॥ ६१ ॥
नीचमिन्द्रे भवेदुच्चं निऋ त्यां पश्चिमानिले ।
सुतलं नाम तद्वास्तु राजराष्ट्रविवर्धनम् ॥ ६२ ॥

आग्नेय, नैऋ त्य, ईशानकोण में ऊँची तथा वायव्यकोण में नीची भूमि को सुस्थानवास्तु कहते हैं। यह भूमि ब्राह्मणों के लिये सुखद होती है। पूर्व में नीची और नैऋ त्य, वायव्यकोण एवं पश्चिम में ऊँची भूमि को सुतलवास्तु कहते हैं। यह भूमि क्षत्रियों के लिये हितकर होती है ॥ ६१-६२ ॥

सौम्येशपवनेषूच्चं नीचं भवति चेद्यमे ।
नाम्ना वास्तु चरं यत्स्याद्वैश्यानां तदभीष्टदम् ॥ ६३ ॥
नीचं वारुणमुच्चं चेदीशानेन्द्राग्निषु क्रमात् ।
श्वमुखं नाम तद्वास्तु शूद्राणां तदभीष्टदम् ॥ ६४ ॥

उत्तर, ईशानकोण, वायव्यकोण में ऊँची तथा दक्षिण में नीची भूमि को चरवास्तु कहते हैं। यह भूमि वैश्यों के लिये विशेष लाभदायक होती है। पश्चिम में नीची ईशानकोण, पूर्व, आग्नेयकोण में ऊँची भूमि को श्वमुखवास्तु कहते हैं। यह भूमि शूद्रों के निवास योग्य होती है ॥ ६३-६४ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

या तु सौम्यप्लवा चैव कुशदर्भैरलङ्कृता।
आज्यगन्धा च सा भूमिर्ब्राह्मणानां प्रशस्यते ॥ ६५ ॥
पूर्वप्लवा च रक्ता च कुशदर्भैरलङ्कृता।
रक्तगन्धा च या भूमिः क्षत्रियाणां प्रशस्यते ॥ ६६ ॥

जिस भूमि पर उत्तर की ओर जल बहता हो, कुश उगे हों और घी की सी गन्ध प्रतीत होती हो वह भूमि ब्राह्मणों के योग्य होती है। जिस पर पूर्व की ओर जल बहता हो, मिट्टी का रंग लाल हो, कुश उगे हों तथा रक्त की सी गन्ध आती हो वह भूमि क्षत्रियों के लिये लाभदायक होती है ॥६५-६६॥

दक्षिणप्लवनोपेता कुशदर्भैलङ्कृता।
अन्नगन्धा च या भूमिः सा वैश्यानां प्रशस्यते ॥ ६७ ॥
पश्चिमप्लवनोपेता दूर्वाभिश्च समन्विता।
सुरागन्धा च या भूमिः शूद्राणां समुदाहृता ॥ ६८ ॥

जिस भूमि पर दक्षिण की ओर पानी बहता हो, कुश उगे हों, अन्नों की सी गन्ध प्रतीत होती हो, वह भूमि वैश्यों के लिये उत्तम होती है, जिस भूमि पर पश्चिम की ओर पानी बहता हो, दूब उगी हो, मद्य की सी गन्ध आ रही हो, वह भूमि शूद्रों के लिये हितकर होती है ॥ ६७-६८ ॥

इन्द्रोन्नतं पुत्रनाशं वह्न्युन्नतमथार्थदम्।
अग्निनीचोऽर्थनाशः स्याद् याम्योन्नतमरोगकृत ॥ ६९ ॥
निर्ऋत्युच्चे श्रियो लाभ पुत्रद वरुणोन्नतम्।
वायून्नतं द्रव्यनाशं सौम्योन्नतमथागदम् ॥ ७० ॥
ईशानोच्चं महाक्लेशं वास्तु विद्यादितिक्रमात्।

पूर्व दिशा में ऊँची भूमि पुत्रनाशकारक होती है, अग्निकोण में ऊँची भूमि धन देती है। अग्निकोण में नीची भूमि धननाश करती है। दक्षिण दिशा में ऊँची भूमि स्वास्थ्यप्रद होती है। नैर्ऋत्यकोण में ऊँची भूमि लक्ष्मी (धन-धान्य) दायक होती है। पश्चिम में ऊँची भूमि पुत्रप्रद होती है, वायव्यकोण में ऊँची भूमि द्रव्य हानि, उत्तर दिशा में आरोग्य लाभ और ईशानकोण में महाक्लेशकारक होती है, यह वास्तु शास्त्र का मत है ॥ ६९-७० ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अश्वत्थः पूर्वतोधन्यो दक्षिणस्यामुदुम्बरः ।
न्यग्रोधः पश्चिमे श्रेष्ठः प्लक्षोऽप्युत्तरतः शुभः ॥ ७१ ॥
न्यग्रोधः पूर्वतोवर्ज्यो दक्षिणे प्लक्ष एव च ।
अश्वत्थः पश्चिमे भागे ह्युत्तरे चाप्युदुम्बरः ॥ ७२ ॥

पूर्व में पीपल का वृक्ष, दक्षिण में गूलर, पश्चिम में बरगद और उत्तर में पर्कटी (पाकड) का वृक्ष उत्तम होता है। इसके विपरीत पूर्व में बरगद, दक्षिण में पाकड़, पश्चिम में पीपल और उत्तर में गूलर का वृक्ष वर्जित है ॥ ७१-७२ ॥

अश्वत्थोऽग्निभयं कुर्यात् प्लक्षः कुर्यात् प्रमादकम् ।
न्यग्रोधः शस्त्रसम्पातं कुक्षिरोगमुदुम्बरः ॥ ७३ ॥

निषिद्ध दिशाओं में स्थित वृक्षों का फल इस प्रकार है—पीपल अग्निभय, पाकड़ प्रमाद, बरगद शस्त्रभय, और गूलर उदर रोग कारक होता है ॥ ७३ ॥

काष्ठेष्टकातुषाङ्गारपाषाणास्थिसरीसृपान् ।
हलाग्रेणोद्धृतान् दृष्ट्वा तत्र विद्यादिदं फलम् ॥ ७४ ॥
काष्ठेष्वग्निभयं विद्यादिष्टकासु धनागमम् ।
अङ्गारेषु तथारोगं तुषेष्वेव धनक्षयम् ॥ ७५ ॥
पाषाणेष्वपि कल्याणं कुलनाशं तथास्थिषु ।
सरीसृपेषु सर्वेषु तादृग्भ्या भयमादिशेत् ॥ ७६ ॥

हल के फाल से भूमि को खोदने पर यदि लकड़ी, ईंट, भूसा, कोयला, पत्थर, हड्डी, साँप, बिच्छू आदि में से कोई दिखायी दे तो उनका फल क्रमशः इस प्रकार है—काष्ठ–अग्निभय, ईंट–धनप्राप्ति, भूसा–धनक्षय, कोयला–रोग, पत्थर–कल्याण, हड्डी–कुलनाश और साँप आदि से इन्हीं द्वारा भय समझें ॥ ७४-७६ ॥

अनूषरा स्निग्धवती प्रशस्ता च बहूदका ।
तृणापलान्विता या सा मान्या वास्तुविधौ धरा ॥ ७७ ॥

उपजाऊ, चिकनी मिट्टी वाली, पानी वाली, घास तथा पत्थरों वाली भूमि निवास योग्य होती है, ऐसा वास्तुशास्त्रियों का कथन है ॥ ७७ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वराहमिहिरमते प्रशस्ता भूमिः—

शस्तौषधिद्रुमलता मधुरा सुगन्धा
स्निग्धा समानसुखदा च मही नराणाम् ।
अप्यध्वनि श्रमविनोदमुपागतानां
धत्ते श्रियं किमुत शाश्वतमन्दिरेषु ॥ ७८ ॥

उत्तम ओषधि, वृक्ष, लता वाली मधुर चिकनी, सुगन्धित, समतल, परिश्रम को दूर करने के प्रभाव वाली भूमि गृहपति को धन, सुख, शान्ति देती है ॥७८॥

वास्तुप्रदीपोक्तभूमिदोषाः—

स्फुटिता च सशल्या च वल्मीकाऽऽरोहिणी तथा ।
दूरतः परिहर्तव्या कर्त्तुरायुर्धनापहा ॥ ७९ ॥

फटी हुई, शल्ययुक्त, दीमकों से व्याप्त और ऊँची-नीची भूमि को भवन निर्माता दूर से छोड़ दे, ऐसी भूमि आयु एवं धन का नाश करती है । ७९ ॥

विशेषफलम्—

स्फुटिता मरणं कुर्यादूषरा धननाशिनी ।
सशल्या क्लेशदा नित्यं विषमा शत्रुवर्धिनी ॥ ८० ॥
चैत्ये भयं गृहकृतो वल्मीके स्वकुले विपत् ।
गर्तायांतु विनाशः स्यात् कूर्माकारे धनक्षयः ॥ ८१ ॥

फटी भूमि से मरण, ऊषर से धन नाश, शल्ययुक्त से सदा क्लेश, ऊँची-नीची से शत्रु वृद्धि, श्मशान जैसी भूमि से भय, दीमकों से व्याप्त से विपत्ति, गड्ढों वाली से विनाश, और कूर्माकार (बीच में उठी) से धननाश, होता है ॥ ८०-८१ ॥

गजपृष्ठभूमिलक्षणम्—

दक्षिणे पश्चिमे चैव नैऋत्ये वायुकोणके ।
एभिरुच्चा यदा भूमिर्गजपृष्ठाऽभिधीयते ॥ ८२ ॥

दक्षिण, पश्चिम, नैऋत्य एवं वायव्यकोण में ऊँचे आकार की भूमि को गजपृष्ठ कहते हैं ॥ ८२ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गजपृष्ठे भवेद्वासः स लक्ष्मीधनपूरितः ।
आयुर्वृद्धिकरो नित्यं जायते नात्र संशयः ॥ ८३ ॥

गजपृष्ठ संज्ञक भूमि पर निवास करने से लक्ष्मी, धन तथा आयु की वृद्धि होती है ॥ ८३ ॥

कूर्मपृष्ठभूमिलक्षणम्—

मध्येऽत्युच्च भवेद्यत्र नीचं चैव चतुर्दिशम् ।
कूर्मपृष्ठा भवेद् भूमिस्तत्र वासो विधीयते ॥ ८४ ॥

मध्यभाग में विशेष ऊँची और चारों दिशाओं में नीची भूमि को कूर्मपृष्ठ कहते हैं । ऐसी भूमि निवास योग्य होती है ॥ ८४ ॥

कूर्मपृष्ठे भवेद्वासो नित्योत्साहसुखप्रदः ।
धनधान्यं भवेत्तस्य निश्चितं विपुलं धनम् ॥ ८५ ॥

कूर्म पृष्ठ लक्षण युक्त भूमि पर निवास प्रतिदिन उत्साह एवं धन-धान्य की वृद्धि करता है ॥ ८५ ॥

पूर्वाग्निशम्भुकोणेषु उन्नतिश्च यदा भवेत् ।
पश्चिमे च यदा नीचं दैत्यपृष्ठोऽभिधीयते ॥ ८६ ॥

पूर्व, ईशान तथा आग्नेयकोण में ऊँची और पश्चिम में नीची भूमि को दैत्यपृष्ठ कहते हैं ॥ ८६ ॥

दैत्यपृष्ठभूमिलक्षणम्—

दैत्यपृष्ठे भवेद्वासो लक्ष्मीर्नायाति मन्दिरे ।
धनपुत्रपशूनां च हानिरेव न संशयः ॥ ८७ ॥

दैत्यपृष्ठ लक्षण वाली भूमि पर भवन निर्माण करे तो उस गृह में लक्ष्मी कभी प्रवेश नहीं करती और धन, पुत्र, पशुओं का भी विनाश होता है, इसमें सन्देह नहीं ॥ ८७ ॥

नागपृष्ठभूमिलक्षणम्

पूर्वपश्चिमयोर्दीर्घो दक्षिणोत्तर उच्चकः ।
नागपृष्ठं विजानीयात् [illegible] ॥ ८८ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

पश्चिम की ओर लम्बी, दक्षिण तथा पश्चिम में ऊँची भूमि को नागपृष्ठ कहते हैं। ऐसी भूमि निवासकर्त्ता के मन का उच्चाटन कर देती है। अर्थात् मन को कभी शान्ति नहीं मिलती ॥ ८८ ॥

नागपृष्ठे यदा वासो मृत्युरेव न संशयः।
पत्नीहानिः पुत्रहानिः शत्रुवृद्धिः पदे पदे ॥ ८९ ॥

पूर्वोक्त नागपृष्ठ के लक्षणों से युक्त भूमि पर निवास करने से निःसन्देह गृहपति की मृत्यु, स्त्री हानि, पुत्र नाश और कदम-कदम पर शत्रुओं का भय बना रहता है ॥ ८९ ॥

प्रकारान्तरेण भूमेर्लक्षणम्—

आयते सिद्धयस्सर्वाश्चतुरस्रे धनागमः।
वृत्ते तु बुद्धिवृद्धिः स्याद्भद्रं भद्रासने भवेत् ॥ ९० ॥
चक्रे दारिद्र्यमित्याहुर्विषमे शोकलक्षणम्।
राजभीतिस्त्रिकोणे स्याच्छकटे तु धनक्षयः ॥ ९१ ॥
दण्डे पशुक्षयं प्राहुः शूर्पे वासे गवां क्षयः।
गोव्याघ्रबन्धने पीडा धनुः क्षेत्रे भयं महत् ॥ ९२ ॥

आयत (जिस भूमि के दोनों भुज बराबर हों और चारों कोण सम हों) आकार वाली भूमि पर निवास सर्वसिद्धिदायक, चतुरस्र (जिसकी लम्बाई चौड़ाई समान हो) भूमि पर धन का लाभ, वृत्त (गोलाई) आकार वाली बुद्धि की वृद्धि, भद्रासन पर सब प्रकार का कल्याण, चक्राकार दरिद्रता, विषम (ऊँची-नीची) भूमि शोक, त्रिकोण आकार वाली राजभय, शकट (गाड़ी) आकार वाली धन नाश, दण्डाकार पशुनाशक, सूप के आकार वाली गायों का नाश, गाय-हाथी बांधने वाली भूमि पर पीड़ा, और धनुषाकार भूमि पर निवास करने से महान् भय होता है ॥ ९०-९२ ॥

वासयोग्याभूमिः—

[illegible]र्मन सन्तोषो जायते भुवि।
तस्यां कार्यं गृहं सर्वैरिति गर्गादिसम्मतम् ॥ ९३ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिस भूमि पर पहुँचते ही मन और आँखें प्रसन्न हो उस पर घर बनाकर निवास करना चाहिये यह गर्ग आदि ऋषियों का मत है ॥ ६३ ॥

जागृतादि-भूमिज्ञानम्—

कर्ता ग्रामदिशश्चैव स्वरयुक्तं तु कारयेत् ।
वह्निभिस्तु हरेद्भागं शेषाङ्के फलमादिशेत् ॥ ९४ ॥
एके जागर्ति भूमिश्च द्वितीये समतागतिः ।
तृतीये राक्षसी चैव मृत्युरेतन्न संशयः ॥ ९५ ॥

गृहनिर्माण करने वाला व्यक्ति गाँव की दिशा, संख्या तथा स्वर संख्या (श्लोक २४ के नीचे दिये हुए चक्र के अनुसार) का योग करके तीन का भाग दे जो शेष आये उसका फल निम्नोक्त प्रकार से कहे । १ शेष में भूमि जागती है, २ में समान गति, ३ में राक्षसी भूमि । इसमें निवास करने से निःसन्देह मृत्यु होती है ॥ ६४-६५ ॥

तडागादिखननयोगाः—

प्रद्योतनात्पञ्चनगाङ्कसूर्य-नवेन्दुषड्विंशमितेषु भेषु ।
शेते मही नैव गृहं विधेयं तडागवापीखननं न शस्तम् ॥ ९६ ॥

सूर्य के नक्षत्र से ५, ७, ९, १२, १९, २६ नक्षत्रों में पृथ्वी शयन करती है अतः इन नक्षत्रों में तालाब, कुआँ, बावड़ी आदि खुदवाना निषिद्ध है। इनके अतिरिक्त शुभ है ॥ ९६ ॥

जीवितादिभूमिज्ञानं तत्फलञ्च—

व्यामविस्तारयोरैक्यं ग्रामाक्षरसमन्वितम् ।
चतुर्गुणं नामयुक्तं शिवनेत्रेण भाजितम् ॥ ९७ ॥
एकेन भूमेर्जीवः स्याद् द्वाभ्यां च समता भवेत् ।
शून्यशेषे तु शून्यं स्यादित्युक्तं रुद्रयामले ॥ ९८ ॥

भूमि के दीर्घ-विस्तार का योग कर उसमें ग्राम के अक्षरों को जोड़कर ४ से गुणा करें, उस संख्या में अपने नाम के अक्षर जोड़कर ३ का भाग दें। १ शेष में जीवित भूति, २ में समता, ३ में शून्य, यह रुद्रयामलतन्त्र में लिखा है ॥ ६२-९८ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रश्नाज्जीवितादिभूमिज्ञानम्—

भूम्यक्षरं चतुर्गुण्यं तिथिवारं च मिश्रितम् ।
त्रिभिर्भागः प्रदातव्यः शेषेण फलमादिशेत् ॥ ९९ ॥
एकेन जीविता भूमिर्द्विशेषे भूःसमानता ।
त्रिशेषे मृतभूमिः स्यादित्युक्तं चादियामले ॥ १०० ॥

भूमि के नामाक्षर संख्या को ८ से गुणा करके तिथि और वार की संख्या को उसमें जोड़कर ३ का भाग देने से १ शेष हो तो जीवित, २ शेष हो तो सम और ३ शेष हो तो मृत भूमि समझें। मृत भूमि पर मकान बनाना अशुभ होता है ॥

प्रकारान्तरेण—

यत्र वृक्षाः प्ररोहन्ति सस्यं हर्षात्प्रवर्द्धते ।
सा भूमिर्जीविता वाच्या मृता चातोऽन्यथा भवेत् ॥ १०१ ॥

जिस भूमि पर वृक्ष उगे हों, फसल दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती हो, उस भूमि को जीवित कहते हैं। इसके अतिरिक्त मृत भूमि होती है ॥ १०१ ॥

भूमेः खननाधिकारः—

स्वामिहस्तप्रमाणेन ज्येष्ठपत्नीकरेण वा ।
हस्तमात्रं खनेद् भूमिं नृणां प्रोक्तं पुरातनैः ॥ १०२ ॥
जलान्तं प्रस्तरान्तं वा पुरुषान्तमथापि वा ।
क्षेत्रं संशोध्य चोद्धृत्य शल्यं सदनमारभेत् ॥ १०३ ॥

स्वामी के हाथ से अथवा प्रधानपत्नी के हाथ से एक हाथ गहरी भूमि को खोदकर परीक्षा करे या जल निकलने तक, या पत्थर निकलने तक या एक पुरुष के प्रमाण की गहराई तक भूमि को खोदकर उसका शोधन कर शल्य निकालकर गृह निर्माण प्रारम्भ करे ॥ १०२-१०३ ॥

रामदैवज्ञमते खातविधिः—

देवालये गेहविधौ जलाशये राहोर्मुखं शम्भुदिशो विलोमतः ।
मीनार्कसिंहार्कमृगार्कतस्त्रिभे खातं मुखात् पृष्ठविदिक् शुभा भवेत् ॥ १०४ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

देव मन्दिर के निर्माण में मीन से ३ राशि के सूर्य हों तो ईशान कोण में, मिथुन से ३ राशि में वायव्य कोण में, कन्या से ३ राशि में नैर्ऋत्य कोण में और धन से ३ राशि में अग्नि कोण में राहु का मुख रहता है ॥

गृह निर्माण में सिंह से ३ राशि में ईशान कोण में, वृश्चिक से ३ राशि में वायव्य कोण में, कुम्भ से ३ राशि में नैर्ऋत्य कोण में और वृष से ३ राशि में अग्नि कोण में राहु मुख रहता है ॥

जलाशय निर्माण में मकर से ३ राशि में, ईशान कोण में मेष से ३ राशि में, वायव्य कोण में कर्क से ३ राशि में नैर्ऋत्य कोण में और तुला से ३ राशि में अग्निकोण में राहु का मुख रहता है। अतः मुख से पिछले कोण में खात (भूमि शोधन के लिये गड्ढा) शुभ होता है ॥ १०४ ॥

वृषार्कादित्रिकं वेद्यां सिंहादिं गणयेद् गृहे।
देवालये च मीनादिं तडागे मकरादिकम् ॥ १०५ ॥

गर्गाचार्य के मत से वेदी में वृषार्क से ३ राशि, गृह में सिंह के सूर्य से ३ राशि, देवालय में मीन के सूर्य से ३ राशि, तडाग आदि में मकर के सूर्य से ३ राशियों में राहु का मुख होता है ॥ १०५ ॥

विश्वकर्मप्रकाशे भूमिसंशोधनप्रकारः—

खातं भूमिपरीक्षणे करमितं तत्पूरयेत्तन्मृदा,
हीने हीनफलं समे समफलं लाभो रजोवर्द्धने।
तत्कृत्वा जलपूर्णमाऽऽशतपदं गत्वा परीक्ष्यं पुनः
पादोनाऽर्द्धविहीनकेऽथनिभृते मध्याधमेष्टाम्बुभिः ॥ १०६ ॥
निखनेद्धस्तमात्रेण पुनस्तेनैव पूरयेत्।
पांशुनाधिकमध्योनश्रेष्ठमध्याधमाः क्रमात् ॥ १०७ ॥

भूमि परीक्षण के समय भूस्वामी या उसकी प्रधानपत्नी के हाथ से एक-एक हाथ लम्बा, चौड़ा, गहरा गड्ढा खोदकर उसको पानी से भर दें। तत्पश्चात् उससे १०० कदम दूर जाकर उस भूमि के पास लौट आयें फिर परीक्षा करें यदि गर्त भरा हो तो उत्तम, चौथाई जल सूख जाय तो मध्यम आधे से भी कम रहे तो अधम समझें ॥ १०६ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथवा उसी मिट्टी से उस गड्ढा को भरे यदि मिट्टी बच जाय तो उत्तम, बराबर हो तो मध्यम, घट जाय तो अधम समझें ॥ १०७ ॥

वास्तुरत्ने भूमिसंशोधनप्रकारः—

कर्तुश्च हस्तप्रमितं खनित्वा खातं पयोभिः परिपूरितं चेत् ।
वसेत्सुतार्थी परिपूरितंस्याच्छुष्के भवेत् तत्क्षणमेव नाशः ॥ १०८ ॥
स्थिरे जले वै स्थिरता गृहस्य स्याद्दक्षिणावर्त्तजलेन सौख्यम् ।
क्षिप्रं जलं शोषयतीह खातो मृत्युर्हि वामेन जलेन कर्तुः ॥ १०९ ॥
अथवा सर्वधान्यानि वापयेच्च समन्ततः ।
यत्र नैव प्ररोहन्ति तां प्रयत्नेन वर्जयेत् ॥ ११० ॥

गृहपति के हाथ भर गहरी खोदी गयी भूमि को जल से भरें यदि जल भरा रह जाय तो शुभ, तत्काल सूख जाय तो अशुभ और जल भरते समय स्थिर रहे तो गृह की स्थिरता । पानी दक्षिण की ओर घूमे तो सुख, बायीं ओर घूमे तो मृत्यु दायक होता है । अथवा जिस भूमि पर निवास करने की इच्छा हो उस पर सभी अन्नों को एक साथ बोयें, जहाँ अंकुर न उगें तो उस स्थान को निवास योग्य न समझे, अतः उसे छोड़ दे ।। १०८-११० ॥

नारायणभट्टमते विचारः—

श्वभ्रं हस्तमितं खनेदिह जलं पूर्णं निशास्ये न्यसेत् ।
प्रातर्दृष्टजलं स्थलं सदजलं मध्यं त्वसत्स्फाटितम् ॥ १११ ॥

सूर्यास्त के समय १ हाथ लम्बा, चौड़ा, गहरा गड्ढा खोदकर उसको पानी से भर दें यदि प्रातःकाल तक उसमें जल रह जाय तो शुभ, नहीं रहे तो मध्यम दरारें पड़ी हों तो अशुभ होता है ॥ १११ ॥

खातमध्ये पाषाणादिप्राप्तिफलम्—

खन्यमाने यदा भूमौ पाषाणं प्राप्यते तदा ।
धनायुश्चिरता वै स्यादिष्टकासु धनागमः ॥ ११२ ॥
Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal
कपालाङ्गारकेशाद्यै व्याधिना पीडितो भवेत् ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

भूमि खोदने पर यदि वहाँ पत्थर मिल जाय तो धन एवं आयु की वृद्धि होती है, यदि ईंट मिले तो धनागम, कपाल, हड्डी, कोयला, केश आदि से रोग पीड़ा होती है ॥ ११२ ॥

खाते यदाश्मा लभते हिरण्यं तथेष्टकायां च समृद्धिरत्र।
द्रव्यं च रम्याणि सुखानि धत्ते ताम्रादिधातुर्यदि तत्र वृद्धिः ॥११३॥

यदि गड्ढे में से पत्थर मिलें सुवर्ण लाभ ईंट से समृद्धि, द्रव्य से सुख और ताम्रदि धातु से सब प्रकार की वृद्धि होती है ॥ ११३ ॥

पिपीलिकाषोडशपक्षनिद्रा भवन्ति चेत्तत्र वसेन्न कर्ता।
तुषास्थिचीराणि तथैव भस्मान्यण्डानि सर्पा मरणप्रदाः स्युः ॥११४॥
वराटिका दुःखकलिप्रदात्री कार्पास एवाति ददाति दुःखम्।
काष्ठं प्रदग्धं त्वतिरोगभीतिर्भवेत्कलिः खर्परदर्शनेन ॥११५॥
लोहेन कर्तुर्मरणं निगद्यं विचार्य वास्तु प्रदिशन्ति धीराः।

भूमि खोदने पर चिऊँटी (दीमक), अजगर निकलें तो उस भूमि पर निवास न करे, भूसा, हड्डी, वस्त्र, भस्म, अण्डे, साँप निकलें तो गृहकर्ता की मृत्यु हो, कौड़ी निकले तो दुःख और झगड़ा होता है, रुई विशेष दुःख देती है, जली हुई लकड़ी निकले तो रोग कारक होती है, खप्पर से कलह, लोहे से गृहपति की मृत्यु होती है। अतः गृह निर्माण के पूर्व इन सबका भली भाँति विचार कर लेना चाहिये ॥ ११४-१५० ॥

वास्तुराजवल्लभे भूमिपूजाविधिः—

परीक्षितायां भुवि विघ्नराजं समर्चयेच्चण्डिकया समेतम् ॥ ११६ ॥
क्षेत्राधिपं चाष्टदिगीशदेवान् पुष्पैश्च धूपैर्बलिभिः सुखाय।

उक्त प्रकार से भूमि की परीक्षा करके श्रीगणेश तथा भगवती दुर्गा की पूजा करके क्षेत्रपाल तथा आठों दिग्पालों की फूल, धूप, बलि आदि से पूजा करनी चाहिये ॥ ११६ ॥

पिण्डाद् वहिरन्तर्वा भित्तिः कर्तव्येति विचारः—

पाषाणे सर्वतो ... तदर्धकम् ॥ ११७ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

मृत्तिकायां पिण्डमात्रमित्युक्तं रुद्रयामले।
पाषाणीभित्तिका ग्राह्या सर्वदा कारिकामते ॥ ११८ ॥

पत्थर की दीवाल हो तो पिण्ड से बाहर ईंट की हो तो पिण्ड से आधी दीनाल भीतर आधी बाहर, मिट्टी की हो तो सम्पूर्ण दीवाल पिण्ड से भीतर हों। कारिका के मत से पत्थर की दीनाल ही सर्वश्रेष्ठ (चिर-स्थिर) होती है ॥ ११७ ११८ ॥

नारायणभट्टमते भित्तिविचारः—

ज्ञात्वैवं निखनेद् गृहाधिकभुवं नत्वा जलान्तस्तरो-
र्यावद्वापुरुषस्ततः कपिशिरस्तुल्याश्मभिः पूरयेत् ॥ ११९ ॥

उक्त प्रकार से शुभ भूमि का निर्णय करके भूमि को प्रणाम करके पिण्ड से बाहर जल पर्यन्त या समीप में स्थित वृक्ष के बराबर अथवा एक पुरुष गहरी पृथ्वी खोदकर उसको छोटे-छोटे पत्थरों से भर दे ॥ ११६ ॥

गृहनिर्माणार्थमिष्टकाविचारः—

विजया मङ्गला चैव निर्मला सुखदेति च।
चतुर्द्धा चेष्टकाः प्रोक्ता गृहे च वरुणालये ॥ १२० ॥
तिथ्यङ्गुलानि विजया मङ्गला सप्तचन्द्रकैः।
पक्षेन्दुभिर्निर्मलास्यात् सुखदा रामपक्षभिः ॥ १२१ ॥
प्रमाणमिष्टकायाश्च गर्गाद्यैर्मुनिभिः स्मृतः।

विजया, मङ्गला, निर्मला, सुखदा ये चार प्रकार की ईंटें गृह तथा जलाशय के लिये कही गयी हैं। अब इनके प्रमाण कहे जाते हैं—१५ अंगुल विजया, १७ अंगुल मंगला, १२ अंगुल निर्मला, २३ अंगुल सुखदा का प्रमाण गर्गादि मुनियों के मत से है ॥ १२०-२१ ॥

इष्टकाचक्रम्—

पञ्चत्रीणि त्रिकं पञ्च सप्त पञ्चावनीयभात्।
सौख्यं मृत्यु क्रमेणैव इष्टकारम्भकर्मसु ॥ १२२ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

मंगल के नक्षत्र से ईंट रखने के दिननक्षत्र तक का फल निम्न प्रकार है।

मंगल के नक्षत्र से गणना फल						
गणना	५	३	३	५	७	५
फल	सौख्य	मृत्यु	सौख्य	मृत्यु	सौख्य	मृत्यु

इष्टकोपरि वह्निदीपनचक्रम्—

सप्तपञ्चमुनिवेदपञ्चभिः शोकलाभरुजभीतिभीसुखम्।
भौमभाच्च गणयेत्सुधीः सदा इष्टकोपरि सुवह्निदीपनम् ॥ १२३ ॥

मंगल के नक्षत्र से अग्निदीपन नक्षत्र तक का विचार चक्र में देखें—

मंगल नक्षत्र से गणना फल					
गणना	७	५	७	४	५
फल	शोक	लाभ	रोग	भय	सुख

शिलान्यासविधिः—

दक्षिणपूर्वे कोणे कृत्वा पूजां शिलां न्यसेत् प्रथमम्।
शेषाः प्रदक्षिणेन स्तंभांश्चैव प्रतिस्थाप्याः ॥ १२४ ॥

कोण की विधिवत् पूजा करके पूर्व दक्षिण के कोण (अग्निकोण) में प्रथम शिलान्यास करके शेष प्रदक्षिण क्रम से स्थापना करे ॥ १२४ ॥

शार्ङ्गधरमते स्तम्भस्थापनम्—

प्रासादेषु च हर्म्येषु गृहेष्वन्येषु सर्वदा।
आग्नेय्यां प्रथमं स्तम्भं स्थापयेत्तद्विधानतः ॥ १२५ ॥

प्रासाद (राजमहल), धनिकों के गृह (हर्म्य) तथा सामान्य ग्रहों में भी सदैव अग्निकोण में ही विधिपूर्वक स्तम्भ स्थापन करना चाहिये ॥ १२५ ॥

सूत्रभित्तिशिलान्यासं स्तम्भस्यारोपणं तथा।
पूर्वदक्षिणयोर्मध्ये कुर्यादित्याह कश्यपः ॥ १२६ ॥

महर्षि कश्यप के मत से सूत्रभित्ति, शिलान्यास तथा प्रथम स्तम्भ स्थापन पूर्व दक्षिण के मध्य (अग्निकोण) में ही करना चाहिये ॥ १२६ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्तम्भोच्छ्रायविधिः—

छत्रस्रगम्बरयुतः कृतधूपविलेपनः समुत्थाप्यः ।
स्तम्भस्तथैव कार्यो द्वारोच्छ्रायः प्रयत्नेन ॥ १२७ ॥

छत्र, माला, वस्त्र धूप आदि से पूजन कर स्तम्भ को उठाना चाहिये। इसी प्रकार धूप दीप आदि से पूजा करके द्वार की भी स्थापना करे ॥ १२७ ॥

नूतनगृहे निषिद्धकाष्ठानि—

अन्यवेश्मस्थितं दारु नैवान्यस्मिन् प्रयोजयेत् ।
न तत्र निवसेत्कर्ता वसन्नपि न जीवति ॥ १२८ ॥

दूसरे के घर में लगे हुए काष्ठ को नवीन घर में नहीं लगाना चाहिये, यदि लगाया भी जाय तो उसमें निवास न करे क्योंकि निवास करने से गृहपति की मृत्यु होती है ॥ १२८ ॥

इष्टका-लोष्ठ-पाषाण-मृत्तिका जीर्णमायसम् ।
तृणं पत्रं बुधैः प्रोक्तं दारु नूत्नं गृहाय वै ॥ १२९ ॥

समराङ्गण के अनुसार ईंट, मिट्टी, पत्थर, लोहा आदि पुराने उपकरण नवीन मकान के लिये उपयोग में नहीं लाने चाहिये ॥ १२९ ॥

वास्तुशास्त्रे ग्राह्यकाष्ठानि—

श्रीपर्णी रोहिणी शाकः सर्जश्च सरलाः शुभाः ।
पतङ्गलोध्रशालाख्यास्तालार्जुनकशिंशपाः ॥ १३० ॥
चन्दनाशोकबदरीकधूकाश्च कदम्बकाः ।
प्रशस्ताश्च शमी निम्बो बिल्ववर्ज्यं गृहान्तिके ॥ १३१ ॥
गृहे दारुगुणैर्युक्ते गृहकर्माणि युज्यते ।
गृहे काष्ठं समं श्रेष्ठमलिन्दे विषमं शुभम् ॥ १३२ ॥

गम्भार, कुटकी, शागौन, सर्ज इनके सीधे वृक्ष तथा पतंग, लोध, शाल, ताल, अर्जुन (कोह) शीशम, चन्दन, अशोक, बेर, महुआ और कदम्ब इनके काष्ठ गृहनिर्माण के लिये शुभ होते हैं। घर के समीप में शमी, नीम और बेल के वृक्षों को न लगायें। गुण युक्त काष्ठ गृह निर्माण योग्य होता है। गृह में सम और अलिन्द (दरवाजे के चौक) में विषम धरनें शुभ होती हैं ॥१३०-१३२॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

नारदमते त्याज्यकाष्ठानि—

प्लक्षोदुम्बरचूताख्या निम्बस्नुहिबिभीतकाः ।
दग्धाः कण्टकिनो वृक्षा वटाश्वत्थकपित्थकाः ॥ १३३ ॥
अगस्तशिग्रुतालाख्यास्तिन्तिडीकाश्च निन्दिताः ।
अन्ये च गृहनिर्माणे योजनीयाः समाः द्रुमाः ॥ १३४ ॥

पाकर, गूलर आम, नीम, सेहुड़, बहेड़ा जले हुए काष्ठ, काँटे वाले वृक्ष, बरगद, पीपल, कैथ, अगस्त, सहजन, ताड़ और इमली इन वृक्षों का काष्ठ गृह-निर्माण में निन्दनीय है। इनके अतिरिक्त सम संख्या वाले काष्ठ (धरनें) गृहनिर्माण के योग्य होते हैं।

पितृवनमार्गसुरालयवल्मीकोद्यानतापसाश्रमजाः ।
चैत्यसरित्संगमसंभवाश्च घटतोयसिक्ताश्च ॥१३५॥
कुब्जानुजातवल्ली निपीडिता वज्रमारुतोपहताः ।
श्वपतिहस्तिनिपीडितशुष्काग्निप्लुष्टमधुनिलयाः ॥१३६॥
तरवो वर्जयितव्याः शुभदाःस्युः स्निग्धपत्रकुसुमफलाः ।
सुरदारुचन्दनसमामधूकतरवः शुभाद्विजातीनाम् ॥१३७॥
क्षत्रस्यारिष्टास्त्वश्वत्थखदिरविल्वादिवृद्धिकराः ।
वैश्यानां जीवकखदिरसिन्दुकस्यन्दनाश्च शुभफलदाः ॥१३८॥
तिन्दुककेसरसर्जार्जुनोत्थशालाश्च शूद्राणाम् ।
सर्वेषां वा शस्ताः सर्वे वृक्षाश्च निन्दिता ये न ॥१३९॥

वराहमिहिर के अनुसार, श्मशान, रास्ता, देवमन्दिर, दीमक वाला स्थान, बगीचा के वृक्ष, तपस्वियों के आश्रम के वृक्ष, डीह, नदी संगम पर उत्पन्न, घड़े के जल से सींचे हुए जंगली लताओं से लपेटे हुए, बिजली और आँधी से आहत, स्वयं गिरे हुए, हाथी से गिराये हुए, सूखे, जले, मधुमक्खियों के छाने से युक्त वृक्षों के काष्ठ को घर में न लगायें। चिकने पत्तों और फूलों वाला वृक्ष घर में लगायें, ब्राह्मणों को देवदारु, चन्दन और महुआ, क्षत्रियों को नीम, पीपल, खैर और बेल, वैश्यों को विजयसार, खैर, मेवड़ी, तिनिस, वृक्षों की लकड़ियाँ शुभ है। शूद्रों के लिये तिन्दुक नागकेसर, सर्ज और अर्जुन वृक्ष घर में लगाना

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

शुभ है। अथवा ऊपर कहे गये शुभ वृक्ष सभी वर्णों के लिये शुभ और अशुभ वृक्ष सब के लिये अशुभ होते हैं ॥ १३५-१३९ ॥

वृक्षच्छेदनमुहूर्ताः—

कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां रेवतीरोहिणीयुते।
यदा तदा गुरौ लग्ने गृहार्थं तु हरेद्द्रुमान् ॥ १४० ॥
शुक्रे लग्ने गुरौ केन्द्रेष्वगेराशौ गृहोपरि।
तृणादिभिः समाच्छाद्यो न चैवाग्निभयं भवेत् ॥ १४१ ॥

कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तिथि, रोहिणी तथा रेवती नक्षत्र में जब गुरु लग्न में हो उसी समय गृह निर्माण के लिये पेड़ काटना चाहिये। अथवा शुक्र लग्न में और गुरु केन्द्र में होकर स्थिर राशि में स्थित हो इस अवसर पर इकट्ठा किये हुए तृण काष्ठ आदि से गृहच्छादन करने पर अग्नि भय नहीं होता है ॥

वृक्षच्छेदने भूतादिप्रार्थना—

यानीह भूतानि वसन्ति तानि
बलिं गृहीत्वा विधिवत्प्रयुक्तम्।
अन्यत्र वासं परिकल्पयन्तु
क्षमन्तु ते चाद्य नमोऽस्तु तेभ्यः ॥ १४२ ॥

जो प्राणी इस वृक्ष में निवास करते हैं वे मेरे द्वारा दी गयी बलि को ग्रहण कर अन्यत्र निवास करें, उनके लिये नमस्कार है। वे मुझे क्षमा करें मैं इस वृक्ष को काट रहा हूँ ॥ १४२ ॥

खाते निक्षेपवस्तूनि—

मृदिष्टका-स्वर्ण-रत्न-धान्य-शैवालसंयुतम्।
ताम्रपात्रस्थितं सर्वं खातमध्ये नियोजयेत् ॥ १४३ ॥

ताँबे के बर्तन में मिट्टी, सोना, ईंट, पञ्चरत्न, सप्तधान्य, सेवार रखकर नींव में रखे। फिर जिस (मिट्टी, ईंट, पत्थर) की दीवाल बनानी हो उसको ऊपर रखें ॥ १४३ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वास्तुकृत्यम्—

ध्रुवं दृष्ट्वाथवा स्मृत्वा कर्तव्यं वास्तुरोपणम् ।
सूर्यारवर्ज्यदिवस रात्रौ त्यक्त्वा महानिशाम् ॥ १४४ ॥
मध्याह्ने तु कृतं यत्तु वास्तुकर्तुर्विनाशदम् ।
निशीथे वाऽथवा सन्ध्योर्वास्तु वा नैव कारयेत् ॥ १४५ ॥

ध्रुव तारा को देखकर या स्मरण करके नीव रखें, रविवार, मंगलवार, महानिशा, मध्याह्न इन समयों को छोड़ दें। मध्याह्न में नींव रखने से कर्ता का नाश होता है।मध्यरात्रि और सन्ध्या काल में भी नींव न रखें॥ १४४-१४५ ॥

वराहमिहिरमते स्तम्भादिनामानि—

समचतुरस्रो रुचको वज्रोऽष्टाभिर्द्विवज्रको द्विगुणः ।
द्वात्रिंशता तु मध्ये प्रलीनको वृत्त इति वृत्तः ॥ १४६ ॥

जिस स्तम्भ के चार कोण समान हों उसे 'रुचक, जिसके आठ कोण समान हों उसे 'वज्र' जिसके सोलह कोण सामान हों उसे 'द्विवज्र' जिसके बत्तीस कोण समान हों उसे 'प्रलीनक' और जिसके मध्य में वृत्ताकार हो उसे 'वृत्ता' कहते हैं ॥ १४६ ॥

वराहमिहिरमते गृहोच्चतामानम्—

विस्तारषोडशांशः स चतुर्हस्तो भवेद् गृहोच्छ्रायः ।
द्वादशभागेनोनो भूमौ भूमौ समन्तानाम् ॥ १४७ ॥

विस्तार के १६ वें अंश में ४ हाथ मिलाकर पहले खण्ड की ऊंचाई पहले खण्ड की ऊचाई में से १२ वां हिस्सा घटाकर बनाना चाहिये, इसके ऊपर क्रमशः इसी प्रकार बनायें। यह क्रम दो मंजिल आदि के लिये है।

व्यसात् षोडशभागः सर्वेषां सद्मनां भवति भित्तिः ।
पक्वेष्टकाकृतानां दारुकृतानान्तु न विकल्पः ॥ १४८ ॥

पक्के ईंट का घर बनाना हो तो विस्तार के सोलहवां भाग के बराबर उसकी दीवार करनी चाहिये। यह विचार लकड़ी के घर में नहीं होता ॥१४८॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्वादिदिक्षु गृहोच्चनीचत्वफलम्—

स्यादुन्नतिः पूर्वनते नराणां वास्तौ धनं दक्षिणभागतुङ्गे।
क्षयोधनानां विनते प्रतीच्यामुच्चैर्विनाशो ध्रुवमुत्तरे तु ॥ १४९ ॥
प्रागुत्तरोन्नते धनसुतक्षयः सुतवधश्च दुर्गन्धे।

पूर्व दिशा की ओर झुका हुआ गृह उन्नति दायक, दक्षिण भाग में ऊँचा गृह धन देता है, पश्चिम की ओर झुका हुआ धन नाश करता है और उत्तर की ओर ऊँचा हो तो गृहपति का नाश करता है।

वृहत्संहिताकार के मत में—पूर्व, उत्तर में ऊँचा गृह पुत्र नाशक होता है। दुर्गन्ध युक्त गृह पुत्र नाशक होता है। अतः चारो ओर समान गृह का निर्माण करावे ॥ १४९ ॥

दिक्परत्वेन गृहविभागाः—

पूर्वस्यां श्रीगृहं प्रोक्तमाग्नेय्यां स्यान्महानसम् ॥ १५० ॥
शयनं दक्षिणस्यां च नैर्ऋत्यामायुधाश्रयम्।
भोजनं पश्चिमायां च वायव्यां धनसंचयम् ॥ १५१ ॥
उत्तरे द्रव्यसंस्थानमैशान्यां देवतागृहम्।
इन्द्राग्न्योर्मथनं मध्ये यमाग्न्योर्घृतमन्दिरम् ॥ १५२ ॥
यमराक्षसयोर्मध्ये पुरीषत्यागमन्दिरम्।
राक्षसजलयोर्मध्ये विद्याभ्यासस्य मन्दिरम् ॥ १५३ ॥
तोयेशानिलयोर्मध्ये रोदनस्य च मन्दिरम्।
कामोपभोगशमनं वायव्योत्तरयोर्गृहम् ॥ १५४ ॥
कौवेरेशानयोर्मध्ये चिकित्सामन्दिरं सदा।
पुरन्दरेशयोर्मध्ये सर्ववस्तुषु संग्रहम् ॥ १५५ ॥
सदनं कारयेदेवं क्रमादुक्तानि षोडश।

पूर्व दिशा में लक्ष्मी का गृह, आग्नेयकोण में रसोई गृह, दक्षिण में शयन गृह, नैर्ऋत्यकोण में शस्त्रागार, पश्चिम में पाकशाला, वायव्यकोण में धनागार, उत्तर में द्रव्य स्थान, ईशानकोण में देवतागृह, पूर्व और अग्निकोण के बीच में दही मथने का गृह, दक्षिण और आग्नेयकोण में घी रखने का

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्थान, दक्षिण और नैर्ऋत्यकोण के बीच में शौचालय, नैर्ऋत्यकोण और पश्चिम के बीच में स्वाध्याय गृह, पश्चिम और वायव्यकोण के बीच में कोपभवन, वायव्यकोण और उत्तर के बीच में रति गृह, उत्तर और ईशानकोण के बीच में औषध गृह, ईशानकोण और पूर्व के बीच में सर्व वस्तु संग्रह (भण्डार) गृह, इस प्रकार सोलह गृहों का विधान है ॥

विश्वकर्मप्रकाशे विशेषः—

नैर्ऋत्यां सूतिकागेहं नृपाणां भूतिमिच्छताम् ॥ १५६ ॥
आसन्नप्रसवे मासि कुर्याच्चैव विशेषतः ।
तद्वत्प्रसवकाले स्यादिति शास्त्रेषु निश्चयः ॥ १५७ ॥
मासे तु नवमे प्राप्ते पूर्वपक्षे शुभे दिने ।
प्रसूतिसंभवे काले गृहारम्भणमिष्यते ॥ १५८ ॥

ऐश्वर्य के इच्छुक राजा को चाहिये कि वह नैर्ऋत्यकोण में सूतिकागृह बनायें। जब प्रसवकाल समीप हो तदनुसार शास्त्रों में सूतिका गृह का निर्माण का विचार किया गया है। नवें मास के आने पर शुक्ल पक्ष में शुभ दिन में सूतिकागृह का निर्माण कराना चाहिये ॥ १५६-१५८ ॥

भूमिशोधनाय सूत्रनिर्णयः—

विप्रस्य दर्भजं सूत्रं मौञ्जन्तु क्षत्रियस्य च ।
कार्पासं च भवेद्वैश्ये शूद्रस्य स्वर्णकल्पितम् ॥ १५९ ॥

भूमि शोधन में ब्राह्मण के लिये कुशा का, क्षत्रिय के लिये मूंज का, वैश्य के लिये कपास का और शूद्र के लिये सोने का सूत्र बनाना चाहिये ॥ १५९ ॥

विश्वकर्मप्रकाशे सूत्रनिर्णयः—

अथापरमपि ज्ञानङ्कथयामि समासतः ।
षड्गुणीकृतसूत्रेण शोधयेद्धरणतीले ॥ १६० ॥
सुधृते समये तस्मिन्सूत्रङ्केनापि लङ्घितम् ।
तदस्थि तत्र जानीयात्पुरुषस्य प्रमाणतः ॥ १६१ ॥
अभ्यक्तो दृश्यते यस्यां दिशि शल्यं समादिशेत् ।
स्थानेव ततस्थीनि सप्तत्यङ्गुलमानतः ॥ १६२ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

सूत्रिते समये यत्र श्वा सूत्रोपरि संस्थितः।
तदास्थि तत्र जानीयात् षष्ठ्यङ्गुलमितक्षितौ ॥ १६३ ॥
उन्मादे चागते तस्मिन् समये यत्र संस्थितः।
तदास्थि तत्र जानीयाद्धस्तद्वयमितक्षितौ ॥ १६४ ॥
सूत्रे विसूत्रिते तस्मिन् भिन्ने कुम्भेऽथवा यदि।
आदिशेन्निधनं तत्र दम्पत्योः क्रमशस्तदा ॥ १६५ ॥

अब इस सम्बन्ध में अन्य प्रकार का विचार करते हैं, छः गुना सूत्र से भूमि संशोधन करना चाहिये। संशोधन के समय कोई उस सूत्र को लाँघ देवे तो वहाँ पर एक पुरुष प्रमाण नीचे शल्य समझें, अथवा उस समय उबटन जिस दिशा में दिखाई दे उस दिशा में शल्य सत्तर अंगुल नीचे समझे। अथवा उस समय सूत्र के ऊपर कुत्ता आ जाय तो ६० अंगुल गहरा शल्य समझे। यदि कोई पागल आदमी आ जाय तो दो हाथ गहरा शल्य उसी स्थान पर समझे। यदि उस समय सूत्र टूट जाय अथवा घड़ा फूट जाय तो स्त्री पुरुष दोनों की मृत्यु होती है॥ १६३-१६५ ॥

महाज्योतिर्निबन्धे शल्यनिष्कासनविधिः—

स्मृत्वेष्टदेवतां प्रश्नवचनस्याद्यमक्षरम्।
गृहीत्वा तु ततः शल्याशल्यं सम्यग्विचार्यते ॥ १६६ ॥

तत्रादौ शल्यान्वेषणसमये ब्राह्मणत्रयद्वारा 'ओं धरिणी विदारिणी भूत्यै स्वाहा, मन्त्रस्य सहस्रत्रयवारं जपं कृत्वा ततपश्चात्-गृहकर्तृ हस्ताद्भूमिं स्पृष्ट्वा गृहभूमिशुभाशुमज्ञानजंप्रश्नं वदेत्। तत्रादौ ब्राह्मणाद्याः वर्णाः पुष्पनदीदेवफलमिति ब्रुवन्ति। यत्र पुष्पाद्यक्षरं भवति तत्र शल्यं वदेत्। खननकाले नवधा भूमिं विभजेत्। यदि व, क, च, त, ण, ह, स, य, ज, एतान्यक्षराणि मुखादुद्गतानि तदा पूर्वादिदिक्षु शल्यमादिशेत् ॥ १६६ ॥

इष्ट देवता का स्मरण करके प्रश्नकर्ता के प्रश्न का पहला अक्षर लेकर भूमि में शल्य है या नहीं इसका विचार करे।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

शल्य निकालने की विधि—शल्य निकालते समय तीन ब्राह्मणों द्वारा 'ॐ धरणी विदारिणीभूत्यै स्वाहा' इस मन्त्र से ३०००० = ३ — ९०००० जप कराये। इसके अन्त में गृहकर्ता द्वारा भूमि स्पर्श कराकर तब ब्राह्मण से किसी 'पुष्प', क्षत्रिय से किसी नदी, वैश्य से किसी देवता और शूद्र से किसी फल का नाम लेने को कहें। इनके द्वारा कहे गये पुष्प आदि के आदि अक्षर व, क, च, त, ण, ह, स, य, ज के अनुसार फल का निर्देश करें ॥ १६६ ॥

व प्रश्ने पूर्वस्यां दिशि मनुजशल्यं सार्द्धहस्तमात्रे मनुजमरणं कथयति।
क प्रश्ने आग्नेय्यां खरशल्यं कटिमात्रे नृपदण्डं वा गोमरणं कथयति॥
च प्रश्ने दक्षिणस्यां वानरशल्यं कटिमात्रे गृहाधीशस्य मृत्युं जनयति।
त प्रश्ने नैर्ऋत्यामश्वशल्यं सार्द्धहस्तमात्रे दुःखप्रदर्शनं कथयति॥
ण प्रश्ने प्रतीच्यां नरशल्यं पुरुषमात्रे धनापहरणं कथयति।
ह प्रश्ने वायव्यां द्विजशल्यं कटिमात्रे निर्धनं जनयति॥
स प्रश्ने उत्तरदिशि कटिमात्रे गोशल्यं गृहपतिमरणं कथयति।
य प्रश्ने चैशान्यां सार्द्धहस्तमात्रे ऋक्षशल्यं गोधननाशं जनयति॥
ज प्रश्ने मध्यभागे नरकपालं भस्मादिकं वा हृन्मात्रे कुलनाशं कथयति।
गृहे शल्याभावे शुभमिति वदेद् वास्तुकुशलः॥

यदि प्रश्न का पहला अक्षर 'व' हो तो पूर्व दिशा में डेढ़ हाथ नीचे मनुष्य की हड्डी होगी इसका फल मृत्यु है। 'क' हो तो आग्नेय कोण में गधा की हडडी कमर तक की गहराई में होगी, फल राजभय, पशुनाश। 'च' हो तो दक्षिण में बानर की हड्डी कमर तक की गहराई में होगी, फल—गृहपति की मृत्यु। 'त' हो तो नैर्ऋत्य में डेढ़ हाथ नीचे घोड़ा की हड्डी होगी, फल—दुःख। 'ण' हो तो पश्चिम में पुरुष भर नीचे मनुष्य की हड्डी होगी, फल—धननाश। 'ह' हो तो वायव्य कोण में ब्राह्मण की हड्डी कटिमात्र नीचे होगी, फल—निर्धनता। 'स' हो तो उत्तर में कटि मात्र नीचे गाय की हड्डी होगी, फल—गृहपति की मृत्यु। 'य' हो तो ईशानकोण में डेढ़ हाथ नीचे भालू की हड्डी होगी, फल—

Prof Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गोधननाश। 'ज' हो तो मध्यभाग में नरकपाल भस्म आदि छाती तक की गहराई में होगा, फल—कुलनाश। शल्य के अभाव में शुभ होता है। अतः शल्य को निकालकर ही गृह का निर्माण करे॥

वास्तुराजवल्लभोक्तशल्यानयनप्रकारः—

प्रश्नत्रयं वापि गृहाधिपेन देवस्य वृक्षस्य फलस्य चापि।
वाच्यं हि कोष्ठाक्षरसंस्थितेन शल्यं विलोक्यं भवनेषु सृष्टचा ॥१६७॥

गृहस्वामीसे देवता, पुष्प तथा वृक्ष का नाम लेने को कहें, उनके द्वारा कहे गये शब्दों के प्रथमाक्षर जिस कोष्ठ में हों उस दिशा में शल्य होगा, यह कहें ॥१६७॥

आ का चा टा ए त शा पा य वर्गाः प्राच्यादिस्थे कोष्ठके शल्यमुक्तम्।
केशाङ्गाराः काष्ठलोहास्थिकाद्यं तस्मात्कार्यं शोधनं भूमिकायाः ॥१६८॥

अ क च ट ए त श प य वर्ग पूर्व आदि दिशा में समझें, प्रश्न का अक्षर जिस कोष्ठ में हो उस दिशा में शल्य, केश, कोयला, लकड़ी, लोहा आदि होता है। इनके रहते गृहनिर्माण न करे। अतः भूमिशोधन परमावश्यक है ॥१६८॥

दिग्बोधन चक्रम्

प फ ब भ म ईशान	अ ई उ ऋ लृ पूर्व	क ख ग घ ङ आग्नेय
श ष स ह उत्तर	य र ल व मध्य	च छ ज झ ञ दक्षिण
त थ द ध न वायव्य	ए ऐ ओ औ पश्चिम	ट ठ ड ढ ण नैर्ऋत्य

अथास्य फलम्—

शल्ये गवां भूपभयं हयानां रुजः शुनां वै कलहप्रणाशौ।
खरोष्ट्रयोर्हानिरपत्यनाशं नृणामजस्याग्निभयं तनोति ॥१६९॥

मुहूर्तमार्तण्डकारका वचन

सद्मप्रश्नकृतोमुखात प्रथमतो वर्गादिवर्णोद्गम-

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गाय का शल्य राजभय, घोड़े का रोग, कुत्ते का कलह तथा विनाश, गधा एवं ऊँट का हानि, मनुष्य का संतति नाश और बकरे का अग्निभय करता है ॥

मुहूर्तमार्तण्डकार का मत है कि—अ, क, च, ट, त, श, इन वर्गों के वर्णों के उच्चारण से पूर्वादि दिशाओं में और ह, प, य, से मध्य में शल्य समझें ॥ १६९ ॥

ज्योतिर्निबन्धोक्तशल्यानयनप्रकारः—

अ क च ट त व य श हपया वर्णाः पूर्वादिमध्यान्ताः ।
शल्यकरा इह नान्ये शल्यगृहे निवसतां नाशः ॥ १७० ॥
पृच्छायां यदि अः प्राच्यां नरशल्यं तदा भवेत् ।
सार्धहस्तप्रमाणेन तच्च मानुषमृत्युकृत् ॥ १७१ ॥
आग्नेय्यां दिशि कः प्रश्ने खरशल्यं करद्वये ।
राजदण्डो भवेत्तत्र भयं नैव निवर्तते ॥ १७२ ॥
याम्यायां दिशि चः प्रश्ने कुर्यादाकटिसंस्थितम् ।
नरशल्यं गृहेशस्य मरणं चिररोगतः ॥ १७३ ॥
नैर्ऋत्यां दिशि टः प्रश्ने सार्धहस्तादधस्तले ।
शुनोऽस्थि जायते तच्च बालानां जनयेन्मृतिम् ॥ १७४ ॥
तः प्रश्ने पश्चिमायान्तु शिशोः शल्यं प्रजायते ।
सार्धहस्ते गृहस्वामी न तिष्ठति सदा गृहे ॥ १७५ ॥
वायव्यां दिशि पः प्रश्ने तुषाङ्गाराश्चतुष्करे ।
कुर्वन्ति मित्रनाशं च दुःस्वप्नं दर्शनं सदा ॥ १७६ ॥
उदीच्यां दिशि यः प्रश्ने विप्रशल्यं कटेरधः ।
तच्छीघ्रं निर्धनत्वाय कुबेरसदृशस्य हि ॥ १७७ ॥
ऐशान्यां दिशि शः प्रश्ने गोशल्यं सार्धहस्ततः ।
तद्गोधनस्य नाशाय जायते गृहमेधिनः ॥ १७८ ॥
हयया मध्यमे कोष्ठे वक्षोमात्रे भवेदधः ।
नृकपालं कचां भस्म लोहं तत्कुलनाशकृत् ॥ १७९ ॥

प्रश्नकर्ता के प्रश्न का जो प्रथम अक्षर हो उसी के अनुसार पूर्व आदि दिशा से लेकर मध्य तक शल्य का निर्णय किया जाता है । शल्ययुक्त घर में निवास

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

करने से नाश होता है। 'अ' वर्ग के उच्चारण से पूर्वदिशा में डेढ़ हाथ नीचे मनुष्य का शल्य, फल—मनुष्य की मृत्यु। 'क' वर्ग से अग्निकोण में दो हाथ नीचे गधा का शल्य, फल—राजदण्ड। 'च' वर्ग से दक्षिण में कटि तुल्य नीचे मनुष्य शल्य, फल—सन्तान हानि। 'त' वर्ग से पश्चिम में डेढ़ हाथ नीचे बालक की हड्डी, फल—गृहपति सदैव परदेश में रहेगा। 'प' वर्ग से वायव्यकोण में चार हाथ नीचे भूसा और कोयला, फल—मित्र नाश दुःस्वप्न,। 'य' वर्ग से उत्तर में कटितुल्य नीचे ब्राह्मण का हड्डी, फल—गोधन का विनाश। ह प य में मध्य में छाती भर नीचे मनुष्य की खोपड़ा, बाल, भस्म, लोहा, फल—कुलनाश ॥ १७०–७९ ॥

इति शल्याधिकारः।

अहिबलचक्रम्—

अहिचक्रं प्रवक्ष्यामि यथा सर्वज्ञभाषितम्।
द्रव्यं शल्यं तथा शून्यं येन जानन्ति साधकाः॥ १८०॥
निधिर्निवर्तनैकस्थः सम्भ्रान्तो यत्र भूतले।
तत्र चक्रमिदं स्थाप्यं स्थानद्वारमुखस्थितम्[1]॥ १८१॥

साधक जिसके सहयोग से द्रव्य, शल्य, अथवा शून्य स्थान का ज्ञान करते हैं महादेव जी द्वारा कथित उस 'अहिबलचक्र' का मैं वर्णन करता हूँ। एक निवर्तन

टिप्पणी १—भाद्रत्रये शिरः प्राच्यां याम्यां मार्गत्रये शिरः।
फाल्गुनत्रितये पश्चादुत्तरे च ततः परम्॥ १॥
यत्र सपशिरस्तत्र स्थानद्वारं विनिर्दिशेत्।
तत्र चक्रमिद स्थाप्यं चेद् बहिर्भागगो निधिः॥ २॥
गृहे यदि भवेद् द्रव्यं गृहद्वारे तदा न्यसेत्।
मुख्योऽयं गदितः पक्षे हरिवंशकवीश्वरैः॥ ३॥

स्थान द्वार का निर्णय निम्नप्रकार से समझें—भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक में पूर्व दिशा में शिर, मार्गशीर्ष, पौष, माघ में दक्षिण दिशा में शिर, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख में पश्चिम दिशा में शिर और ज्येष्ठ, आषाढ, श्रावण में उत्तर दिशा में शिर होता है। जिस-जिस मास में जहाँ-जहाँ सर्प शिर कहा है, उसीको स्थान द्वार समझें। यदि खजाना बाहर की ओर हो तो उसी स्थान द्वार पर इस चक्र की स्थापना करें।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

(२०० × २००) हाथ प्रमाण भूमि को भास्कराचार्य ने एक निवर्तन माना है। उस के भीतर जिस भूमि पर खजाना भूल गया हो उस स्थान द्वार पर इस चक्र को स्थापित करें ॥ १८०-८१ ॥

अहिबलचक्र-निर्माणविधिः —

ऊर्ध्वं रेखाष्टकं लेख्यं तिर्यक्पञ्च तथैव च।
अहिचक्रं भवत्येवमष्टाविंशतिकोष्ठकम् ॥ १८२ ॥

आठ खड़ी रेखायें और पाँच पड़ी रेखायें खींचें इस प्रकार २८ कोष्ठक बनेंगे इन में अभिजित् सहित नक्षत्रों को निम्नलिखित प्रकार से लिखें ॥ १८२ ॥

तत्र पौष्णाश्वियाम्यर्क्षं कृत्तिकापितृभाग्यकम्।
उत्तराफाल्गुनी लेख्य पूर्वपङ्क्त्यां भसप्तकम् ॥ १८३ ॥
अहिर्बुध्न्याजपादर्क्षं शतभं ब्राह्मसार्पभम्।
पुष्यं हस्तं समालेख्यं द्वितीयां पङ्क्तिमास्थितम् ॥ १८४ ॥
विधिविष्णुर्धनिष्ठाख्यं सौम्यं रौद्रं पुनर्वसुः।
चित्राभं च तृतीयायां पङ्क्तौ धिष्णस्य सप्तकम् ॥ १८५ ॥
विश्वर्क्षं तोयभं मूल ज्येष्ठां मैत्रविशाखके।
स्वातीं पङ्क्तौ चतुर्थ्यां च कृत्वा चक्रं विलोकयेत् ॥ १८६ ॥

अर्थ चक्र द्वारा स्पष्ट है—

अहिबलचक्रम्—



Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

एवं प्रवर्तिते चक्रे प्रस्तारः पन्नगाकृतिः।
द्वारशाखे मघायाम्ये द्वारस्था कृत्तिका मता ॥ १८७ ॥
अश्वीशपूर्वाषाढादित्रिकं पञ्चचतुष्टयम्।
रेवतीपूर्वभाद्रेन्दोर्भानि शेषाणि भास्वतः ॥ १८८ ॥
उदयादिगता नाड्यो भघ्नाः षष्ठ्याप्तशेषके।
दिनेन्दुभुक्तयुक्तेऽसौ भवेत्तत्कालचन्द्रमाः ॥ १८९ ॥

पूर्वोक्त प्रकार से चक्र के बना लेने पर उसका फैलाव साँप की आकृति का होगा, इसके द्वार की दक्षिण शाखा में मघा नक्षत्र और द्वार में कृत्तिका नक्षत्र को रखें। इसमें अश्विनी से तीन (अ. भ. कृ.), आर्द्रा से पाँच (आ. पुन., पुष्य, आश्ले. म.), पूर्वाषाढा से चार (पू. षा., उ. षा., अभि. श्र.), पूर्वाभाद्रपदा, रेवती ये १४ नक्षत्र चन्द्रमा के और शेष १४ नक्षत्र (रो.; मृ., पू.फा., उ.फा., ह., चि., स्वा., वि., अनु., ज्ये., मू., ध., श., उ. भा.) सूर्य के हैं। प्रश्नकाल में नक्षत्र की उदयकाल की घटी (भयात) को २७ से गुणा करके ६० का भाग देने पर जो लब्धि के रूप में नक्षत्र, घटी, पल, मिले उसमें पञ्चाङ्ग में स्थित अश्विनी आदि गत नक्षत्र सख्या को जोड़ देने से नक्षत्रादि तात्कालिक स्पष्ट चन्द्रमा होता है ॥ १८७-१८९ ॥

षष्टिघ्नं तं निशानाथं शरवेदाप्तकं पुनः।
त्रिभिर्भक्त्वा युगैः शेषं प्रागादिचक्रवक्त्रगम् ॥ १९० ॥

चन्द्रस्पष्ट को ६० से गुणा करके ४५ का भाग देकर फिर ३ से भाग देकर जो लब्धि आये उसमें ४ का भाग देने से जो शेष बचे उसी के अनुसार पूर्व आदि दिशाओं में स्थान द्वार होता है। जैसे १ शेष में पूर्व दिशा में, २ में दक्षिण में, ३ में पश्चिम में और ४ में उत्तर में ॥ १९० ॥

चन्द्रवत्साधयेत सूर्यमृक्षस्थं चेष्टकालिकम्।
पश्चाद् विलोकयेत्तौ च स्वर्क्षे वा चान्यभे स्थितौ ॥ १९१ ॥

जैसे चन्द्रमा का स्पष्ट निकाला गया है, वैसे ही सूर्य का भी स्पष्ट निकालें फिर यह देखें कि सूर्य तथा चन्द्र अपने-अपने नक्षत्र में हैं या एक दूसरे के नक्षत्र में हैं ॥ १९१ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

चन्द्रस्यर्क्षे यदाऽर्केन्दू तदास्ति निश्चितं निधिः ।
भानो ऋक्षे स्थितौ नोचेत् तदा शल्यं न चान्यथा ॥ १९२ ॥

यदि चन्द्रमा के नक्षत्र में सूर्य-चन्द्रमा हों तो निश्चित रूप से निधि समझें और यदि सूर्य-चन्द्र दोनों सूर्य के नक्षत्र में हो तो शल्य समझें। यदि दोनों किसी नक्षत्र में न हों तो निधि अथवा शल्य नहीं है समझें ॥ १९२ ॥

स्वस्वभे द्वितये ज्ञेयं नास्यि किञ्चिद् विपर्यये ।
स्थितं न लभते वित्तं चन्द्रे क्रूरग्रहान्विते ॥ १९३ ॥

दोनों (सूर्य-चन्द्र) यदि अपने नक्षत्र से विपरीत स्थिति में हों तो द्रव्य लाभ नहीं होगा और यदि चन्द्रमा के नक्षत्र में (श्लोक १९२ के अनुसार) सूर्य-चन्द्रमा एक नक्षत्र में हों, फिर भी यदि चन्द्रमा क्रूर ग्रहों से युक्त हो तो स्थित द्रव्य का भी लाभ नहीं होता है ॥ १९३ ॥

शुभक्षेत्रगते चन्द्रे द्रव्यलाभो न संशयः ।
पापक्षेत्रे न लाभः स्याज्ज्ञातव्यं दैवविद्वरैः ॥ १९४ ॥

शुभ ग्रह के घर में चन्द्रमा हो तो अवश्य द्रव्य लाभ होता है और पापक्षेत्र में चन्द्रमा हो तो किसी भी स्थिति में द्रव्य लाभ नहीं होता ऐसा ज्योतिर्विदों को जानना चाहिये ॥ १९४ ॥

पुष्टे चन्द्रे भवेन्मुद्रा क्षीणे चन्द्रेऽल्पको निधिः ।
ग्रहदृष्टिवशात् सोऽपि विज्ञेयो नवधा बुधैः ॥ १९५ ॥

यदि चन्द्रमा बलवान् हो तो अधिक द्रव्य तथा बलहीन हो तो थोड़ा द्रव्य प्राप्त होता है । ग्रह की दृष्टि-भेद से नौ प्रकार से द्रव्य-भेद भी होता है ॥१९५॥

हेमं तारं तु ताम्रारं रत्नं कास्यायसं त्रपु ।
नागं चन्द्रे विजानीयाद् भास्करादिग्रहेक्षिते ॥ १९६ ॥

चन्द्रमा पर सूर्य की दृष्टि हो तो 'सुवर्ण', चन्द्रमा की दृष्टि हो तो 'मोती', मंगल की दृष्टि हो तो 'ताँबा', बुध की दृष्टि हो तो पीतल, वृहस्पति की दृष्टि हो तो रत्न, शुक्र की दृष्टि हो तो 'काँसा', शनि की दृष्टि हो तो 'लोहा', राहु की दृष्टि हो तो 'रांगा' और केतु की दृष्टि हो तो 'शीशा' समझें ॥ १९६ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

मिश्रैर्मिश्रं भवेद् द्रव्यं शून्यं दृष्टिविर्वाजते ।
सर्वग्रहेक्षिते चन्द्रे निर्दिष्टोऽसौ महानिधिः ।। १९७ ।।

यदि अनेक ग्रहों की दृष्टि हो तो उन सब ग्रहों का मिला जुला द्रव्य होता है । यदि कोई ग्रह न देखता हो तो द्रव्य की प्राप्ति नहीं होगी और यदि सभी ग्रह चन्द्रमा को देखते हों तो पर्याप्त द्रव्य का लाभ होता है ।। १९७ ।।

हेमं रूप्यं च ताम्रारं पाषाणं मृण्मयायसम् ।
आदित्यादिगृहे चन्द्रे द्रव्यभाण्डं प्रजायते ।। १९८ ।।

चन्द्रमा सूर्य की राशि में स्थित हो तो सोने के पात्र में, अपनी ही राशि में हो तो चाँदी के पात्र में, मंगल की राशि में हो तो ताँबे के पात्र में, बुध की राशि में हो तो पीतल के पात्र में, गुरु की राशि में हो तो पत्थर के पात्र में, शुक्र की राशि में हो तो मिट्टी के पात्र में और शनि की राशि में हो तो लोहे के पात्र में द्रव्य रखा हुआ मिलेगा ।। १९८ ।।

भुक्तराश्यंशमानेन भूमानं कामिकैः करैः ।
नीचेद्द्विघ्नं परे नीचे जलस्थोऽसौ भवेन्निधिः ।। १९९ ।।

वर्तमान चन्द्रमा की राशि के जितने अंश बीत गये हों, कामिक (गृहपति) के हाथ से उतने हाथ नीचे द्रव्य होगा । चन्द्रमा यदि नीच राशि (८) का हो तो उस से दूने हाथ नीचे द्रव्य होगा ।। १९९ ।।

स्वोच्चस्थे तूर्ध्वगं द्रव्यं नवमांशक्रमेण च ।
परमोच्चे स्थिते चन्द्रे भित्तिस्थमृक्षसङ्क्रमे ।। २०० ।।

यदि चन्द्रमा अपनी उच्च (२) राशि का हो तो बीते हुए अंशों के बराबर हाथ ऊँचाई पर द्रव्य समझे और परमोच्च (वृष के तीसरे अंश) पर चन्द्रमा हो तो दीवाल में द्रव्य है ऐसा निर्देश करें ।। २०० ।।

चन्द्रभुक्तांशमानेन द्रव्यसङ्ख्या विधीयते ।
तस्या दशगुणावृद्धिः षड्वर्गेन्दुबलक्रमात् ।। २०१ ।।

चन्द्रमा के जितने अंश बीते हों उनकी द्रव्य की संख्या बतलानी चाहिये और चन्द्रमा के षड्वर्ग (राशि, होरा, द्रेष्काण, नवांश, द्वादशांश, त्रिंशांश)

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

बल के क्रम से संख्या की दशगुना वृद्धि समझें यथा—१ वर्ग में १०, २ में १००, ३ में १०००, ४ में १००००, ५ में १०००००, ६ में १०००००० वृद्धि होती है ॥ २०१ ॥

अधिष्ठितं भवेद् द्रव्यं यत्र चन्द्रो ग्रहान्वितः ।
तदधिष्ठापको ज्ञेयो भास्करादिग्रहैः क्रमात् ॥ २०२ ॥

अहिबलचक्र के जिस नक्षत्र पर किसी ग्रह से युक्त अथवा स्वतन्त्र चन्द्रमा स्थित हो वहाँ द्रव्य होता है। सूर्यादि ग्रहों से युक्त चन्द्रमा के रहने पर निम्नोक्त देवता द्रव्य के स्वामी होते हैं ॥ २०२ ॥

ग्रहं मुग्धग्रहं चैव क्षेत्रपालं च मातृकाः ।
दीपेशं भीषणं रुद्रं यक्षं नागं विदुः क्रमात् ॥ २०३ ॥

चन्द्रमा सूर्य से युक्त हो तो ग्रह, अकेला चन्द्रमा हो तो मुग्धग्रह, मंगल से युक्त हो तो क्षेत्रपाल, बुध से युक्त हो तो मातृका, गुरु से युक्त हो तो दीपेश, शुक्र से युक्त हो तो तो भीषण, शनि से युक्त हो तो रुद्र, राहु से युक्त हो तो नाग, ये नौ द्रव्य अधिष्ठापक गहे गये हैं ॥ २०३ ॥

ग्रहे होमः प्रकर्तव्यो मुग्धे नारायणो बलिः ।
क्षेत्रपाले सुरामासं मातृकासु महाबलिः ॥ २०४ ॥
दीपेशे दीपजा पूजा, भीषणे भीषणार्चनम् ।
रुद्रे च रुद्रजो जाप्यो यक्षे यक्षादिशान्तयः ॥ २०५ ॥
नागे नागगणाः पूज्या गणनाथेन संयुता ।
लक्ष्मीं धरादितत्वानि सर्वकार्येषु पूजयेत् ॥ २०६ ॥
एवं कृत्वा विधानेन निधिः साध्योऽपि सिद्ध्यति ।
निधिं प्राप्ता नरा लोके वन्दनीया न संशयः ॥ २०७ ॥

यदि 'ग्रह' द्रव्याधिष्ठापक हों तो हवन, 'मुग्ध हों तो नारायणी बलि, 'क्षेत्रपाल' हो तो सुरा और मांस, 'मातृका' हो तो महाबली 'दीपेश' हो तो दीप आदि से पूजा, 'भीषण देव' हो तो 'क्रूर पूजा, रुद्र हों तो 'रुद्रका जप करें 'यक्ष' हों तो यक्ष शान्ति 'नाग' हों तो गणेश सहित नागों की पूजा और समस्त कार्यों

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

में लक्ष्मी तथा पृथ्वी आदि की पूजा करे। इस प्रकार कष्ट से प्राप्त होने वाली निधि की भी प्राप्ति होती हैं। निधि से सम्पन्न पुरुष संसार में सर्वत्र वन्दनीय होता है ॥ २०४–७ ॥

इति शल्याधिकारे—अहिबलचक्रम्।

वृद्धनारदमते दिक्साधनम्—

प्रासादे सदनेऽलिन्दे द्वारे कुण्डे विशेषतः।
दिङ्मूढे कुलनाशः स्यात् तस्मात् संसाधयेद्दिशः ॥ १ ॥
प्रथमं सुसमे क्षेत्रे प्राचीं संसाधयेत् स्फुटम्।
सिद्धान्तोक्तप्रकारेण ततो निष्पादयेद् गृहम् ॥ २ ॥

प्रासाद (देव मन्दिर राजगृह) सामान्य गृह अलिन्द, द्वार, और कुण्ड के निर्माण में विशेष रूप से दिक् साधन करना चाहिये, दिशा का विचार किये विना भवन के द्वार आदि का निर्माण करने से कुलनाश होता है। अतः समतल भूमि करा कर ज्योतिश्शास्त्र के सिद्धान्तानुसार दिक् साधन करके गृह बनाना चाहिये ॥ १-२ ॥

ज्ञात्वा पूर्वं धरित्रीं खननदहनसम्प्लावनैः संविशोध्य,
पश्चात्कृत्वा समानां मुकुरजठरवद्वाचयित्वा द्विजेन्द्रैः।
पुण्याहं कूर्मशेषौ क्षितिमपि कुसुमाद्यैः समाराध्य शुद्धे
वारे तिथ्यां च कुर्यात् सुरपतिककुभः साधनं मण्डपार्थम् ॥ ३ ॥

सर्वप्रथम भूमि पर उगे हुए घास फूस को जला डाले, फिर खोदकर शल्य को निकाल लें, अन्त मे उसके ऊपर पानी डाले, देखें जल का बहाव किस ओर है (जिसका विचार हम इसके पूर्व पहले प्रकरण में कर आये हैं), इसके बाद भूमि को शीशे के मध्य भाग की भांति साफ सुथरा कर लें, तदनन्तर ब्राह्मणों द्वारा पुण्याहवाचन कराकर कूर्म, शेष, और भूमि की फूल आदि से पूजा करे तव शुभ तिथि वार मे घर बनाने के लिये पूर्व दिशा का निर्णय करे ॥ ३ ॥

भास्करमते दिक्साधनप्रकारः—

वृत्तेऽम्भस्सु समीकृतक्षितिगते केन्द्रस्थशङ्कोः क्रमात्
छाया यत्र विशत्यपैति च तत्रस्तत्रापरेन्द्रयौ दिशौ।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्कालापमजीवयोस्तु विवराद्भाकर्णमित्याहता
ल्लम्बज्याप्रमिताङ्गुलैरयनदिश्यैन्द्री स्फुटा चालिता ॥ ४ ॥
तन्मत्स्यादथ याम्यसौम्यककुभौ सौम्याध्रुवे वा भवे-
देकस्मादपि भागतो भुजमितां कोटीमितां शङ्कुतः ।
न्यस्येद्यष्टिमृजुं तथा भुवि यथा यष्ट्यग्रयोः संयुतिः
कोटिः प्राच्यपरा भवेदिति कृते बाहुश्च याम्योत्तरा ॥ ५ ॥

पानी डालकर समतल की हुई भूमि पर वृत्ति बनाकर केन्द्र में १२ अंगुल का शंकु रखें। पूर्वाह्न (१२ बजे दिन से पहलें) में वृत्त के भीतर जहाँ तक छाया पहुँचे, वह पश्चिम और दोपहर (१२ बजे) के बाद जहाँ से छाया निकले वही विन्दु पूर्व दिशा है। (इस प्रकार पश्चिम बिन्दु का निर्णय विधिवत् हो गया किन्तु क्रान्ति गति के अनुसार पूर्वोक्त पूर्व बिन्दु का मान स्थूल हुआ)। सूक्ष्म बिन्दु जानने के लिये छाया प्रवेश तथा निर्गम दोनों समयों के क्रान्तिज्याओं का अन्तर करना और छाया कर्ण से गुणा करें, इष्ट लम्ब ज्या से भाग देना लब्धि तुल्य अंगुलादि अयन की दिशा में बिन्दु को चला देना तब वास्तविक पूर्व बिन्दु होगा। पश्चिम और पूर्व दोनों बिन्दुओं से मत्स्य उत्पादन (अर्थात् पूर्व और पश्चिम बिन्दु से मिलायी हुई रेखा के आधे के ऊपर रेखागणित युक्त से लम्ब) करने से वास्तविक दक्षिणोत्तर रेखा होगी। अथवा उत्तर ध्रुव को वेध कर उत्तर दिशा को समझे, अथवा वृत्त मध्यस्थ शंकु का एक समय का ही छायाग्र जानकर उसी इष्ट काल का भुज और कोटि बनायें, भुज और कोटि के तुल्य शलाका लेकर शंकु से दिशा के अनुसार कोटि और छायाग्र से विपरीत दिशा की भुज और शलाका का इस प्रकार विन्यास करे, जैसे यष्टचग्र (शलाकाग्रों) का योग हो जाय। ऐसा करने से कोटि पूर्वापर और भुज दक्षिणोत्तर होगा ॥४-५॥

ग्रहलाघवोक्तः सरलोपायः—

वृत्ते समभूगते तु केन्द्रस्थितशङ्कोः क्रमशो विशत्यपैति ।
छायाग्रमिहापरा च पूर्वा ताभ्यां सिद्ध्यति मेरुदिक च याम्या ॥ ६ ॥

समतल भूमि पर बनाया हुआ वृत्त मध्य में रखा हुआ शंकु की छायाग्र का जहाँ प्रवेश और निर्गम हो वही पश्चिम और पूर्व दिशा होगी ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

ग्रहलाघवकर्ता ने उन्हीं बिन्दुओं में मिली हुई रेखा को वास्तविक पूर्वा-पर के समानान्तर अनुरूप मान लिया है। इस पर मत्स्योत्पादन (आधे पर लम्ब) करने से दक्षिणोत्तर रेखा होगी ॥ ६ ॥

दिग्ज्ञानसाधनम्—

दिनमानदले सप्ताङ्गुलच्छायाग्रतो हि यत्।
शंकुमूले नीयमानं सूत्रं स्यादुत्तरा दिशा ॥ ७ ॥

मध्याह्न में ७ अंगुल की छायाग्र से शंकु मूल पर्यन्त रेखा करने से दक्षिणोत्तर रेखा होगी, जिसके द्वारा अन्य दिशाओं का भी ज्ञान हो जायगा ॥ ७ ॥

प्रकारान्तरेण दिग्ज्ञानम्—

तारे मार्कटिके ध्रुवस्य समतां नीतेऽवलम्बे नते,
दीपाग्रेण तदैक्यतश्च कथिता सूत्रेण सौम्यादिशा।
शङ्कोर्नेत्रगुणे तु मण्डलवरे छाया द्वयान्मत्स्ययो—
र्जाता यत्र युतिस्तु शङ्कुतलतो याम्योत्तरे स्तः स्फुटे ॥ ८ ॥

सप्तर्षि तारों में जो पहले के दो तारे हैं उनको मार्कटिका कहते हैं। वे और ध्रुव जब एक सूत्र में हो जाँय अर्थात् एक शंकु स्थापन करने से जब शंकु की सीध में तीनों तारा हो जाँय तो शंकु से दक्षिण भाग में एक दीपक रखें। दीपक की शिखा, शकु का अग्र भाग और ध्रुव ये तीनों जब एक सीध में दिखायी पड़े तो शंकु से दीपक को दक्षिण समझें। अथवा ३० अंगुल के वृत्त के मध्यम में १२ अंगुल शंकु रखना जहाँ उसको छाया वृत्त में प्रवेश करे वहाँ पश्चिम जहाँ निकल जाय वह पूर्व दिशा दोनों बिन्दुओं से मत्स्य बनाने से उनके योग में की हुई रेखा दक्षिणोत्तर होती है ॥ ८ ॥

द्विघ्नायाममितं द्विपाशमजरत् सूत्रं विधायाङ्कयेत्
त्र्यायामाङ्घ्रिमिते च विस्तृतिदले तौ कर्षकोणाभिधौ।
पाशौ क्षेत्रविरामशंकुनिहतौ कृत्वाद्यमाकर्षयेत्—
कोणे शंकुरितीतरो विनमयद् रज्वन्तयोश्चापरौ ॥ ९ ॥

क्षेत्रफल की दूनी लम्बाई के बराबर एक सूत्र लें जिसके दोनों छोर (किनारों) पर पाश (एक प्रकार की गाँठ होती है, जिसके बीच में छेद होता है)

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

हो, उस तिगुने लम्बे सूत्र में दो स्थानों पर निशान बनाये, लम्बाई की तीन चौथाई पर पहले (जैसे घर की लम्बाई ३२ हाथ हो तो २४ हाथ तीन चौथाई हुआ) और विस्तार के आधे पर दूसरा निशान करें, इस प्रकार पहले का नाम 'कोण' होगा ॥

वक्तव्य—उपर्युक्त दिक् साधन प्रकार से सिद्ध किया हुआ क्षेत्र मध्य में जो दिक् सूत्र है, उस पर लम्बाई वाले सुत्र को फैलाकर दोनों भाग में शंकु गाड़ दें, इन्हीं दोनों शंकुओं में पाशों को लगा दें, तब पहले निशान (कर्ण) को खींचे जहाँ पर 'कोण' का निशान बना हो वहाँ शंकु को गाड़ दें। इसी को उलट देने से दूसरा शंकु होगा। इन दो शंकुओं से शेष अगले दो शंकु होंगे इस प्रकार चतुष्कोण सिद्ध हो जायगा ॥ ९ ॥

क्षेत्रे भवेत ज्ञेत्रफलं चतुर्भुजे-
तत्कोटि दोराहतिरेवमायते।
त्र्यस्रेऽपि दोः कोटिहतेर्दलं फलं
दोः कोटिलम्बैर्विषमे च कल्पितम् ॥ १० ॥

समचतुर्भुज क्षेत्र में भुजकोटि (लम्बाई चौड़ाई) के गुणनफल को क्षेत्रफल कहते हैं, इसी प्रकार आयत क्षेत्र में भी होता है। त्रिभुज में भुजकोटि का गुणनफल का आधा क्षेत्रफल होता है ॥ १० ॥

तत्र मतान्तरम्—

विष्णुं व्येकायगोभूहतिभयुजिफलं गोपिराजो भशेषात्
सायं कृचेष्टाष्टिदृग्घ्न्या युतमहिनिहता दृक्प्रकृत्याख्यविश्वे।
वाणाः सिद्धाष्टिनागोड्वतिगिरिशभ्याकृतीन्द्रर्तुतत्वा-
त्यष्टचड्क्ष्मानखेनार्णवविकृतिदिनाद्रच्युत्कृतीभेन्दुकाष्ठाः ॥ ११ ॥

गोपीराज अपने शिष्य विष्णु से कहते हैं—इष्ट आय में १ कम करके उसको १९ से गुणा करे उसमें नक्षत्र संख्या जोड़ दें, उसमें २७ का भाग दें जो शेष बचे उसके अनुसार क्रम से इन शेषों को ग्रहण करें—२ दृक्, २१ प्रकृति, १३ विश्व, ५ वाण, २४ सिद्ध, १६ अष्टि, ८ नाग, २७ उडु, १९ अतिधृति, ११ गिरिश, ३ इभ, २२ आकृति, १४ इन्द्र, ६ ऋतु, २५ तत्त्व, १७ अत्यष्टि,

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal.

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

९ अंक, १ क्ष्मा, २० नख, १२ इन, ४ अर्णव, २३ अविकृति, १५ दिन, ७ अद्रि, २६ उत्कृति, १८ इभेन्दु, १० काष्ठा। इस प्रकार प्राप्त संख्या को ८ से गुणा करके आय को जोड़ दें, तब क्षेत्रफल होगा इसमें इष्ट गुणित २१६ जोड़ देने से इसके अनेक प्रकार होते हैं ॥ ११ ॥

उदाहरण—मान लिया इष्ट 'आय' सिंह है (इसको आगे 'आय' प्रकरण में देखें) और ग्रह रोहिणी है, इन दोनों की सहायता से क्षेत्रफल निकालना है, तो आय संख्या ३ में से १ घटा दिया २ इसको १९ से गुणा किया २×१९ = ३८ इसमें नक्षत्र संख्या ४ जोड़ा ४२ में २७ का भाग दिया शेष १५ रहा, इसके अनुसार १५ वाँ शेष तत्व २५ होता है (जैसा ऊपर दिया हुआ है) इसको ८ से गुणा किया २५×८ = २००। इसमें आय संख्या ३ जोड़ दिया २०३ यह प्रथम पिण्डमान हुआ। इसी क्षेत्रफल को इष्ट से गुणा कर और २१६ (ऊपर श्लोक की टीका में निर्दिष्ट) को जोड़ देने से अनेक पिण्ड होंगे। जैसे इष्ट क्षेत्रफल २०३×३ = ६०९ इसमें २१६ जोड़ा ८२५ यह क्षेत्रफल भुजकोटि के घात सम हुआ ॥ ११ ॥

मेंगनाथमते पिण्डानयनप्रकारः—

इष्टभात्यष्टि१७ घातेय आयस्तेनोनितेष्टकः।
त्रिहृल्लब्धहतागाभ्वियुते चेष्टाय भं भवेत् ॥ १२ ॥

इष्ट नक्षत्र और १७ के गुणनफल से जो आय हो, उसको अभीष्ट आय में घटा देना न घटे तो ८ जोड़ कर घटाना उसमें ३ का भाग देकर लब्धि ग्रहण करना यदि ३ का भाग देने से निरग्र न हो तो एकादि गुणित ८ को तब तक जोड़ते जाय जब तक ३का भाग देने से निरग्र हो जाय, । जब लब्धि को २७ से गुणा करके पूर्व स्थापित गुणनफल में जोड़ देने से इष्ट आय सम्बन्धी पिण्ड होता है ॥ १२ ॥

उदाहरण—इष्ट नक्षत्र ४ और १७×६८ इसमें ८ का भाग दिया शेष ४ रहा यह गुणनफल सम्बन्धी आय हुआ। इसको इष्ट आय ३ में घटाने से नहीं घटता, इसलिये इसमें ८ जोड़कर ११ में से ४ घटाया शेष ७ रहा। यह ३ का भाग देने से निरग्र नहीं हुआ इसलिये १ गुणित ८ जोड़ा तो १५ हुआ यह ३ के

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाग देने से निरग्र (अर्थात् शेष रहित) हुआ लब्धि ५ मिली इसको २७ से गुणा किया तो १३५ हुआ इसको पूर्व गुणनफल ६८ में जोड़ा तब २०३ यह पिण्ड हुआ ॥ १२ ॥

गजैस्तष्टमिष्टोडुशोध्यं, निजायान्नचेत्साष्टकायात्त्विभध्नं युतं तत् ।
स्वभात्यष्टिहत्याऽष्टिदृक्तष्टमिष्टायभोत्थं फलं भूपदृग्युक् पुनश्च ॥ १३ ॥

इष्ट नक्षत्र आदि को ८ से भाग देकर जो शेष बचे उसको अभीष्ट आय में घटा देना न घटे तो आठ जोड़कर घटाना उसको ८१ से गुणा करना उसमें इष्ट नक्षत्र और १७ का गुणनफल जोड़ देना उसमें २१६ का भाग देना जो शेष बचे वह पिण्ड होगा, उसमें २१६ बार-बार जोड़ने से अनेक पिण्ड होंगे ॥ १३ ॥

उदाहरण—इष्ट नक्षत्र ५, इष्ट आय ३, नक्षत्र ४ को ८ से भाग दिया शेष ४ रहा, यह इष्ट आय में नहीं घटता इसलिये ८ जोड़कर ११ हुआ तब इसमें ४ घटाया शेष ७ बचा इसको ८१ से गुणा किया तो ५६७ हुआ, इसमें इष्ट नक्षत्र ४ और १७ का गुणनफल ६८ जोड़ दिया तो ६३५ हुआ, इसमें २१६ का भाग दिया तो शेष २०३ रहा यह पिण्ड हुआ, इसमें २१६ बार-बार जोड़ने पर अनेक पिण्ड बनते जायेंगे ॥ १३ ॥

गणेशदैवज्ञमते पिण्डानयनप्रकारः—

नागघ्नेष्टायात्त्यजेदिष्टमृक्षं नोचेद्भाढ्याद्वेदषड्घ्नं च सायम् ।
तष्टं षट्स्वर्गैः फलं स्यादभीष्टायर्क्षोत्थं तद्भूपदृग्युक् पुनस्तु ॥ १४ ॥

आठ से गुणा किये हुए इष्ट आय में से इष्ट नक्षत्र को घटादें न घटे तो २७ जोड़कर घटाना शेष को ६४ से गुणाकर आय जोड़ देना, २१६ का देना शेष इष्ट नक्षत्र और इष्टाय सम्बन्धी पिण्ड होगा । इष्ट गुणित में २१६ जोडने से अनेक पिण्ड होंगे ॥ १४ ॥

उदाहरण—इष्ट आय ३ को ८ से गुणाकर २४ हुआ इसमें से इष्ट नक्षत्र ४ को घटाया तो शेष २० रहा, इसको ६४ से गुणाकर गुणनफल में ३ जोड़कर १२८३ हुआ, इसमें २१६ का भाग दिया तो शेष २०३ पिण्ड आया ॥ १४ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

ह्यालुगिदैवज्ञमते पिण्डानयनप्रकारः—

व्येकेष्टर्क्षहताद्द्विबाणशशिनोत्यष्टचायुतास्तेऽपि च
व्येकेष्टायहतैरुनागसहिताः षण्मूर्च्छनाभिर्हताः।
शेषं क्षेत्रफलं भवेदभिमतं स्वेष्टायनक्षत्रगं
स्याद्दैर्घ्यं तदभीष्टविस्तृतिहृतं दैर्घ्योद्धतं विस्तृतिः ॥ १५ ॥

मुहूर्तकल्पद्रुम के रचयिता श्रीविट्ठल दीक्षित के गुरु ह्यालुगि दैवज्ञ का यह सूत्र है कि इष्ट नक्षत्र संख्या में १ कम करके शेष को १५२ से गुणा करे, उसमें १७ जोड़ दे, आय में एक कम करके शेष से ८१ को गुणा करे दोनों को जोड़कर २१६ का भाग दें जो शेष होगा वह इष्ट नक्षत्र और इष्ट आय सम्बन्धी पिण्ड होगा। इसमें दीर्घ से ही भाग देने से विस्तार होगा विस्तार से भाग देने पर दीर्घ होगा ॥ १५ ॥

उदाहरण—नक्षत्र संख्या ४ में १ कम किया तो ३ हुआ इसमें १५२ से गुणा कर ४५६+१७ जोड़ दिया तो ४७३ हुआ। आय संख्या ३ में से १ कम करने से २ हुआ इसको ८१ से गुणा कर दिया तो १६२ हुआ दोनों का योग ६३५ में २१६ का भाग दिया तो शेष २०३ पिण्ड हुआ ॥ १५ ॥

श्रीसुधाकरोक्तप्रकारः—

इष्टायनन्देन्दुहतिर्भसंख्यया युताऽगयुग्मैर्विहृताथ शेषकम्।
नन्देन्दुगुण्यं नगयुग्मशेषितं सायाच्च शेषाष्टहतिर्हि पिण्डकः ॥ १६ ॥

इष्ट आय को १९ से गुणाकर इष्ट नक्षत्र संख्या को जोड़ देना २७ का भाग दें शेष को १९ से गुणाकर २७ का भाग दें शेष को ८ से गुणाकर आय जोड़ देने से पिण्ड राशि प्राप्त होगी ॥ १६ ॥

उदाहरण—इष्ट आय संख्या ३ को १९ से गुणा तो ५७ हुआ इसमें इष्ट-नक्षत्र सख्या ४ जोड़ने से ६१ हुआ २७ का भाग देने से शेष ७ बचा इसको १९ से गुणा किया तो १३३ हुआ २७ का भाग देने से २५ शेष रहा। इसको ८ से गुणा किया तो २०० हुआ, इसमें आय संख्या ३ जोड़ देने से २०३ पिण्ड हुआ ॥ १६ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकारान्तरेण विचारः—

नक्षत्रसंख्येन्दुगजान्वितोनिता
गजायहत्याऽगकरान्विता मुहुः ।
यथा विशुद्धा दशभाजिता भवेत्
सायेन लब्ध्योर्निहतिर्भवेत्फलम् ।। १७ ।।

इष्ट नक्षत्र संख्या में ८१ जोड़कर इसको ८ से गुणाकर इसमें से आय को घटा दें, शेष में २७ जोड़ें ऐसा तब तक करें जब तक १० का भाग पूरा-पूरा न चला जाय, १० के भाग से जो लब्धि प्राप्त हो उसको ८ से गुणाकर आय जोड़ देने से पिण्ड संख्या हो जाती है ।। १७ ।।

उदाहरण—इष्ट नक्षत्र संख्या ४ में ८१ जोड़ने से ८५ हुआ इसमे कल्पित आय का घात २४ घटाने पर ६१ हुआ, इसमें तब तक २७ जोड़ते रहें जब तक १० का पूरा-पूरा भाग न चला जाय । यथा—७गुणित २७ = १८९+६१ = २५० इसमें १० का भाग देने से लब्धि २५ हुआ इसको ८ से गुणा किया तो २०० हुआ इसमें आय संख्या ३ जोड़ दिया तो २०३ पिण्ड हुआ ।

अष्टघ्नायकमितिर्भतो यदधिका बल्या हता सा क्रमा-
न्नागैरङ्कुभिर्भहृद्भजहतो च्छिष्टाययोगः फलम् ।
स्यात्संसारविचारचारुकुमुदप्रोल्लासकानां सदा
विद्वन्मण्डितमण्डलीषु विदुषां स्वल्पप्रयासेन च ।। १८ ।।

इष्ट आय को ८ से गुणा करें; गुणनफल यदि कल्पित नक्षत्र संख्या से अधिक हो तो कल्पित नक्षत्र को गुणनफल में घटा देना शेष को आठ से गुणाकर २७ का भाग दें इससे जो शेष हो उसको ८ से गुणाकर गुणनफल में इष्ट आय दें तो पिण्ड आय होगी । यदि कल्पित नक्षत्र संख्या कम हो तो नक्षत्र में गुणनफल को घटा शेष को १९ से गुणाकर २७ का भाग देना इस शेष को मा ८ से गुणाकर इष्ट आय जोड़ देना तो पिण्डमान होगा । यह प्रकार संसार में विचार रूपी जो

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

उत्तम कुमुद है, उसको विकसित करने में और विद्वन्-मण्डलीमें मण्डित पण्डितों के लिये अल्प प्रयास साध्य है ॥ १८ ॥

१, **उदाहरण**—इष्ट आय संख्या ३ को ८ से गुणा किया तो २४ हुआ, यह नक्षत्र संख्या ४ से अधिक है अतः २४ में ४ घटाया तो २० हुआ, इसको ८ से गुणा किया तो १६० हुआ, इसमें २७ का भाग देने से शेष २५ रहा, इसको ८ से गुणा किया तो २०० हुआ। इसमें इष्ट आय ३ जोड़ने से २०३ पिण्डमान हुआ।

२, **उदाहरण**—यदि नक्षत्र संख्या २५ है और इष्ट आय ३ है, इसको ८ से गुणा किया २४ हुआ, २५ में घटाने पर १ शेष रहा, इसको १९ से गुणाकर (१×१९=१९) २७ का भाग दिया (भाग न जाने के कारण) १९ रहा, पुनः इसको ८ से गुणाकर (१५२ + ३=१५५) इष्ट आय जोड़ने से १५५ पिण्डमान हुआ। इसको इष्ट से गुणाकर २१६ जोडते जाने से अनेक पिण्डमान हो जायँगे।

* इति पिण्डसाधनप्रकारः *

रामदैवज्ञमते आयाद्यानयनम्—

पिण्डे नवाङ्काङ्गगजाग्निनागनागाब्धिनागैर्गुणिते क्रमेण।
विभाजिते नागनगाङ्कसूर्यनागर्क्षतिथ्यर्क्षखभानुभिश्च ॥ १ ॥
आयो वारोंऽशको द्रव्यमृणमृक्षं तिथिर्युतिः।
आयुश्चाथ गृहेशर्क्ष-गृहभैक्यं मृतिप्रदम् ॥ २ ॥

पूर्वोक्त प्रकार से निकाले गये गृहपिण्ड को ९ स्थानों में निर्दिष्ट क्रम से ९।९।६।८।३।८।८।४।८। से रखकर इन अंकों से अलग-अलग गुणा करके गुणनफल में ८।७।९।१२।८।२७।१५।२७।१२०। अंकों से भाग देने पर जो शेष बचे वह क्रम से आय, वार, अंश, द्रव्य, ऋण, नक्षत्र, तिथि, योग और आयु है। शेष उदाहरण तालिका में देखें ॥ १-२ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

उदाहरणम्—

क्रम सं०	ग्रहपिण्ड	गुणक	गुणनफल	भाजक	लब्धि	शेष	संज्ञा
१.	२०३ ×	९ =	१८२७ ÷	८ =	२२८	३	आय
२.	२०३ ×	९ =	१८२७ ÷	७ =	२६१	०	बार
३.	२०३ ×	६ =	१२१८ ÷	९ =	१३५	३	अंश
४.	२०३ ×	८ =	१६२४ ÷	१२ =	१३५	४	द्रव्य
५.	२०३ ×	३ =	६०९ ÷	८ =	७६	२	ऋण
६.	२०३ ×	८ =	१६२४ ÷	२७ =	६०	४	नक्षत्र
७.	२०३ ×	८ =	१६२४ ÷	१५ =	१०८	४	तिथि
८.	२०३ ×	४ =	८१२ ÷	२७ =	३२	१८	योग
९.	२०३ ×	८ =	१६२४ ÷	१२० =	१३	६४	आयु

टोडरानन्दमते–आयानयनम्—

विस्तारेण हतं दैर्घ्यं विभजेदष्टभिस्ततः।
यच्छेषं स भवेदायो ध्वजाद्यास्तेस्युरष्टधा ॥ ३ ॥
ध्वजोधूम्रोहरिश्वागौः खरेभौ वायसोऽष्टमः।
पूर्वादिदिक्षु चाष्टानां ध्वजादीनामवस्थितिः ॥ ४ ॥

भूमि के विस्तार से उसकी लम्बाई को गुणा करके ८ का भाग दें, जो शेष रहे वह ध्वजादि क्रम से आय होगा। यथा—१ शेष में ध्वज, २ में धूम, ३ हरि (सिंह), ४ श्वान, ५ गाय, ६ गधा, ७ हाथी, ८ कौआ। किसी के मत में कौआ के स्थान में उष्ट्र हैं ॥ ३-४ ॥

एतेषां फलानि—

कीर्तिः शोको जयो वैरं धनं निर्धनतासुखम्।
रोगश्चेति गृहारम्भे ध्वजादीनां फलं क्रमात् ॥ ५ ॥

इसका अर्थ चक्र द्वारा समझें ॥ ५ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

संख्या	१	२	३	४	५	६	७	८
आयनाम	ध्वज	धूम	सिंह	श्वान	गाय	रबर	गज	कौआ
फल	कीर्ति	शोक	जय	वैर	धन	निर्धनता	सुख	रोग

आयानां स्वरूपाणि—

ध्वाङ्क्षः शिल्पितपस्विनां हितकरस्तेषां मुखं नामवद्
ध्वाङ्क्षः काकमुखो विडालवदनो धूमो ध्वजो मानुषः ।
सर्वे पक्षिपदा हरेरिव गला हस्ता नरस्येव तत्
प्राच्याः सृष्टिगताः क्रमेण पतयो ह्यष्टौ च ते तन्मुखाः ।। ६ ।।

ध्वांक्ष (कौआ) नामक आय शिल्प और तपस्वियों के घर के लिये शुभ होता है। ध्वांक्ष आय का मुख कौए के सदृश होता है, धूम का विडाल के सदृश, सिंह का मनुष्य के सदृश, शेष आयों का स्वरूप अपने नाम के अनुरूप होता है, सब के पैर पक्षियों जैसे, सिंह के सदृश गला और मनुष्य के जैसे हाथ हैं। पूर्व आदि दिशाओं में क्रम से आय बली होते हैं। इन्हीं दिशाओं में इनका मुख भी होता है। अतः घर का मुख भी इनके अनुसार करें ।। ६ ।।

जातिक्रमेण ग्राह्यायाः—

अग्रजानां ध्वजायः स्याद् ध्वजकुञ्जरगोमृगाः ।
क्षत्रस्य ध्वजसिंहेभा वैश्यस्य शुभदाः स्मृताः ।। ७ ।।
ध्वजो मृगादिः शूद्राणां सर्वेषां वृषभः शुभः ।
हीनजातेः समा देयाः सूक्ष्मकृत्येऽङ्गुलात्मकः ।। ८ ।।

ब्राह्मणों के लिये ध्वज आय, क्षत्रियों के लिये ध्वज, कुञ्जर, गो और मृग, वैश्यों के लिये ध्वज, सिंह और गज तथा शूद्रों के लिये ध्वज और मृग आदि आय शुभदायक होता है। सामान्य रूप से वृष (गो) आय सबके लिये शुभ होता है। हीन जातियों के लिये सम (२।४।६।८) आय अच्छे होते हैं। सूक्ष्म-कृत्य में अंगुल भर का पिण्ड ग्रहण करना चाहिये। अर्थात् १ हाथ या इससे कम वस्तु का अंगुल प्रमाण पिण्ड का साधन कर आय साधन करें ।। ७-८ ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

राशिपरत्वेन आयविचारः—

कर्कवृश्चिकमीनानां ध्वजायः शुभदो मतः।
वृषभायः शुभः प्रोक्तो मेषसिंहधनुर्भृताम् ॥ ९ ॥
तुलामिथुनकुम्भानां गजायो वाञ्छितप्रदः।
वृषकन्यामृगाणाञ्च सिंहायः शुभदो भवेत् ॥ १० ॥

कर्क, वृश्चिक, मीन राशि वालों के लिये 'ध्वज' आय, मेष, सिंह, धन राशिवालों के लिये 'वृष (गो)' आय, वृष, कन्या, मकर राशिवालों के लिये 'सिंह' आय और मिथुन, तुला, कुम्भ राशिवालों के लिये 'गज' आय शुभ-फलदायक होता है ॥ ९-१० ॥

ग्राह्यवाराः—

सूर्यारवारराश्यंशाः सदा वह्निभयप्रदाः।
शेषग्रहाणां वारांशाः कर्तुरिष्टार्थसिद्धिदाः ॥ ११ ॥

सूर्य और मंगल के वार राशि अंश सदैव अग्निभय कारक होते हैं, शेष ग्रह—चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, शनि के वार आदि गृहपति के मनोरथों की सिद्धि करते हैं ॥ ११ ॥

प्राकान्तरेण आयविचारः—

ध्वजे बहुधनं प्रोक्ता धूम्रे चैव भ्रमो भवेत्।
सिंहे च विरलालक्ष्मीः श्वाने च कलहो भवेत् ॥ १२ ॥
धनं धान्यं वृषे चैव खरेषु स्त्रीविनाशनम्।
गजाख्ये पुत्रलाभश्च ध्वांक्षे सर्वत्रशून्यता ॥ १३ ॥
स्वस्वस्थाने ध्वजः श्रेष्ठो गजः सिंहस्तथावृषः।
ध्वजः सर्वगतो देयो वृषं नान्यत्र दापयेत् ॥ १४ ॥
वृष-सिंह-गजाश्चैव पुटकर्पटकोटयोः।
द्वीपः पुनः प्रयोक्तव्यो: वापी-कूप-सरःसु च ॥ १५ ॥
मृगेन्द्रमासनेदद्याच्छयनेषु पुनर्गजः।
वृषं भोजनपात्रेषु छत्रादिषु पुनर्ध्वजम् ॥ १६ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अग्निवेश्मसु सर्वेषु गृहे वह्न्युपजीविनाम्।
धूमं नियोजयेत् केच्छ्वानं म्लेच्छादि जातिषु ॥ १७ ॥
खरो वेश्यागृहे शस्तो ध्वांक्षः शेषकुटीषु च।
वृषसिंहगजाश्चापि प्रासादपुरवेश्मसु ॥ १८ ॥

ध्वज में पर्याप्त धनलाभ, धूम्र में भ्रम, सिंह में विशेष लक्ष्मी, खान में कलह, वृष में धन धान्य लाभ, खर में स्त्री विनाश, गज में पुत्र लाभ, वायस (कौआ) में सर्वत्र शून्यता समझें ॥

अपने-अपने स्थान में यद्यपि सब आय श्रेष्ठ होते हैं फिर भी ध्वज, गज, सिंह और वृष ये आय विशेष श्रेष्ठ होते हैं। ध्वज को सर्वत्र दें वृष को अन्यत्र न दें फिर भी वृष, सिंह, गज आय को पुट, कपर्द और कोट में देना चाहिये एवं गज आय को वापी कूप और तालाब में देना चाहिये। अग्नि सम्बन्धी कार्य वालों घरों में तथा अग्नि से जीविका चलाने वाली जातियों को भी धूम आय श्रेष्ठ होता है। म्लेच्छादि जातियों के लिये धूम आय, वेश्या के लिये खर आय, कुटी आदि में वायस, प्रासाद, ग्राम, गृह से वृष, सिंह, गज आय श्रेष्ठ होता है ॥ १७-१८ ॥

वसिष्ठमते आयविचारः—

गजाये वा ध्वजाये वा गजानां सदनं शुभम्।
अश्वालयं ध्वजाये च खराये वृषभेऽपि वा ॥ १९ ॥
उष्ट्राणां मन्दिरं कार्यं गजाये च वृषे ध्वजे।
पशु-सद्म-वृषाये च ध्वजाये वा शुभप्रदम् ॥ २० ॥
शय्यासु वृषभः शस्तः पीठे सिंहः शुभप्रदः।
अन्यत्र छत्रवस्त्राणां वृषाये वा ध्वजेऽपि वा ॥ २१ ॥
पादुकोपानहौ कार्यौ सिंहाख्येऽप्यथवा ध्वजे।
उक्तानामप्यनुक्तानां मन्दिराणां ध्वजः शुभः ॥ २२ ॥

हस्तिशाला बनाने में गज और ध्वज आय, घुड़शाल के लिये। ध्वज, खर, वृष आय, ऊँट के लिये। गज, वृष, ध्वज आय सामान्य पशुशाला के लिये। वृष, ध्वज, आय शयन गृह के लिये। वृष आय पीठ(बैठक गृह) के लिये। सिंह आय

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

उत्तम होता है। छत्र, वस्त्रों के लिये वृष, ध्वज आय, पादुका (जूता) के लिये सिंह, ध्वज आय और जिनका उल्लेख नहीं किया गया है उनके लिये ध्वज आय शुभ होता हैं ॥ १९-२२ ॥

च्यवनमते आयविचारः—

महानसेऽग्निशालायां गृहे वाग्न्युपजीविनाम् ।
धूमं दद्यात्तथाश्वानं यवनान्त्यजयोर्गृहे ॥ २३ ॥
खरो वेश्यागृहे योज्यो ध्वांक्षः पक्षिपतेर्गृहे ।
वृषं सिंहं गजं दद्यात्प्रासादे पुरमन्दिरे ॥ २४ ॥
वस्त्रेषु धर्मशालायां कुम्भस्तम्भे ध्वजे ध्वजः ।
गोगजोभूगृहे देयः साधारणतृणौकसि ॥ २५ ॥
मन्त्रे शस्त्रे रथे सिंहो भाण्डागारे शुभो गजः ।
धान्याम्बुस्थानगोश्वेभशालायां वृषभः शुभः ॥ २६ ॥

रसोई घर, अग्निशाला और आग से आजीविका करने वालों को धूम्रआय, यवन तथा अन्त्यजों को श्वान आय, वेश्या गृह के लिये गधा आय, बहेलिया के लिये ध्वांक्ष (कौआ) आय, प्रासाद, पुर, मन्दिर के लिये वृष, सिंह, गज आय, वस्त्रगृह, धर्मशाला, कुम्भस्तम्भ, ध्वजारोहण के लिये ध्वज आय, मिट्टी के घर तथा तृण गृह के लिये गो एवं गज आय, यन्त्र, शस्त्र, रथ के लिये सिंह आय, भाण्डागार के लिये गज आय, धान्य स्थान तथा जलाशय के लिये गो आय, घुड़शाल, गजशाला के लिये वृष आय श्रेष्ठ होता है ॥ २३-२६ ॥

इति आयविचारः ।

अथ गणनाविचारः—

मेलापकादौ नामराशिप्रधानत्वम्—

देशग्रामगृहज्वरव्यवहृतिषु दाने मनौ ।
सेवाकाकिणिवर्गसङ्गरपुनर्भूमेलके नामभम् ॥ १ ॥

देश, ग्राम, गृह, ज्वर, व्यवहार, धूत, दानकार्य, मन्त्र प्रयोग, नौकरी में काकिणी विचार, वर्गशुद्धि संग्राम और पुनर्भू मेलापक में नाम राशि से ही विचार करना चाहिये ॥ १ ॥

From Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गृहमेलनादौ राशिज्ञाने विशेषः—

अश्विन्यादित्रयं मेषे सिंहे प्रोक्तं मघात्रयम् ।
मूलादित्रितयं चापे शेषभेषु द्वयं द्वयम् ॥ २ ॥

अश्विनी सहित ३ नक्षत्र मेष राशि, मघा सहित २ नक्षत्र सिंह राशि और मूल सहित ३ नक्षत्र धनराशि होती है, शेष राशियाँ दो-दो नक्षत्र की होती है। यह मेलापक विवाह की भाँति करना चाहिये ॥ २ ॥

गृहनक्षत्रविचारः—

त्रिभिस्त्रिभिर्वेश्मनि कृत्तिकाद्यैरुद्वेगपुत्राप्तिधनाप्तिशोकम् ।
शत्रोर्भयं राजभयं च मृत्युः सुखं प्रवासश्च नवप्रभेदाः ॥ ३ ॥

इसका अर्थ निम्ननिर्दिष्ट चक्र में देखें ॥ ३ ॥

गृह नक्षत्र	कृत्ति. रोहि. मृग.	आर्द्रा पुन. पुष्य	आश्ले. मघा पू.फा.	उ.फा. हस्त चित्रा	स्वाती विशा. अनु.	ज्येष्ठा मूल पू.षा.	उ.षा. श्रवण धनि.	शत. पू. भा. उ. भा	रेवती अश्वि भरणी
फल	उद्वेग	पुत्र-प्राप्ति	धन-प्राप्ति	शोक	शत्रुभय	राज-भय	मृत्यु	सुख	प्रवास

रामदैवज्ञमते योनिविचारः—

अश्विन्यम्बुपयोर्हयो निगदितः स्वात्यर्कयोः कासरः
सिंहो वस्वजपाद्भयोस्समुदितो याम्यान्त्ययोः कुञ्जरः ।
मेषो देवपुरोहिताऽनलभयोः कर्णाम्बुनोर्वानरः
स्याद्वैश्वाभिजितोस्तथैव नकुलश्चान्द्राब्जयोऽन्योरहिः ॥ ४ ॥
ज्येष्ठामैत्रभयोः कुरङ्ग उदितो मूलाद्र्रयोः श्वा तथा
मार्जारोऽदितिसार्पयोरथ मघायोन्योस्तथैवोन्दुरुः ।
व्याघ्रो द्वीशभचित्रयोरपि च गौरर्यम्णबुधन्यर्क्षयो-
र्योनिः [illegible] ॥ ५ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

निम्नलिखित चक्र से उपर्युक्त श्लोकों का अर्थ स्पष्ट है और अन्तिम कोष्ठक में निर्दिष्ट वैर योनियाँ सर्वथा त्याज्य होती हैं ॥४-५ ॥

निम्नलिखित चक्र से उपर्युक्त श्लोकों का अर्थ स्पष्ट हो जाता है। अन्तिमकोष्ठक में निर्दिष्ट वैरयोनियाँ सर्वथा त्याज्य होती हैं।

नक्षत्र	आश्व. शत	स्वाती हस्त	धनि. पू. भा.	भरणी रेवती	पुष्य कृत्ति.	श्रव पू. षा.	उ. षा. अभि.
योनि	हय	महिष	सिंह	गज	मेष	वानर	नकुल
वैर	दोनों का परस्पर		वही		वही		वही

नक्षत्र	रोहि. मृग	अनु. ज्येष्ठा	मूल आर्द्रा	पुन. श्ले.	मघा पू. फा.	चित्रा विशा.	उ. फा. उ. भा.
योनि	सर्प	मृग	श्वान	मार्जार	मूषक	व्याघ्र	गौ
वैर	वही	वही		वही		वही	

रामदैवज्ञमते ग्रहमैत्रीविचारः—

मित्राणि द्युमणेः कुजेज्यशशिनः शुक्रार्कजौ वैरिणौ
सौम्यश्चास्य समो विधोर्बुधरवी मित्रे न चास्य द्विषत्।
शेषाश्चास्य समाः कुजस्य सुहृदश्चन्द्रेज्यसूर्या बुधः
शत्रुः शुक्रशनी समौ च शशभृत्सूनोः सिताऽहस्करौ ॥ ६ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

मित्रे चास्य रिपुः शशी गुरुशनिक्ष्माजाः समा गीष्पते-
मित्राण्यर्ककुजेन्दवो बुधसितौ शत्रू समः सूर्यजः।
मित्रे शौम्यशनी कवेः शशिरवी शत्रू कुजेज्यौ समौ
मित्रे शुक्रबुधौ शनेः शशिरविक्ष्माजा द्विषोऽन्यः समः ॥ ७ ॥

इसका अर्थ निम्ननिर्दिष्ट चक्र में देखें ॥ ६-७ ॥

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	वृहस्पति	शुक्र	शनि
मित्र	चं. मं. वृ	बु. सू.	सू. चं वृ	सू. शु.	सू. चं. मं.	बु. श.	शु. बु.
सम	बुध	म. वृ. शु. श.	शु. श	वृ. श मं.	शनि	मं. वृ.	बृहस्पति
शत्रु	शु. श.	×	बुध	चन्द्र	बु. शु.	सू. चं.	सू. चं. मं.

नाडीविचारः—

आवृत्तिभिर्भैस्त्रिभिरश्विभाद्यं क्रमोत्क्रमात् सङ्गणयेदुडूनि।
यदेकपर्वण्युभयोश्च हर्म्यं हर्म्ये शयोर्भेऽति शुभं तदा स्यात् ॥ ८ ॥

उक्त नाडी विचार गृह नक्षत्र तथा गृहपति के नक्षत्र के साथ किया जाता है। गृह तथा गृहपति की आदि मध्य अन्त्य में से कोई एक नाडी पड़ जाय तो उत्तम होता है। नाडी विचार में नक्षत्रों का क्रम सर्पाकार चलता हैं। जैसा चक्रद्वारा स्पष्ट है ॥ ८ ॥

नाडीचक्रम्—

आदि	अश्वि.	आर्द्रा	पुन.	उ.फा.	हस्त	ज्येष्ठा	मूल	शत	पू.भा.
मध्य	भरणी.	मृग.	पुष्य.	पू.फा.	चित्रा	अनु.	पू. षा.	धनि.	उ.भा.
अन्त्य	कृत्ति.	रोहि.	श्ले.	मघा	स्वाती	विशा.	उ. षा.	श्रवण	रेवती

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गृहारम्भे गृहमेलनादिविचारः—

विवाहोक्तान् महादोषान्नृते यामित्रशुद्धितः ।
रिक्ताकुजार्कवारौ च चरलग्नं चरांशकम् ॥ ९ ॥
गुरुशुक्रार्कचन्द्रेषु स्वोच्चादिबलशालिषु ।
गुर्वर्केन्दुबलं लब्ध्वा गृहारम्भः प्रशस्यते ॥ १० ॥

यामित्र के शुद्ध होने पर, विवाहोक्त महादोषों, रिक्ता तिथियों(४,९,१४) रविवार, मंगलवार, चर लग्न तथा चरनवांश को छोड़कर सूर्य,चन्द्र,गुरु, शुक्र के उच्च एवं बलवान् होने पर किया गया गृहारंभ शुभ होता है ॥ ९-१० ॥

एकनाडी प्राशस्त्यम्—

सर्वं विवाहवज्ज्ञेयं विपरीता तु नाडिका ।
एकनाडी यदा यातस्त्वन्यमेव न चिन्तयेत् ॥ ११ ॥

वर-कन्या की कुण्डली के मिलान के सामान ही गृह मेलापक भी होता है, यदि गृह और गृहपति की एक नाड़ी हो तो फिर अन्य विषयों का विचार न करें ॥ ११ ॥

मुहूर्तमार्तण्डे-आयादिविचारे विशेषः—

द्वात्रिंशाधिकहस्तमब्धिवदनं ताणं त्वलिन्दादिकम् ।
नैष्वायादिकमीरितं तृणगृहं नान्येषु गेहेष्विदम् ॥ १२ ॥

जो गृह ३२ हाथ से अधिक विस्तृत हो अथवा जिसमें ४ दरवाजें हों या घास-फूस के घर में और अलिन्द आदि में भी आयादि का विचार नहीं करना चाहिये ॥ १२ ॥

एवमेव चिन्तामणौ—

यत्र दैर्घ्यं गृहादीनां द्वात्रिंशद्धस्ततोऽधिकम् ।
न तत्र चिन्तयेद् विद्वान् गुणानायव्ययादिकम् ॥ १३ ॥

जिस घर का विस्तार ३२ हाथ से अधिक उसमें विद्वज्जन आयादि गुणों का विचार नहीं करते ॥ १३ ॥

तथैव वसिष्ठः—

एकादशयवादूर्ध्वं द्वात्रिंशद्धस्तकावधि ।
तावदायादिकं चिन्त्यं तदूर्ध्वं नैव चिन्तयेत् ॥ १४ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

११ जौ से अधिक और २२ हाथ, के भीतर ही आयादि का विचार करना चाहिये, इसके बाद आगे नहीं। उपर्युक्त १२,१३,१४,श्लोक के मत का विद्वान् समादर नही करते क्योंकि इनके वचन प्रशंसा मात्र हैं ।। १४ ।।

तृणादिगेहेषु शिलान्यासनिषेधः—

आ॰व्ययौ च भूशुद्धिं तृणगेहे न चिन्तयेत् ।
शिलान्यासादि नो कुर्यात् तथागारे पुरातने ।। १५ ।।

प्रचीन गृह के जीर्णोद्धार में तथा तृणगृह के निर्माण में शिलान्यासादिक का शास्त्र निषेध करता हैं ।।-१५-।।

ग्रहाणाम्-अंशेशविधिः—

गृहपिण्डरसैर्गुण्यं ग्रहैश्चापि विभाजितम् ।
यच्छेषं तद्भवेदंशास्तस्यैशाश्चापि कीर्तिताः ।। १६ ।।

गृहपिण्ड को ३ से गुणा करके ९ का भाग दें जो शेष बचेगा उसके क्रम से सूर्यादिग्रह अंशों के स्वामी होंगे। यथा-१ शेष में सूर्य २ में चन्द्रमा, ३में मंगल, ४ में राहु; ५ में गुरु, शनि, ७ में बुध, ८ में केतु और ९ में शुक्र ये ग्रह अंशेश होते हैं ।। १६ ।।

अर्कश्चन्द्रः कुजोराहुर्जीवमन्दज्ञकेतवः ।
भृगुपुत्रक्रमेणैव अंशाधीशाः प्रकीर्तिताः ।। १७ ।।

पिण्डाद् द्रव्यानयनप्रकारः—

पिण्डाष्टगुणितश्चात्र सूर्यैश्चापि विभाजितम् ।
अवशिष्टं भवेद्द्रव्यं तत्तन्नामाऽब्रवीदिदम् ।। १८ ।।
वस्त्राणि शस्त्राणि च पुस्तकानि
द्रव्याणि धान्यानि वसुन्धरा च ।
कुटुम्ब-विद्या-पशु-वाटिकाश्च
भाण्डानि भूषाश्च धनानि सूर्याः ।। १९ ।।

गृहपिण्ड को ८ से गुणाकर गुणनफल में १२ का भाग देकर जो शेष होगा उसको निम्नांकित क्रम से (द्रव्य) समझें। १ शेष में वस्त्र, २ में शस्त्र, ३ में द्रव्य,

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

५ में धान्य, ६ में पृथ्वी, ७ में कुटुम्ब, ८ में विद्या, ९ में पशु, १० में वाटिका, ११ में भाण्ड-भूषण, और १२ में धन समझे ॥ १७-१९ ॥

ऋणानयनप्रकारः

इहाग्निगुणितं पिण्डमष्टभिर्भाजितञ्च यत् ।
शेषाङ्कमृणसंज्ञं स्यात्तस्येशाः कथिताः पुरा ॥ २० ॥

गृह पिण्ड को ३ से गुणाकर ८ से भाग देने पर जो शेष बचे उसको ऋण समझे । इसका स्वामी पूव कथित रीति से समझना चाहिये ॥ २० ॥

नक्षत्रानयनप्रकारः—

गृहपिण्डं गजैर्हत्वा सप्तविंशतिभिर्भजेत् ।
यच्छेषं तद्भवेदृक्षमश्विन्यादिक्रमेण वै ॥ २१ ॥

गृहपिण्ड को ८ से गुणा कर २७ का भाग दें वह अश्विनी नक्षत्र से गिनकर नक्षत्र समझना चाहिये ॥ २१ ॥

ताराफलम्—

विपत्प्रदा विपत्तारा प्रत्यरिः प्रतिकूलदा ।
निधनाख्याश्च तारास्तु सर्वथा निधनप्रदाः ॥ २२ ॥

विपत् तारा से विपत्ति प्रत्यरि तारा से शत्रुता, निधन तारा से सर्वथा निधन होता हैं । अर्थात् ३, ५, ७, ये तारायें अच्छी नहीं होतीं ॥ २२ ॥

कश्यपमते निषिद्धताराः—

दत्ते दुःखं तृतीयर्क्षं पञ्चमर्क्षं यशःक्षयम् ।
आयुःक्षयं सप्तमर्क्षं कर्तृभाद् गृहभावधि ॥ २३ ॥

तृतीय तारा दुःखद, पञ्चम यश का नाश और सप्तम तारा विनाश कारक होती है ॥ २३ ॥

वसिष्ठमते विचारः—

गृहेशगृहयोर्भैक्यं मृतिस्स्यान्नियमेन तु ।
गृहेशस्य वदेन्नित्यं वसिष्ठो मुनिरब्रवीत् ॥ २४ ॥

गृहपति का नक्षत्र और गृह नक्षत्र यदि एक ही हो तो गृहपति का विनाश होता है ऐसा वसिष्ठ का मत है ॥ २४ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

तिथ्यानयनप्रकारः—

गृहपिण्डं गजैर्हत्वा तिथिभिर्भागमाहरेत् ।
शेषं चात्र तिथिर्ज्ञेया वस्तुशास्त्रविशारदैः ॥ २५ ॥
शक्राहतं ज्ञेत्रफलं त्रिशद्भक्तावशेषकम् ।
तिथिः प्रतिपदादिस्याद्दर्शरिक्ता विवर्जयेत् ॥ २६ ॥

ग्रह पिण्ड को ८ से गुणा कर १५ का भाग दे शेष को तिथि समझे । दूसरे आचार्यों के मत से ग्रहपिण्ड को १४ से गुणा कर ३० का भाग दे शेष शुक्ल पक्ष से प्रतिपदा आदि तिथियां होगी । इसमें रिक्ता तिथि अमावास्या को छोड़ दे ॥ २५-२६ ॥

योगानयनप्रकारः—

गृहपिण्डं युगैर्हत्वा भक्ता नक्षत्रसङ्ख्यया ।
विष्कुम्भादियुतिर्ज्ञेया नामतुल्यं फलं विदुः ॥ २७ ॥
अतिगण्डो धृतिश्शूलगंडव्याधातवज्रकाः ।
परिघश्च व्यतीपातः वैधृतिर्वर्जिता गृहे ॥ २८ ॥

ग्रहपिण्ड को ४ से गुणाकर २७ का भाग देने से जो शेष आयेगा क्रमशः विष्कुम्भादि योग होंगे । इनका फल नाम के अनुरूप ही होता हैं । इनमें अतिगण्ड, धृति, शूल, गण्ड, व्याघात, वज्र, परिघ, व्यतीपात, और वधृति ये योग गृहकर्म में वर्जित हैं ॥ २७-२८ ॥

आयुरानयनप्रकारः—

गृहस्य पिण्डं करिभिर्विगुण्यं विभाजितं शून्यदिवाकरेण ।
यच्छेषमायुः कथितं मुनीन्द्रैरायुष्यपूर्णे भवने शुभं स्यात् ॥ २९ ॥

गृहपिण्ड को ८ से गुणाकर १२० का भाग दे, शेष गृह आयु हो गया जब तक आयु की अवधि शेष है तब तक गृह शुभ है, अथवा पूर्णायु गृह शुभ हैं ॥ २९ ॥

गृहविनाशहेतुविचारः—

हस्तात्मकं क्षेत्रफलं गजाहतं संवत्सरैर्भाजितलब्धकं यत् ।
तत्खेन्दुगुण्यं भवनस्य जीवनं यच्छेषितं भूतहृतं विलीयते ॥ ३० ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

पृथिव्यापोऽनलौ वायुराकाश इति पञ्चभिः ।
गृहस्यायुषि सम्पूर्णे विकारो जायते ध्रुवम् ॥ ३१ ॥

कभी-कभी पूर्णायु वाले गृहों का विनाश होते देखा जाता हैं, इस सम्बन्ध में विचार करते हैं। एक हाथ के क्षेत्र फल को ८ से गुणाकर ६० का भाग दें जो लब्धि प्राप्त हो उसको १० से गुंणकर गुणनफल गृह की आयु होगी, भाग देने पर जो शेष बचे उसमें ५ का भाग देकर जा शेष हो उसके क्रम से पृथ्वी, जल; अग्नि, वायु और आकाश जनित दोष से गृह का नाश होता हैं। अथवा टूट-फूट आदि होती हैं ॥ ३०-३१ ॥

गृहपिण्डानुसारेण मण्डलज्ञानम्—

स्वामिहस्तप्रमाणेन दीर्घविस्तारसंयुतम् ।
नवभिस्तु हरेद्भागं शेषं मण्डलमुच्यते ॥ ३२ ॥
दाता च भूपतिश्चैव क्लीवश्चौरो विचक्षणः ।
षष्ठो भोगी धनाढ्यश्च दरिद्रो धनदस्तथा ॥ ३३ ॥

गृहपति के हाथ से दीर्घविस्तार (इन दोनों) का गुणा करके ९ का भाग दे शेष मण्डल होता है। यथा—१ शेष में दाता, २ में भूपति, ३ में नपुंसक, ४ में चोर, ५ विचक्षण, ६ में भोगी, ७ धनाढय, ८ में दरिद्र ९ में धनद (कुबेर) होता है ॥ ३२-३३ ॥

मतान्तरेण विचारः—

चरणात् कर्णपर्यन्तं दण्डं सरलवंशजम् ।
पूर्वतः पश्चिमं यावदुत्तराद्दक्षिणां तथा ॥ ३४ ॥
तयोश्च दण्डयोर्योगं कृत्वा भूमौ विलिख्यताम् ।
अष्टभिश्च हरेद्भागं शेषाङ्केन शुभाशुभम् ॥ ३५ ॥
प्रथमं रजकस्थानं चन्द्रवत् फलमादिशेत् ।
द्वितीयं चर्मकारस्य क्षुत्पिपासाकुलो गृही ॥ ३६ ॥
तृतीयं ब्राह्मणस्थानं जनोद्वासकरं महत् ।
चतुर्थं शूद्रकस्थानं धनधान्यप्रदायकम् ॥ ३७ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

पञ्चमे योगिनः स्थानं महदौदास्यकारकम् ।
षष्ठे तु गोपकस्थानं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।। ३८ ।।
सप्तमे क्षत्रियस्थानं सदायुद्धकरं नृणाम् ।
अष्टमे च क्रियास्थानं मरणं रोगकारकम् ।। ३९ ।।

गृहपति के पैर के अंगूठे से कान तक सीधे वांस का एक लट्ठा नाप लें उस डण्डे से पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक भूमि को नाप लें, दोनों ओर की नाप लेकर उनको आपस में गुणा करें, गुणनफल मे ८ भाग देकर शेष अंक के अनुसार उसका शुभाशुम फल कहे । १ शेष बचे तो रजक का स्थान होता हैं ,इसका फ़ल है धन घटता बढ़ता रहे । २ शेष में चमार का स्थान इसमें वास करने से भूख-प्यास से व्यात रहता है । ३ शेष में ब्राह्मण का स्थान इसमें उद्वेग । ४ शेष में शूद्र का स्थान, इसमें धन-धान्य से युक्त । ५ शेष में योगी का स्थान, इसमें अत्यन्त उदासीनता । ६ शेष में गोपस्थान, इसमें सर्वसिद्ध ७ शेष में क्षत्रिय स्थान, इसमें लड़ाई-झगड़ा और ८ में क्रिया स्थान, इसमें रोग एवं मरण होता है ।। ३४-३९ ।।

रामदैवज्ञमते विशेषः—

भं नागतष्टं व्यय ईरितोऽसौ ध्रुवादिनामाक्षरयुक् सपिण्डः ।
तष्टो गुणैरिन्द्रकृता तभूपा ह्यंशा भवेयुर्न शुभोऽन्तकोऽत्र ।। ४० ।।

पिण्डगत नक्षत्र में ८ का भाग देने से जो लब्धि प्राप्त हो, उसका नाम व्यय है, उसमें ध्रुव आदि नामाक्षर जोड़ कर पिण्ड संख्या भी जोड़ दे और उसमें ३ का भाग दे १शेष में इन्द्र, २में यमराज, ३ में राजा का अंश होता है। इसमें यमराज का अंश २ शुभ नहीं होता है ।। ४० ।।

प्रकारान्तरेण वास्तुशास्त्रीयं मतम्—

आयान्न्यूनतरः पक्षो व्ययस्यैषा विचारणा
मूलराशौ व्यये क्षिप्ते गृहनामाक्षरैर्युते ।
ततो हरेत्त्रिभिर्भागं यच्छेषं सोंऽशको भवेत्
इन्द्रो यमश्च राजास्याद्यमांशो नैव शोभनः ।। ४१ ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

आय से कम व्यय हो जाय तो उस गृह में वास नहीं करना चाहिये, मूलराशि (क्षेत्रफल) में व्यय को जोड़कर गृह के नामाक्षर भी जोड़ दें, उसमें ३ का भाग देने से जो शेष हो क्रम से १ में इन्द्र, २ में यम, ३ में राजा का अंश होता है, इसमें यम का अंश अग्राह्य होता है ॥ ४१ ॥

टोडरानन्दमते विचारः

नक्षत्रे चाष्टभिर्भक्ते योऽङ्कः स स्याद्गृहे व्ययः ।
पैशाचस्तु समाये स्याद्राक्षसोप्यधिके व्यये ॥ ४२ ॥

पिण्डगत नक्षत्र में ८ का भाग देने से व्यय निकल आयेगा, आय और व्यय समान होने से उस गृह का नाम पिशाच और अधिक व्यय होने से उसका नाम राक्षस होता है । इस सम्बन्ध में 'नारायणभट्ट' का मत इस प्रकार है । 'ऋक्षे सर्पंहृते व्ययो गृहमसत् स्वल्पायभूरिव्ययम्' ॥ ४२ ॥

शालाध्रुवाङ्कानयनप्रकारः—

दिक्षु पूर्वादितः शाला ध्रुवा भूद्वौ कृता गजाः ।
शालाध्रुवाङ्कसंयोगः सैको वेश्मध्रुवादिकम् ॥ ४३ ॥

पूर्वद्वार में शाला ध्रुवांक १, दक्षिण में २ पश्चिम में ४, उत्तर में ८ होता है । जितने द्वार मकान में बनाने हों उतने ध्रुवांक जोड़े फिर उसमें १ और जोड़ दें जोड़कर जो संख्या आये वह ध्रुवादि शाला का नाम समझे ॥ ४३ ॥

ध्रुवा धान्यं जयं नन्दं खरं कान्तं मनोरमम् ।
सुमुखं दुर्मुखं क्रूरं रिपुदं धनदं क्षयम् ॥
आक्रन्दं विपुलं चैव विजयं चेति षोडशाः ।
गृहनामानि शास्त्रेऽस्मिन् समाख्यातानि सूरिभिः ॥ ४४ ॥

नारायणभट्टमते—

एकादिद्विगुणोत्तरा गृहमुखाद्दिक्ष्वंकाः स्युः क्रमा—
च्छालाशाङ्कयुतिः कुयुग्ध्रुवमुखान्योकांसिसन्तिस्फुटम् ।

वादरायणमते—

द्वारादेकं द्वितयं वेदा वसवः प्रदक्षिणदिक्षु ।
शालादिकांकयोगः सैको वेश्म ध्रुवादिकं भवेत ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

सोलह प्रकार के गृहों के नाम—१ध्रुव, २ धान्य, ३ जय, ४ नन्द, ५ खर, ६ कान्त, ७ मनोरम, ८ सुमुख; ९ दुर्मुख, १० क्रूर, ११ रिपुद, १२ धनद, १३ क्षय, १४ आक्रन्द, १५ विपुल, १६ विजय ॥ ४४ ॥

तिथ्यर्काष्टाष्टिगोरुद्रशक्रे नामाक्षरत्रयम् ।
भून्धीब्धीष्वङ्गदिग्वह्निविश्वेषु द्वौ नगाब्धयः ॥ ४५ ॥

उपर्युक्त आठवां, नवां, ग्यारहवां, बारहवां, चौदहवां, पन्द्रहवां, गृह का नाम तीन अक्षर का है। पहला, दूसरा; तीसरा, चौथा, पाँचवां, छठा, दसवां, तेरहवां गृह का नाम २ अक्षर का और सातवां गृह का नाम चार अक्षर का है ॥ ४५ ॥

लल्लमते वास्तुनिवेशनप्रकारः—

कर्मसिद्धिः सुखायूंषि निमित्तशकुनादिभिः ।
ज्ञात्वा प्रष्टुर्गृहारम्भे कीर्तयेत् समयं बुधैः ॥ ४६ ॥
कालनरस्य यदङ्गं सौम्यग्रहवीक्षितं युतंवापि ।
तच्चेत् स्पृशति प्रष्टा तदास्यनिर्माणमादेश्यम् ॥ ४७ ॥

प्रश्नकर्ता की कर्मसिद्धि, सुख, आयु निमित्तक शुभ शकुन आदि का विचार कर ज्योतिषी गृहारम्भ का समय निर्देश करे। लल्ल का मत है—कालपुरुष का जो अंग शुभ ग्रह से दृष्ट हो (अर्थात् जिस पर शुभ ग्रह की दृष्टि पड़ रही हो अथवा युक्त हो उस अंग को स्पर्श करके यदि प्रश्नकर्ता पूछता है तो गृहनिर्माण का आदेश दे इसके विपरीत स्थिति में निषेध करे ॥ ४६-४७ ॥

वृद्धनारदमते कालशुद्धिविचारः—

आरम्भं च समाप्तिं च प्रासादपुरसद्मनाम् ।
उत्थिते केशवे कुर्यान्न प्रसुप्ते कदाचन ॥ ४८ ॥
चैत्रे शोककरं गृहादिरचितं स्यान्माधवेऽर्थप्रदं
ज्येष्ठे मृत्युकरं शुचौ पशुहरं तद्वृद्धिदं श्रावणे ।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

शून्यं भाद्रपदे त्विषे कलिकरं भृत्यक्षयं कार्तिके
धान्यं मार्गसहस्ययोर्दहनभीर्माघे श्रियं फाल्गुने ॥ ४९ ॥

पुर, प्रासाद, गृह का आरम्भ एवं समाप्ति विष्णु के उत्थान में अर्थात् हरिबोधिनी एकादशी के बाद और हरिशयनी एकादशी के पूर्व ही करना चाहिये। चैत्र मास में गृह आदि बनाने से शोक, वैशाख में धनलाभ, ज्येष्ठ में मृत्यु, आषाढ़ में पशु हरण, श्रावण में पशुवृद्धि, भाद्रपद में शून्य, आश्विन में कलह, कार्तिक में भृत्यनाश मार्गशीर्ष और पौष में अन्नलाभ, माघ में अग्निभय तथा फाल्गुन में श्री लाभ होता है ॥ ४८-४९ ॥

मासफलचक्रम्

मास	चैत्र	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ	श्रावण	भाद्रपद
फल	शोक	धनलाभ	मरण	पशुहानि	पशुलाभ	शून्य

मास	आश्विन	कार्तिक	मार्ग०	पौष	माघ	फाल्गुन
फल	कलह	भृत्यनाश	धान्य	धान्य	अग्निभय	श्रीलाभ

नारदमते मासशुद्धिविचारः—

सौम्यफाल्गुनवैशाख-माघ-श्रावण कार्तिकाः ।
मासाः स्युर्गृहनिर्माणे पुत्राऽऽरोग्यफलप्रदाः ॥ ५० ॥

मार्गशीर्ष, फाल्गुन, वैशाख, माघ, श्रावण और कार्तिक में गृह आदि का निर्माण करने से गृहपति को पुत्र तथा स्वास्थ्य लाभ होता है ॥ ५० ॥

मतान्तरम्—शोको धान्यं मृतिपशुहृती द्रव्यवृद्धिविनाशो ।
युद्धं भृत्यक्षतिरथफलं श्रीश्च वह्नेर्भयञ्च ॥
[illegible] भवनारम्भकर्तुः क्रमेण ।
चैत्रादूचे मुनिभिरसकृद्वास्तुशास्त्रेषु विज्ञैः ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकारान्तरेण विचारः—

वैशाखे श्रावणे मार्गे माघे फाल्गुनके तथा।
कन्यायुग्मधनुर्मीनभिन्ने सूर्ये गृहं शुभम् ॥ ५१ ॥

वैशाख, श्रावण, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन में यदि कन्या, मिथुन, धन, और मीन से अन्य राशि के सूर्य हो तो गृह निर्माण शुभ होता है ॥ ५१ ॥

वक्तव्य—उक्त मासों में कन्या का सूर्य नहीं होता अतः यहाँ कन्या राशि के सूर्य से रहित कार्तिक मास का संकेत समझना चाहिये। क्योंकि कार्तिक में तुला वृश्चिक का सूर्य हो जाता है और सौरमास के अनुसार तुला एवं वृश्चिक का सूर्य ग्राह्य होता है। यथा—'कन्यारोगं तुले सौख्यं वृश्चिके धनवर्धनम्' ॥

योगेश्वराचार्यमते त्याज्यमासाः—

आषाढचैत्राश्वयुजोर्जमाघज्येष्ठेषु सप्रौष्ठपदेषु नूनम्।
निकेतनानां घटनं नृपाणां योगेश्वराचार्यमते न शस्तम् ॥ ५२ ॥

चैत्र, ज्येष्ठ, आषाढ, भाद्रपद आश्विन, र्कातिक, माघ, महिनों में गृह निर्माण न करे। यह योगेश्वराचार्य का मत है ॥ ५२ ॥

नारदमते ग्राह्यमासाः—

गृहसंस्थापनं सूर्ये मेषस्थे शुभदं भवेत्।
वृषस्थे धनवृद्धिः स्यान्मिथुने मरणं ध्रुवम् ॥ ५३ ॥
कर्कटे शुभदं प्रोक्तं सिंहे भृत्यविवर्धनम्।
कन्यारोगं तुले सौख्यं वृश्चिके धनवर्धनम् ॥ ५४ ॥
कार्मुके तु महाहानिर्मकरे स्याद्धनागमः।
कुम्भे तु रत्नलाभः स्यान्मीने सद्म भयावहम् ॥ ५५ ॥

मेष के सूर्य (वैशाख) में गृह निर्माण शुभ, वृष (ज्येष्ठ) में धन वृद्धि, मिथुन (आषाढ़) में मृत्यु, कर्क (श्रावण) में शुभ, सिंह (भाद्रपद) में भृत्यवृद्धि, कन्या (आश्विन) में रोग, तुला (कार्तिक) में धनवृद्धि, धन (पौष) में महा हानि, मकर (माघ) में धनागम, कुम्भ (फाल्गुन) में रत्नलाभ और मीन (चैत्र) में भयदायक होता है ॥ ५३-५५ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

उपर्युक्त अर्थ को चक्र द्वारा समझें—

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या
मास	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ	श्रावण	भाद्रपद	आश्विन
फल	शुभ	धनलाभ	मरण	शुभ	भृत्यवृद्धि	रोग

राशि	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुम्भ	मीन
मास	कार्तिक	मार्गशीर्ष	पौष	माघ	फाल्गुन	चैत्र
फल	सुख	धनलाभ	हानि	धनलाभ	रत्नलाभ	भय

रामदैवज्ञमते सौरचान्द्रमासविचारः—

कुम्भेऽर्के फाल्गुने प्रागपरमुखगृहं श्रावणे सिंहकर्योः
पौषे नक्रे च याम्योत्तरमुखसदनं गोऽजगेऽर्के च राधे ।
मार्गे जूकालिगे सदृध्रुवमृदुवरुणस्वातिवस्वर्कपुष्यैः
सूतीगेहन्त्वदित्यांहरिभविधिभयोस्तत्र शस्तः प्रवेशः ॥ ५६ ॥

फाल्गुन मास में कुम्भ के सूर्य हों श्रावण में सिंह कर्क के तथा पौष में मकर के सूर्य हों तो पूर्व पश्चिम द्वार का गृह निर्माण शुभ होता है। वैशाख में मेष, वृष के और मार्गशीर्ष में तुला वृश्चिक के सूर्य हो तो दक्षिण उत्तर द्वार का गृह निर्माण शुभ होता है। ध्रुव, मृदु, शतभिषा, स्वाती, धनिष्ठा, हस्त, पुष्य नक्षत्रों में गृहारम्भ शुभ होता है। किन्तु सूतिका निर्माण पुनर्वसु नक्षत्र में प्रारम्भ करे और श्रवण या अभिजित में उक्त गृह में प्रवेश करें ॥ ५६ ॥

श्रीपतिमते गृहारम्भः—

कर्किनक्रहरिकुम्भगतेऽर्के पूर्वपश्चिममुखानि गृहाणि ।
तौलिमेषवृषवृश्चिकयाते दक्षिणोत्तरमुखानि च कुर्यात् ॥ ५७ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्यथा यदि करोति दुर्मतिर्व्याधिशोकधननाशमश्नुते ।
मीनचापमिथुनाङ्गनागते कारयेन्न गृहमेव भास्करे ।। ५८ ।।

कर्क, मकर, सिंह, कुम्भ के सूर्य में पूर्व-पश्चिम द्वार का गृह, और तुला, मेष, वृष, वृश्चिक के सूर्य में दक्षिण उत्तर द्वार का गृह निर्माण शुभ होता है। मीन, धन, कन्या, मिथुन के सूर्य में जो अनभिज्ञ लोग गृह निर्माण कराते हैं वे रोग और शोक के भागी बनते हैं ।। ५७-५८ ।।

वक्तव्य—यद्यपि अन्य टीकाकारों ने भी उक्त श्लोक का अर्थ कुछ ऐसा ही किया है, जैसा कि हमने किया किन्तु ध्यान से देखने से स्पष्ट होता है कि—कर्क, सिंह के सूर्य में पूर्व द्वार का गृह और मकर कुम्भ के सूर्य में पश्चिम द्वार का गृह, इसी प्रकार तुला वृश्चिक के सूर्य में उत्तर द्वार का गृह बनाना चाहिये, ऐसा अर्थ समीचीन प्रतीत होता है ।।

रामदैवज्ञमते गृहारम्भमासाः—

कैश्चिन्मेषरवौ मधौ वृषभगे ज्येष्ठे शुचौ कर्कटे
भाद्रे सिंहगते घटेऽश्वयुजि चोर्जेऽलौ मृगे पौषके ।
माघे नक्रघटे शुभं निगदितं गेहं तथोर्जे न सत्
कन्यायां च तथा धनुष्यपि न सत्कृष्णादिमासाद्भवेत् ।।५९।।

किसी आचार्य के मत से मेष के सूर्य में चैत्र, वृष में ज्येष्ठ, कर्क में आषाढ, सिंह में भाद्रपद, तुला में आश्विन, वृश्चिक कार्तिक, मकर में पौष, कुम्भ में माघ मास गृहारम्भ के लिये शुभ होता है। कार्तिक में कन्या का सूर्य शुभ नहीं होता तथा माघ में धन का सूर्य शुभ नहीं होता ।। ५९ ।।

देवालयाद्यारम्भे राहुमुखविचारः—

देवालये गेहविधौ जलाशये राहोर्मुखं शम्भुदिशो विलोमतः ।
मीनार्कसिंहार्कमृगार्कतस्त्रिभे खाते मुखात् पृष्ठविदिक्शुभाभवेत् ।।६०।।

वसिष्ठमते—

"मासे सहस्ये तपसि माधवे नभसि त्विषे ।
ऊर्जे च गृहनिर्माणं पुत्रपौत्रधनप्रदम् ।।"

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

खात भूमिशोधन राहु के मुख से न करें। मुखस्थविदिशा से पाँचवी (१ ईशान, २ पूर्व, ३ आग्नेय, ४ दक्षिण, ५ नैर्ऋत्य) विदिशा राहु की पुच्छ संज्ञक है। मुख और पुच्छ के बीच भाग को पीठ कहते हैं। पीठ से खात शुभ होता है। यथा—देवालय खात में चैत्र, १२ वैशाख, १ ज्येष्ठ, २ में राहु का मुख ईशान कोण में पुच्छ नैर्ऋत्य कोण में है तो पीठ आग्नेयकोण में हुई, इसी कोण से खात का आरम्भ करें। ६० चक्र में स्पष्ट है—

राहुमुखचक्रम्

त्रिदिशायें	ईशान में	वायव्य में	नैर्ऋत्य में	आग्नेय में
देवालय में	१२।१।२ के सूर्य में राहु मुख	३।४।५ के सूर्य में राहु मुख	६।७।८ के सूर्य में राहु मुख	९।१०।११ के सूर्य में राहु मुख
गृहारम्भ में	५।६।७ के सूर्य में राहु मुख	८।९।१० के सूर्य में राहु मुख	११।१२।१ के सूर्य में राहु मुख	२।३।४ के सूर्य में राहु मुख
जलाशय में	१०।११।१२ के सूर्य में राहु मुख	१।२।३ के सूर्य में राहु मुख	४।५।६ के सूर्य मे राहु मुख	७।८।९ के सूर्य में राहु मुख

जीर्णगृहनिर्माणे मासादिविचारः—

जीर्णोद्धारे जलाग्न्यादिभयतः पतिते गृहे।
श्रावणोर्जे तथा माघे कारयेत्सुखदं गृहम् ॥ ६१ ॥
देवालयं तडागश्च वाटिकोद्धरण गृहम्।
गृहमासोदितं शस्तं माघेऽपि मुनिसत्तम ॥ ६२ ॥
तृणदारुगृहारम्भे मासदोषो न विद्यते।
पाषाणेष्टयादिगेहानि निन्द्यमासे न कारयेत् ॥ ६३ ॥
सत्रं पशुगृहं ज्योष्ठे चाश्विने धान्यतोडकम्।
पानीयशालिका माघे चैत्रे धारागृहं तथा ॥ ६४ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

जल अथवा अग्नि के द्वारा गिरा हुआ मकान का जीर्णोद्धार श्रावण, कार्तिक, माघ में करना चाहिये । इसमें गृहपति को सुख प्राप्ति होती है ॥

पूर्वोक्त गृहारम्भ के मासों में अथवा केवल माघ मास में भी देवालय, तालाब, बगीचा आदि शुभ कृत्य करना मुनियों का मत है ।

तृण अथवा लकड़ी के घर बनाने में मास शुद्धि की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि ये चिरस्थायी नहीं होते । ईंट अथवा पत्थर द्वारा स्थायी गृहों का निर्माण उक्त निन्दित मासो में न करें । ज्येष्ठ में पशु गृह, आश्विन में धान्य गृह, माघ में पौशाला और चैत्र में धारा गृह अर्थात् गङ्गा के तटवर्ती भवन का निर्माण शुभ है ॥ ६१-६४ ॥

वसिष्ठमते पक्षशुद्धिः

शुक्लपक्षे भवेत्सौख्यं कृष्णे तस्करतो भयम् ।
गृहनिर्माणकार्येषु पक्षशुद्धिं विचिन्तयेत् ॥ ६५ ॥
गीर्वाणपूर्वगीर्वाणमन्त्रिणोर्दृश्यमानयोः ।
शुक्लपक्षे दिवाकार्दं न निर्माणञ्च रात्रिषु ॥ ६६ ॥

शुक्लपक्ष में गृहारम्भ करने से सर्वविध सुख, कृष्णपक्ष में चोरों का भय होता है । महर्षि वसिष्ठ के मत में—यदि गुरु-शुक्र उदयी हों तो शुक्ल पक्ष के दिनों में गृहारम्भ करना चहिये न कि रात्रि में ॥ ६५-६६ ॥

गृहारम्भे निषिद्धतिथयः—

दारिद्र्यं प्रतिपत् कुर्याच्चतुर्थी धनहारिणी ।
अष्टम्युच्चाटनी ज्ञेया नवमी शस्त्रघातिनी ॥ ६७ ॥
अमायां राजभीतिः स्याच्चतुर्दश्यां स्त्रियः क्षयः ।
एवं निषिद्धतिथयो गृहारम्भे प्रकीर्तिताः ॥ ६८ ॥

मध्यरात्रिप्रमाणम्

महानिशा तु विज्ञेया मध्यमं प्रहरद्वयम् ।
अस्तदोषोऽत्र नो ग्राह्यः प्रतिदैवसिको बुधैः ।
Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal
नास्तदोषः सदा भानोर्मैत्रे चेन्दोर्न नीचता ॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

रिक्ताष्टमीदर्शरवीन्दुभौमा विवर्जनीया विदुषा प्रयत्नात् ।
चित्रानुराधामृगरेवतीषु स्वातौ च तिष्ये च तथोत्तरासु ॥ ६९ ॥
ब्राह्मे धनिष्ठाशततारकासु गेहादिकारम्भणमामनन्ति ।
श्रीभार्गवस्यात्र मुनेर्मतेन प्रोक्ताविशुद्धास्तिथयोऽथ वाराः ॥ ७० ॥

प्रतिपदा को गृह निर्माण का आरम्भ करने से दरिद्रता, चतुर्थी को धन-हानि, अष्टमी को उच्चाटन, नवमी को शस्त्रभय, अमावस्या को राजभय और चतुर्दशी को स्त्रीहानि होती है। महर्षि भृगु के मत में–चतुर्थी,अष्टमी,अमावास्या तिथियां, सूर्य, चन्द्र और मंगलवारों को त्याग देना चाहिये ॥ ६७-७० ॥

गृहारम्भे नक्षत्रशुद्धिविचारः—

चित्राशतभिषक्स्वाती हस्तः पुष्यः पुनर्वसुः ।
रोहिणी रेवतीमूल-श्रवणोत्तरफाल्गुनी ॥ ७१ ॥
धनिष्ठा चोत्तराषाढा तथा भाद्रोत्तरान्विता ।
अश्विनीमृगशीर्षेद्वे अनुराधा तथैव च ॥ ७२ ॥
वास्तुपूजनमेतेषु नक्षत्रेषु करोति यः ।
समाप्नोति नरो लक्ष्मीमिति प्राह पराशरः ॥ ७३ ॥

चित्रा, अनुराधा मृगशिरा रेवती, पुष्य, उत्तराषाढा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपदा, रोहिणी, धनिष्ठा और शतभिषा नक्षत्रों में गृहारम्भ शुभ होता है। महर्षि पाराशर के मत में—चित्रा, शतभिष्क्ष, स्वाती, हस्त, पुष्य, पुनर्वसु, रोहिणी,रेवती,मूल,श्रवण, उत्तराफाल्गुनी, धनिष्ठा, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपदा, अश्विनी, मृगशिरा और अनुराधा इन नक्षत्रों में वास्तुपूजन करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है ॥ ७१-७३ ॥

तथोक्तम्—सूर्याङ्गारकवारांशा वैश्वानरभयप्रदाः ।
इतरग्रहवारांशाः सर्वकामार्थसिद्धिदाः ॥

गर्गमते—

श्रवणेऽपि च रोहिण्यां पुष्ये मैत्रे करद्वये ।
Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal
धनिष्ठाद्वितये पौष्णे गृहारम्भः प्रशस्यते ॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

मतान्तरे गृहारम्भसमयः—

**हस्तादित्यशशाङ्कपुष्यपवनप्राज्येशमित्रोत्तराश्
चित्राश्विश्रवणेषु वृश्चिकघटौ त्यक्त्वा विरिक्ते तिथौ ।
शुक्राचार्यशनैश्चरज्ञशशिनो वारेऽनुकूले विधौ
सद्भिर्वेश्मनि सूतिकागृहविधिः क्षेमङ्करः कीर्तितः ॥ ७४ ॥**

हस्त, पुनर्वसु, मृगशिरा, पुष्य, स्वाती, रोहिणी, अनुराधा, तीनों उत्तरा, चित्रा, अश्विनी और श्रवण नक्षत्रों को तथा वृश्चिक एवं कुम्भ लग्नों को रिक्ता (४।९।१४) तिथियों को छोड़ कर बुध, गुरु, शुक्र, शनि वारों में शुभ चन्द्रमा में गृहारम्भ एवं सूतिका गृह का निर्माण प्रारम्भ करने से गृहपति का कल्याण होता है ॥ ७४ ॥

वास्तुराजवल्लभे—

**वास्तोः कर्मणि धिष्ण्यवारतिथयोऽश्विन्युत्तराणां त्रिकं
हस्तादित्रयमैत्रतोद्वयमिदं पुष्यो मृगो रोहिणी ।
निन्द्यौ भूसुतभास्करौ च शुभदा पूर्णा च नन्दातिथिः
तेषां वैधृतिशूलगण्डपरिघव्याघातवज्रा अपि ॥ ७५ ॥**

वास्तु कर्म में अश्विनी, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, पुष्य, मृगशिरा और रोहिणी ये नक्षत्र शुभ हैं। मंगल और रविवार को छोड़ कर शेष दिन पूर्णा (५।१०।१५) और नन्दा (१।६।११) तिथियाँ शुभ हैं॥ वैधृति, शूल, गण्ड, परिघ, व्याघात और वज्र योग अशुभ होते हैं ॥ ७५ ॥

ग्रन्थान्तरे विचारः—

**विष्कुम्भव्यतिपातकौ च न शुभौ योगाः परे शोभनाः
शस्तं नागववाख्यतैतिलगरं युग्मां तिथिं वर्जयेत् ।
मौहूर्त्तं त्वथ विश्वमष्टनवमं पञ्चत्रिरागाद्रिकं
श्रेष्ठं च द्वितयं तुलावृषघटौ युग्मं धनुः कन्यके ॥ ७६ ॥**

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

योगों में विष्कुम्भ और व्यतीपात को छोड़ कर शेष शुभ होते हैं। करणों में नाग, वव, तैतिल और गर उत्तम होते हैं। तिथियों में सम तिथियाँ

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

(२,४,६,८,१०,१२,१४,३०,) शुभ नहीं हैं। मुहूर्तों—२,३,५;६,७,८,९,१३, ये मुहूर्त शुभ हैं, लग्नों में—२,३,६,७,९,११, लग्न उत्तम हैं ॥ ७६ ॥

विश्वकर्मप्रकाशे—

स्वात्यां मैत्रेऽथ माहेन्द्रे गान्धर्वे भगरौहिणे।
स्तंभोच्छ्रायादिकर्तव्यमन्यत्र परिवर्जयेत् ॥ ७७ ॥

स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, धनिष्ठा, पूर्वाफाल्गुनी, रोहिणी, इन नक्षत्रों में स्तम्भ की ऊँचाई आदि करनी चाहिये। इनके अतिरिक्त अन्य वर्जित हैं ॥७७॥

द्व्यङ्गे वा स्थिरभे च सौम्यसहिते लग्नेशुभैर्वीक्षिते
सौम्यैर्वीर्यसमन्वितैश्च दशमे निर्माणमाहुर्बुधाः।
पञ्चाङ्कैर्विधुकेन्द्रगैः सुफलदं पापैस्त्रिषष्ठायगैः
क्रूरो ह्यष्टमसंस्थितोऽपि मरणं कर्तुर्विधत्तेतराम् ॥ ७८ ॥

शुभग्रह से युक्त और दृष्ट द्विस्वभाव और स्थिरलग्न में वास्तुकर्म शुभ होता है। शुभग्रह बलवान् हो कर दशमस्थान हो तो वास्तुकर्म शुभ होता है। अथवा शुभग्रह पञ्चम, नवम हों और चन्द्रमा १,४,७,१० स्थान में हो तथा पापग्रह तीसरे, छठे, ग्यारहवें स्थान में हो तो गृह शुभ होता हैं। यदि अष्टम स्थान में पापग्रह हो तो गृहेश की मृत्यु होती है ॥ ७८ ॥

गृहारम्भे रामदैवज्ञः—

भौमार्करिक्तामाद्यूने चरो नाङ्गे विपञ्चके।
व्यष्टान्त्यस्थैः शुभैर्गेहारम्भस्त्र्यायारिगैः खलैः ॥ ७९ ॥

यथोक्तं मत्स्यपुराणे—

वज्रव्याघातशूलेषु व्यतीपातातिगण्डयोः।
विष्कुम्भगण्डपरिघे वाष्टयोगे न कारयेत् ॥

श्रीपतिरपि—

व्द्यङ्गे स्थिरे वा भवने विलग्ने सौम्यग्रहैर्युक्तनिरीक्षिते च
कर्मस्थितैर्वीर्ययुतैश्च सौम्यैर्निर्माणमाहुर्भवनस्य सन्तः।
पापैस्त्रिषष्ठायगतैस्त्रिकोणे केन्द्राश्रितैस्साधुभिरालयस्य
वदन्ति निर्माणमिहाष्टमस्थः क्रूरस्तु कर्तुर्मरणं करोति ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

मंगल, रविवार, रिक्ता (४।९।१४) अमावस्या, सप्तमी तिथियाँ, चरलग्न, बाणपञ्चक, इन सबों को छोड़ कर आठवे बारहवें से अतिरिक्त शुभगृह हों और तीसरे, छठे, ग्यारहवें में पापग्रह हों तो गृहारम्भ शुभ होता है ॥ ७९ ॥

वास्तुप्रदीपे शुभयोगाः—

शनौ स्वाती सिंहलग्नं शुक्लपक्षश्च सप्तमी।
शुभयोगः श्रावणश्च सकाराः सप्तकीर्तिताः ॥ ८० ॥
सप्तानां योगतो वास्तुः पुत्रवित्तप्रदः सदा।
गजश्च धनधान्यादिनित्यं तिष्ठन्ति सर्वतः ॥ ८१ ॥

शनिवार स्वाती नक्षत्र, सिंह लग्न, शुक्लपक्ष, सप्तमीतिथि, शुभयोग श्रावण इनसात सकारों के योग में किया गया वास्तुकर्म पुत्र, हाथी, धन-धान्य को देने वाला होता है ॥ ८०-८१ ॥

वास्तुराजवल्लभे गृहायुष्यविचारः—

जीवः सौख्यमुपाकरोति भृगुजो धान्यं श्रियं चन्द्रमाः
सूर्यो वेश्मपतिश्चतुष्टयमिदं नीचास्तगं दुर्बलम्।
जीवे लग्नमुपागते शशिसुते यामित्रगेऽर्के रिपौ
शुक्रेऽब्धौ सहजे शनौ च शरदां गेहं शतं तिष्ठति ॥ ८२ ॥

यदि बलवान् वृहस्पति गृहेश हो तो सौख्य, शुक्र से धान्य चन्द्रमा से लक्ष्मी सूर्य से सौख्य आदि चारों फल देता है। यदि उक्त चारों ग्रह नीच अथवा अस्तंगत हों तो अपना पूर्ण फल नहीं देते। लग्न में वृहस्पति सप्तम में बुध, सूर्य षष्ठ में शुक्र चतुर्थ में और शनि तृतीय में हो तो वह गृह शतायु होता है ॥ ८२ ॥

भृगुसुत इह लग्ने ह्यायगेऽर्के च खे ज्ञे
गृहमपि शतमब्दान् स्थायि केन्द्रे सुरेज्ये।
द्विगुणमपि च शुक्रे मूर्तिगे विक्रमेऽर्के
सुरगुरुसुतसंस्थे भूमिपुत्रे च षष्ठे ॥ ८३ ॥

प्रकारान्तर से गृह की आयु का विचार लिखते हैं—यदि शुक्र लग्न में या एकादश में, सूर्य, बुध, दसवें और वृहस्पति केन्द्र में हो तो गृह की आयु

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

१०० वर्ष की होती है। शुक्र लग्न में, सूर्य तीसरे स्थान में बृहस्पति पाँचवे में और मंगल छठे में हो तो गृह की आयु २०० वर्ष की होती है ॥ ८३ ॥

रामदैवज्ञमते गृहायुष्यमानम्—

जीवार्कविच्छुक्रशनैश्चरेषु लग्नारियामित्रसुखत्रिगेषु।
स्थितिः शतंस्याच्छरदां सितार्कारेंज्येननुत्र्यङ्गसुते शते द्वे ॥ ८४ ॥

यदि गृहनिर्माण लग्न से सूर्य सप्तम में, शनि तृतीय में हो तो उस गृह की आयु १०० वर्ष की होती है। अथवा सूर्य तीसरे में, मंगल छठे में हो तो उस गृह की आयु २०० वर्ष की होती हैं ॥ ८४ ॥

लग्नाम्बरायेषुभृगुज्ञभानुभिः केन्द्रे गुरौवर्षशतायुरालयम्।
बन्धौगुरुर्व्योम्निशशी कुजार्कजौ लाभे तदाशीतिसमायुरालयम् ॥ ८५ ॥

लग्न में शुक्र, दशम में बुध, एकादश में सूर्य, केन्द्र में गुरु हो तो उस घर की आयु १०० वर्ष की होती है। चतुर्थ गुरु, दशम चन्द्रमा, मंगल और शनि, एकादश में हो तो उस घर की आंयु ८० वर्ष की होती है ॥ ८५ ॥

प्रारम्भकाले यदि मन्दभौमौ लाभाश्रितौ देवगुरुश्चतुर्थे।
चन्द्रोदये चेच्छरदामशीतिः स्थितिर्नियुक्ता भवनस्य सद्भिः ॥ ८६ ॥

गृहारम्भ के समय यदि शनि, मंगल ग्यारहवें और वृहस्पति चतुर्थ, चन्द्रमा दशम हों तो उक्त गृह की आयु ८० वर्ष की होती है ॥ ८६ ॥

तन्वादिस्थितग्रहफलम्—

लग्नेऽर्के वज्रपातः स्यात्कोशहानिश्च शीतगौ।
मृत्युर्विश्वंभरः पुत्रे दारिद्रयं रविनन्दने ॥ ८७ ॥
जीवे धर्मादिकामाः स्युः सुतोत्पत्तिश्च भार्गवे।
चन्द्रजे कुशला शक्तिर्जनस्यायुः प्रवर्द्धते ॥ ८८ ॥

लग्न में सूर्य होने से वज्रपात, चन्द्रमा से कोषहानि, मंगल से मृत्यु, बुध से कुशल शक्ति और आयु की वृद्धि, वृहस्पति से धर्मादिकार्य, शुक्र से पुत्रोत्पत्ति और शनि से दरिद्रता होती है ॥ ८७-८८ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

द्वितीयस्थे रवौ हानिश्चन्द्रे वसुधनं भवेत्।
भूसुते बन्धनं प्रोक्तं नानाविघ्नाश्च भानुजे ॥ ८९ ॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

बुधे द्रविणसंपत्तिर्गुरौ धर्मसमागमः ।
यथा काम विनोदेन भृगौ कालं व्रजेदिह ॥ ९० ॥

दूसरा सूर्य हानि, चन्द्रमा शत्रुनाश, मंगल बन्धन, बुध द्रव्य-संपत्ति, वृहस्पति धर्मसमागम, शुक्र विनोद, शनि विघ्नकारक होता है ॥ ८९-९० ॥

सौम्यग्रहास्तृतीयस्थाः पापा अपि विशेषतः ।
सिद्धिः स्यादचिरादेव यथाभिलषितं प्रति ॥ ९१ ॥
चतुर्थस्थानगे जीवे पूजासम्पद्यते नृपात् ।
चन्द्रजे च सदा लाभो भूमिलाभस्तु भार्गवे ॥ ९२ ॥
वियोगः सुहृदां भानौ मित्रभेदो धरासुते ।
बुद्धिनाशो निशानाथे महालाभोऽर्कनन्दने ॥ ९३ ॥

तीसरे स्थान में शुभ ग्रह शुभकारक होते है। तृतीय पापग्रहभी शुभ होते हैं, शीघ्र मनोरथ पूर्ति करते हैं। चौथा गुरु राजद्वार से सम्मान दिलाता है। चौथा चन्द्रमा सदा लाभदायक होता है। शुक्र भूमि लाभ, सूर्य मित्रवियोग, मंगलमित्र भेद, चन्द्रमा बुद्धि नाश, शनि लाभदायक होता है ॥ ९१-९३ ॥

पञ्चमस्थे सुराचार्ये मित्रवस्त्रधनागमः ।
शुक्रे पुत्रधनप्राप्तिर्हेमाभरणमिन्दुजे ॥ ९४ ॥
सुतदुःखं सदा सूर्ये शशांके कलहप्रियः ।
भौमे कामविरोधः स्याच्छनौ कामविमर्दनम् ॥ ९५ ॥

पञ्चम गुरु मित्र, वस्त्र, धन, लाभ करता है शुक्र पुत्र, धन, लाभ बुध सुवर्ण भूषण, सूर्य पुत्रसम्बन्धी कष्ट, चन्द्रमा कलह, मंगल विरोध, शनि काम विनाशकारक होता हैं ॥ ९४-९५ ॥

षष्ठस्थानगते सूर्ये पूजा सम्पद्यते नृपात् ।
चन्द्रे पुष्टिः कुजे प्राप्तिः सौरे शत्रुबलक्षयः ॥ ९६ ॥
गुरौ चार्थोदयः प्रोक्तो भृगौ विद्यागमो भवेत ।
मानज्ञानस्य कौशल्यं नक्षत्रपतिनन्दने ॥ ९७ ॥

षष्ठ सूर्य हो तो राजपूज्य चन्द्रमा से तुष्टि, मंगल से लाभ, शनि से शत्रुबल नाश, गुरु से अर्थोदय, शुक्र से विद्यागम और बुध से मानज्ञान में कुशलता ॥ ९६-९७ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

लग्नात्सप्तमगे जीवे बुधे दैत्यपुरोहिते ।
गज-वाजि-धरित्रीणां क्रमाद्भोगं विनिर्दिशेत् ॥ ९८ ॥
भास्करे कीर्तिभङ्गः स्यात्कुजे विग्रहमादिशेत् ।
चन्द्रे मन्दे युते मान्द्यं हीनाङ्गत्वं भयं तथा ॥ ९९ ॥

सप्तम गुरु से हाथी, बुध से घोड़ा, शुक्र से भूमियोग, सूर्य से कीर्तिभंग, मंगल से विद्रोह,चन्द्रमा और शनि से अंग-भंग,भय जड़ता होती है ॥९८-९९॥

निधनस्थे सहस्रांशौ शत्रुता विपदः सदा ।
हानिः शीतमयूखे च मङ्गले रविजे भयम् ॥ १०० ॥
बुधे मानधनप्राप्तिः सुरेज्ये विजयो महान् ।
शुक्रः स्वजनतो दद्यात् सुखं पुंसां विशेषतः ॥ १०१ ॥

अष्टम सूर्य से शत्रुता, विपत्ति; चन्द्रमा से हानि, मंगल शनि से भय, बुध से मान धन की प्राप्ति वृहस्पति से महान् विजय और शुक्र से आत्मीयों से सुख होता है ॥ १००-१०१ ॥

नवमस्थानगे जीवे बुद्धिभाग्यविवर्द्धनम् ।
बुधे विविधभोगाप्तिः शुक्रे मन्दोदयो भवेत् ॥ १०२ ॥
चन्द्रे धातुक्षयः प्रोक्तो धर्महानिश्च भास्करे ।
कुजे सामर्थ्यहानिः स्याद्रविजे कामदूषणम् ॥ १०३ ॥

नवम वृहस्पति बुद्धि और भाग्यवृद्धि बुध विविध भोग, शुक्र से सामान्य भाग्यादेय, चन्द्रमा से धातु क्षीणता, सूर्य से धर्म हानि मंगल से शक्ति हानि शनि से काम दोष होता है ॥ १०२-१०३ ॥

दशमस्थानगे शुक्रे शयनासनसिद्धयः ।
सुराचार्ये महत्सौख्यं विजयश्च तथा बुधे ॥ १०४ ॥
मार्तण्डे धनवृद्धिश्च चन्द्रे कोषविवर्धनम् ।
भौमे बलं सदा पुंसां शनौ कीर्तिविलोपनम् ॥ १०५ ॥
लाभस्थानगताः सर्वे प्रयच्छन्ति शुभं फलम् ।
व्यये सर्वे सदौदास्यं प्रदिशन्ति विशेषतः ॥ १०६ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

दशम शुक्र से शयन-आसन की वृद्धि, गुरु से सौख्य, बुध से विजय, सूर्य से

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

धन वृद्धि, चन्द्रमा से खजाना की वृद्धि, मंगल से बल प्राप्ति, शनि से कीर्ति नाश, एकादश स्थान में सभी ग्रह विशेष शुभ फल देते हैं। द्वादश स्थान में सभी ग्रह उदासीनता देते हैं ॥ १०४-१०६ ॥

श्लोक ८१ से १०० तक का अर्थ इस चक्र में देखें—

ग्रहाः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	वृहस्पति	शुक्र	शनि
१ तनु	वज्रपात	कोशहानि	मृत्यु	सामर्थ्यं	त्रिवर्ग	पुत्रलाभ	दारिद्र
२ धन	हानि	शत्रुक्षय	बन्धन	धनसंपत्	धर्मलाभ	विनोद	अतिकष्ट
३ भ्राता	अतिशुभ	शुभ	अतिशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अतिशुभ
४ सुहृत्	महालाभ	वुद्धिनाश	मित्रभेद	लाभ	एजमान्य	भूमिलाभ	मित्रवियोग
५ पुत्र	पुत्रकष्ट	कलह	कार्यनाश	स्वर्णलाभ	मित्रलाभ	पुत्रलाभ	कामनाष
६ रिपु	राजपूजा	पुष्टि	लाभ	मान मान	धन लाभ	विद्यालाभ	शत्रुहानि
७ स्त्री	कीर्तिभंग	रोग	विग्रह	हयलाभ	गजलाभ	भूमिलाभ	नानाभय
८ मृत्यु	शत्रुपीड़ा	हानि	भग	सम्मानलाभ	विजय	स्वजनसु०	भय
९ धर्म	धर्मनाश	धातुक्षय	शक्तिनाश	नानाभोग	भाग्याद्विवृ	मन्दोदय	कर्मदोष
१० कर्म	धनवृद्धि	कोशवृद्धि	बलवृद्धि	विजय	महासुख	शय्यासुख	कीर्तिनाश
११ आय	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ
१२ व्यय	उदासीन	उदासीन	उदासीन	उदासीन	उदासीन	उदासीन	उदासीन

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

ग्रहवशाद् गृहलक्षणानि—

स्वोच्चे शुक्रे लग्नगे वा गुरौ वेश्मगतेऽथवा ।
शनौ स्वोच्चे लाभगे वा लक्ष्म्यायुक्तं चिरं गृहम् ।। १०७ ।।
शत्रुक्षेत्रगतः खेटैः नीचस्थैर्वा पराजितैः ।
प्रारम्भे यस्य भवने लक्ष्मीस्तस्य विनश्यति ।। १०८ ।।
द्यूनाम्बरे यदैकोऽपि परांशस्थो ग्रहो गृहम् ।
अब्दान्तः परहस्तस्थं कुर्याच्चेद्वर्णपोऽबलः ।। १०९ ।।

अपने उच्च का शुक्र लग्न में अथवा वृहस्पति चतुर्थ में अथवा अपने उच्च का शनि एकादश मे हो तो वह गृह चिरकाल लक्ष्मीयुक्त रहता है ।। १०७ ।।

यदि तीन से अधिक ग्रह शत्रु क्षेत्र में या नीचस्थ हो अथवा अन्य ग्रहों से पराजित हो ऐसे समय मे यदि गृहनिर्माण किया जाता है तो वह लक्ष्मीहीन होता है ।। १०८ ।।

अथवा यदि वर्णपति निर्बल हो और सातवें या दसवें भाव में स्थित कोई ग्रह शत्रु के अंश में हो तो वह गृह एक वर्ष के भीतर ही दूसरे के हाथ में चला जाता है ।। १०९ ।।

पुष्यध्रवेन्दुहरिसर्पजलैस्सजीवै-
स्तद्वासरेण च कृतं सुतराज्यदं स्यात् ।
द्वीशाश्वितक्षवसुपाशिशिवैः सशुक्रे
वारे सितस्य च गृहं धनधान्यदं स्यात् ।। ११० ।।

पुष्य, उत्तराषाढा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपदा, रोहिणी, मृगशिरा, श्रवण, आश्लेषा, पूर्वाषाढा ये नक्षत्र वृहस्पति से युक्त होकर रहे और गुरुवार हो तो उसमें बनाया हुआ गृह पुत्र और राज्यदायक होता है। विशाखा, अश्विनी, चित्रा, धनिष्ठा, शतभिषा और आर्द्रा ये नक्षत्र शुक्र से युक्त होकर रहें और शुक्र का ही दिन हो तो निर्णय किया हुआ गृह धन तथा धान्य को देता है। इसी वाक्य के अनुसार और भी वचन हैं ।। ११० ।।

नारदमते—

श्रवणाषाढयोश्चैव रोहिण्यां चोत्तरात्रये ।
गुरुवारे कृतं वेश्म राजयोग्यमिहोच्यते ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

सारैः करेज्यान्त्यमघाम्बुमूलैः
कौजेह्नि वेश्माग्निसुतार्तिदं स्यात् ।
सज्ञैः कदास्त्रार्यमतक्षहस्तैः
ज्ञस्यैववारे सुखपुत्रदं स्यात् ॥ १११ ॥

हस्त, पुष्य, रेवती, मघा, पूर्वाषाढा और मूल ये नक्षत्र मंगल से युक्त होकर रहें और उस दिन मंगलवार भी हो तो वह गृह अग्निदाह और पुत्र नाश का कारण होता है। और रोहिणी, अश्विनी, उत्तराफाल्गुनी, चित्रा, हस्त ये नक्षत्र बुध युक्त हों तथा उस दिन बुधवार भी हो तो वह गृह सुख एवं पुत्रदायक होता है ॥ १११ ॥

अजैकपादहिर्बुध्न्यशक्रमित्रानिलान्तकैः ।
स मन्दैर्मन्दवारेस्याद्रक्षोभूतयुतं गृहम् ॥ ११२ ॥

पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, ज्येष्ठा, अनुराधा, स्वाती, भरणी में से किसी नक्षत्र का शनि हो उस दिन शनिवार भी हो तो वह गृह राक्षस एवं भूतों से युक्त रहता है ॥ ११२ ॥

तद्गृहे जातपुत्रस्य राज्यं भवति निश्चितम् ।
नारदस्य मतं ह्येतन्नात्र कार्या विचारणा ॥

वसिष्ठमते—

इज्योत्तरात्रयाहीन्दु-विष्णुधातृ-जलोडुषु ।
गुरुणा सहितेष्वेषु कृतं गेहं श्रियायुतम् ॥
अश्विनीशततारासु विशाखाभाद्रचित्रके ।
धनिष्ठादितिसंयुक्ते तथा वै शुक्रवासरे ॥
गृहं नाटकशालाख्यं देवागारं कृतं शुभम् ।
तद्वेश्मनि प्रजातस्तु कुबेरसदृशो भवेत् ॥

नारदमते—

मूलं च रेवती चैव कृत्तिकाषाढमेव च ।
पूर्वाफाल्गुनिहस्तश्च मघाचैव तु सप्तके ॥
एषु भौमेन युक्तेषु वारे तस्यैव वेश्म यत् ।
अग्निना दह्यते कृत्स्नं पुत्रनाशश्च जायते ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गृहेशतत्स्त्रीसुखवित्तनाशोऽर्केन्द्वीज्यशुक्रे विबलेऽस्तनीचे ।
कर्तुः स्थितिर्नोविधुवास्तुनोर्भे पुरःस्थिते पृष्ठगते खनिः स्यात् ॥ ११३ ॥

सूर्य, चन्द्र, गुरु, शुक्र ग्रहों में से कोई ग्रह यदि निर्बल, अस्तंगत, या नीच स्थान स्थित हो तो क्रम से गृहेश गृहपति की स्त्री, सुख, धन का नाश करता है। चन्द्रमा और गृह का नक्षत्र ये दोनों यदि आगे हों तो गृहकर्ता उसमें निवास नहीं कर सकता। उक्त दोनों नक्षत्र यदि पीछे हों तो चोरी, सेंध आदि का भय होता है ॥ ११३ ॥

ब्रह्मशम्भुमते—

गृहायलब्धऋक्षेषु यत्र ऋक्षे च चन्द्रमा ।
शलाकासप्तकं देयं कृत्तिकादिक्रमेण च ॥ ११४ ॥
वामदक्षिणभागे तु प्रशस्तं शांतिकारकम् ।
अग्रे पृष्ठे न दातव्यं यदीच्छेच्छ्रेयमात्मनः ॥ ११५ ॥

वसिष्ठमते—

हस्तार्यमत्वाष्ट्रदस्रचतुरास्येन्दुभेषु च ।
बुधेन सहितेष्वेषु धनपुत्रसुखोद्भवः ॥

वसिष्ठमते—

अजपादद्वितये याम्यमित्रेन्द्रानिलभेषु च ।
यत्कृतं शनिसंयुक्ते दह्यते यक्षराक्षसैः ॥

नारदमते—

ज्येष्ठानुराधके चैव भरणीस्वातिपूर्वभे ।
धनिष्ठास्वपि ऋक्षेषु शनिस्तिष्ठेद्दिनस्य च ॥
कृपणो नामतः प्रोक्तो धनधान्यादिके गृहे ।
पुत्रो जातोऽथवा तस्मिन्गृह्यते यक्षराक्षसैः ॥

श्रीपतिमते—

रवौ गृहेशो गृहिणो शशाङ्के धनं सिते देवगुरौ च सौख्यम् ।
विनाशमायान्ति बलेन हीने नीचस्थिते वास्तमुपागते वा ॥

वसिष्ठमते—

नीचे शत्रुगते जीवे शुक्रे वा यदि वा बुधे ।
शशाङ्के वा ...

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गृहपिण्ड द्वारा प्राप्त नक्षत्र और चन्द्रनक्षत्र ये दोनों यदि वाम या दक्षिण हों तो शुभ होता है। और आगे पीछे अशुभ, अतः अपना कल्याण चाहने वाले व्यक्ति को इसका विचार अवश्य कर लेना चाहिये ॥ ११४-११५ ॥

भृगुमते सप्तशलाकाचक्रम्—

चक्रे सप्तशलाकाख्ये कृत्तिकादीनि विन्यसेत् ।
ऋक्षं चन्द्रस्य वास्तोश्च पुरः पृष्ठे च नो शुभम् ॥ ११६ ॥

उक्त चक्र में कृत्तिका से सात-सात नक्षत्र पूर्व आदि दिशाओं में दिये जाते हैं। इसका बिचार इस प्रकार है, यदि वास्तु चन्द्रमा का नक्षत्र आगे या पीछे हो तो शुभ नहीं होता हैं ॥ ११६ ॥

सप्तशलाकाचक्रम्



वक्तव्य—कृत्तिका से आश्लेषा तक पूर्वदिशा के, मघा से विशाखा तक दक्षिण दिशा के अनुराधा से श्रवण तक पश्चिम दिशा के और धनिष्ठा से भरणी तक उत्तर दिशा के नक्षत्र हैं। यदि वास्तु का नक्षत्र पूर्व दिशा के

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

नक्षत्रों में हो तो पश्चिम दिशा के नक्षत्रों में गृहारम्भ अशुभ होता है। यदि पश्चिम दिशा के किसी नक्षत्र में वास्तु नक्षत्र हो तो पूर्व दिशा के नक्षत्रों में अशुभ होता है। इसके विपरीत पूर्व का हो तो उत्तर में और पश्चिम का हो तो दक्षिण में शुभ होता है।

गृहारम्भे निषिद्धयोगाः—

वज्रव्याघातशूलेषु व्यतीपातातिगण्डयोः।
विष्कम्भगण्डपरिघे चाष्टयोगे न कारयेत् ॥ ११७ ॥

वज्र, व्याघात, शूल, व्यतीपात, अतिगण्ड, विष्कुम्भ, गण्ड, परिघ इन आठ योगों में गृहारम्भ का निषेध किया गया है ॥ ११७ ॥

लग्नं कर्कटमाश्रिते हिमकरे देवार्चिते केन्द्रगे।
लक्ष्मीवद्भवनं खगैश्च सुहृदः स्वांशोच्चभागैस्तथा ॥
नीचांशैरपि निर्धनं तु खचरो ह्येकः परांशस्थितः।
यामित्रे दशमेऽब्दमध्यत इदं गेहं परैर्नीयते ॥ ११८ ॥

कर्क लग्न में चन्द्रमा, केन्द्र में बृहस्पति शेष ग्रह अपने मित्र अथवा उच्च अंश में हो तो ऐसे समय में बनाया हुआ गृह लक्ष्मी से युक्त होता है। यदि गृहनिर्माण काल में ग्रह नीच राशि में स्थित हों तो निर्धनता होती है, एक भी ग्रह दशम या सप्तम में होकर शत्रु के अंश में हो तो उस गृह में वर्षभर में दूसरों का अधिकार हो जाता है ॥ ११८ ॥

भृगुर्विलग्ने यदि मीनसंस्थः कर्के गुरुस्तुर्यगृहं गतश्चेत्।
शनिस्तथैकादशगस्तुलायां गेहं चिरं श्रीसहितं तदा स्यात् ॥ ११९ ॥

मीन राशि में स्थित शुक्र यदि लग्न में हो या कर्क का बृहस्पति चौथे स्थान में स्थित हो अथवा तुला का शनि ग्यारहवें हो तो वह घर सदा धन युक्त रहता है ॥ ११९ ॥

वास्तुचक्रम्—

सूर्यभाद्गणयेद्वास्तुचक्रं च दिनभावधि।
अश्व-रुद्र-दशार्कांश्च ह्यशुभं शुभदं क्रमात् ॥ १२० ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वास्तु चक्र में सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनें, पहले ७ नक्षत्र अशुभ अगले ११ नक्षत्र शुभ, अन्तिम १० नक्षत्र अशुभ होते हैं ॥ १२० ॥

रामदैवज्ञमते वृषवास्तुचक्रम्—

त्रिवेदवेदाग्नियुगाग्निवेदत्रिकेषु भानोः शशिभं गृहेषु ।
दाहो विनाशः स्थिरताधनश्रीः शूलञ्च दारिद्र्यमृती क्रमेण ॥१२१॥

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनें, यदि प्रथम ३ नक्षत्रों में गृहारम्भ का नक्षत्र हो तो दाह ४ नक्षत्रों में विनाश, ४ नक्षत्रों में स्थिरता, ३ नक्षत्रों में धनलाभ, ४ नक्षत्रों में लक्ष्मी प्राप्ति, ३ नक्षत्रों में शून्यता, ४ नक्षत्रों में दरिद्रता और ३ नक्षत्रों में मृत्यु होती है । इसका नाम वृषवास्तु-चक्र हैं, अतः उक्त नक्षत्रों का विभाजन वृष के अंगों के रूप में चक्र में प्रदर्शित है ॥ १२१ ॥

वृषवास्तुचक्रम्

अंग	शिर	अग्रपाद	पृष्ठपाद	पृष्ठ	वामकुक्षि	दक्षकुक्षि	पुच्छ	मुख
नक्षत्र	३	४	४	३	४	३	४	३
फल	गृहदाह	विनाश	स्थिरता	धनलाभ	लक्ष्मीलाभ	शून्य	दरिद्रता	मृत्यु

राजमार्तण्डे वृषभचक्रम्—

वृषचक्रं वृषाकारं सर्वावयवसंयुतम् ।
यस्मिन्-ऋक्षे स्थितो भानुस्तत्रादौ त्रीणिमस्तके ॥ १२२ ॥
अग्रपादे च चत्वारि पुनश्चत्वारि पश्चिमे ।
पृष्ठे त्रीणि च धिष्ण्यानि कुक्षौ चत्वारि दक्षिणे ॥ १२३ ॥
पुच्छे त्रीणि च धिष्ण्यानि कुक्षौ चत्वारि वामके ।
मुखे त्रीणि च धिष्ण्यानि अष्टाविंशतितारकाः ॥ १२४ ।
शिरसा वज्रपातः स्यादुद्वेगश्चाग्रपादयोः ।
स्थिरत्वं पश्चिमे पादे पृष्ठे चैव धनागमः ॥ १२५ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

दक्षकुक्षौ जयो लाभः पुच्छे स्वामिविनाशनम् ।
वामकुक्षौ च दारिद्र्यं मुखे पीडा निरन्तरम् ॥ १२६ ॥

सूर्यभात्तु त्यजेत्सप्त ततश्चैकादशे धनम् ।
ततोऽन्यभेषु दुष्टं स्यादिति वास्तुनिकीर्तनम् ॥ १२७ ॥

सम्पूर्ण अंगों वाले वृषभ के शरीरमें सूर्य नक्षत्र से चक्र के अनुसार नक्षत्र रखें और फल समझें। संक्षेप में प्रारम्भ के ७ नक्षत्र अशुभ बीच के ११ शुभ शेष त्याज्य होते हैं। विशेष चक्र द्वारा समझें—॥ १२२-१२७ ॥

गृहारम्भेवत्सचक्रम्
सूर्यनक्षत्राद्गणना साभिजित्

स्थानानि	न०	फलानि
शीर्षे	३	अग्निभयं दाहः
अग्रपादे	४	शून्यमसत्
पृष्ठपादे	४	स्थिरता।
पृष्ठे	३	लक्ष्मीप्राप्तिः
दक्षिण कुक्षौ	४	लाभः सत्
पुच्छे	३	स्वामिनाशः
वाम कुक्षौ	४	निर्धनता
मुखे	३	पीडा असत्

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वृष भचक्रम्

अंग	शिर	अग्रपाद	पृष्ठपाद	पृष्ठ	दक्षकुक्षि	वामकुक्षि	पुच्छ	मुख
नक्षत्र	३	४	४	३	४	४	३	३
फल	गृहदाह	वज्रपात	स्थिरता	धनागम	जयलाभ	दरिद्रता	स्वामि-नाश	पीडा

वास्तुपुरुषस्य स्थितिनिर्णयः—

सवेदास्तिथयोद्विघ्ना नामाक्षरसमन्विताः ।
त्रिभिश्चैव हरेद्भागं शेषः पुरुष उच्यते ।। १२८ ।।
एके च वसतिः स्वर्गे द्वाभ्यां पातालमेव च ।
शून्ये तु मृत्युलोके स्यादितिपाराशरोऽब्रवीत् ।। १२९ ।।
स्वर्गवासे भवेल्लाभः पातालेषु श्रियः सदा ।
मृत्युलोके भवेन्मृत्युर्विचिन्त्य गृहमारभेत् ।। १३० ।।

पराशर मुनि के मत से—वर्तमान तिथि में ४ मिलाकर उस संख्या को दूना करें उसमें गृहपति के नाम के अक्षरों की संख्या को जोड़ कर ३ का भाग दें १ शेष में स्वर्ग, २ में पाताल शून्य शेष में मृत्युलोक में वास्तुपुरुष का वास समझें ।। १२८-१३० ।।

प्रकारान्तरेण शिल्पशास्त्रे विचारः—

वास्तोः शिरसि पुच्छे च याम्यकुक्षौ च पृष्ठतः ।
आयुः कामखनेत्रैव वामकुक्षौ खनिः शुभा ।। १३१ ।।

रामदैवज्ञमते—

गेहाद्यारम्भेऽर्कभाद्वत्सशीर्षे रामैर्दाहोवेदभैरग्रपादे ।
शून्य वेदैः पृष्ठपादे स्थिरत्वं रामैः पृष्ठे श्रीयुगैर्दक्षकुक्षौ ।।
लाभो रामैः पुच्छगैः स्वामिनाशो वेदैर्नैस्व्यं वामकुक्षौ मुखस्थैः ।
रामैः पीडा सततं [illegible] ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वास्तु पुरुष के शिर, पुच्छ, दक्षिणकुक्षि और पृष्ठ भाग में दीर्घायु की कामना वाले पुरुष को खात (गड्ढा) नहीं बनाना चाहिये, अतः वामकुक्षि में खात शुभ होता है ॥ १३१ ॥

आचार्य लल्लमते—

त्यजेद्दशशिरोभागे ह्यग्रे सप्तदशांशकान् ।
मध्ये नाभिं विजानीयात्तत्र शङ्कुं निवेशयेत् ॥ १३२ ॥
अस्थिरस्य शिरो यत्र वास्तोस्तद्गणयेज्जरैः ।
दैर्ध्यं वा विस्तृतिं चैव कृत्वाष्टाश्विमितांशकान् ॥ १३३ ॥

वास्तुपुरुष को २८ भागों में बांटें, १० भाग शिर की ओर १७ भाग पुच्छ की ओर छोड़ दे, अवशिष्ट भाग में शंकुन्यास करें ॥ १३२-१३३ ॥

ज्योतिःप्रकाशे कूर्मचक्रम्—

तिथिस्तु पञ्चगुणिता कृत्तिकाद्यर्क्षसंयुता ।
तथा द्वादशमिश्राश्च नवमाङ्केन भाजिता ॥ १३४ ॥
जले वेदामुनिश्चन्द्रस्थले पञ्चद्वयं वसु ।
त्रिषष्ठनवचाकाशे त्रिविधं कूर्मलक्षणम् ॥ १३५ ॥
जले लाभस्तथा प्रोक्तः स्थले हानिस्तथैव च ।
आकाशे मरणं प्रोक्तमिदं कूर्मस्य चक्रकम् ॥ १३६ ॥

तिथि को ५ से गुणाकर कृत्ति का आदि (सप्तशलाका चक्र के अनुसार) नक्षत्र संख्या को जोड़कर उसमें १२ और जोड दें इसमें ९ का भाग दें, यदि १, ४, ७, शेष बचे तो जल में, २, ५, ८, शेष बचे तो स्थल में, ३, ६, ९ शेष बचे तो आकाश में कूर्म का निवास होता है। इनका फल—जल में लाभ, स्थल में हानि, आकाश मरण होता है ॥ १३४-१३६ ॥

शङ्कुलक्षणनिर्देशः—

स्याच्चतुर्विंशविंशाष्टिद्वादशाङ्गुलकैः क्रमात् ।
विप्रादीनां शङ्कुमानं स्वर्णवस्त्राद्यलंकृतम् ॥ १३७ ॥
खदिरार्जुनशालोत्थयुगपत्रतरूद्भवम् ।
रक्तचन्दनपालाशरक्तशालविशालजम् ॥ १३८ ॥
निम्बकारञ्जकुटजं वैणवं विल्ववृक्षजम् ।
शङ्कुं त्रिधा विभज्यादौ चतुरस्रं ततः परम् ॥ १३९ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अष्टास्त्रं च तृतीयांशमजस्त्रमृज्ववर्णकम् ।
एवं लक्षणसंयुक्तं परिकल्प्यं शुभे दिने ।। १४० ।।

ब्राह्मणादि वर्णों के क्रम से २४, २०, १६, १२ अंगुल का खैर, अर्जुन, शाल, नीम, करंज, कुटज तथा बेल की लकड़ी का शंकु बनाकर उसको सुवर्ण, वस्त्र आदि से विभूषित करें। तदनन्तर शंकु को तीन भागों में विभाजित कर चारकोण, आठकोण अथवा गोल या सीधा शंकु निर्माण करे ।।१३७-१४०।।

मण्डलेशानयनविचारः—

स्वामिहस्तप्रमाणेन दीर्घंविस्तारसंयुतः ।
द्विगुणश्चाष्टभिर्भक्तो मण्डलाधिप उच्यते ।। १४१ ।।
इन्द्रो विष्णुर्यमोवायुः कुबेरो धूर्जटिस्तथा ।
विधाता विघ्नराजश्च मण्डलेशाः प्रकीर्तिताः ।। १४२ ।।
इन्द्रः सौख्यं यशो विष्णुर्यमो दुःखं निरन्तरम् ।
वायुरुत्पाटनं चैव कुबेरो धनदस्तथा ।। १४३ ।।
धूर्जटिः कलहं नित्यं धाता सौख्यप्रवृद्धिदम् ।
सर्वंसिद्धि गणाधीशः फलमुक्तं विचक्षणैः ।। १४४ ।।

गृहस्वामी के हाथ से लम्बाई-चौड़ाई की नाप को गुणा करके उसको पुनः २ से गुणा करें, इसमें ८ का भाग दें शेष क्रम से मण्डलेश होंगे, यथा—१ शेष में इन्द्र, २ में विष्णु, ३ में यम, ४ में वायु, ५ में कुबेर, ६ में शिव, ७ में ब्रह्मा, ८ में गणेश ।। १४१-१४२ ।।

इनका फल-इन्द्र-सौख्य, विष्णु-यश, यम-दुःख, वायु-उत्पादन, कुबेर-धनलाभ, शिव-कलह, ब्रह्मा-सुखवृद्धि और गणेश-सबप्रकार की सिद्धि देते हैं ।। १४३-१४४ ।।

मण्डलेशफलचक्रम्

शेष सं०	१	२	३	४	५	६	७	८
मण्डलेश	इन्द्र	विष्णु	यम	वायु	कुबेर	शिव	ब्रह्मा	गणेश
फल	सौख्य	यश	दुःख	उत्पादन	धनलाभ	कलह	सुखलाभ	सर्वसिद्धि

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वास्तुक्षेत्रादवाक्प्रत्यग्दिशि नैव गृहं रचेत् ।
उत्तरस्यान्तु पूर्वस्यां गृहात्सवं गृहं रचेत् ॥ १४५ ॥
सङ्गोच्चाद्द्विगुणाधिकान्तरभुवि प्रत्यक् तथा दक्षिणे
गेहं चाशुरचेच्छुभाय भवनं सत्कर्मणां सिद्धये ।
माण्डव्यादि मुनीन्द्रगर्गप्रभवा एवं वदन्तीति च
संशोध्यैव गृहं रचेच्छुभदिने भव्यादि कर्माखिले ॥ १४६ ॥

पहले घर से दक्षिण और पश्चिम दिशा में गृहनिर्माण न करें। इसकेलिये उत्तर एवं पूर्व दिशा शुभ होती है। यदि दक्षिण-पश्चिम की ओर घर बनाना हो तो पहले घर की ऊँचाई से दूना पश्चिम या दक्षिण हटकर घर बनायें। इसी का समर्थन माण्डव्य, गर्ग प्रभृति मुनि करते हैं। इस प्रकार संशोधन करके बनाया हुआ घर सुख-शान्तिदायक होता है ॥ १४५-१४६ ॥

अजिरानयनप्रकारस्तत्फलञ्च—

दीर्घविस्तार संख्यैक्ये चन्द्रैश्च गुणिते तथा ।
नवभिस्तुहरेद्भागं शेषमाजिरमुच्यते ॥ १४७ ॥
दाता विचक्षणो भीरुः कलहो नृपदानवौ ।
क्लोवश्चौरो धनी चेति नामतुल्यं फलं स्मृतम् ॥ १४८ ॥

गृहकर्ता के हाथ से लम्बाई-चौड़ाई की नाप को गुणा करके ९ का भाग देकर जो शेष बचे उसका फल क्रमशः इस प्रकार होता हैं। यथा—१ में दाता, २ विचक्षण (बुद्धिमान्) ३ भीरु, ४ कलह, ५ राजा, ६ दानव, ७ नपुंसक, ८ धनी, अर्थात् इन शब्दों के नाम के अनुसार ही फल भी होता है ॥१४७-१४८॥

द्वारनिर्णयविचारः—

पूर्वे ब्राह्मणराशीनां वैश्यानां दक्षिणे शुभम् ।
शूद्राणां पश्चिमे द्वार नृपाणामुत्तरे मतम् ॥ १४९ ॥

ब्राह्मणराशि के लिये पूर्वद्वार क्षत्रियराशि के लिये उत्तर द्वार वैश्य राशि के लिये दक्षिणद्वार और शूद्रराशि के लिये पश्चिम द्वार शुभ हैं ॥ १४९ ॥

प्रकारान्तरेण फलम्—

तस्करभोगविचक्षणदातानृपतिनपुंसकधनदाश्च ।
दरिद्रभयदाताद्या ते कथिता नवभक्तफलं सौम्यैः ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

महेश्वरमते द्वारविचार —

सर्वद्वार इहध्वजो वरुणदिग्द्वारं च हित्वा हरिः ।
प्राग्द्वारोवृषभोगजोयम सुरेशाशामुखः स्याच्छुभः ।। १५० ।।

पूर्ववर्णित ध्वज आय को सभी दिशाओं में द्वार शुभ होता, सिंह आय को पश्चिम के अतिरिक्त अन्य द्वार शुभ होते हैं । वृष आय को पूर्वद्वार और गज आय को दक्षिण और पूर्व द्वार शुभ होते हैं ।। १५० ।।

आयवर्णदृष्ट्याद्वारविचारः

ध्वजे प्रतीच्यां मुखमग्रजाना-
मुदङ्मुखं भूमिभृतां च सिंहे ।
विशो वृषे प्राग्वदनं गजे तु
शूद्रस्य याम्यां हि समामनन्ति ।। १५१ ।।

ध्वज आय और ब्राह्मण वर्ण को पश्चिम मुख द्वार सिंह आय, क्षत्रिय वर्ण का उत्तर द्वार, वृष आय, वैश्य वर्ण को पूर्व मुख द्वार और गजआय, शूद्रजाति को दक्षिण मुख द्वार शुभ होता है ।। १५१ ।।

मार्तण्डोक्तद्वारविचारः--

पूर्वादौ त्रिषडर्थपञ्चमलवेद्वाः सव्यतोङ्कौद्धृते ।
दैर्घ्ये व्यंशसमुच्छ्रिताब्धिलवके सर्वासुदिक्षूदिता ।। १५२ ।।

गृह के दीर्घ-विस्तार के योग में ९ का भाग देकर पूर्व द्वार करना हो तो बांयी ओर से दो हिस्सा भूमि को छोड़कर तीसरे चौथे अंश में, दक्षिणाभिमुख द्वार बनाना हो तो चौथे पाँचने भाग में और उत्तराभिमुख द्वार करना हो तो चौथे पँाचवें भाग में ही द्वार की रचना करनी चाहिये ।। १५२ ।

रामदैवज्ञमते—

"ध्वजादिकाः सर्वदिशिध्वजे मुखं कार्यं हरौ पूर्वं यमोत्तरे तथा ।
प्राच्यां वृषे प्राग्यमयोगजेऽथवा पश्चिमःदुदक् पूर्व यमे द्विजादितः" ।।
ध्वजे परास्यं विप्राणां राज्ञां सिहेऽप्युदङ् मुखम् ।
गजे शूद्रस्य याम्यास्यं विशःपूर्वमुखं वृषे ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वराहमिहिरोक्तद्वारवेधफलम्—

मार्ग तरु कोण कूप स्तम्भ भ्रम विद्धमशुभदं द्वारम् ।
उच्छ्रायाद्द्विगुणमितां त्यक्त्वा भूमिं न दोषाय ।।१५३।।

मार्ग, वृक्ष, कोण, कूप, स्तम्भ, चक्र से बेधयुक्त द्वार अशुभ होता है । किन्तु द्वार की ऊँचाई से दूरी पर ये सब हों तो उक्त द.ष नहीं होते ।। १५३ ।।

विशेषफलविचारः—

रथ्या विद्धं द्वारं नाशाय कुमारदोषदं तरुणा ।
पङ्कद्वारे शोकोव्ययोऽम्बुनिःस्रा।विणिप्रोक्तः ।। १५४ ।।
कूपेनापस्मारो भवति विन।शश्च देवताविद्धे ।
स्तम्भेन स्त्रीदोषाः कुलनाशो ब्राह्मणाभिमुखे ।। १५५ ।।

वराहमिहिरमते—

दैर्घ्ये नवांशात्पदमत्रसव्याद्द्वारंशुभंप्राक्त्रिचतुर्थभागे ।
चतुर्थषष्ठे दिशि दक्षिणस्यां पश्चाच्चतुःपञ्चमके तथोदक् ।।

इसमें भी उपर्युक्त रीति के अनुसार दीर्घ विस्तार में ही द्वार करना चाहिए कोण में द्वार करना अनिष्टद होता है लिखा भी है ।

द्वारमायामतः कार्यं पुत्रपौत्रधनप्रदम् ।
विस्तारकोर्णद्वारं यद्दुःखशोकभयप्रदम् ।।

विश्वकर्मा प्रकाश में भी भित्ति के मध्य (उपरि) भाग में द्वार करना निषेध है । यथा—

भित्तिमध्ये कृतद्वारं द्रव्यधान्यविनाशनम् ।
आवहेत् कलहं शोकं नारीर्वासंप्रदूषयेत् ।।

एवं द्वार के ऊपर द्वार या सामने द्वार करना भी निषेध है, यथा—

द्वारस्योपरियद्द्वारं द्वारं द्वारस्यसम्मुखम् ।
न कार्यं व्ययदं यच्च संकटं तद्दरिद्रकृत् ।।

एवं भित्ति मध्य के शिरा आदि प्रदेशों से भी द्वार करना सर्वदा ही निषेध है । यथा—

शिरा मर्माणि वंशाश्च नालमध्यं च सर्वशः ।
विहाय वास्तुमध्यं च द्वाराणि विनिवेशयेत् ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

मार्ग से बेध युक्त गृह द्वार गृहपति का नाश करता है। वृक्ष से बेध युक्त गृह द्वार बालकों के लिये अहित कारक होता हैं, पंक विद्ध द्वार शोक करता है। जल निकलने वाले मार्ग से विद्ध द्वार धन व्यय कराता है, कुँए से विद्धद्वार अपस्मार (मृगी) रोग करता है, देव मूर्ति से विद्धद्वार विनाश कारक होता है। स्तम्भ विद्धद्वार स्त्री को दुश्चरित्र बनाता है, ब्राह्मण से विद्धद्वार कुलनाश कराता है ॥ १५४-१५५ ॥

द्वारविषयेविशेषविचारः—

उन्मादः स्वयमुद्घाटितेऽथ पिहिते स्वयं कुलविनाशः।
मानाधिके नृपभयं दस्युभयं व्यसनमेव नीचे च ॥ १५६ ॥
द्वार द्वारस्योपरि यत्तन्न शिवाय शङ्कटं यच्च।
आव्यात्तं क्षुद्भयदं कुब्जं कुलनाशनं भवति ॥ १५७ ॥
पीडाकरमतिपीडितमन्तविनतं भवेदभावाय।
वाह्यविनते प्रवासो दिग्भ्रान्ते दस्युभिः पीडा ॥ १५८ ॥

दरवाजा यदि अपने आप खुलता हो तो 'उन्माद' रोग होता है, स्वयं बन्द होता हो तो कुल नाश, प्रमाण से अधिक हो तो राजभय, प्रमाण से कम हो तो चोर भय और शारीरिक कष्ट होता है। द्वार के ऊपर द्वार शुभ नहीं होता है। मोटाई में कमद्वार भी अच्छा नहीं होता, जो अविक मोटा दरवाजा होता है वह भूख का भय कराता है। यदि टेढ़ा हो तो कुल का नाश करता है द्वार पर यदि गूलर का पेड़ लगा हो तो गृहपति को कष्ट देता है। गृह के भीतर झुका हो तो गृहपति का मरण होता है यदि बाहर की ओर झुका हो तो परदेश में निवास करता है और यदि दूसरी दिशा में झुका हो तो चोर पीड़ादायक होता है ॥ १५६-१५८ ॥

तत्र विशेषविचारः—

मूलद्वारं नान्यैर्द्वारैरभिसन्दधीत रूपद्धर्या।
घटफलपत्रप्रमथादिभिश्च तन्मङ्गलैश्चिनुयात् ॥ १५९ ॥

प्रधान द्वार की रचना जिस प्रकार की गयी हो अन्य द्वारों की भी उसी प्रकार करे और उसको कलश, श्रीफल, लता, पत्र एवं सिंह आदि के चित्रों से अलङ्कृत करना चाहिये ॥ १५९ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकारान्तरेण विचारः—

पृष्ठतः पार्श्वयोर्वापि न वेधं चिन्तयेद्बुधः ।
प्रासादे वा गृहेवापि वेधमग्रे विनिर्दिशेत् ॥ १६० ॥
प्रथमान्त्ययामवर्ज्यं द्वित्रिप्रहरसंभवा ।
छायावृक्षद्वयादीनां सदा दुःखप्रदायिनी ॥ १६१ ॥

पीछे और पार्श्व में वेध नहीं होता, दो या इससे अधिक वृक्षों की छाया पहले वाली और अन्तिम पहर को छोड़कर दूसरे और तीसरे पहर में दुःख देने होती हैं ॥ १६०-१६१ ॥

नवभागं गृहं कृत्वा पञ्चभागं तु दक्षिणे ।
त्रिभागमुत्तरे कार्यं शेषं द्वारं प्रकीर्तितम् ॥ १६२ ॥

गृह के जिस भाग में द्वार बनाना हो उस भाग की लम्बाई चौड़ाईं को जोड़ कर उसमें ९ का भाग देना चाहिये । उसमें ५ भाग दक्षिण और ३ भाग उत्तर को छोड़ कर शेष भाग में द्वार बनाना चाहिये । मकान का दक्षिण वाम भाग घर से बाहर निकलते समय का समझे ॥ १६२ ॥

बृहत्संहितोक्तद्वाराणां शुभाशुभफलम्—

अनिलभयं स्त्रीजननं प्रभूतधनता नरेन्द्रवाल्लभ्यम् ।
क्रोधपरतानृतत्वं क्रौर्यं चौर्यञ्च पूर्वेण ॥ १६३ ॥

गृह भित्ति (दीवाल के ९ विभाग करने से प्रत्येक भित्ति में आठ-आठ द्वार होते हैं इस प्रकार चारों भित्तियों के ३२ द्वार होते है । पूर्व के ८ द्वारों का फल प्रथम शिखिद्वार से वायु भय, द्वितीय पर्जन्य द्वार से कन्या लाभ, तृतीय जयन्त द्वार से धनलाभ, चतुर्थ इन्द्रद्वार से राजप्रियता, पंचम सूर्य द्वार से क्रोध की अधिकता, षष्ठ सत्य द्वार से असत्यता, सप्तम भृशद्वार से क्रूरता और अष्टम अन्तरिक्ष द्वार से चौर भय होता है ॥ १६३ ॥

वास्तुरत्नावल्याम्

दक्षिणाङ्गः स वै प्रोक्तो मन्दिरान्निःसृते सति ।
यो भूयाद्दक्षिणे भागे वामे भूयात्स वामगः ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अल्पसुतत्वं प्रैष्यं नीचत्वं भक्ष्यपानसुतवृद्धिः।
रौद्रं कृतघ्नमधनं सुतवीर्यघ्नं च याम्येन॥ १६४॥

दक्षिण के ८ द्वारों का फल—प्रथम अनिल द्वार से पुत्रों कीं संख्या में कमी द्वितीय पौष्ण द्वार से दासवृत्ति, तृतीय वितघद्वार से नीचता, चतुर्थ वृहत्क्षत द्वार से भक्ष्यपान, पुत्र वृद्धि, पञ्चम याम्य द्वार से अशुभ, षष्ठ गन्धर्वद्वार से कृतघ्न, सप्तम भृङ्गराज द्वार से धन हीनता और अष्टम मृगद्वार से बलनाश होता है॥ १६४॥

सुतपीडारिपुवृद्धिर्नसुतधनाप्तिः सुतार्थफलसम्पत्।
धनसम्पन्नृपतिभयं धनक्षयो रोग इत्यपरे॥ १६५॥

पश्चिम के ८ द्वारों का फल—प्रथम पितृद्वार से पुत्र कष्ट, द्वितीय दौवारिक द्वार से शत्रुवृद्धि, तृतीय सुग्रीव द्वार से धन, पुत्र हानि, चतुर्थ कुसुमदन्त द्वार से पुत्र धन फल की प्राप्ति, पञ्चम वरुण द्वार से धन—सम्पत्ति, षष्ठ असुर द्वार से राजभय, सप्तम शोष द्वार से धन नाश, और अष्टम पापयक्ष्मा द्वार से रोग भय होता है॥ १६५॥

वधबन्धो रिपुवृद्धिः सुतधनलाभः समस्तगुणसम्पत्।
पुत्रधनाप्तिर्वैरं सुतेन दोषाः स्त्रिया नैःस्वम्॥ १६६॥

उत्तर के ८ द्वारों का फल—प्रथम रोग द्वार से बध-बन्धन, द्वितीय सार्प द्वार से रिपुवृद्धि तृतीय मुख्य द्वार से पुत्र-धघ लाभ, चतुर्थ भल्लाट द्वार से सद् गुण-सम्पत्ति, पञ्चम सौम्य द्वार से पुत्र—धन लाभ, षष्ठ भुजंग द्वार से पुत्रबैर सप्तम आदित्य द्वार से स्त्रीजन्म दोष और अष्टम दिति द्वार से निर्धनता होती है॥ १६६॥

पूर्व वाक्यों को स्पष्ट करने के लिये ये वचन हैं यथा—

पूर्वाण्यैशान्यां याम्याग्नेय्यांदक्षिणानिजानीयात्।
द्वाराणि नैर्ऋतात् पश्चिमान्युदक्स्थानि वायव्याम्॥
आग्नेयमग्निभयदं पार्जन्यस्त्रीप्रसूतिदं द्वारम्।
प्रचुर धनद जयन्तं नृपवल्लभमैन्द्र माहेन्द्रम्॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

रामदैवज्ञमते द्वारचक्रम्—

सूर्यर्क्षाद्युगभैः शिरस्यथ फलं लक्ष्मीस्ततः कोणभै-
र्नागैरुद्वसनं ततो गजमितैः शाखासु सौख्यं भवेत् ।
देहल्यां गुणभैर्मृतिर्गृहपतेर्मध्यस्थितैर्वेदभैः
सौख्यं चक्रमिदं विलोक्य सुधिया द्वारं विधेयं शुभम् ॥१६७॥

सूर्य के नक्षत्र से द्वारचक्र का विचार करे द्वार निर्माण करने से लक्ष्मी प्राप्ति, ८ नक्षत्र कोण में दें इनसे उद्वास (परदेश जाने की इच्छा) ८ नक्षत्र शाखा में दे इनसे सुख फिर ३ नक्षत्र देहली में दें, इममें गृहपति की मृत्यु, ४ नक्षत्र बीच में दें इनमें सुख प्राप्ति होता है । इस चक्र के अनुसार द्वार निर्माण शुभ होता है ॥ १६७ ॥

शौर्ये क्रोधः प्रचुरः सत्येऽनृतवादितं भृशे क्रौर्यम् ।
चौर्ये तथान्तरिक्षे प्राग्द्वाराणि प्रविष्टानि ॥

वायव्येऽल्पसुतत्वं प्रैष्यं पौष्णेऽथ नीचता वितथे ।
वह्वन्नपानपुत्र वृहत्क्षते याम्य अपि रौद्रम् ॥

गान्धर्वे गन्धत्वं नृपचौर्यभयाय भृङ्गराजाख्यम् ।
मृगमपि सुतवीर्यघ्नं दक्षिणतो द्वारनिर्देशः ॥

पित्र्ये शरीरपीडा दौवारिक संज्ञिते च रिपुवृद्धिः ।
सुग्रीवे धनहानिः पुत्रधनाढ्यं कुसुमदन्तम् ॥

वारुणमर्थ निचयद नृपभयदं वासुरं विनिर्दिष्टम् ।
शोषं धनहानिकरं वहुरोगं पापयक्ष्माख्यम् ॥

रोगमुखं वधवन्धदमात्मजवैराभिवृद्धिदं नागम् ।
मुख्यं धनसुतवृद्धिदमनेककल्याणदं च भल्लाटम् ॥

सौम्यं धनपुत्रकरं भौजङ्गे पुत्रवैररिपुवृद्धिः ।
अदितौ स्त्रीदोषाः स्युर्दितौ धनं संक्षयं याति ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वारस्थापने शुभनक्षत्राणि—

द्वारस्थापननक्षत्राण्युच्यन्तेऽश्विनि चोत्तराः ।
स्वातौ पूष्णि च रोहिण्यां द्वारशाखावरोपणम् ॥ १६८ ॥

अश्विनी, तीनों उत्तरा, स्वाती, रोहिणी ये नक्षत्र द्वारस्थापन के लिये शुभ होते है ॥ १६८ ॥

द्वारस्थापने तिथिविचारः—

पञ्चमी धनदा चैव मुनिनन्दवसौ शुभम् ।
प्रतिपत्सु न कर्त्तव्यं कृते दुःखमवाप्नुयात् ॥ १६९ ॥
द्वितीयायां द्रव्यहानिः पशुपुत्रविनाशनम् ।
तृतीया रोगदा ज्ञेया चतुर्थी भङ्गकारिणी ॥ १७० ॥

मतान्तरे—

सूर्यक्षाद्युगनागाष्टगुणवेदैः शुभाशुभम् ।
शिरःकोणद्वारशाखां देहलीमध्यगैः क्रमात् ॥

यथा ज्योतिर्निबन्धे—

द्वारचक्रं प्रवक्ष्यामि भाषितं विश्वकर्मणा ।
सूर्यभाद्भं चतुष्कं तु शिरस्योपरि विन्यसेत् ॥

द्वे द्वे कोणे प्रदातव्ये शाखायुग्मे द्वयं द्वयम् ।
अधश्च त्रीणि देयानि वेदा मध्ये प्रतिष्ठिताः ॥

राज्यं स्यादूर्ध्वनक्षत्रे कोणेषूद्वासनं भवेत् ।
शाखायां लभते लक्ष्मीमधश्चैव मृतिं लभेत् ॥

मध्यभेषु लभेत्सौख्यं चिन्तनीयं सदा बुधैः ॥

तथाचान्यः—

दिनकर किरणाक्रान्तक्षतो द्वारचक्रे युगयुग [illegible] ।
मितमुडुगणभागं विन्यसेदूर्ध्वतोन्तर्नियममखिलदिक्कं नाप्यधः कोणमं सत् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुलक्षयं तथा षष्ठी दशमी धननाशिनी।
विरोधकृदमा पूर्णा नस्याच्छाखावरोपणम् ॥ १७१ ॥

पञ्चमी तिथि में द्वार स्थापन करने से धन लाभ, इसके अतिरिक्त सप्तमी, अष्टमी, नवमी तिथियां भी शुभ हैं। प्रतिपदा तिथि को द्वार स्थापन करने से दुःख प्राप्ति होती है, अतः यह वर्जित है। तृतीया में रोग चतुर्थ में भंग, षष्ठी में कुलनाश, दशमी में धननाश और पूर्णिमा, अमावस्या बैरकारक होती हैं ॥ १६९-१७१ ॥

तथान्यो मुहूर्त्तमुक्तावल्याम्—

भवेत्पूष्णमैत्रे च पुष्ये च शाक्रे
करे दस्रचित्रानिलौचादितौ च।
गुरुश्चन्द्रशुक्रार्कसौम्ये च वारे
तिथौ नन्दपूर्णाजयाद्वारशाखा ॥ १७२ ॥

रेवती, अनुराधा, पुष्य, ज्येष्ठा, हस्त, अश्विनी, चित्रा, स्वाती, और पुनर्वसु नक्षत्र रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्र वार तथा नन्दा जया पूर्णा तिथियां द्वार-स्थापना में शुभ होती हैं ॥ १७२ ॥

ध्रुवभे शुभवारे च स्थिरे लग्ने शुभे दिने।
द्वारं स्थाप्यं मृगं चित्र वर्गसम्पद्विवर्द्धनम् ॥ १७३ ॥
चरे स्थिरे च नक्षत्रे बुधशुक्रदिने तिथौ।
शुभे कपाटयोगः स्याद्द्विस्वभावोदये गृहे ॥ १७४ ॥

गुरु के मत से ध्रुव नक्षत्र शुभ वार स्थिर लग्न शुभ तिथि में द्वार स्थापन शुभ होता हैं। उसमें भी मृगशिरा और चित्रा नक्षत्र कुल सम्पत्ति को बढ़ाने वाले हैं और चर स्थिर नक्षत्र, बुध, शुक्रवार, शुभतिथि और द्विस्वभाव लग्न मे कपाट (दरवाजा) स्थापना शुभ होता हैं ॥ १७३-१७४ ॥

माण्डव्यमते विचारः—

सूत्र-शङ्कु-शिला-द्वारगृहच्छादनपूर्वकम् ।
कार्यस्तम्भप्रतिष्ठोक्ते धिष्ण्ये वारे तिथौ तथा ॥ १७५ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

सूत्र, शंकु, शिलान्यास, द्वारस्थापन, गृहच्छादन आदि कार्य स्तम्भ प्रतिष्ठा के प्रकरण में कहे गये तिथि, वार, नक्षत्रों में शुभ होते हैं ॥ १७५ ॥

नृपादिब्राह्मणान्तानां पञ्चपञ्चगृहाणां प्रमाणानि—

उत्तमष्टाभ्यधिकं हस्तशतं नृपगृहं पृथुत्वेन ।
अष्टाष्टोनान्येवं पञ्च सपादानि दैर्घ्येण ॥ १७६ ॥

षड्भिः षड्भिर्हीना सेनापतिसद्मनां चतुषष्टिः ।
एवं पञ्च गृहाणि षड्भागसमन्विता दैर्घ्यम् ॥ १७७ ॥

षष्टिश्चतुर्भिर्हीना वेश्मानि पञ्च सचिवस्य ।
स्वाष्टांशयुतो दैर्घ्यं तदर्धतो राजमहिषीणाम् ॥ १७८ ॥

षड्भिः षड्भिश्चैवं युवराजस्यापवर्जिताऽशीति ।
त्र्यंशान्विता च दैर्घ्यं पञ्च तदर्धैस्तदनुजानाम् ॥ १७९ ॥

नृपसचिवान्तरतुल्यं सामन्तप्रवरराजपुरुषाणाम् ।
नृपयुवराजविशेषः कञ्चुकिवेश्याकलाज्ञानाम् ॥ १८० ॥

अध्यक्षाधिकृतानां सर्वेषां कोशरति तुल्यम् ।
युवराजमन्त्रिविवरं कर्मान्ताध्यक्षदूतानाम् ॥ १८१ ॥

चत्वारिंशद्धीनाम् चतुश्चतुर्भिस्तु पञ्चयावदिति ।
षड्भागयुतादैर्ध्यं दैवज्ञपुरोधसोर्भिषजः ॥ १८२ ॥

श्लोक सं० १७६ से १८२ तक का अर्थ निम्नलिखित चक्र द्वारा समझें ।

कश्यपमते—

अष्टोत्तरं हस्तशतं विस्तारान्नृपमन्दिरम् ।
कार्यं प्रधानमन्यानि तथाष्टाष्टोनितानि तु ॥
विस्तारं पादसंयुक्तं दैर्घ्यं तेषां प्रकल्पयेत् ।
एवं पञ्च नृपः कुर्याद् गृहाणां च पृथक् पृथक् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

ब्राह्मणादीनां पञ्चविधगृहनिर्माणविधानचक्रम्—

गृहपति	प्रथम		द्वितीय		तृतीय		चतुर्थ		पञ्चम		गृह
	हाथ	अंश	हाथ	अंश	हाथ	अंश	हाथ	अंश	हाथ	अंश	प्रमाण
राजा	१०८	०	१००	०	९२	०	८४	०	७६	०	विस्तार
	१३५	०	१२५	०	११५	०	१०५	०	९५	०	दीर्घता
मन्त्री	६०	०	५६	०	५२	०	४८	०	४४	०	विस्तार
	६७	१२	६३	०	५८	१२	५४	०	४९	१२	दीर्घता
युवराज	८०	०	७४	०	६८	०	६२	०	५६	०	विस्तार
	१०६	१६	९८	१६	९०	१६	८२	१६	७४	१६	दीर्घता
युवराज के अनुज	४०	०	३७	०	३४	०	३१	०	२८	०	विस्तार
	५३	८	४९	८	४५	८	४१	८	३७	८	दीर्घता
सामन्त	४८	०	४२	०	४०	०	३६	०	३२	०	विस्तार
	६७	१२	६२	०	५६	१२	५१	०	४५	१२	दीर्घता
राजमहिषी	३०	०	२८	०	२६	०	२४	०	२२	०	विस्तार
	३३	१८	३१	१२	२९	६	२७	०	२४	१८	दीर्घता
सेनापति	६४	०	५८	०	५२	०	४६	०	४०	०	विस्तार
	७४	१६	६७	१६	६०	१६	५३	१६	४६	१६	दीर्घता

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गत पृष्ठ के चक्र का शेषांश

ज्योतिषी वैद्य, पुरोहित	४०	०	३६	०	३२	०	२८	०	२४	०	विस्तार
	४६	१६	४२	०	३७	८	३२	१६	२८	०	दीर्घता
ब्राह्मण	३२	०	२८	०	२४	०	२०	०	१६	०	विस्तार
	४०	०	३५	०	३८	०	२५	०	२०	०	दीर्घता
क्षत्रिय	३५	१६	३०	८	२६	०	२१	१६	१७	८	विस्तार
	४४	१४	३७	२०	३२	१२	२६	२२	२१	१४	दीर्घता
वैश्य	३७	८	३२	१६	२८	०	२३	८	१८	१६	विस्तार
	४६	१६	४०	२०	३३	०	२९	४	२३	८	दीर्घता
शूद्र	४०	०	३५	०	३०	०	२५	०	२०	०	विस्तार
	८०	०	४३	१८	३७	१२	३१	६	२५	०	दीर्घता
कलाकार, कञ्चुकी, वेश्या	२८	०	२६	०	२४	०	२२	०	२०	०	विस्तार
	२८	८	२६	८	२४	८	२२	८	२०	८	दीर्घता
दूतादि	२०	०	१८	०	१६	०	१४	०	१२	०	विस्तार
	३९	४	३५	१६	३२	४	२८	१६	२५	४	दीर्घता

इति गृहप्रकरणम् ।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ गृहप्रवेशप्रकरणम्

वसिष्ठमते त्रिविधगृहप्रवेशः

अपूर्वसंज्ञं प्रथमप्रवेशं यात्रावसाने च स पूर्वसंज्ञम् ।
द्वन्द्वाह्वयश्चाग्निभयादिजातस्त्वेवं प्रवेशस्त्रिविधः प्रदिष्टः ॥ १ ॥

महर्षि वसिष्ठ के मत से नये गृह में प्रवेश करने को 'अपूर्वसंज्ञक' कहते हैं। यात्रा के अन्त में जो गृह प्रवेश होता है उसको 'सपूर्वप्रवेश' कहते हैं और अग्नि आदि से जलने टूटने के बाद जो घर बना हो उसमें जो प्रवेश होता है उसको 'द्वन्द्वाह्व' कहते हैं, इस प्रकार तीन प्रकार का गृहप्रवेश होता हैं ॥ १ ॥

गृहप्रवेशे समयनिर्देशः—

वधूप्रवेशो न दिवा प्रशस्तः राजप्रवेशो न निशि प्रशस्तः ।
दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः सत्कीर्तिदस्स्यात्त्रिविधः प्रवेशः ॥ २ ॥

दिन में वधूप्रवेश शुभ नहीं होता, यात्रा के अन्त में जो राजा द्वारा गृह प्रवेश होता है, वह रात्रि में शुभ नहीं है, सामान्य रूप से जो गृह प्रवेश होता हैं वह दिन और रात दोनों समय शुभ होता है ॥ २ ॥

मतान्तरे गृहप्रवेशनिर्देशः—

आदौ सौम्यायने कार्यं नवबास्तु प्रवेशनम् ।
राज्ञा यात्रानिवृत्तौ च यद्वा द्वन्द्वप्रवेशनम् ॥ ३ ॥
विधाय पूर्वदिवसे वास्तुपूजां बलिक्रियाम् ।
माघ-फाल्गुन-वैशाख-ज्येष्ठमासेषु शोभनः ॥ ४ ॥
प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्यकार्तिकमासयोः ।
प्रवेशे निर्णयः प्रोक्तः शास्त्रज्ञैः पूर्वसूरिभिः ॥ ५ ॥
गृहारम्भोदिते मासे धिष्ण्ये वारे विशेद् गृहम् ।
विशेत्सौम्यायने हर्म्यं तृणागारे तु सर्वदा ॥ ६ ॥

वसिष्ठमते—

माघेऽर्थ लाभः प्रथमप्रवेशः पुत्रार्थलाभः खलु फाल्गुने च ।
चैत्रेऽर्थहा निर्धनधान्यलाभो वैशाखमासे पशुपुत्रलाभः ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

नवीन घर में प्रवेश उत्तरायण में करना चाहिये। यात्रा निवृत्ति पर राजा का गृह प्रवेश भी उत्तरायण में शुभ होता है, द्वन्द्वात्मक प्रवेश भी उत्तरायण में ही करना चाहिये॥

पहले दिन वास्तु पूजा और बलिदान करके माघ फाल्गुन वैशाख, ज्येष्ठ में गृह प्रवेश होता है तथा कर्तिक, मार्गशीर्ष में गृह प्रवेश मध्यम होता है।

गृहारम्भ के लिये कहे गये नक्षत्र तथा वार के समय सूर्य उत्तरायण में हो तो ईंट, पत्थर मिट्टी के घर में प्रवेश करना शुभ होता है। तृणनिर्मित गृहं में कभी भी शुभ दिन वार में प्रवेश किया जा सकता है॥ ३-६॥

गृहारम्भे विशेषविचारः—

क्रूरग्रहाधिष्ठितविद्धभं च विवर्जनीयं त्रिविधप्रवेशे।
शुक्ले च पक्षे सुतरांप्रवृद्ध्यै कृष्णे च तावद्दशमींच यावत्॥ ७॥
चित्रोत्तराधातृशशाङ्कमित्रवस्वन्त्यवारोश्वरभेषु नूनम्।
आयुर्धनारोग्यसुपुत्रपौत्रसुकीर्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः॥ ८॥

जिस नक्षत्र पर पापग्रह हों और जो नक्षत्र पाप ग्रहों से विद्ध हों ये सब उपर्युक्त त्रिविध प्रवेश में त्याज्य होते हैं। निरन्तर वृद्धि के लिये शुक्ल पक्ष में प्रवेश श्रेष्ठ माना गया है। कृष्ण पक्ष में १० मी तिथि के बाद प्रवेश सर्वथा निषिद्ध है॥

चित्रा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा, अनुराधा, धनिष्ठा, रेवती, शतभिषा नक्षत्रों में त्रिविध प्रवेश करने से धन, आयु आरोग्य, पुत्र, पौत्र और वंश की वृद्धि होती हैं॥ ७-८॥

शुभयोगनिर्देशः

पौष्णे धनिष्ठास्वथ वारुणेषु स्वायंभुवर्क्षेषु त्रिषूत्तरासु।
अक्षीणचन्द्रे शुभवासरे च तिथावरिक्ते च गृहप्रवेशः॥ ९॥
शुभः प्रवेशो देवेज्यशुक्रयोर्दृश्यमानयोः।
व्यर्कारवारतिथिषु रिक्तामावर्जितेषु च॥ १०॥
वस्वीज्यान्त्येन्दुवरुणत्वाष्ट्रमित्रस्थिरोडुषु।
दिवा वा यदि वा रात्रौ प्रवेशो मंगलप्रदः॥ ११॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

रेवती, धनिष्ठा, शतभिषा, रोहिणीं, तीनों उत्तरा ये नक्षत्र हों, चन्द्रमा क्षीण न हो, रिक्ता के अतिरिक्त तिथि हो तो गृह प्रवेश शुभ होता हैं ॥

वृहस्पति एव शुक्र उदयी हों, रवि, मंगलवार, तथा रिक्ता तिथियों को छोड़ कर धनिष्ठा, पुष्य, रेवती, मृगशिरा, शतभिषा, चित्रा, अनुराधा, तीनों उत्तरा नक्षत्र हों तो ऐसें अवसर पर दिन अथवा रात्रि में प्रवेश शुभ होता हैं ॥९-११॥

लग्नविचारः—

मेषे यानं घटे व्या धर्धान्यहानिर्मृगे गृहम् ।
विशतां कर्कटे नाशः शेषलग्नेषु शोभनम् ॥ १२ ॥
निन्दिता अपि शुभांशसमेतास्तौलिमेषमकराः सकुलीराः ।
कर्तुरौपचयगाश्च विलग्ने राशयः शुभफलाश्च भवन्ति ॥ १३ ॥

मेष लग्न में गृह प्रवेश करने से सुखद, शुभ यात्रा, कुम्भ लग्न में रोग, मकर में धान्य हानि, कर्क में नाश, इनके अतिरिक्त शेष लग्न शुभ होते हैं ॥

निन्दितलग्न भी शुभ नवांशक से युक्त हों अथवा तुला मेष, मकर, कर्क, ये राशियां भी यदि गृहपति की राशि से उपचय हो कर लग्न में हों तो प्रवेश शुभ होता हैं ॥ १२-१३ ॥

लल्लमते विचारः—

व्याधिहा धनहा चैव वित्तदो वन्धुनाशकृत् ।
पुत्रहा शत्रुहा स्त्रीघ्नःप्राणाहा पिटकप्रदः ॥ १४ ॥
सिद्धिदो धनदश्चैवभवेत्तज्जन्मराशिगः ।
लग्नस्थः क्रमशो राशिर्जन्मलग्नात् प्रवेशने ॥ १५ ॥

वैद्यनाथमते—

त्र्युत्तरे रोहिणी युग्मे रेवत्यां वासवद्वये ।
पुष्ये त्वाष्ट्रद्वये मैत्रे प्रवेशोऽभिहितः करे ॥

रत्नमालायाम्—

पुष्ये धनिष्ठामृदुवायुमूलस्थिराश्विनीविष्णुजलेशहस्ते ।
एषु प्रवेशो बहुपुत्रपौत्रैश्चिरं बनेद् भूग्सिमागमैश्च ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

जन्मराशि, जन्मलग्न से द्वादशराशिगत गृह प्रवेश लग्न का फल निन्दित है—यदि जन्म की राशि लग्न प्रवेश की हो तो रोग नाश, दूसरी हो तो धन नाश, तीसरी धनद, चौथी बन्धु नाश, पांचवी पुत्र हानि, छठी शत्रु नाश, सातवीं स्त्री नाश, आठवीं प्राण नाश, नवी फोड़ा फुन्सी, दशवीं कार्य सिद्धि, ग्यारहवीं धन लाभ और बारहवीं अशुभ ॥ १४ १५ ॥

रामदैवज्ञमते लग्नादिशुद्धिः—

त्रिकोणकेन्द्रायधनत्रिगैः शुभैर्लग्नात्त्रिषष्ठायगतैश्च पापकैः ।
शुद्धाम्बुरन्ध्रे विजनुर्भमृत्यौ व्यर्करिरिक्ताचरचैत्रदर्शे ॥ १६ ॥

लग्न से त्रिकोण (३ । ९ ।) केन्द्र (१ । ४ । ७ । १०) तथा दूसरे, तीसरे शुभ ग्रहों (३ । ६ । ११ ।) मे पाप ग्रह हों ४।८ स्थान पर शुद्ध ग्रह हों और जन्म राशि या लग्न से अष्टम लग्न न हो, रवि, मंगलवार, रिक्तातिथि चरलग्न चैत्रमास और अमावस्या तिथि छोड़ कर ग्रह प्रवेश शुभ होता है ॥१६॥

वसिष्ठमते विशेषः—

कृत्वा शुक्रं पृष्ठतो वामतोऽर्कं विप्रान्पूज्यानग्रतोपूर्णकुम्भान् ।
रम्यं हर्म्यं तोरणं स्रग्वितानैः सम्यक्स्त्रीभिर्गीतवाद्यैर्विशेत्तत् ॥ १७ ॥

शुक्र को पृष्ठ भाग में और सूर्य को वाम भाग में करके ब्राह्मणों की पूजा कर पूर्ण कलश को आगे रख कर घर को तोरण, वन्दनवार, माला वितान आदि उपकरणों से सुशोभित कर स्त्रियों के मंगलगान सहित विविध वाद्यों के शब्दों को सुनता हुआ घर में प्रवेश करना उत्तम होता है ॥ १७ ॥

रामदैवज्ञमते—

अग्रेऽम्बु पूर्णकलशं द्विजांश्चकृत्वा विशेद् वेश्ममध्ये भकूटेऽथ शुद्धे ।

श्रीपतिरप्याह—

कृत्वा विप्रान् सजलकलशं चाग्रतो वामतोऽर्क-
स्नातः स्रग्वी विमलवसनो मङ्गलैर्वेदघोषैः ।
व्यस्तैः यात्राकथितशकुनैर्द्वारमार्गेणराजा-
हर्म्यं पुष्पप्रकररुचिरं तोरणाढ्यं विशेच्च ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

रामदैवज्ञमते वामरविविचारः—

वामोरविर्मृत्युसुतार्थलाभतोऽर्कें पञ्चमे प्राग्वदनादिमन्दिरे।
पूर्णातिथौ प्राग्वदने गृहे शुभो नन्दादिके याम्यजलोत्तरानने ॥ १८ ॥

पूर्वाभिमुख गृह में प्रवेश करने पर प्रवेश लग्न से जो अष्टम स्थान से पाँच राशि तक, दक्षिण मुख गृह के लिये पंचम स्थान की राशि से पाँच राशि तक, पश्चिमाभिमुख गृह के लिये द्वितीय स्थान की राशि से पाँच राशि तक और उत्तराभिमुख गृह के लिये एकादश स्थान की राशि से पाँच राशि तक सूर्य हों तो वाम रवि कहे जाते हैं ॥ १८ ॥

तथा पूर्णा (५ । १० । १५ ।) तिथि में पूर्व मुख गृह में नन्दा तिथि (१६ । ११ ।) में दक्षिण मुख गृह में, भद्रा तिथि (२ । ७ । १२) में पश्चिम मुख गृह में, और जया तिथि (३ । ८ । १३ ।) में उत्तरमुख गृह में प्रवेश शुभ होता हैं ॥ १८ ॥

गृहप्रवेशे कुम्भचक्रम्ः—

वक्त्रे सूरविभात्प्रवेशसमये कुम्भेऽग्निदाहः कृताः
प्राच्यामुद्वसनं कृतायमगताः लाभः कृताः पश्चिमे ।
श्रीर्वेदाः कलिरुत्तरे युगमिता गर्भे विनाशो गुदे
रामाः स्थैर्यमतः स्थिरत्वमनला कण्ठे भवेत्सर्वदा ॥ १९ ॥

गृहप्रवेश के समय कुम्भचक्र बना कर उसके अनुसार शुभाशुभ का निर्णय करके गृह प्रवेश करें। सूर्य के नक्षत्र से कलशचक्र के मुख में १ नक्षत्र रखें, इसमें प्रवेश करने से अग्निदाह, इसके पूर्व में ४ नक्षत्र—उद्वास (गृहपति परदेश में रहे), ४ नक्षत्र दक्षिण में लाभ, ४ नक्षत्र पश्चिम में लक्ष्मी प्राप्ति,

---

तथान्यः—

रन्ध्रात्पुत्राद्धनादायात् पञ्चस्वर्के स्थिते क्रमात् ।
पूर्वाशादिमुखं गेहं विशेद्वामो भवेद्यतः ॥

ग्रन्थान्तरे—

प्रवेशे कलशेऽर्कर्क्षात्पञ्च नागाष्टषट् क्रमात् ।
अशुभं च शुभं ज्ञेयमशुभं च शुभं तथा ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

४ नक्षत्र उत्तर में, कलह, ४ नक्षत्र गर्भ (मध्य) में गर्भ नाश, ३ नक्षत्र गुद (वेंदी) में स्थिरता और-३ नक्षत्र कण्ठ में सुस्थिरता होती है ॥ १९ ॥

गृहारम्भे कुम्भचक्रम्
सूर्यनक्षत्राद्गणना साभिजित्

स्थानानि	न०	फलानि
मुखे	१	अग्निदाहः
पूर्वे	४	उद्वसनम्
दक्षिणे	४	लाभः
पश्चिमे	४	लक्ष्मीप्राप्तिः
उत्तरे	४	कलहः
गर्भे	४	विनाशः
अधः	३	स्थिरताः
कण्ठे	३	स्थिरम्

गृहप्रवेशे निषेधः—

अकपाटमनाच्छन्नमदत्तबलिभोजनम् ।
गृहं न प्रविशेदेवं विपदामाकरं हि तत् ॥ २० ॥

बिना दरवाजा लगा, बिना छत वाला, बिना बलिदान तथा ब्राह्मण भोजन कराये हुए गृह में प्रवेश नहीं करना चाहिये, ऐसा घर विपत्तियों का घर होता है ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

गृहप्रवेशे गृहपतिकर्तव्यम्—

एवं सुलग्ने स्वगृहं प्रविश्य वितानपुष्पश्रुतिघोषयुक्तम् ।
शिल्पज्ञ-दैवज्ञ-विधिज्ञ-पौरान् राजार्चयेद्भूमिहिरण्यवस्त्रैः ॥ २१ ॥

उपर्युक्त विधि के अनुसार शुभ लग्न में चंदवां (छत) लगाकर फूल मालाओं से सुसज्जित, वेदध्वनि से युक्त अपने गृह में प्रवेश करे, तदनन्तर राजा शिल्पज्ञ (मिस्त्र, बढ़ई, चित्रकार आदि), ज्योतिषी, पुरोहित तथा पुरवासियों को भूमि, सुवर्ण वस्त्र आदि उपहार स्वरूप दे ॥ २१ ॥

जीर्णगृहप्रवेशविचारः—

जीर्णे गृहेऽग्न्यादिभयान्नवेऽपि मार्गोर्जयोः श्रावणकेऽपि सत्स्यात् ।
वेशोऽम्बुपेज्यानिलवासवेषु नावश्यमस्तादिविचारणाऽत्र ॥२२॥

अग्नि आदि के कारण नष्ट भ्रष्ट गृह का यदि उसी स्थान पर पुनः निर्माण किया गया हो तो श्रावण कार्तिक मार्गशीर्ष मासों में, स्वाती, धनिष्ठा, शतभिषा नक्षत्रों में प्रवेश शुभ हैं। इनमें ग्रहों के उदय-अस्त का विचार न करें ॥ २२ ॥

वृत्तशते यात्रानिवृत्त-नृप-गृहप्रवेशविचारः—

भूपानां मृदुभिर्ध्रुवैः प्रविशनं यात्रानिवृत्तौ शुभं
स्याद्भूयो गमनं चरर्क्षलघुभैं रुद्रैर्मृतिर्भूपतेः ।
तीक्ष्णैर्भूपकुमारकस्य नृपतेः पत्न्या विशाखाह्वये
धिष्ण्ये हव्यभुजोगृहं प्रविशतां संदह्यते वह्निना ॥ २३ ॥

श्रीपतिमते—

ततो नृपो विप्रसुहृत्पुरोधसः शिल्पज्ञ-भूगोलविदश्च भागिनः ।
धनैश्च रत्नैः पशुभिः समर्चयेत् सदान्धदीनान् पुरवासिनस्तथा ॥

कश्यपमते—

एवं यः प्रविशेद्राजा योगे दैवज्ञकीर्तिते ।
काले शास्त्रोक्तविधिना शरीरसुखमश्नुते ॥

ज्योतिःप्रकाशे—

नित्ययाने गृहे जीर्णे प्राशने परिधानके ।
वधूप्रवेशे माङ्गल्ये न मौढ्यं गुरुशुक्रयोः ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

यात्रा समाप्त होने पर राजा मृगशिर, रेवती, चित्रा, अनुराधा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, नक्षत्रों में पुनः गृहप्रवेश करें तो शुभ होता हैं। इसके अनन्तर स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, हस्त, अश्विनी, पुष्य और आर्द्रा नक्षत्रों में प्रवेश करें तो मृत्यु होती है, यदि मूल ज्येष्ठा, आश्लेषा नक्षत्रों में प्रवेश करें तो राजकुमार की मृत्यु होती है, विशाखा में प्रवेश करने से राजपत्नी की मृत्यु होती है और कृत्तिका में प्रवेश करने से अग्निभय होता है ॥ २३ ॥

बास्तुप्रदीपे गृहप्रवेशविचारः—

वैशाखमासेऽपि च फाल्गुनेऽपि ज्येष्ठे प्रवेशः शुभदो गृहस्य।
यात्रानिवृत्तावथवा नवस्य भूमीभुजां द्विर्भवनस्थिरेषु ॥२४॥

फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ में द्विस्वभाव अथवा स्थिर लग्नों में यात्रा से लौटने के बाद अथवा नवीन गृह में प्रवेश शुभ होता है ॥ २४ ॥

माण्डव्यमते विशेषविचारः—

सूत्र-शङ्कु-शिला-द्वार-तुलाच्छादनपूर्वकम्।
कार्यस्तम्भप्रतिष्ठोक्ते धिष्ण्ये वारे तिथौ तथा ॥ २५ ॥

सूत्र, शंकु, शिलान्यास, द्वारस्थापन, गृहच्छादन, स्तम्भ प्रतिष्ठा आदि में निर्दिष्ट नक्षत्र, तिथि, वार, योग, लग्नों में ही उक्त कार्य करें ॥ २५ ॥

॥ इति गृहप्रवेशप्रकरणम् ॥

—

अथ पशुगृहनिर्माणे चरणिविचारः

स्वामिहस्तप्रमाणेन दीर्घविस्तारसंयुतम्।
अष्टभिश्च हरेद्भागं शेषे चरणिरुच्यते ॥ १ ॥
पशुहानिः पशोरोगः पशुलाभः पशुक्षयः।
पशुनाशः पशोर्वृद्धिः पशुभेदो बहुः पशुः ॥ २ ॥

गृहस्वामी के हाथ से पशुशाला के लिये निश्चित भूमि के दीर्घ विस्तार को जोड़कर आठ का भाग दें जो शेष हो तदनुसार चरणि का फल समझें।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

यथा—१ शेष में पशुहानि, २ में पशुरोग, ३ में पशुलाभ, ४ में पशुक्षय, ५ में पशुनाश, ६ में पशुवृद्धि, ७ में पशुभेद और ८ में बहुत पशु होते हैं ॥१-२॥

वास्तुराजवल्लभे-अश्वगृहनिर्माणविधिः—

तुरङ्गमाणां गृहवामभागे शाला चतुःषष्टिकरा विधेया
शतार्द्धतो मध्यमिका च दैर्ध्ये कनीयसी तैर्दशभिर्विहीना ।
व्यासे च ज्येष्ठा तिथिहस्तमाना त्रयोदशैकादशभिः क्रमेण
तद्बाह्यभित्तिश्च करप्रमाणा पञ्चार्धपञ्चाविधकरोदयं स्यात्॥३॥

घर के वाम भाग में घुड़शाल बननी चाहिये, ६४ हाथ लम्बी १५ हाथ चौड़ी उत्तम, ५० हाथ लम्बी १३ हाथ चौड़ी मध्यम और ४० हाथ लम्बी ११ हाथ चौड़ी अधम होती है। क्रमशः इनकी दीवालों की बाहरी ऊँचाई ५½ हाथ, ५ हाथ, ४ हाथ होनी चाहिये ॥ ३ ॥

अश्वबन्धनस्थानविचारः—

तेजोहानिसमीहया विदधते पूर्वापरस्यां नृणां
ते याम्योत्तरतो मुखाहि सततं कीर्तिर्यशो धान्यकम् ।
कर्तव्योहिषणं प्रतीहकलशः स्थानं द्विहस्तोदयं
तस्यास्तोरणमुच्छ्रितं च मुनिभिर्हस्तैः सुशोभान्वितम् ॥ ४ ॥

पूर्व अथवा पश्चिम मुख घोड़ों को बाँधने से गृहपति के तेज की हानि होती है, दक्षिण अथवा उत्तर मुख बाँधने से कीर्ति-यश-धन-धान्य की वृद्धि होती है। हिषण (घोड़ा के दाना खाने के स्थान) के ऊपर कलश बनाना चाहिये। घोड़ा के बाँधने का स्थान दो हाथ ऊँचा बनवायें और उसमें शोभा के लिये ७ हाथ ऊँचा तोरण (दरवाजे के बाहर का छाया हुआ भाग) बनवाना चाहिये ॥ ४ ॥

अश्वप्रमाणनिर्देशः—

षष्ट्या साधुहयोऽङ्गुलैर्निगदितो वेदाङ्गुलेनाधिकः
श्रीवत्सस्त्वहिलाद एव च मनोहारी द्विसप्ताङ्गुलः ।
रागाद्यङ्गुलकैस्तु वाजिविजयोऽशीत्या तथा वैभवः
शान्ताख्यस्तु युगाष्टमात्र उदये मानं हरेः सप्तधा ॥ ५ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

६० अंगुल ऊँचा घोड़ा की 'साधु' ६४ अंगुल ऊँचा 'श्रीवत्स', ६८ अंगुल ऊँचा 'अह्लिाद', ७२ अंगुल ऊँचा 'मनोहारि', ७६ अंगुल ऊँचा 'विजय', ८० अंगुल ऊँचा 'वैभव' ८४ अंगुल ऊँचा 'शान्त' संज्ञा होती है। इस प्रकार घोड़ों के सात भेद होते हैं ॥ ५ ॥

गजगृहनिर्माणप्रकारः—

सिंहद्वारं पूर्वमानेन कार्यं त्रिव्येका वा मालिकास्तम्भशीर्षे।
स्यातां मध्ये तोडकौ रक्षणार्थं तुल्यौ भागेनाधिकौ वापि सार्द्धौ ॥६॥

पूर्वोक्त प्रकार से सिंह द्वार बनाकर उसके स्तम्भों के ऊपर एक मालिका (मंजिल) बनायें और उनके बीच में रक्षा के लिये दो तोड़क (अर्गलाकाष्ठ) लगायें, ये दोनों काष्ठ लम्बाई चौड़ाई में समान हों अथवा अधिक कम सवा गुना या ड्योढ़े हों अथवा सभी प्रकार के बनाये जा सकते हैं ॥ ६ ॥

भागे दक्षिण-वामके च करिणां शाला हरेद्वारतः
कर्तव्या सुदृढोन्नता च कलशैर्घण्टादिभिर्भूषिता।
संकीर्णो रसतो नगैर्निगदितो मन्दो मृगश्चाष्टभिः
सर्वेषूत्तमभद्रजातिरुदितो नन्दैः करैरुच्छ्रितः ॥ ७ ॥

सिंहद्वार के दाहिनी और बांई ओर गजशाला बनानी चाहिये। यह सुदृढ ऊँची, घंटा, कलश आदि से सुसज्जित हो। गजविचार—६ हाथ ऊँचा हाथी 'संकीर्ण', ७ हाथ ऊँचा 'मन्द', ८ हाथ ऊँचा 'मृग' और ९ हाथ ऊँचा 'भद्र' जाति का सर्वोत्तम हांता है ॥ ७ ॥

आलेख्यकर्मणि निषिद्धाः पशुपक्षिणः—

वाराह-शार्दूल-शिवा-पृदाकवो गृद्ध्राभिघोलूक-कपोत-वायसाः।
स श्येन-गोधादि-वकादि-पत्रिणो विचित्रिता-नो शरणे शुभावहाः॥८॥

सूअर, बाघ, सियार, साँप, गीध, उल्लू, कबूतर, कौआ, बाज, गोह, बगुला आदि अशुभ पक्षियों के चित्र सजावट की दृष्टि से घर पर लिखना अशुभ होता है ॥ ८ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वास्तुराजवल्लभे ग्राह्यवृक्षाः—

वृक्षा दुग्ध-सकण्टकाश्चफलिनस्त्याज्या गृहाद्दूरतः
शस्ते चम्पकपाटले च कदली जाती तथा केतकी ।
यामादूर्ध्वमशेषवृक्षजनिता छाया न शस्ता गृहे
पार्श्वे कस्य हरे रवीशपुरतो जैनानु चण्डयाः क्वचित्। ९ ॥

दूध वाले वृक्ष (काटने पर जिनमें से दूध निकलता हो), काँटे वाले वृक्ष घर के समीप अच्छे नहीं होते भले ही वे फल वाले क्यों न हों, उनका रोपण न करे। चम्पा, गुलाब, केला, जाती, केवड़ा ये शुभ होते हैं। एक पहर दिन के बाद घर के ऊपर यदि किसी वृक्ष की छाया पड़ती हो तो वह शुभ नहीं होती ॥

ब्रह्मा के मन्दिर के पार्श्व में विष्णु, सूर्य, शिव के मन्दिर के सामने जैन मन्दिर के पीछे और देवी के मन्दिर के किसी भाग में गृह निर्माण नहीं करना चाहिये, वह गृह पति के लिये अशुभ होता है ॥ ९ ॥

स दुग्धवृक्षा द्रविणस्य नाशं कुर्वन्ति ते कण्टकिनोऽरिभीतिम् ।
प्रजाविनाशं फलिनः समीपे गृहस्य वर्ज्याःकलधौतपुष्पाः ॥१०॥

दुग्ध वाले वृक्ष धन नाश, काँटे वाले शत्रु भय, फल वाले सन्ततिनाश कारक होते हैं। सुवर्ण वर्ण वाले फूल भी घर के समीप शुभ नहीं होते हैं ॥१०॥

प्रकारान्तरेण विचार—

दुष्टो भूतनिषेवितोऽपि विटपी नोच्छिद्यते शक्तितः
तद्वद्विल्वशमी त्वशोकवकुलौ पुन्नागसच्चम्पकौ ।
द्राक्षा पुष्पकमण्डपं च तिलकान् कृष्णां वपेद्दाडिमीं
सौम्यादेः शुभदौ कपित्थक-वटावौदुम्बराश्वत्थकौ ॥ ११ ॥

ऊपर जिन वृक्षों का घर के समीप लगाने का निषेध किया है और जिस पर भूत का निवास हो उसको भी काटना नहीं चाहिये। बेल, शमी, अशोक, मौलसिरी, पुन्नाग और चम्पक वृक्ष को भी न काटें। द्राक्षा (मुनक्का-अंगूर) की बेल का मंडप, चन्दन वृक्ष, पिप्पली की बेल, अनार का वृक्ष लगाना शुभ होता

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

है। गृह के उत्तर में कैथ पूर्व में बरगद, दक्षिण में गुलाब और पश्चिम में पीपल शुभ होते हैं ॥ ११ ॥

बृहत्संहितायां वृक्षविचारः—

याम्यादिष्वशुभफला जातास्तरवः प्रदक्षिणेनैते ।
उदगादिषु प्रशस्ताः प्लक्षवटोदुम्बराश्वत्थाः ॥ १२ ॥

पाकड़ का वृक्ष दक्षिण में, वट वृक्ष पश्चिम में, गूलर उत्तर में और पीपल पूर्व दिशा में अशुभ होता है। पाकड़ उत्तर में, वट पूर्व में, गूलर दक्षिण में और पीपल पश्चिम दिशा में शुभ होता है। अर्थात् पहले जिस दिशा में जो वृक्ष अशुभ कहे गये हैं वे ठीक उसके विपरीत दिशा में शुभ होते हैं ॥ १२ ॥

आसन्नाःकण्टकिनो रिपुभयदाः क्षीरिणोऽर्थनाशाय ।
फलिनः प्रजाक्षयकरा दारूण्यपि वर्जयेदेषाम् ॥१३॥
छिन्द्याद्यदि न तरूँस्तान् तदन्तरे पूजितान् वपेदन्यान् ।
पुन्नागाशोकारिष्टवकुलपनसान् शमीशालौ ॥१४॥

बबूल, खैर आदि काँटे के वृक्ष घर के पास रहने से शत्रु भय होता है। दूध वाला वृक्ष घर के समीप होने से धन नाश होता है। फल वृक्ष समीप होने से सन्तान नाश होता है। इतना ही नहीं यदि इनकी लकड़ी का भी घर में प्रयोग किया जाता है तो वह भी अशुभ होता है। यदि काँटे वाले वृक्षों के बीच में पुन्नाग, अशोक, नीम, मौलसिरी, कटहर, रूमी, काल ये वृक्ष लगा दिये जाँय तो उपर्युक्त दोष नहीं होता है ॥ १३ १४ ॥

गर्गमते—

वर्जयेत् पूर्वतोऽश्वत्थं प्लक्षं दक्षिणतस्तथा ।
न्यग्रोधं पश्चिमे भागे उत्तरे चाप्युदुम्बरम् ॥
अश्वत्थे तु भयं ब्रूयात् प्लक्षे ब्रूयात्पराभवम् ।
न्यग्रोधे राजतः पीडा नेत्रामयमुदुम्बरे ॥
वटः पुरस्ताद्धन्यः स्याद्दक्षिणे चाप्युदुम्बरम् ।
अश्वत्थः पश्चिमे भागे प्लक्षस्तूत्तरतो भवेत् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाटिकादिरोपणमाहात्म्यम्—

वाटिका वा तडागो वा कूपो वा यदि निर्मितः ।
गृहात्पूर्वे कुवेर्यां च वारुणे शम्भुकोणके ॥ १५ ॥

सदा सवित्री भविता सदा दानं प्रयच्छति ।
सदा यज्ञं स पूज्येत यो रोपयति पादपम् ॥ १६ ॥

घर से पूर्व, पश्चिम, उत्तर, पश्चिम अथवा ईशान कोण में बाटिका, तालाव अथवा कुँआ बनवाता है, वह सदा गायत्री पुरश्चरण करने से समान फल पाता है सदैव दान देता है तथा हमेशा यज्ञ करता है ऐसा समझें । वृक्षारोपण से भी लताओं को लगाने का फल अधिक होता है ॥ १५-१६ ॥

वास्तुप्रदीपे विशेषविचारः—

क्षीरवृक्षा वटाश्वत्थरक्तपुष्पद्रुमास्तथा ।
सकण्टका शाल्मली च प्लक्षोदुम्बरसंज्ञकौ ॥ १७ ॥

अग्निकोणे सदा दुष्टा मृत्युपीडा प्रदायकाः ।
पुन्नागफलिनी निम्बदाडिमाशोकजातिकाः ॥ १८ ॥

नागकेशर-संपुष्पं जपाकुसुमकेसरे ।
जयन्ती चन्दनं प्रोक्तं वचा चैवापराजिता ॥ १९ ॥

मधुविल्वाम्रभृङ्गाश्च नागरं ककुपादिकाः ।
यत्र तत्र स्थिताश्चैते नारिकेलादयः शुभाः ॥ २० ॥

दूध वाले वृक्ष—बरगद, पीपल, लाल फूल वाला वृक्ष, काँटे वाले वृक्ष—सेमल, पाकड़, गूलर ये वृक्ष अग्निकोण में सदैव दुष्ट होते हैं । ये पीड़ा तथा मृत्युकारक भी होते हैं । पुन्नाग, फल वाला वृक्ष, नीम, अनार, अशोक, जाती, नागकेशर, ओड़हुल, केसर, जयन्ती, चन्दन, बचा, अपराजिता, महुआ, बेल, आम, दालचोनी, नागर, नारियल ये वृक्ष किसी दिशा में भी शुभ होते हैं ॥ १७-२० ॥

यथा—वरं भूमिरुहा पञ्च नतु कोष्ठरुहा दश ।
पत्रैः पुष्पैः फलैर्मूलैः कुर्वन्ति पितृतर्पणम् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वृक्षरोपणात् स्वर्गप्राप्तिप्रकारः—

अश्वत्थं च कदम्बं च कदली वीजपूरकम् ।
गृहे यस्य प्ररोहन्ति स गृही न प्ररोहति ॥ २१ ॥
सर्वत्र पनसः शस्तो दक्षिणे सकलाः खलाः ।
वृक्षानारोपयेदेवं स सदा सुखभाग्भवेत् ॥ २२ ॥
अश्वत्थमेकं पिचुमन्दमेकं न्यग्रोधमेकं दशचिञ्चिणीकम् ।
कपित्थविल्वामलकत्रयञ्च पञ्चाम्रवापी नरकं न पश्येत्॥ २३ ॥

एक वृक्ष पीपल, एक नीम, एक बरगद, दस इमली, कैथ, बेल, आँवला तीन और पांच आम के वृक्ष रोपने वाला व्यक्ति पुण्यात्मा होता है, अतएव उसको नरक के दर्शन नहीं होते ॥ २१-२३ ॥

दिग्विभागेन वृक्षारोपणप्रकारः—

ईशाने रोपयेद्धात्रीं नैर्ऋत्ये चिञ्चिणीद्रुमान् ।
आग्नेय्यां दाडिमं चैव वायव्ये विल्ववृक्षकम् ॥ २४ ॥
प्लक्षोत्तरे पूर्ववटं प्रशस्तं ह्युदुम्बरं दक्षिणभागके च ।
अश्वत्थवृक्षं दिशि वारुणस्यां मध्ये तथाम्रान्विविधप्रकारान् ॥ २५ ॥

ईशान कोण में आँवला, नैर्ऋत्यकोण में इमली, अग्निकोण में अनार, वायव्यकोण में बेल के वृक्ष लगाने चाहिये । उत्तर में पाकड़, पूर्व में बरगद, दक्षिण में गूलर; पश्चिम में पीपल और बीच में अनेक जाति के आम के वृक्षों को लगाना चाहिये ॥ २४-२५ ॥

मतान्तरेण गृहाऽऽरामनिर्माणप्रकारः—

याम्यनैर्ऋत्ययोर्मध्ये तथा जम्बुकदम्बकौ ।
पनसश्च तथाम्रश्च प्रशस्तौ शम्भुपूर्वयोः ॥ २६ ॥
वाटिकायाः वहिः पूर्वे रोपयेद्वंशवृक्षकम् ।
उत्तरे च शमी वाह्ये पश्चिमे खदिरो वहिः ॥ २७ ॥

मतान्तरे—

प्लक्षोत्तरे प्रशस्तश्च बटः पूर्वे च शोभनः ।
उदुम्बरस्तथा याम्ये पिप्पलो [illegible] तथा ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

दक्षिणे वकुलो वाह्येऽरिष्टनाशाय केवलम् ।
आम्राणां वाटिका चैव द्वितीयाश्वत्थवाटिका ॥ २८ ॥
तृतीया वटवृक्षाणां चतुर्थी प्लक्षवाटिका ।
पञ्चमी निम्बवृक्षाणां षष्ठी जम्बुकवाटिका ॥ २९ ॥
चिञ्चिणीवृक्षसंभूता सप्तमी परिकीर्तिता ।
एतासां वाटिकानाञ्च प्रशस्ता चाम्रवाटिका ॥ ३० ॥
फलदा पुण्यदा चैव पापं संहरते ध्रुवम् ।
यत्करोति घनच्छायः पादपः पथि रोपितः ॥ ३१ ॥
न तत्करोत्यग्निहोत्रं न पुत्रा योषितोद्भवाः ।
अतः सर्वगुणोपेतान् वृक्षानारोपयेत् सुधीः ॥ ३२ ॥

दक्षिण-नैर्ऋत्यकोण के बीच में जामुन, कदम्ब के वृक्ष, ईशानकोण-पूर्व के बीच में पनस (कटहर) आम के वृक्ष लगायें, बगीचे के बाहर पूर्व दिशा में बांस, उत्तर में शमी, पश्चिम में खैर, दक्षिण में मौलसिरी का रोपण शुभ होता है ।

पहला बगीचा आम का, दूसरा पीपल का, तीसरा बरगद का, चौथा पाकड़ का पाँचवाँ नीम का, छठा जामुन का, सातवाँ इमली का होता है । इनमें आम का बगीचा सर्वश्रेष्ठ होता है, जो व्यक्ति अग्निहोत्र नहीं करता जिसके कोई अपने पुत्र नहीं है, उसका आम का बगीचा लगाना चाहिये, क्योंकि बगीचे को लगानेवाला उसी प्रकार स्वर्ग को प्राप्त होता है, जिस प्रकार पुत्र द्वारा किये गये श्राद्धादिकर्मों से, अतः उत्तम वृक्षों को लगाकर परोपकार करना चाहिये ॥ २६-३२ ॥

वराहमिहिरमते वृक्षारोपणकूपनिर्माणयोः फलम्—

यो वाटिकां राजपथः समीपे स्विष्टां तथा कूपसमन्विताञ्च ।
स्वर्गे च वासं लभते मनुष्यश्चतुर्युगं सर्वसुखैरुपेतः ॥ ३३ ॥

जो मनुष्य राजमार्ग (सड़क) के दोनों ओर सुन्दर वृक्षारोपण करते हैं तथा कुआँ खुदवाते हैं, वे चार युगों तक सर्वसुख सम्पन्न स्वर्ग में निवास करते हैं ॥ ३३ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वास्तुराजवल्लभे राजवाटिकाप्रकारः—

वामे भागे दक्षिणे वा नृपाणां त्रेधा कार्या वाटिका क्रीडनार्थम् ।
एकद्वित्रिदण्डसंख्याशतं स्यात् मध्ये धारामण्डपं तोययन्त्रैः ॥३४॥

राजा; महाराजाओं के प्रासाद के दाहिनी या बायीं ओर उनके मनोविनोद के लिये १००, २०० अथवा ३०० हाथ की बावड़ी बनानी चाहिये, इसके बीच में जल प्रपातमण्डप और फुहारा लगाना चाहिये ॥ ३४ ॥

राजोचितजलयन्त्रनिर्माणप्रकारः—

क्षेत्रं सप्तविभागभाजितमतो भद्रं च भागत्रयं
तन्मध्ये जलवापिका जिनपदैरेकांशतो वेदिका ।
स्तम्भैर्द्वादशभिश्च मध्यरचितः कोणेषु रूपान्वितः
कर्तव्यो जलयन्त्र एष विधिवद्भोगाय पृथ्वीभुजाम् ॥ ३५ ॥

जलयन्त्र (फुहारा) वनाने के स्थान को ७×७=४९ भागों में बांटे इसके बीच में चारों ओर तीन भाग में भद्र (चबूतरा), बीच के २४ भाग में जल वापिका (पानी की टंकी) बनाये, कोणों में नकासी करायें। इस प्रकार के फुहारे राजाओं के विलास के योग्य होते हैं ॥ ३५ ॥

तस्यां चम्पककुन्दजातिसुमनोवल्ली च मिर्मालिका ।
जातीहेमसमानकेतकिरपि श्वेता तथा पाटला ॥ ३६ ॥
नारङ्गः करणी वसन्तलतिका चारक्तपुष्पादिकम् ।
जम्बीरो वदरी च पूगमधुपा जम्बू च चूतद्रुमाः ॥ ३७ ॥
मालूरः कदली च चन्दनवटावश्वत्थपथ्याशिवाः ।
चिङ्चाशोककदम्बनिम्बतरवः खर्जूरिका दाडिमा ॥ ३८ ॥
कर्पूरागुरुकिंशुका हयरिपुः पुन्नागको निम्बुकी ।
प्रोक्ता नागलता च वीजनिभृतास्यात्तिन्दुकी लाङ्गली ॥ ३९ ॥

इस फुहारा के समीप लगाये गये बगीचे में, चम्पा, कुन्द, चमेली, बेला, नरमाली, जाती (पीले फूल की केतकी), सफेद गुलाब, नारियल, कनेर, बसंतलता, लाल पुष्प, जम्बीरी नीबू, बेर, सुपारी, महुआ, आम, बेल, केला, चन्दन, बरगद, पीपल; हरीतकी, आँवली, इमली, अशोक, कदम्ब, नीम, खजूर,

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अनार; कपूर, अगर, किंशुक, सफेद कनेर, जायफल, नीबू, नागबेल, बिजौरा-नीबू, तिन्दुकी, कलिहारी, इन वृक्षों को लगायें ॥ ३६-३९ ॥

मण्डपादिनिर्माणप्रकारः—

द्राक्षैलाशतपत्रिका च वकुला धत्तूरकङ्कोलकौ
सालास्तालतमालकौ मुनिवरौ मन्दारपारिद्रुमौ ।
अन्ये भोग्यविचित्रखाद्यसकलास्तै रोपणीया बुधैः
यं प्राप्नोति च भूतले शुभतरुं तच्चम्पकान् वापयेत् ॥ ४० ॥
वृक्षाणां प्रतिसेचनाय च घटीयन्त्रः सुसारो भवेत्
दोला स्त्रीजनखेलनाय रुचिरे वर्षावसन्तोत्सवे ।
बाला--प्रौढवधू–सुमध्यवनितागानैर्मनोहारिभिः
ग्रीष्मे शारदकेऽथ शीतलजलक्रीडा शुभे मण्डपे ॥ ४१ ॥

दाख, इलायची, शतावरी, मौलसिरी, धतूरा, कंकोल, शाल, ताल, तमाल, अगस्तिया, मदार, पारिजात और भी जो भूतल में सुख भोग के योग्य वृक्ष लतायें हों उनको लगाना चाहिये, चम्पक वृक्षों को भी लगायें। सारवृक्षों की लकड़ी से वृक्ष सिंचन यन्त्र (हजारा) बनायें, वसन्त और वर्षा ऋतु में स्त्रियों के खेलने के लिये झूला बनायें। ग्रीष्म और शरद ऋतु मे बाला, युवती तथा प्रौढा स्त्रियों के जल विहार के लिये मण्डप बनाने चाहिये ॥ ४०-४१ ॥

वृक्षारोपणमुहूर्तः—

लतागुल्मवृक्षरोपो हस्तपुष्याश्विनीध्रुवैः ।
विशाखा-मृग मूलाह्व-वारुणैश्च प्रशस्यते ॥ ४२ ॥
गुरौ केन्द्रे शुभे शुक्रे विधौ वारिगि वोदये ।
शुभयुक्तेक्षिते वन्धौ सद्वारे वा शुभोदये ॥ ४३ ॥

हस्त, पुष्प, अश्विनी, तीनों उत्तरा, रोहिणी, विशाखा, मृगशिरा, मूल, शतभिषा, नक्षत्रों में, गुरु केन्द्र में, शुक्र उत्तम स्थान में, चन्द्रमा जलचर राशि

लतादिरोपणमन्त्रः

"ॐ वसुधेति च सीतेति पुण्यदेति धरेति च। नमस्ते शुभगे देवि द्रुमोऽयं वर्द्धतामिति", इस मन्त्र से वृक्षारोपण करें।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

में अथवा जलचर लग्न में, चतुर्थ स्थान में शुभग्रहों का योग तथा दृष्टि, शुभवार और शुभलग्न में लता, गुल्म, वृक्ष आदि लगाना शुभ होता है ॥ ४२-४३ ॥

बृहस्पतिमते—

सोमवारयुते मूले चापलग्ने मतान् द्रुमान् ।
स्थापयेज्जीवलग्ने च रेवत्यां गुरुवासरे ॥ ४४ ॥

सोमवार के दिन मूल नक्षत्र हो तो धनु लग्न में वृक्षारोपण शुभ होता है । दूसरा योग—गुरुवार के दिन रेवती नक्षत्र हो और बृहस्पति लग्न में हो तो बड़े वृक्षों को लगायेँ ॥ ४४ ॥

शक्तियामलोक्तवृक्षचक्रम्—

सूर्यभाद्दिनभं यावद् वृक्षचक्रं विधीयते ।
त्रयं मूले भवेद्रोगस्त्वचि त्रीणि धनागमः ॥ ४५ ॥
वेदश्शाखासु नाशः स्यात् पत्रे युग्मं दरिद्रता ।
शीर्षे त्रीणि शुभं प्रोक्तं पूर्व एकन्तु मृत्युदम् ॥ ४६ ॥
सुतनाशं पञ्च याम्ये पश्चिमे द्वे धनप्रदे ।
स्याद् वेद उत्तरे लाभ इत्युक्तं शक्तियामले ॥ ४७ ॥

वृक्ष चक्र में सूर्य के नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनें । शक्तियामल के अनुसार इसका फल निम्नलिखित चक्र में देखें ।

वृक्षचक्रम्—

नक्षत्र	३	३	४	२	३	१	५	२	४
स्थान	मूल	त्वचा	शाखा	पत्र	शीर्ष	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
फल	रोग	धनलाभ	नाश	दरिद्रता	शुभ	मृत्यु	पुत्रनाश	धनद	लाभ

प्रकारान्तरेण विचारः—

तिथिवारसमायुक्तं सूर्यभादिन्दुभं युतम् ।
नवभिस्तु हरेद्भागं शेषाङ्के रोपणं फलम् ॥ ४८ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

एके शरे त्रिफलितं निष्फलं वेदपक्षयोः।
वसौ षष्ठे भवेल्लाभो सप्तमे नवमे मृतिः ॥ ४९ ॥

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनकर उसमें तिथि और वार की संख्या को जोड़कर ९ का भाग दें, शेष अंक के अनुसार वृक्षारोपण का फल इस प्रकार होता है। यथा—१, ३, ५ शेष में वृक्ष फलता है, २, ४ में निष्फल, ६, ८ में लाभ और ७, ९ में मृत्युदायक होता है ॥

इति वृक्षादिरोपणप्रकरणम् ॥

—

अथदकार्गलम्

विष्णुधर्मोत्तरपुराणे जलाशयमाहात्म्यवर्णनम्—

उदकेन विना वृत्तिर्नास्ति लोकद्वये सदा।
तस्माज्जलाशयाः कार्याः पुरुषेण विपश्चिता ॥ १ ॥
अग्निष्टोमसमः कूपः सोऽश्वमेधसमो मरौ।
कूपः प्रवृत्तपानीयः सर्वं हरति दुष्कृतम् ॥ २ ॥
कूपकृत्स्वर्गमासाद्य सर्वान् भोगान् समश्नुते।
तत्रापि भोगनैपुण्यं स्थानाभ्यासात् प्रकीर्तितम् ॥ ३ ॥

विष्णुधर्मोत्तरपुराण में जलाशय (दकार्गल) का प्रशंसा में लिखा है कि भूलोक तथा स्वर्गलोक में पानी के बिना जीवन असम्भव हैं। इसलिये धर्मात्मा एवं विद्वान् पुरुष को चाहिये वह अनेक स्थानों पर जलाशयों का निर्माण कराये। कुँआ खुदवाने का फल अग्निष्टोम यज्ञ के समान है, वह भी यदि मरुस्थल में खुदवाया जाय तो उसका अश्वमेधयज्ञ के बराबर फल होता है। पर्याप्त जलवाला कूप, खुदवाने वाले के समस्त पापों का हरण कर लेता है। कुँआ का निर्माण करने वाला पुरुष स्वर्ग में जाकर सब प्रकार के सुखों का उपभोग करता है। उसमें भी भोग की निपुणता स्थान विशेष के आधार पर कही गयी है ॥ १-३ ॥

वराहमिहिरमते विचारः—

धर्म्यं यशस्यं च वदाम्यतोऽहं दकार्गलं येन जलोपलब्धिः।
पुंसां यथाङ्गेषु शिरास्तथैव क्षितावपि प्रोन्नतनिम्नसंस्थाः ॥ ४ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

एकेन वर्णेन रसेन चाम्भश्च्युतं नभस्तो वसुधाविशेषात् ।
नानारसत्वं बहुवर्णतां च गतं परीक्ष्यं क्षितितुल्यमेव ।। ५ ।।

यह दकार्गल (जलाशय) प्रकरण धर्म और यश को देता है। जिस प्रकार पुरुषों के शरीर में शिराजाल ऊपर-नीचे फैला हुआ है उसी प्रकार भूमि की ऊंची नीची शिरायें होती हैं। यद्यपि आकाश से गिरने वाला जल एक ही वर्ण, रस, स्वाद वाला होता है, फिर भी वह भूमि की विशेषता के कारण विभिन्न रस-वर्ण वाला हो जाता है। अतः भूमि के अनुसार जल के रस, वर्ण, आदि का विचार करना चाहिये ॥ ४-५ ॥

दिगीशाः शिरानामानि च—

पुरुहूतानलयमनिर्ऋतिवरुणपवनेन्दुशङ्करा देवाः ।
विज्ञातव्याः क्रमशः प्राच्याद्यानां दिशां पतयः ।। ६ ।।
दिक्पतिसञ्ज्ञा च शिरा नवमी मध्ये महाशिरानाम्नी ।
एताभ्योऽन्याः शतशो विनिःसृता नामभिः प्रथिताः ।। ७ ।।
पातालादूर्ध्वशिरा शुभा चतुर्दिक्षु संस्थिता याश्च ।
कोणदिगुत्था न शुभाः शिरा निमित्तान्यतो वक्ष्ये । ८ ।।

पूर्वादि दिशाओं के स्वामी क्रम से इन्द्र आदि देवता होते हैं। यथा—पूर्व का इन्द्र, अग्निकोण का अग्नि, दक्षिण का यम, नैर्ऋत्यकोण का निर्ऋति, पश्चिम का वरुण, वायव्यकोण का वायु, उत्तर का कुबेर, ईशानकोण का शिव, इन स्वामियों के नामों के अनुसार ही शिरायें होती हैं। यथा—पूर्व दिशा की शिरा, ऐन्द्री, अग्निकोण की आग्नेयी, दक्षिण की याम्या, इसी प्रकार अन्य भी समझें। इस प्रकार ८ दिशाओं की आठ शिरायें भी होती है। मध्य में महाशिरानामक ९ वीं शिरा होती हैं। इनके अतिरिक्त भी अन्य सैकड़ों शिरायें होती हैं। पाताल में ऊर्ध्व शिरा शुभ होती है। चारों दिशाओं की शिरायें भी शुभ होती हैं। कोणों से सम्बन्वित शिरायें शुभ नहीं होती है ॥६-८॥

ग्रन्थान्तरे—

सशर्करा ताम्रमही कषायं क्षारं धरित्री कपिला करोति ।
आपाण्डुरायां लवणं प्रदिष्टमिष्टं पयो नीलवसुन्धरायाम् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिराचिह्ननिर्देशः—

यदि वेतसोऽम्बुरहिते देशे हस्तैस्त्रिभिस्ततः पश्चात् ।
सार्द्धे पुरुषे तोयं वहति शिरा पश्चिमा तत्र ॥ ९ ॥
चिह्नमपि चार्धपुरुषे मण्डूकः पाण्डुरोऽथ मृत् पीता ।
पुटभेदकश्च तस्मिन् पाषाणो भवति तोयमधः ॥ १० ॥

जलरहित देश में यदि वेत की झाड़ी दिखायी दे तो उसकी पश्चिम दिशा में ३ हाथ दूरी पर १$\frac{1}{2}$ पुरुष (५$\frac{1}{4}$ हाथ) नीचे जल बह रहा है समझें। वहाँ पर पश्चिमा शिरा बहती है। उसके चिह्न ये हैं—उस स्थान पर आधा पुरुष गहरे में पाण्डुर-वर्ण का मेढक रहता है उसके नीचे पीले वर्ण की मिट्टी, उसके नीचे पत्थर और उसके नीचे जल होता है ॥ ९-१० ॥

जम्ब्वाश्चोदग्धस्तैस्त्रिभिः शिराधो नरद्वये पूर्वा ।
मृल्लोहगन्धिका पाण्डुरा च पुरुषेऽत्र मण्डूकः ॥ ११ ॥

जलरहित देश में जामुन का वृक्ष हो तो उस वृक्ष की उत्तर दिशा में ३ हाथ दूरी पर २ पुरुष नीचे पूर्वा शिरा बहती है। उसका लक्षण यह है—१ पुरुष गहरा खोदने पर लोहे के गन्ध वाली मिट्टी मिलेगी उसके बाद सफेद रंग की और उसके नीचे मेढक रहता है ॥ ११ ॥

जम्बूवृक्षस्य प्राग्वल्मीको यदि भवेत् समीपस्थः ।
तस्माद्दक्षिणपार्श्वे सलिलं पुरुषद्वये स्वादु ॥ १२ ॥

सारस्वतमते—

निर्जले वेतसं दृष्ट्वा तस्माद्वृक्षादपि त्रयम् ।
पश्चिमायां दिशि ज्ञेयमधः सार्धेन वै जलम् ॥
नरोऽत्र षष्टिर्द्विगुणा चाङ्गुलानां प्रकीर्तितः ।
तत्र खात्वाऽर्धपुरुषं भेकः पाण्डुरवर्णकः ॥
मृत् पीता पुटभेदश्च पाषाणाऽधस्ततो जलम् ।
शिरा पश्चिमदिक्स्थात्र वहतीति विनिर्दिशेत् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अर्धपुरुषे च मत्स्यः पारावतसन्निभश्च पाषाणः।
मृद्भवति चात्र नीला दीर्घं कालं च बहुतोयम् ॥ १३ ॥

पूर्व दिशा में जामुन के वृक्ष के पास में यदि बल्मीक हो तो उस वृक्ष से ३ हाथ दक्षिण २ पुरुष नीचे खोदने से मीठा जल निकलता है। वहाँ के लक्षण—इस प्रकार होते हैं—पहले आधे पुरुष नीच खोदने से मछली दिखायी देती है। उसके नीचे—कबूतर के रंग का पत्थर निकलता है। उसके बाद नीले रंग की मिट्टी और उसके बाद चिरकाल स्थायी बहुत जल निकलता है ॥ १२-१३ ॥

पश्चादुदुम्बरस्य त्रिभिरेव करैर्नरद्वये सार्धे।
पुरुषे सितोऽहिरश्माञ्जनोपमोऽधः शिरा सुजला ॥ १४ ॥

यदि जलरहित देश में गूलर का पेड़ हो तो उस से पश्चिम की ओर ३हाथ दूरी पर २ पुरुष नीचे सुस्वादु जल निकलता है। इसका लक्षण यह है—पहले आधे पुरुष नीचे सफेद साँप निकलेगा, उसके बाद अञ्जन जैसा काला पत्थर दीख पड़ेगा, उसके नीचे शिरा होगी, उसमें से सुस्वादु जल निकलता है ॥१४॥

उदगर्जुनस्य दृश्यो वल्मीको यदि ततोऽर्जुनाद्धस्तैः।
त्रिभिरम्बु भवति पुरुषैस्त्रिभिरर्धसमन्वितैः पश्चात् ॥१५॥
श्वेता गोधार्धनरे पुरुषे मृद्धूसरा ततः कृष्णा।
पीता सिता ससिकता ततो जलं निर्दिशेदमितम् ॥ १६ ॥

अर्जुन वृक्ष की उत्तर दिशा में यदि वल्मीक दिखायी दे तो उससे पश्चिम ३ हाथ दूरी पर ३॥ पुरुष नीचे जल होता है। वहाँ ये लक्षण होते हैं—पहले आधा पुरुष नीचे सफेद गोह दिखायी देगा; उसके १ पुरुष नीचे धूसर मिट्टी, उसके नीचे पीली मिट्टी, बाद में बालू सहित सफेद मिट्टी और उसके नीचे बहुत जल निकलेगा ॥ १५-१६ ॥

सारस्वतमते—

जम्बूवृक्षात् पूर्वभागे वल्मीको यदि दृश्यते।
तरोर्दक्षिणतो हस्तांस्त्रींस्त्यक्त्वाऽधो जलं वदेत् ॥
नरद्वयेऽर्धपुरुषे मत्स्योऽश्मा पक्षिसन्निभः।
ततोऽपि मृत्तिका नीला ततो मृष्टं जलं वदेत् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वल्मीकोपचितायां निर्गुण्डच्यां दक्षिणेन कथितकरैः ।
पुरुषद्वये सपादे स्वादु जल भवति चाशोष्यम् ।। १७ ।।
रोहितमत्स्योऽर्धनरे मृत्कपिला पाण्डुरा ततः परतः ।
सिकता सशर्कराऽथ क्रमेण परतो भवत्यम्भः ।। १८ ।।

मेवड़ी के वृक्ष के पास वल्मीक हो तो उससे दक्षिण दिशा में ३ हाथ दूरी पर सवादो (२।) पुरुष नीचे बहुत अगाध स्वादु जल होता हैं। इसका लक्षण— पहले आधा पुरुष नीचे खोदने से रोहित मछली मिलेगी, उसके नीचे कपिल वर्ण की मिट्टी; उसके नीचे पाण्डुर वर्ण की मिट्टी, उसके नीचे बालू सहित मिट्टी और उसके नीचे जल मिलेगा ।। १७-१८ ।।

पूर्वेण यदि बदर्या वल्मीको दृश्यते जलं पश्चात् ।
पुरुषैस्त्रिभिरादेश्यं श्वेता गृहगोधिकार्द्धनरे ।। १९ ।।

बेर के वृक्ष से पूर्व में वल्मीक हो तो उससे पश्चिम की ओर ३ हाथ दूरी पर ३ पुरुष नीचे जल होता है। पहले आधा पुरुष नीचे सफेद गिरगिट दिखायी देगा ।। १९ ।।

सपलाशा वदरी चेद्दिश्यपरस्यां ततो जलं भवति ।
पुरुषत्रये सपादे पुरुषेऽत्र च डुण्डुभश्चिह्नम् ।। २० ।।

सारस्वतमते—

पूर्वभागं वदर्याश्चेद्वल्मीको दृश्यते जलम् ।
पश्चाद्धस्तत्रये वाच्यं खाते तु पुरुषत्रये ।।
अधःखातेऽर्धपुरुषे दृश्यते गृहगोधिका ।
श्वेतवर्णा ततोऽधःस्थं जलं भवति निर्मलम् ।।
पलाशयुक्ता बदरी यत्र दृश्या ततोऽपरे ।
हस्तत्रयादधस्तोयं सपादे पुरुषत्रये ।।
नरे तु डुण्डुभः सर्पो निर्विषश्चिह्नमेव च ।
अधस्तोयञ्च सुस्वादु दीर्घकालं प्रवाहितम् ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

यदि जल रहित स्थान में पलाश (ढाक) सहित बेर का वृक्ष हो तो उस वृक्ष से पश्चिम ३ हाथ दूरी पर ३१/४ तीन पुरुष नीचे जल होता है। उस स्थान का लक्षण यह है—वहाँ १ पुरुष नीचे डुण्डुभ निर्विष साँप निकलेगा ॥ २० ॥

विल्वोदुम्बरयोगे विहाय हस्तत्रयं तु याम्येन।
पुरुषैस्त्रिभिरम्बु भवेत् कृष्णोऽर्द्धनरे च मण्डूकः ॥ २१ ॥

जहाँ बेंल और गूलर साथ उगे हों उससे दक्षिण की ओर २ हाथ दूरी पर ३१/२ हाथ नीचे जल होता है। उससे पहले आधा पुरुष नीचे काला मेंढक मिलेगा ॥ २१ ॥

काकोदुम्बरिकायां वल्मीको दृश्यते शिरा तस्मिन्।
पुरुषत्रये सपादे पश्चिमदिक्स्था वहति सा च ॥ २२ ॥
आपाण्डुपीतिका मृद्गोरसवर्णश्च भवति पाषाणः।
पुरुषार्धे कुमुदनिभो दृष्टिपथं मूषको याति ॥ २३ ॥

काला गूलर के समीप वल्मीक हो तो उसी के बीच में ३१/४ पुरुष नीचे पश्चिम शिरा होती है। उसके लक्षण—पहले पीले वर्ण की मिट्टी, उसके नीचे सफेद वर्ण का पत्थर और उसके नीचे आधा पुरुष गहराई पर सफेद मूषक नीचे सफेद वर्ण का पत्थर दिखाई देगा उसके नीचे जल ॥ २२ ॥

जलपरिहीने देशे वृक्षः कम्पिल्लको यदा दृश्यः।
प्राच्यां हस्तत्रितये वहति शिरा दक्षिणा प्रथमम् ॥ २४ ॥
मृन्नीलोत्पलवर्णा कापोता दृश्यते ततस्तस्मिन्।
हस्तेऽजगन्धको मत्स्यकः पयोऽल्पं च सक्षारम् ॥ २५ ॥

यदि निर्जल स्थान में कम्पिल (कबीले) का वृक्ष हो तो उससे पूर्व ३ हाथ के बाद ३१/४ पुरुष नीचे शिरा बहती है। सबसे पहले नीले कमल जैसी मिट्टी

सारस्वतमते—

निर्जले यत्र कम्पिल्लो दृश्यस्तस्मात् करत्रये।
प्राच्यां त्रिभिर्नरैर्वारि सा भवेद्दक्षिणा शिरा॥
अधो नीलोत्पलाभासा मृत् कापोतप्रभा क्रमात्।
हस्तेऽजगन्धको मत्स्यो जलं [illegible] ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

उसके बाद कबूतर के रंग की मिट्टी दिखायी देगी फिर १ हाथ गहरा खोदने पर बकरा की गन्ध से युक्त मछली दिखायी देगी, इसमें थोड़ा और खारा जल निकलेगा ॥ २४-२५ ॥

श्योनाकतरोरपरोत्तरे शिरा द्वौ करावतिक्रम्य ।
कुमुदा नामः शिरा सा पुरुषत्रयवाहिनी भवति ॥ २६ ॥

जस निर्जल स्थान में सोनापाठा का वृक्ष हो पश्चिोत्तर (वायव्य) कोण २ हाथ के बाद कुमुदा नाम की शिरा होती है। वहाँ ३ पुरुष नीचे जल होता है ॥ २६ ॥

आसन्नो वल्मीको दक्षिणपार्श्वे विभीतकस्य यदि ।
अध्यर्धे भवति शिरा पुरुषे ज्ञेया दिशि प्राच्याम् ॥ २७ ॥

बहेड़ा के वृक्ष के समीप दक्षिण दिशा में वल्मीक हो तो वृक्ष के पूर्व २ हाथ के बाद १½ पुरुष नीचे शिरा रहती है, वहाँ तक खोदने पर जल निकलता है ॥ २७ ॥

तस्यैव पश्चिमायां दिशि वल्मीको यदा भवेद्धस्ते ।
तत्रोदग्भवति शिरा चतुर्भिरर्धाधिकैः पुरुषैः ॥ २८ ॥
श्वेतो विश्वम्भरकः प्रथमे पुरुषे तु कुङ्कुमाभोऽश्मा ।
अपरस्यां दिशि च शिरा नश्यति वर्षत्रयेऽतीते ॥ २९ ॥

उसी बहेड़ा की पश्चिम दिशा में वल्मीक हो तो उस वृक्ष से उत्तर १ हाथ भूमि छोड़कर ४½ पुरुष नीचे शिरा बहती है। वहाँ के लक्षण—१ पुरुष गहरा खोदने पर सफेद विश्वम्भर नामक जीव दिखायी देगा, उसके बाद कुकुम जैसा लाल पत्थर होगा, उसके बाद पश्चिम दिशा में बहती हुई शिरा होगी जो ३वर्ष बीतने पर समाप्त हो जाती है ॥ २८-२९ ॥

सकुशासित ऐशान्यां वल्मीको यत्र कोविदारस्य ।
मध्ये तयोर्नरैरर्धपञ्चमैस्तोयमक्षोभ्यम् ॥ ३० ॥

सारस्वतमते—

विभीतकस्य याम्यायां वल्मीको यदि दृश्यते ।
करद्वयान्तरे पूर्वे सार्धे च पुरुषे जलम् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रथमे पुरुषे भुजगः कमलोदरसन्निभा मही रक्ता।
कुरुविन्दः पाषाणश्चिह्नान्येतानि वाच्यानि ॥ ३१ ॥

जिस भूमि पर कचनार का वृक्ष हो, उस वृक्ष से ईशानकोण में कुश से युक्त सफेद रंग का वल्मीक हो तो उस कचनार और वल्मीक के बीच में ४½ पुरुष नीचे अक्षोम (कमी न सूखने वाला) जल रहता है। वहाँ के लक्षण—१ पुरुष गहराई में साँप निकलेगा वहाँ की भूमि कमल के सदृश लाल रंग की होगी उसके बाद हरे रंग का पत्थर होगा ॥ ३०-३१ ॥

यदि भवति सप्तपर्णो वल्मीकवृक्षस्तदुत्तरे तोयम्।
वाच्यं पुरुषैः पञ्चभिरत्रापि भवन्ति चिन्हानि ॥ ३२ ॥
पुरुषार्धे मण्डूको हरितो हरितालसन्निभा भूश्च।
पाषाणोऽभ्रनिकाशः सौम्या च शिरा शुभाम्बुवहा ॥ ३३ ॥

यदि वल्मीक के पास छतिवन का वृक्ष हो तो वृक्ष के उत्तर १ हाथ दूरी पर ५ पुरुष नीचे जल निकलेगा। लक्षण—पहले ½ पुरुष नीचे हरे रंग का मेंढक मिलेगा, उसके बाद हरिताल के वर्ण की भूमि मिलेगी, उसके बाद मेघ के रंग का पत्थर मिलेगा और उसके नीचे उत्तरा शिरा होगी जिसका जल मधुर होगा ॥ ३२-३३ ॥

सर्वेषां वृक्षाणामधः स्थितो दर्दुरो यदा दृश्यः।
तस्माद्धस्ते तोयं चतुर्भिरर्धाधिकैः पुरुषैः। ३४ ॥
पुरुषे तु भवति नकुलो नीला मृत् पीतिका ततः श्वेता।
दर्दुरसमानरूपः पाषाणो दृश्यते चाऽत्र ॥ ३५ ॥

सारस्वतमते—

भुजङ्गगृहसंयुक्तो यत्र स्यात् सप्तपर्णकः।
ततः सौम्ये हस्तमात्रात् पञ्चभिः पुरुषैरधः ॥
वाच्य जल नरार्धे तु मण्डूको हरितो भवेत्।
हरितालनिभा भूश्च मेघाभोऽश्मा ततः शिरा ॥
उत्तरा सुजला शैथ्या दोषा मृदाम्बुवाहिनी।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिन वृक्षों के नीचे मेंढक हो उन वृक्षों की उत्तर दिशा में १ हाथ दूरी पर ४½ पुरुष नीचे जल रहता है। लक्षण—१ पुरुष गहरा खोदने पर नेवला, उसके बाद नीली मिट्टी, उसके बाद सफेद मिट्टी उसके बाद मेढक जैसा पत्थर और उसके नीचे जल निकलेगा ॥ ३४-३५ ॥

यद्यहिनिलयो दृश्यो दक्षिणतः संस्थितः करञ्जस्य।
हस्तद्वये तु याम्ये पुरुषत्रितये शिरा सार्धे ॥ ३६ ॥
कच्छपकः पुरुषार्द्धे प्रथमं चोद्भिद्यते शिरा पूर्वा।
उदगन्या स्वादुजला हरितोऽश्माधस्ततस्तोयम् ॥ ३७ ॥

यदि करञ्ज वृक्ष की दक्षिण दिशा में साँप वाला वल्मीक दिखायी दे तो वृक्ष से दक्षिण दिशा में २ हाथ के बाद ३ ½ पुरुष नीचे शिरा रहती है। लक्षण-पहले ½ पुरुष खोदने पर कछुआ मिलेगा, उसके बाद पूर्व की ओर जल प्रवाह दिखायी देगा इसी के साथ उत्तरा शिरा मिलेगी इसका जल मीठा होगा, इसके नीचे हरे रंग का पत्थर मिलेगा उसके नीचे पर्याप्त जल होता है। ३६-३७ ॥

उत्तरतश्च मधूकादहिनिलयः पश्चिमे तरोस्तोयम्।
परिहृत्य पञ्च हस्तानर्धाष्टमपौरुषान् प्रथमम् ॥ ३८ ॥
अहिराजः पुरुषेऽस्मिन् धूम्रा धात्री कुलत्थवर्णोऽश्मा।
माहेन्द्री भवति शिरा वहति सफेनं सदा तोयम् ॥ ३९ ॥

महुआ वृक्ष से उत्तरा दिशा में साँप का वल्मीक हो तो वृक्ष से पश्चिम ५ हाथ दूरी के बाद ७½ पुरुष नीचे जल रहता है। लक्षण—पहले १ पुरुष नीचे साँप मिलेगा, उसके नीचे धूमिल वर्ण की भूमि होगी, उसके नीचे कुलथी

सारस्वतमते—

तरूणां यत्र सर्वेषामधस्थो दर्दुरो भवेत्।
वृक्षादुदग्दिशि जलं हस्तात् सार्धैर्नरैरधः ॥
चतुर्भिः पुरुषे खाते नकुलो नीलमृत्तिका।
पीतश्वेता ततो भेकसदृशोऽश्मा प्रदृश्यते ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

के वर्ण का पत्थर मिलेगा, वहाँ पर माहेन्द्री नामकी पूर्वा शिरा होती है, इसमें सर्वदा फेन युक्त जल रहता है ॥ ३८-३९ ॥

वल्मीकः स्निग्धो दक्षिणेन तिलकस्य सकुशदूर्वश्चेत् ।
पुरुषः पञ्चभिरम्भो दिशि वारुण्यां शिरा पूर्वा ॥ ४० ॥

यदि तिलक वृक्ष से दक्षिण की ओर श्रेष्ठ वल्मीक हो, उसके आस पास कुश और दूब उगी हो तो तिलक वृक्ष से पश्चिम ५ हाथ के बाद ५ पुरुष नीचे पूर्वा-शिरा से जल प्राप्त होता है ॥ ४० ॥

सर्पावासः पश्चाद्यदा कदम्बस्य दक्षिणेन जलम् ।
परतो हस्तत्रितयात् षड्भिः पुरुषैस्तुरीयोनैः ॥ ४१ ॥
कौवेरी चात्र शिरा वहति जलं लोहगन्धि चाक्षोभ्यम् ।
कनकनिभो मण्डूको नरमात्रे मृत्तिका पीता ॥ ४२ ॥

यदि कदम्ब वृक्ष से पश्चिम दिशा में सर्प युक्त वल्मीक हो तो दक्षिण दिशा में ३ हाथ दूरी के बाद पौने ६ पुरुष नीचे जल होता है, वहाँ उत्तर शिरा होती है, इस जल में लोहे की गन्ध आती है। लक्षण—१ पुरुष गहरा खोदने पर पीला मेंढक मिलेगा और वहाँ की मिट्टी पीले वर्ण की होगी ॥ ४१-४२ ॥

वल्मीकसंवृतो यदि तालो वा भवति नारिकेलो वा ।
पश्चात् षड्भिर्हस्तैर्नरैश्चतुर्भिः शिरा याम्या ॥ ४३ ॥

ताड़ या नारियल का वृक्ष यदि वल्मीक से युक्त हो तो उनसे पश्चिम दिशा में ६ हाथ दूरी के बाद ४ पुरुष गहराई में दक्षिण शिरा बहती है ॥ ४३ ॥

याम्येन कपित्थस्याहिसंश्रयश्चेदुदग्जलं वाच्यम् ।
सप्त परित्यज्य करान् खात्वा पुरुषान् जलं पञ्च ॥ ४४ ॥
कर्बुरकोऽहिः पुरुषे कृष्णा मृत् पुटभिदपि च पाषाणः ।
श्वेता मृत् पश्चिमतः शिरा ततश्चोत्तरा भवति ॥ ४५ ॥

सारस्वतमते—

तिलकाद्दक्षिणे स्निग्धः कुशदूर्वासमायुतः ।
वल्मीकाच्चोत्तरे पञ्च हस्तात् सन्त्यज्य पश्चिमे
नरैः पञ्चभिरम्भोऽधः शिरा पूर्वात्र विद्यते ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

यदि कैथ के वृक्ष से दक्षिण दिशा में साँप वाला वल्मीक हो तो उस वृक्ष से उत्तर ७ हाथ छोड़ कर पाँच पुरुष नीचे जल होता है । लक्षण—पहले १ पुरुष गहरा खोदने पर चितकबरा साँप मिलेगा और काली मिट्टी होगी उसके बाद एक बड़ा पत्थर होगा उसके आगे सफेद मिट्टी मिलेगी वहाँ १ पश्चिमा शिरा और १ उत्तरा शिरा होगी ॥ ४४-४५ ॥

> अश्मन्तकस्य वामे वदरी वा दृश्यतेऽहिनिलयो वा ।
> षड्भिरुदक् तस्य करैः सार्धे पुरुषत्रये तोयम् ॥ ४६ ॥
> कूर्मः प्रथमे पुरुषे पाषाणो धूसरः ससिकता मृत् ।
> आदौ च शिरा याम्या पूर्वोत्तरतो द्वितीया च ॥ ४७ ॥

अश्मन्तक वृक्ष की बांयी ओर उत्तर में बेर का वृक्ष अथवा साँप वाला वल्मीक हो तो उस वृक्ष के उत्तर में ६ हाथ के बाद ३½ पुरुष नीचे जल होता है । लक्षण—१ पुरुष नीचे खोदने से कछुआ मिलेगा उसके बाद भूरे रंग का पत्थर होगा, उसके नीचे बलुही मिट्टी उसके बाद पहले दक्षिणाशिरा और उसके बाद ऐशानीशिरा होती है ॥ ४६-४७ ॥

> वामेन हरिद्रतरोर्वल्मीकश्चेज्जलं भवति पूर्वे ।
> हस्तत्रितये सत्र्यंशैः पुम्भिः पञ्चभिर्भवति ॥ ४८ ॥
> नीलो भुजगः पुरुषे मृत्पीता मरकतोपमश्चाश्मा ।
> कृष्णा भूः प्रथमा वारुणी शिरा दक्षिणेनान्या ॥ ४९ ॥

हरिद्रा (हल्दू) वृच्च के उत्तर में यदि वल्मीक हो तो वृक्ष के पूर्व में ३ हाथ के बाद ५⅓ पुरुष नीचे जल रहता है । लक्षण—१ पुरुष नीचे नीला साँप फिर पीली मिट्टी, उसके बाद मरकतमणि के आकार का पत्थर मिलेगा, बाद में काली मिट्टी होगी । यहाँ पहले वारुणी शिरा बाद में दक्षिणा शिरा मिलेगी ॥ ४८-४९ ॥

> जलपरिहीने देशे दृश्यन्तेऽनूपजानि चेन्निमित्तानि ।
> वीरणदूर्वा मृदवश्च यत्र तस्मिन् जलं पुरुषे ॥ ५० ।
> भार्ङ्गी त्रिवृता दन्ती सूकरपादी च लक्ष्मणा चैव ।
> नवमालिका च हस्तद्वयेऽनुपार्श्वे त्रिभिः पुरुषैः ॥ ५१ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

जलरहित जिस स्थान में निम्नोक्त लक्षण हों वहाँ जल है, ऐसा निर्देश करें। यदि उक्त भूमि पर वीरणा नामक तृण और दूब वहाँ की भूमि अति कोमल होती है। वहाँ १ पुरुष नीचे जल रहता है। भार्गी, निशोथ, जमालगोटा, केवांच, लक्ष्मणा, नेवारी, ये सब वृक्ष जहाँ हों उस स्थान से दक्षिण २ हाथ के बाद ३ पुरुष नीचे जल रहता है ॥ ५०-५१ ॥

स्निग्धाः प्रलम्बशाखा वामनविकटद्रुमाः समीपजलाः ।
सुषिरा जर्जरपत्रा रूक्षाश्च जलेन सन्त्यक्ताः ॥५२॥

जो वृक्ष चिकना, फैली शाखाओं से युक्त, अत्यन्त छोटा, विस्तीर्ण, हो उसके समीप जल रहता है। तथा जो वृक्ष भीतर से खोखला, फटा हुआ तथा सूखे पत्तों वाला हो उसके समीप जल नहीं रहता है ॥ ५२ ॥

तिलकाम्रातकवरुणकभल्लातकविल्वतिन्दुकाङ्कोलाः ।
पिण्डारशिरीषाञ्जनपरूषका वञ्जुलोऽतिबला ॥ ५३ ॥
एते यदि सुस्निग्धा वल्मीकैः परिवृतास्ततस्तोयम् ।
हस्तैस्त्रिभिरुत्तरतश्चतुर्भिरर्धेन च नरेण ॥ ५४ ॥

तिलक, आम्रातक, वरुण, भिलावा, बेल, तेंदुआ, अंकोल, पिंडार, शिरोष, अञ्जन, फालसा, वञ्जुल (तिनिश अथवा बेत), अतिबला ये वृक्ष हरे-भरे पत्तों से युक्त हों और इनके समीप बलमीक हो तो इनसे उत्तर दिशा में ३ हाथ के बाद ४ पुरुष नीचे जल होता है ॥ ५३-५४ ॥

अतृणे सतृणा यस्मिन् सतृणे तृणवर्जिता मही यत्र ।
तस्मिन् शिरा प्रदिष्टा वक्तव्यं वा धनं चास्मिन् ॥ ५५ ॥

तृण रहित भूमि पर जहाँ तृण हों अथवा तृण वाली भूमि पर जहाँ तृण न हों उसके नीचे जल शिरा होता है अथवा धन रहता है ॥ ५५ ॥

कण्टक्यकण्टकानां व्यत्यासेऽम्भस्त्रिभिः करैः पश्चात् ।
खात्वा पुरुषत्रितयं त्रिभागयुक्तं धनं वा स्यात् ॥ ५६ ॥

जहाँ पर कांटे वाले वृक्ष कांटों से रहित हों, बिना कांटे वाले पलास आदि के बीच में हों अथवा कांटे वाले वृक्षों के बीच में बिना कांटे वाले वृक्ष हों।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal.

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

उनसे पश्चिम दिशा में ३ हाथ के बाद ३ पुरुष नीचे खोदने पर जल अथवा धन मिलता है ॥ ५६ ॥

नदति मही गम्भीरं यस्मिंश्चरणाहता जलं तस्मिन् ।
सार्धैस्त्रिभिर्मनुष्यैः कौवेरी चत्र च शिरा स्यात् ॥ ५७ ॥

जिस स्थान पर भूमि को पैर से मारने पर गम्भीर शब्द करे, उसी स्थान पर ३½ पुरुष नीचे उत्तरा शिरा बहती है, वहाँ जल रहता है ॥ ५७ ॥

वृक्षस्यैका शाखा यदि विनता भवति पाण्डुरा च स्यात् ।
विज्ञातव्यं शाखातले जलं त्रिपुरुषं खात्वा ॥५८॥

जिस वृक्ष की एक शाखा झुक कर पीले वर्ण की हो जाय तो उसके नीचे ३ पुरुष खोदने पर जल निकलता हैं ॥ ५८ ॥

फलकुसुमविकारो यस्य तस्य पूर्वे शिरा त्रिभिर्हस्तैः ।
भवति पुरुषैश्चतुर्भिः पाषाणोऽधः क्षितिः पीता ॥ ५९ ॥

जिस वृक्ष के फल फूल में विकार उत्पन्न हो जाय उस वृक्ष के पूर्व में ३ हाथ दूरी के बाद ४ पुरुष नीचे शिरा होती है। वहां की मिट्टी पीली, उसके नीचे पत्थर होता है ॥ ५९ ॥

यदि कण्टकारिका कण्टकैर्विना दृश्यते सितैः कुसुमैः ।
तस्यास्तलेऽम्बु वाच्यं त्रिभिर्नरैरर्धपुरुषे च ॥ ६० ॥

यदि भटकटैया का पौधा कांटे से रहित हो और उसके फूल सफेद हों तो उसके नीचे ३ पुरुष पर जल होता है ॥ ६० ॥

खर्जूरी द्विशिरस्का यत्र भवेज्जलविवर्जित देशे ।
तस्याः पश्चिमभागे निर्देश्य त्रिपुरुषैर्वारि ॥ ६१ ॥

जिस निर्जल देश में दो शिर का खजूर का वृक्ष हो उस खजूर के वृक्ष के पश्चिम भाग में २ हाथ के बाद ३ पुरुष नीचे खोदने से जल निकलेगा ॥६१॥

सारस्वतमते—

खजूरी द्विशिरस्का स्यान्निजले चेत् करद्वये ।
निर्देश्यं पश्चिमे वारि खात्वाऽधः पुरुषत्रयम् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

यदि भवति कर्णिकारः सितकुसुमः स्यात् पलाशवृक्षो वा ।
सव्येन तत्र हस्तद्वयेऽम्बु पुरुषद्वये भवति ॥६२॥

यदि कठचम्पा फ़ूल का वृक्ष या पलाश का वृक्ष जहाँ सफेद फूल का हो वहाँ उन वृक्षों से दक्षिण २ हाथ की दूरी के बाद २ पुरुष नीचे जल होता है ॥ ६२ ॥

यस्यामूष्मा धात्र्यां धूमो वा तत्र वारि नरयुगले ।
निर्देष्टव्या च शिरा महता तोयप्रवाहेण ॥ ६३ ॥

जिस भूमि पर ऊष्मा (भाप) निकल रही हो अथवा जहाँ धुंआ जैसा दिखायी दे वहाँ २ पुरुष नीचे अत्यधिक जलयुक्त शिरा होती है ॥ ६३ ॥

यस्मिन् क्षेत्रोद्देशे जातं सस्यं विनाशमुपयाति ।
स्निग्धमति पाण्डुरं वा महाशिरा नरयुगे तत्र ॥ ६४ ॥

जिस भूमि पर उत्पन्न अन्न या घास स्वयं सूख जाती हो, या जिस भूमि पर चिकनापन वाला अन्न अधिक उत्पन्न होता हो, पत्ते पीले पड़ जाते हों उस भूमि पर २ हाथ नीचे महाशिरा होती है । इससे पर्याप्त जल मिलता है ॥६४॥

मरुभूमौ शिराविज्ञानविचारः

मरुदेशे भवति शिरा यथा तथातः परं प्रवक्ष्यामि ।
ग्रीवा करभाणामिव भूतलसंस्थाः शिरा यान्ति ॥ ६५ ॥

जिस प्रकार मरुभूमि के भीतर रहने वाली शिराओं का ज्ञान हो सके उस विधि का यहाँ वर्णन किया जा रहा है । जिस प्रकार ऊँट की गर्दन टेढ़ी होती है उसी प्रकार भूमि के भीतर स्थित शिरायें भी होती हैं ॥ ६५ ॥

पूर्वोत्तरेण पीलोर्यदि वल्मीको जलं भवति पश्चात् ।
उत्तरगमना च शिरा विज्ञेया पञ्चभिः पुरुषैः ॥ ६६ ॥
चिन्हं दर्दुर आदौ मृत्‌ कपिला तत्परं भवेद्धरिता ।
भवति च पुरुषेऽधोऽश्मा तस्य तलेऽम्भो विनिर्देश्यम् ॥ ६७ ॥

पीलु वृक्ष के ईशान कोण में वल्मीक हो तो उसके पश्चिम ४ हाथ के बाद ५ पुरुष नीचे जल रहता है । वहाँ उत्तर दिशा में बहने वाली शिरा होती है ।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

लक्षण–पहले १ पुरुष नीचे मेंढक, उसके बाद कपिल वर्ण की मिट्टी, उसके नीचे हरे रंग की मिट्टी, उसके बाद पत्थर और उसके नीचे जल होगा ॥ ६६-६७ ॥

पीलोरेव प्राच्यां वल्मीकोऽतोऽर्धपञ्चमैर्हस्तैः ।
दिशि याम्यायां तोयं वक्तव्यं सप्तभिः पुरुषैः ॥ ६८ ॥
प्रथमे पुरुषे भुजगः सितासितो हस्तमात्रमूर्त्तिश्च ।
दक्षिणतो वहति शिरा सक्षारं भूरिपानीयम् ॥ ६९ ॥

यदि पीलु वृक्ष से पश्चिम वल्मीक हो तो वृक्ष से दक्षिण दिशा में ४ हाथ के बाद ७ पुरुष नीचे जल होता है, ऐसा कहें। लक्षण—पहले १ पुरुष खोदने पर भूरे रंग की साँप की मूर्ति अर्थात् भूरा साँप दिखायी देगा, उसके बाद दक्षिण दिशा में शिरा होगी, इसका जल खारा होता है ॥ ६८-६९ ॥

उत्तरतश्च करीरस्याहिगृहं दक्षिणे जलं स्वादु ।
दशभिः पुरुषैर्ज्ञेयं पुरुषे पीतोऽत्र मण्डूकः ॥ ७० ॥

यदि करील वृक्ष से उत्तर दिशा में सर्पयुक्त वल्मीक हो तो उस वृक्ष से दक्षिण में ४½ हाथ के बाद १० पुरुष नीचे मीठा जल जानें, लक्षण वह १ पुरुष नीचे खोदने से पीले वर्ण का मेढक दिखायी देगा ॥ ७० ॥

रोहीतकस्य पश्चादहिवासश्चेत्त्रिभिः करैर्याम्ये ।
द्वादशपुरुषान् खात्वा सक्षारा पश्चिमेन शिरा ॥ ७१ ॥

रोहीतक (रोहिड़ा) वृक्ष से पश्चिम यदि सर्पयुक्त वल्मीक हो तो उस वृक्ष से दक्षिण दिशा में ३ हाथ के बाद १२ पुरुष नीचे क्षार जल की शिरा पश्चिम की ओर बहती रहती है ॥ ७१ ॥

सारस्वतमते—

ऐशान्यां पीलुवृक्षस्य वल्मीकश्चेज्जलं वदेत् ।
चतुर्भि सरलैर्हस्तैः पश्चिमे नरपञ्चमे ॥
प्रथमे पुरुषे भेकः कपिला हरिता च मृत् ।
पाषाणस्य तले सौम्यां शिरां बहुजलां वदेत् ॥
उदक्करीराद्वल्मीको दृश्यते चेज्जलं वदेत् ।
चतुर्भिर्दक्षिणैर्हस्तैः सार्धैर्दशनरादतः ॥
नरे भेकः पीतवर्णो दृश्यते चिन्हमत्र हि ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

इन्द्रतरोर्वल्मीकः प्राग्दृश्यः पश्चिमे शिरा हस्ते ।
खात्वा चतुर्दशनरान् कपिला गोधा नरे प्रथमे ॥ ७२ ॥

अर्जुन वृक्ष से पूर्व में यदि वल्मीक हो तो उस वृक्ष से पश्चिम में १ हाथ के बाद १४ पुरुष नीचे शिरा होती है। लक्षण—पहले १ पुरुष नीचे कपिल वर्ण की गोह दिखायी देगी ॥ ७२ ॥

यदि वा सुवर्णनाम्नस्तरोर्भवेद्वामतो भुजङ्गगृहम् ।
हस्तद्वये तु याम्ये पञ्चदशनरावसानेऽम्बु ॥ ७३ ॥
क्षारं पयोऽत्र नकुलोऽर्धमानवे ताम्रसन्निभश्चाश्मा ।
रक्ता च भवति वसुधा वहति शिरा दक्षिणा तत्र ॥ ७४ ॥

यदि अमलतास वृक्ष की उत्तर दिशा में सर्पयुक्त वल्मीक हो तो उस वृक्ष से दक्षिण दिशा में २ हाथ के बाद १५ पुरुष नीचे क्षार जल होता है। लक्षण—पहले ½ पुरुष नीचे नेवला उसके बाद लाल रंग का पत्थर और लालवर्ण की भूमि होगी, यहाँ दक्षिणा शिरा बहती है ॥ ७३-७४ ॥

बदरीरोहितवृक्षौ सम्पृक्तौ चेद्विनापि वल्मीकम् ।
हस्तत्रयेऽम्बु पश्चात् षोडशभिर्मानवैर्भवति ॥ ७५ ॥
सुरसं जलमादौ दक्षिणा शिरा वहति चोत्तरेणान्या ।
पिष्टनिभः पाषाणो मृत् श्वेता वृश्चिकोऽर्धनरे ॥ ७६ ॥

जहाँ बेर और रोहिडा का वृक्ष एक साथ उगे हों, वल्मीक हो या न हो, तो उन वृक्षों से पश्चिम में ३ हाथ के बाद १६ पुरुष नीचे मीठा जल होता है, यहां प्रथमाशिरा दक्षिण की ओर और द्वितीया शिरा उत्तर की ओर होती है लक्षण—वहां धान के छिलकों के रंग का पत्थर सफेद मिट्टी और आधा पुरुष नीचे बिच्छू मिलेगा ॥ ७५-७६ ॥

सकरीरा चेद्बदरी त्रिभिः करैः पश्चिमेन तत्राम्भः ।
अष्टादशभिः पुरुषैरैशानी बहुजला च शिरा ॥ ७७ ॥

यदि बेर और करीर वृक्ष साथ हों तो उनसे पश्चिम ३ हाथ दूरी के बाद १८ पुरुष नीचे जल रहता है। वहां ईशान कोण में विशेष जल वाली शिरा बहती है ॥ ७७ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

पीलुसमेता बदरी हस्तत्रयसम्मिते दिशि प्राच्याम् ।
विंशत्या पुरुषाणामशोष्यमम्भोऽत्र सक्षारम् ॥ ७८ ॥

पीलु वृक्ष से युक्त बेर का वृक्ष हो तो उनसे पूर्व में ३ हाथ दूरी के बाद २० पुरुष नीचे कभी नहीं सूखनेवाला किन्तु खारा जल रहता है ॥ ७८ ॥

ककुभकरीरावेकत्र संयुतौ यत्र ककुभबिल्वौ वा ।
हस्तद्वयेम्बु पश्चान्नरैर्भवेत् पञ्चविंशत्या ॥ ७९ ॥

जहां अर्जुन और करील वृक्ष एक साथ हों अथवा जहां अर्जुन और बेल का वृक्ष साथ हो तो उन वृक्षों से पश्चिम में २ हाथ के बाद २५ पुरुष नीचे जल होता है ॥ ७९ ॥

वल्मीकमूर्धनि यदा दूर्वा च कुशाश्च पाण्डुराः सन्ति ।
कूपो मध्ये देयो जलमत्र नरैकविंशत्या ॥ ८० ॥

यदि वल्मीक के ऊपर दूब या कुश पीले वर्ण के हों तो वल्मीक के ऊपर ही कुँआ खोदना चाहिये । वहां २१ पुरुष नीचे जल रहता है ॥ ८० ॥

भूमिः कदम्बकयुता वल्मीके यत्र दृश्यते दूर्वा ।
हस्तद्वये याम्ये नरैर्जलं पञ्चविंशत्या ॥ ८१ ॥

जिस भूमि पर कदम्ब वृक्ष हों वहां द्रव्ययुक्त वल्मीक दिखायी दे तो कदम्ब वृक्ष से दक्षिण में दो हाथ के बाद २५ पुरुष नीचे जल रहता है ॥ ८१ ॥

वल्मीकत्रयमध्ये रोहितकपादपो यदा भवति ।
नानावृक्षैः सहितस्त्रिभिजलं तत्र वक्तव्यम् । ८२ ॥
हस्तचतुष्के मध्यात् षोडशभिश्चाङ्गुलैरुदग्वारि ।
चत्वारिंशत् पुरुषान् खात्वाऽश्माऽधः शिरा भवति ॥ ८३ ॥

यदि तीन वल्मीकों के बीच में रोहिड़ा वृक्ष हो और अन्य तीन से अधिक वृक्षों से घिरा हो तो उस स्थान में जल होता है । तीन वल्मीक के बीच में जो रोहिड़ा का वृक्ष है उससे उत्तर में ४ हाथ और १६ अंगुल के बाद ४० पुरुष नीचे खोदने पर पत्थर मिलेगा उसके नीचे शिरा मिलेगी ॥ ८२-८३ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

ग्रन्थिप्रचुरा यस्मिन् शमी भवेदुत्तरेण वल्मीकः।
पश्चात् पञ्चकरान्ते शतार्धसङ्ख्यैर्नरैः सलिलम्॥ ८४॥

अनेक गांठों वाला जहां शमी वृक्ष हो उसके उत्तर यदि शमी वृक्ष हो तो उस वृक्ष से पश्चिम ५ हाथ दूरी के बाद ५० पुरुष नीच जल होता है। ८४॥

एकस्थाः पञ्च यदा वल्मीका मध्यमो भवेच्छ्वेतः।
तस्मिन् शिरा प्रदिष्टा नरषष्ट्या पञ्चवर्जितया॥ ८५॥

यदि एक स्थान में ५ वल्मीक हों तो उनमें पांचवां बीच का माना जाता है, वह पांचवां यदि सफेद वर्ण का हो तौ उसमें शिरा होती है, यह शिरा ५५ पुरुष नीच होती है॥ ८५॥

सपलाशा यत्र शमी पश्चिमभागेऽम्बु मानवैः षष्ट्या।
अर्धनरेऽहिः प्रथमं सबालुका पीतमृत् परतः॥ ८६॥

जहाँ पलाश वृक्ष युक्त शमी वृक्ष हो उस शमी से पश्चिम में ५ हाथ के बाद ६० पुरुष नीचे जल होता है। लक्षण—पहले १/२ पुरुष खोदने पर सर्प मिलता है, उसके बाद बालू सहित पीला मिट्टी मिलती है॥ ८६॥

वल्मीकेन परिवृतः श्वेतो रोहितको भवेद्यस्मिन्।
पूर्वेण हस्तमात्रे सप्तत्या मानवैरम्बु॥ ८७॥

जहाँ सफेद रोहिडा का वृक्ष वल्मीक से युक्त हो वहाँ उस वृक्ष से पूर्वदिशा में १ हाथ के बाद ७० पुरुष नीचे जल रहता है॥ ८७॥

श्वेता कण्टकबहुला यत्र शमी दक्षिणेन तत्र पयः।
नरपञ्चकसंयुतया सप्तत्याहिर्नरार्धे च॥ ८८॥

सारस्वतमत—

शमी पलाशसंयुक्ता यत्र स्यात्तत्र पश्चिमे।
पञ्चहस्ताज्जलं वाच्यं षष्ट्यात्र पुरुषैरधः॥
अत्रार्धपुरुषे सर्पः पीता मृत्स्यात् सबालुका।
तदधोऽम्भो विनिर्देश्यं दीर्घकालं प्रवाहितम्॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

जहाँ सफेद और अधिक काँटेदार शमी वृक्ष हो वहाँ उस वृक्ष से दक्षिण १ हाथ के बाद ७५ पुरुष नीचे जल रहता है। लक्षण—½ पुरुष खोदने पर सर्प मिलेगा ॥ ८८ ॥

जाङ्गलदेशे विशेषः—

मरुदेशे यच्चिन्हं न जाङ्गले तैर्जलं विनिर्देश्यम्।
जम्बूवेतसपूर्वैर्ये पुरुषास्ते मरौ द्विगुणाः ॥ ८९ ॥

जिन लक्षणों के आधार पर मरु देश में जल प्राप्ति का निर्देश दिया है उनका अनुकरण जङ्गल (स्वल्प जल वाले) देश में न करें। यहाँ मरुदेश की अपेक्षा जल दूनी गहरायी में मिलेगा ऐसा निर्देश दें ॥ ८९ ॥

जम्बूस्त्रिवृता मौर्वी शिशुमारी सारिवा शिवा श्यामा।
वीरुधयो वाराही ज्योतिष्मती गरुडवेगा च ॥ ९० ॥
सूकरिकमाषपर्णीव्याघ्रपदाश्चेद्यद्यहेर्निलये।
वल्मीकादुत्तरतस्त्रिभिः करैस्त्रिपुरुषे तोयम् ॥ ९१ ॥

जामुन, निशोथ, मूर्वा, शिशुमारी, सरिवन, हरीतकी, श्यामा, वाराहीकन्द, मालकांगुनी, गरुडवेगा, सूकरिका, माषपर्णी, व्याघ्रपदी ये औषधियाँ जिस स्थान पर सर्पयुक्त वल्मीक हो, उससे उत्तर दिशा में ३ हाथ के बाद ३ पुरुष नीचे जल निकलेगा ॥ ९०-९१ ॥

एतदनूपे वाच्यं जाङ्गलभूमौ तु पञ्चभिः पुरुषैः।
एतैरेव निमित्तैर्मरुदेशे सप्तभिः कथयेत् ॥ ९२ ॥

उक्त पद्य में जल प्राप्ति का निर्देश अधिक जल वाले स्थानों के लिये है। यदि उक्त लक्षण जांगलदेश में प्राप्त हों तो वहाँ ५ पुरुष नीचे कहें और

सारस्वतमते—

श्वेतातिकण्टका यत्र शमीस्यात्तत्र दक्षिणे।
हस्तेन पञ्चसप्तत्या नराणां निर्दिशेज्जलम् ॥
खातेऽर्धपुरुषे सर्पो दृश्यतेऽञ्जनसप्रभः।
सुरसं च जलं ज्ञेयं चिरकालप्रवाहितम् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

ये हो लक्षण यदि मरुभूमि में दिखायी दें तो ७ पुरुष नीचे जल बतलाना चाहिये ॥ ९२ ॥

वक्तव्य—'बहूदकनगोऽनूपः कफमारुतरोगवान् । जाङ्गलोऽल्पाम्बुशाखी च पित्तासृङ्मारुतोत्तरः' ॥ अर्थात् अत्यधिक जल वाले प्रदेश को 'आनूप' और कम पानी वाले देश को 'जाङ्गल' कहा गया है। इस परिभाषा तथा श्लोक सं० ८९ के अनुसार निश्चित ही उपर्युक्त श्लोक का पाठ भ्रामक किंवा नीचे ऊपर हो गया है ऐसा लगता है। वास्तव में उक्त श्लोक को इस प्रकार पढ़ें और समझें क्या उक्ति संगत है ?

एतदनूपे वाच्यं जाङ्गलभूमौ सप्तभिः पुरुषैः ।
एतैरेव निमित्तैर्मरुदेशे पञ्चभिः कथयेत् ॥

अब इसका अर्थ यों होगा—जांगल भूमि में ७ पुरुष गहरायी और मरुदेश में ५ पुरुष गहरायी में जल मिलेगा।

एकनिभा यत्र मही तृणतरुवल्मीकगुल्मपरिहीना ।
तस्यां यत्र विकारो भवति धरित्र्यां जलं तत्र ॥ ९३ ॥

जहाँ पर एक रंग की भूमि हो, तृण, लता, गुल्म, वृक्षों से हीन हो उस भूमि पर जहाँ कुछ परिवर्तन दिखायी दे। वहाँ १५ पुरुष नीचे जल होता है ॥ ९३ ॥

यत्र स्निग्धा निम्ना सबालुका सानुनादिनी वा स्यात् ।
तत्रार्धपञ्चकैर्वारि मानवैः पञ्चभिर्यदि वा ॥ ९४ ॥

जहाँ की मिट्टी चिकनी, बैठी हुई, बालू वाली और शब्द करती हो उस स्थान पर ४½ या ५ पुरुष नीचे जल होता है ॥ ९४ ॥

सारस्वतमते—

एकवर्णा मही यत्र वृक्षगुल्मतृणादिभिः ।
वाल्मीकैश्चापि रहिता तस्यां तत्र विपर्ययः ॥
पञ्चभिः पुरुषैस्तत्र जलं भूमावधः स्थितम् ।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्निग्धतरूणां याम्ये नरैश्चतुर्भिर्जलं प्रभूतं च।
तरुगहनेऽपि हि विकृतो यस्तस्मात् तद्वदेव वदेत् ॥ ९५ ॥

जहाँ हरे-भरे वृक्ष हों उनसे दक्षिण दिशा में ४ पुरुष नीचे बहुत जल होता है। उनमें भी जिनके फल-फूलों में विकार उत्पन्न हुआ हो, उस वृक्ष से भी दक्षिण दिशा में ४ पुरुष नीचे जल होता है ॥ ९५ ॥

नमते यत्र धरित्री सार्धे पुरुषेऽम्बु जाङ्गलानूपे।
कीटा वा यत्र विनालयेन बहवोऽम्बु तत्रापि ॥ ९६ ॥

जहाँ भूमि पैर से दबाने पर दब जाय वह जांगल भूमि हो या बहूदक वहाँ १½ पुरुष नीचे जल होता है। जहाँ कीड़े बिना घर के निवास करें वहाँ भी १½ पुरुष नीचे जल होता है ॥ ९६ ॥

उष्णा शीता च मही शीतोष्णाम्भस्त्रिभिर्नरैः सार्धैः।
इन्द्रधनुर्मत्स्यो वा वल्मीको वा चतुर्हस्तात् ॥ ९७ ॥

जहाँ भूमि उष्ण हो किन्तु उसी के एक ओर शीतल हो, अथवा सर्वत्र शीतल हो किसी एक भाग में उष्ण हो तो वहाँ ३½ पुरुष नीचे जल होता है। अथवा जांगल और आनूप देश में जहाँ पर इन्द्रधनुषाकार या मछली के आकार की भूमि हो या जहाँ वाल्मीक हो वहाँ ४ पुरुष नीचे जल होता है ॥ ९७ ॥

वल्मीकानां पङ्क्त्यां यद्येकोऽभ्युच्छ्रितः शिरा तदधः।
शुष्यति न रोहते वा सस्यं यस्यां च तत्राम्भः ॥ ९८ ॥

जहाँ वल्मीकों की कतार हो और एक वल्मीक अधिक ऊँचा हो तो उस ऊँचे वल्मीक के नीचे ४ हाथ पर शिरा होती है। अथवा जहाँ अन्न अपने से सूख जाते हों या बीज न उगें वहाँ भी ४ हाथ नीचे जल होता है ॥ ९८ ॥

मनुमते—

वल्मीकपङ्क्त्यां यद्येकोऽभ्युच्छ्रितस्तदधो जलम्।
न रोहते शुष्यते वा यत्र सस्यं चतुष्करात् ॥
जलं तत्रैव निर्देश्यं भूमौ निःसंशयं तदा।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

न्यग्रोधपलाशोदुम्बारैः समेतैस्त्रिभिर्जलं तदधः।
वटपिप्पलसमवाये तद्वद्वाच्यं शिरा चोदक्॥ ९९॥

बरगद, पलाश, गूलर, ये वृक्ष जहाँ एक साथ हों वहाँ पर ३ हाथ नीचे जल होता है। वहाँ उत्तरा शिरा बहती है। और जहाँ बरगद, पीपल के पेड़ उगे हों वहाँ भी ३ हाथ पर जल होता है॥ ९९॥

दिग्विभागेन कूपलक्षणम्—

आग्नेये यदि कोणे ग्रामस्य पुरस्य वा भवेत् कूपः।
नित्यं स करोति भयं दाहं च समानुषं प्रायः॥ १००॥
नैर्ऋत्यकोणे वालक्षयं च वनिताभयं च वायव्ये।
दिक्त्रयमेतत्त्यक्त्वा शेषासु शुभावहाः कूपाः॥ १०१॥

ग्राम अथवा नगर के अग्निकोण में यदि कूप हो तो वह सदा भय दायक होता है। वह कूप सबके लिये प्रतिदिन सन्ताप दायक होता है। यदि ग्राम अथवा नगर के नैऋ त्यकोण में कूप हो तो बालकों का क्षय करता है। वायव्य कोण में कूप हो तो स्त्रियों का विनाश करता है। अतः उक्त तीन विदिशाओं को छोड़कर शेष एक विदिशा ४ दिशाओं में कूप खुदवाना चाहिये। ये सुखद होते हैं॥ १००-१०१॥

मनुप्रोक्तं दकार्गलम्—

सारस्वतेन मुनिना दकार्गलं यत् कृतं तदवलोक्य।
आर्याभिः कृतमेतद्वृत्तैरपि मानवं वक्ष्ये॥ १०२॥

आचार्य वराहमिहिर कहते हैं कि यह मैंने जो दकार्गल (जलाशय प्रकरण) कहा है यह सारस्वत मुनि का मत था। इसके आगे अब मनु कृत दकार्गल का विविध छन्दों में वर्णन करता हूँ॥ १०२॥

सारस्वतमते

पलाशोदुम्वरौ यत्र स्यातां न्यग्रोधसंयुतौ।
वटपिप्पलकौ वाथ समेतौ तदधो जलम्॥
करैस्त्रिभिरुदक् चाम्भः शिरा सुमनसा वदेत्।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्निग्धा यतः पादपगुल्मवल्ल्यो निश्छिद्रपत्त्राश्च ततः शिरास्ति ।
पद्मक्षुरोशीरकुलाः सगुण्ड्राः काशाः कुशा वा नलिका नलो वा ।।१०३।।
खर्जूरजम्ब्बर्जुनवेतसाः स्युः क्षीरान्विता वा द्रुमगुल्मवल्ल्यः ।
छत्त्रेभनागाः शतपत्त्रनीपाः स्युर्नक्तमालाश्च ससिन्दुवाराः ।। १०४ ।।
विभीतको वा मदयन्तिका वा यत्रास्ति तस्मिन् पुरुषत्रयेऽम्भः ।
स्यात् पर्वतस्योपरि पर्वतोऽन्यस्तत्रापि मूले पुरुषत्रयेऽम्भः ।। १०५ ।।

जिस भूमि के वृक्षों, गुल्मों, लताओं के पत्र आदि चिकने तथा छिद्र रहित हों उस स्थान में ३ पुरुष नीचे शिरा रहती है। अथवा जहाँ पर स्थल कमल, गोखरू, खस, ये वनौषधियाँ गुन्द्र, सहित हों, या कुश, काश, नरकट ये तृण एवं खजूर, जामुन, अर्जुन, वेतस ये वृक्ष हों, या क्षीरी वृक्ष हों, या एक जड़ वाले गुल्म, लता हों, या छत्र, हस्तिकर्ण (नागकेसर) हों, या कमल, नीप, करंज, सिन्दुवार वृक्ष हों, या बहेड़ा, मैनफल हों वहाँ भी ३ पुरुष नीचे जल होता है। और जहाँ पर्वत के ऊपर पर्वत रहता है, वहाँ दूसरे पर्वत के मूल से ३ पुरुष नीचे जल होता है ।। १०३-१०५ ।।

या मौञ्जिकैः काशकुशैश्च युक्ता नीला च मृद्यत्र सशर्करा च ।
तस्यां प्रभूतं सुरसं च तोयं कृष्णाऽथवा यत्र च रक्तमृद्वा ।। १०६ ।।

सारस्वतमते

गुल्मपादपवल्ल्यः स्युः पत्त्रैश्चाखण्डितैर्युताः ।
तदधो विद्यते वारि खाते तु पुरुषत्रये ।।
पद्मक्षुरोशीरकुशा गुन्द्राः काशः कुशोऽथवा ।
नलिकानलखर्जूरजम्बूवेतसकार्जुनाः ।।
यत्र स्युर्द्रुमवल्लयश्च क्षीरयुक्ताः फलान्विताः ।
छत्त्रेभनागनःपश्च शतपत्त्रविभीतकाः ।।
सिन्दुवारा नक्तमालाः सुगन्धा मदयन्तिकाः ।
यत्रैते स्युस्तत्र जलं खातेऽम्भः पुरुषत्रये ।।
गिरेरुपरि यत्रान्यः पर्वतः स्यात्ततो जलम् ।
तस्यैव मूले पुरुषैस्त्रिभिर्वाऽस्ति विनिर्दिशेत् ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

जो भूमि मूंज, काश, कुश से युक्त हो, जिस पर नीली मिट्टी तथा बालू दिखायी देता हो, उस भूमि के नीचे मीठा जल होता है। जिस भूमि की मिट्टी काली या लाल रंग की हो वहाँ भी सुस्वादु जल निकलता है ॥१०६॥

भूमिगुणवर्णनम्—

सशर्करा ताम्रमही कषायं क्षारं धरित्री कपिला करोति।
आपाण्डुरायां लवणं प्रदिष्टं मृष्टं पयो नीलवसुन्धरायाम् ॥ १०७ ॥

जो भूमि बालू युक्त तथा ताम्रवर्ण की हो वहां कषाय स्वादयुक्त जल होता है। कपिल वर्ण की भूमि में खारा जल, और नीलवर्ण की भूमि में मीठा जल होता है ॥ १०७ ॥

शाकाश्वकर्णार्जुनविल्वसर्जाः श्रीपर्ण्यरिष्टाधवशिंशपाश्च।
छिद्रैश्च पत्त्रैर्द्रुमगुल्मवल्ल्यो रूक्षाश्च दूरेऽम्बु निवेदयन्ति ॥ १०८ ॥

शाक, अश्वकर्ण, अर्जुन, वेल, सर्जरस, श्रीपर्णी, नीम, धव, शीशम, ये वृक्ष जहां छेदवाले, पत्ते, द्रुम, गुल्म और वल्ली सहित हों वहां बहुत नीचे जल रहता है ॥ १०८ ॥

सूर्याग्निभस्मोष्ट्रखराऽनुवर्णा या निर्जला सा वसुधा प्रदिष्टा।
रक्ताङ्कुराः क्षीरयुताः करीरा रक्ता धरा चेज्जलमश्मनोऽधः ॥ १०९ ॥

जो भूमि सूर्य, अग्नि, भस्म, ऊँट, गधा, के वर्ण की हो वह निर्जल होती हैं और जहां करीर वृक्ष लाल अंकुरों तथा दूध से युक्त हो, वहां की भूमि यदि लालरंग की हो तो वहां पत्थर के नीचे जल होता है ॥ १०९ ॥

वैदूर्यमुद्गाम्बुदमेचकाभा पाकोन्मुखोदुम्बरसन्निभा वा।
भङ्गाञ्जनाभा कपिलाथवा या ज्ञेया शिला भूरिसमीपतोया ॥ ११० ॥

जो पत्थर वैदूर्यमणि तथा मूंग के सदृश मेघ के समान काला हो जो पत्थर पके गूलर के समान हो, जो पत्थर टुकड़ा करने पर सुरमा के सदृश हो और जो कपिलवर्ण का हो उसके समीप में बहुत जल होता है ॥ ११० ॥

पारावतक्षौद्रघृतोपमा या क्षौमस्य वस्त्रस्य च तुल्यवर्णा।
या सोमवल्कस्य च समानरूपा साप्याशु तोयं कुरुतेऽक्षयं च ॥ १११ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

जो पत्थर कबूतर, शहद, घी के रंग का हो अथवा जो सोमलता के सदृश हो, वहां शीघ्र ही पर्याप्त जल निकलता है ॥ १११ ॥

ताम्रैः समेता पृषतैर्विचित्रैरापाण्डुभस्मोष्ट्रखराऽनुरूपा ।
भृङ्गोपमाङ्गुष्ठिकपुष्पिका वा सूर्याग्निवर्णा च शिला वितोया ॥ ११२ ॥

जो पत्थर ताम्रवर्ण के विन्दुओं से अथवा नानावर्ण के लक्षणों से चिह्नित हो या जिसका पीला वर्ण, ऊँट या गधा के सदृश वर्ण वाला हो या भौंरे के रंग का या अंगुष्ठिका के फूल जैसा, या सूर्य, अग्नि के वर्ण जैसा हो उसके नीचे जल प्राप्त होता है ॥ ११२ ॥

चन्द्रातपस्फटिकमौक्तिकहेमरूपा
याश्चन्द्रनीलमणिहिङ्गुलकाञ्जनाभाः ।
सूर्योदयांशुहरितालनिभाश्च याः स्यु-
स्ताः शोभना मुनिवचोऽत्र च वृत्तमेतत् ॥ ११३ ॥

जो पत्थर स्फटिक, मोती, सुवर्ण, इन्द्र नील, हिंगुल, अञ्जन, अथवा सूर्य की कान्ति के समान अथवा हरिताल सदृश हो, ये सभी उत्तम होते हैं। अर्थात् इनके समीप जल की प्राप्ति होती है, यह मुनि वचन है ॥ ११३ ॥

एता ह्यभेद्याश्च शिलाः शिवाश्च यक्षैश्च नागैश्च सदाभिजुष्टाः ।
येषां च राष्ट्रेषु भवन्ति राज्ञां तेषामवृष्टिर्न भवेत् कदाचित ॥ ११४ ॥

पूर्वोक्त श्लोक में कही गयी शिलायें तोड़ने योग्य नहीं होती है। ये कल्याण कारक होती है। यक्ष, नागों द्वारा ये सेवित होती हैं। ये शिलायें जिस राजा के राज्य में होती हैं वहां कभी अवृष्टि (वर्षा का अभाव) नहीं होती ॥ ११४ ॥

रामदैवज्ञमते कूपदिग्विभागः—

कूपे वास्तोर्मध्यदेशेऽर्थनाशस्त्वैशान्यादौ पुष्टिरैश्वर्यवृद्धिः ।
सूनोर्नाशः स्त्रीविनाशो मृतिश्च सम्पत्पीडा शत्रुतः स्याच्च सौख्यम् ॥ ११५ ॥

वास्तु के मध्यभाग में कुआं हो तो धननाश, ईशानकोण में पुष्टि, पूर्व में ऐश्वर्य वृद्धि, अग्निकोण में पुत्रनाश, दक्षिण में स्त्रीनाश, नैर्ऋत्य में

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal.

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

मृत्यु, पश्चिम में सम्पत्ति, वायव्यकोण में शत्रु पीड़ा और उत्तर में सुख होता है ॥ ११५ ॥

कूपेऽर्कभान्मध्यगतैस्त्रिभिर्भैः स्वादूदकं पूर्वदिशि त्रिभिस्त्रिभिः ।
स्वल्पं जलं स्वादुजलं जलक्षयं स्वादूदकं क्षारजलं च मिश्रितम् ॥११६॥

कूप निर्माण प्रारम्भ करते समय कूप चक्र बनाना चाहिये। यथा— सूर्यनक्षत्र से ३ नक्षत्र कुँए के मध्यभाग में इनमें कूपारम्भ से स्वादिष्ट जल, ३ नक्षत्र पूर्व में थोड़ा जल, ३ नक्षत्र अग्निकोण में स्वादुजल, ३ दक्षिण में, जलनाश, नक्षत्र नैर्ऋत्यकोण में, स्वादु जल, ३ नक्षत्र पश्चिम में, क्षारजल, ३ यव्यकोण में उत्तम जल, ३ नक्षत्र उत्तर में, मधुरजल, ३ नक्षत्र ईशानकोण में, क्षारजल होता है, यह पूर्वाचार्यों का मत है ॥ ११६ ॥

सूर्यभात् कूपचक्रम्

दिशा	न०	फलाान
मध्ये	३	स्वादुजलम्
पूर्वे	३	खण्डितजलम्
आग्नेये	३	स्वादुजलम्
दक्षिणे	३	जलहानिः
नैर्ऋत्ये	३	स्वादुजलम्
पश्चिमे	३	क्षारजलम्
वायव्ये	३	शीतलजलम्
उत्तरे	३	मिष्टजलम्
ईशाने	३	क्षारजलम्

वसिष्ठमते—

ऐश्वर्यं पुत्रहानिश्च स्त्रीनाशो निधनं भवेत् ।
संपच्छत्रुभयं सौख्यं पुष्टिः प्रागादितः क्रमात् ॥
कूपे कृते मध्यमे तु धनहानिश्च वास्तुनः ।
तस्मात्सम्यग्विचार्यैवं कूपं कुर्याच्च बुद्धिमान् ॥
कूपेऽर्कभात्क्रमान्मध्यभागतस्त्रिस्त्रिमानि च ।
शुभाशुभानि चोक्तानि ब्राह्मभात्कैश्चिदीरितम् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

'ब्राह्मभात् कैश्चिदीरितम्' रोहिणी नक्षत्र से भी कूपचक्र का विचार लिखा है।

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

ज्योतिःप्रकाशोक्तकूपचक्रम्—

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि कूपचक्रं वरानने।
रोहिण्यादिलिखेच्चक्रं मध्ये त्रयप्रतिष्ठितम् ॥ ११७ ॥
पूर्वादिदिक्षु सर्वासु त्रित्रिमार्गेण दीयते।
मध्ये शीघ्रजलं स्वादु पूर्वे भूमिश्च खण्डिता ॥ ११८ ॥
आग्नेय्यां सुजलं प्रोक्त दक्षिणे निर्जलं तथा।
नैर्ऋत्ये चामृतं वारि पश्चिमे शोभनं जलम् ॥ ११९ ॥
वायव्येऽपि जलं हन्ति चोत्तरे स्वादुकं जलम्।
ईशान्ये कटुकं क्षारमल्पतीक्ष्णस्य सभवम् ॥ १२० ॥

अब कूपचक्र का वर्णन करता हूँ। रोहिणी नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनें प्रथम ३ नक्षत्र मध्य में ३-३ पूर्व आदि आठ दिशा-विदिशाओं में रखें। क्रमशः फल ३ स्वादु जल, ३ खंडितभूमि, ३ सुजल, ३ निर्जल, ३ अमृतजल, ३ शोभनजल, ३ जलहानि, ३ स्वादुजल, ३ कटु-क्षार अल्प एवं तीक्ष्ण जल होता है ॥ ११७-१२० ॥

रोहिणीनक्षत्रात् कूपचक्रम्

दिशा	न०	फलानि
मध्ये	३	स्वादुजलम्
पूर्वे	३	निर्जलम्
आग्नेये	३	आशुजलम्
दक्षिणे	३	निर्जलम्
नैर्ऋत्ये	२	अमृतजलम्
पश्चिमे	३	निर्जलम्
वायव्ये	३	जलहानिः
उत्तरे	३	मधुरजलम्
ईशाने	३	क्षारजलम्

भौमभात् कूपचक्रम्—

[illegible]
Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal
रुजमसिद्धियशोऽर्थप्रसिद्धये जलविभंगकरं कुजभादिषु ॥ १२१ ॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

कूपचक्र में मङ्गल के नक्षत्र से गिनें—१ नक्षत्र में प्राप्त जल से वध, ५ नक्षत्र में सिद्धि, ४ नक्षत्र में अभङ्ग, ३ नक्षत्र में रोग, ३ नक्षत्र में असिद्धि, ४ नक्षत्र में यश, ३ नक्षत्र में अर्थप्रसिद्धि, ४ नक्षत्र में जलहानि होती हैं।

भौमभात् कूपचक्रम्

न०	१	५	४	३	३	४	३	४
फलानि	जलेवधमयम्	सिद्धि	अभङ्गः	रोगः	असिद्धिः	यशः	यशः	जलभङ्गः

मुहूर्तकल्पद्रुमोक्तकूपचक्रम्—

राहुभाच्च त्रयं पूर्वे त्रयमाग्नेयतः क्रमात्।
मध्ये चत्वारि ऋक्षान्ते फलं वाच्यं शुभाशुभम् ॥ १२२ ॥

राहुभात् कूपचक्रम्

दिशा	न०	फलानि
पूर्वे	३	शोकः
आग्नेये	३	जललाभः
दक्षिणे	३	स्वामिमरणम्
नैर्ऋत्ये	३	दुःखम्
पश्चिमे	३	सुखसौभाग्यम्
वायव्ये	३	जलवृद्धिः
उत्तरे	३	निर्जलम्
ईशाने	३	जलसिद्धिः
मध्ये	४	सजलम्

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्वे शोककरं राहुराग्नेय्यां जलदं सदा।
दक्षिणे स्वामिमरणं नैर्ऋत्यां दुःखदायकम् ॥ १२३ ॥
पश्चिमे सुखसौभाग्यं वायव्ये जलवर्द्धनम्।
उत्तरे निर्जलं विद्यादीश्वरे जलसिद्धिदम् ॥ १२४ ॥
मध्ये च सजलं वाच्यं नान्यथा रुद्रभाषितम्।
स्वयं रूपी सदा राहुःपाल्यते तत्क्षणे भुवि ॥ १२५ ॥

कूप चक्र में राहु के नक्षत्र से गिनें—३ नक्षत्र में ३-३ अग्निकोण आदि सभी दिशा-विदिशाओं में और ४ नक्षत्र मध्य में देकर शुमाशुमफल कहें।

पूर्व के नक्षत्रों में कूपारम्भ करने से शोक, अग्निकोण में जल, दक्षिण में गृहपति की मृत्यु, नैर्ऋत्यकोण में दुःख, पश्चिम में सुख-सौभाग्य, वायव्यकोण में जलवृद्धि, उत्तर में निर्जल, ईशानकोण में जलसिद्धि और मध्य में सजल यह शिवजी का वचन है ॥ १२४-१२५ ॥

कूपमुहूर्ताः—

हस्तात्तिस्रो वासवं वारुणश्च
मित्रं पित्र्यं त्रीणि चैवोत्तराणि।
प्राजापत्यं चापि नक्षत्रमाहुः
कूपारम्भे श्रैष्ठ्यमाद्यैर्मुनीन्द्रैः ॥ १२६ ॥

हस्त, चित्रा, स्वाति, धनिष्ठा, शतभिषा, अनुराधा, मघा, तीनों उत्तरा और रोहिणी ये नक्षत्र कूपारम्भ के लिये मुनि सम्मत हैं ॥ १२६ ॥

ब्रह्मयामलोक्तं तडागचक्रम्—

तडागचक्रं वक्ष्यामि यदुक्तं ब्रह्मयामले।
सूर्यभाच्चन्द्रभं यावद् गणयेत्सततं बुधैः ॥ १२७ ।
दिक्षु ऋक्षद्वयं न्यस्य मध्ये पञ्च नियोजयेत्।
षडृक्षे वारिवाहे च फलं तत्र विचारयेत् ॥ १२८ ॥
पूर्वे तु बहुशोकं स्यादाग्नेय्यां च जलं बहु।
दक्षिणे वारिनाशं च नैर्ऋत्यं चामृतं जलम् ॥ १२९ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

पश्चिमे च जलं स्वादु वायव्ये वारिशोषणम् ।
उत्तरे च ।स्थिरं तोयमीशान्ये कुत्सितं जलम् ।। १३० ।।

सूर्यनक्षत्रात् तडागचक्रम्

दिशा	न०	फलानि
पूर्वे	२	बहुशोकम्
आग्नेये	२	बहुजलम्
दक्षिणे	२	जलनाशम्
नैर्ऋत्ये	२	अमृतजलम्
पश्चिमे	२	स्वादुजलम्
वायव्ये	२	जलशोषणम्
उत्तरे	२	स्थिरजलम्
ईशाने	२	कुत्सितजलम्
मध्ये	५	शीघ्रजलम्
वारिवाहे	६	जलस्यातिपूर्णता

मध्ये छिद्रजलं याति वारिवाहेति पूर्णता ।
एवं तडागचक्रस्य फलं ज्ञेयं मनीषिभिः ।। १३१ ।।

ब्रह्मयामलोक्त तड़ाग चक्र का वर्णन करता हूँ—सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक गिनें २-२ नक्षत्र आठों दिशा-विदिशाओं में ५ नक्षत्र मध्य में ६ नक्षत्र वारिवाह में स्थापन करके फल का विचार करना चाहिये शेष चक्र में देखें ।। १२७-१३१ ।।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

तडागमुहूर्तविचारः—

ध्रुव वसु जल पुष्यं नैर्ऋतं मैत्रसंज्ञकम् ।
नक्षत्रं शुभदं ज्ञेयं तडागे सर्वदा बुधैः ॥ १३२ ॥

तीनों उत्तरा, रोहिणी, धनिष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, पुष्य, मूल, मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा, नक्षत्रों में तालाब का निर्माण शुभ होता है ॥ १३२ ॥

वापीमुहूर्तविचारः—

स्वात्यश्विपुष्यहस्तेषु मैत्रे चैव पुनर्वसौ ।
रेवत्यां वारुणे चैव वापीकार्यं प्रशस्यते ॥ १३३ ॥

स्वाती, अश्विनी, पुष्प, हस्त, अनुराधा, पुनर्वस्तु, रेवती, शतभिषा नक्षत्रों में बावड़ी का निर्माए शुभ होता है ॥ १३३ ॥

निर्वारचक्रम्—

निर्वारे पूर्वतस्त्रीणि त्रीणि त्रीणि च सर्वतः ।
मध्ये चत्वारि देयानि राहुभाच्चन्द्रभं बुधैः ॥ १३४ ॥

निर्वार (जमवट) चक्र में राहु के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनकर पूर्व आदि दिशाओं में ३-३ नक्षत्र और मध्य में ४ नक्षत्र रखें ॥ १३४ ॥

राहुभात् निर्वारचक्रम्

दिशा	पूर्वे	आग्नेये	दक्षिणे	नैर्ऋत्ये	पश्चिमे	वायव्ये	उत्तरे	ईशाने	मध्ये
न०	३	३	३	३	३	३	३	३	४
फलानि	सौख्यम्	बहु-भयम्	दुःखम्	दुःखम्	बहु-भयम्	बहु-भयम्	धनवृद्धिः	बहु-भयम	सौख्यम्

मध्ये पूर्वे जलं सौख्यं चोत्तरे धनवर्द्धनम् ।
याम्यनैर्ऋत्ययोर्दुःखं भयं बहुपरेऽन्यदिक् ॥ १३५ ॥

निर्वार चक्र का क्रमशः फल—मध्य में जल, पूर्व में सुख, उत्तर में धन वृद्धि, दक्षिण में दुःख, नैर्ऋत्यकोण में कष्ट, शेष दिशाओं में भय होता है ॥ १३५ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वापीकूपाद्यारम्भः—

चित्रा स्वातिपुनर्वसू मृगशिरो मूलाश्विनीरोहिणी-
हस्ताःपुष्यघनिष्ठकं शतभिषक् मित्रोत्तरारेवती ॥ १३६ ॥
एतेषु श्रवणान्वितेषु मकरे लग्ने च कुम्भे झषे।
वापीकूपजलाशयादिखननं शस्तं प्रशस्ते दिने ॥ १३७ ॥

चित्रा, स्वाती, पुनर्वसु, मृगशिरा, मूल, अश्विनी, रोहिणी, हस्त, पुष्य, घनिष्टा, शतभिषा, अनुराधा तीनों उत्तरा, रेवती ये नक्षत्र यदि श्रवण के साथ हों मकर, कुम्भ, मीन, लग्न में शुभदिन होने से बावड़ी, कुआं तथा तालाब आदि का निर्माण शुभ होता है ॥ १३६-१३७ ॥

शुभनक्षत्राणि—

रेवती रोहिणी मैत्रपूर्वाषाढोत्तरात्रये।
सौम्यवारुणपुष्येषु तोयारम्भः शुभावहः ॥ १३८ ॥

रेवती, रोहिणी, अनुराधा, पूर्वाषाढा, तीनों उत्तरा, मृगशिरा, शतभिषा, पुष्य इन नक्षत्रों में वापी कूपादि का आरम्भ करना चाहिये ॥ १३८ ॥

सर्वतोयाश्रयारम्भः कर्तव्यो विवलैः खलैः।
लग्नस्थे ज्ञेऽथवा जीवे लग्नभेऽब्जे सिते खगे ॥ १३९ ॥
ध्रुववासवयुग्मार्कपुष्यमैत्रमघासु च।
वापीकूपतडागादि वारिबन्धनमोक्षणम् ॥ १४० ॥

पापग्रहों के निर्बल होने पर सभी प्रकार के जलाशयों का प्रारम्भ करना चाहिये, लग्न में बुध अथवा गुरु हो अथवा लग्न में चन्द्रमा और शुक्र दशम हों तो तीनों उत्तरा, रोहिणी, घनिष्ठा, शतभिषा, हस्त, पुष्य, मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा और मघा नक्षत्र हो तो बावड़ी, कुआं, तालाब, वारिबन्ध-मोक्षण (बंधे हुए जल को खोलना) शुभ होता है ॥ १३९-१४० ॥

इति दकार्गलप्रकरणम्।

—

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ वृक्षायुर्वेदाध्यायः

बृहत्संहितायां वृक्षारोपणप्रयोजनम्—

प्रान्तच्छायाविनिर्मुक्ता न मनोज्ञा जलाशयाः ।
यस्मादतो जलप्रान्तेष्वारामान् विनिवेशयेत् ॥ १ ॥

वृक्ष लता गुल्म आदि के बिना जलाशय शोभित नहीं होते अतः जलाशयों राजमार्गों के समीप वृक्षारोपण करना चाहिये ॥ १ ॥

मृदुभूमेः प्राशस्त्यम्—

मृद्वी भूः सर्ववृक्षाणां हिता तस्यां तिलान् वपेत् ।
पुष्पितांस्तांश्च मृद्नीयात् कर्मैतत्प्रथमं भुवः ॥ २ ॥

ईंट, पत्थर, बालू आदि से रहित अतएव मुलायम भूमि सभी प्रकार के वृक्षों को लगाने के लिये अच्छी होती है। ऐसी भूमि में सर्वप्रथम तिलों को लगाना चाहिये, जब इनमें फूल लगने लगें तो इनका वहीं मर्दन कर मिट्टी में मिला दें। यह भूमि का प्रथम संस्कार है ॥ २ ॥

प्रथमरोपणीयवृक्षाः—

अरिष्टाऽशोकपुन्नागशिरीषाः सप्रियङ्गवः ।
माङ्गल्याः पूर्वमारामे रोपणीया गृहेषु वा ॥ ३ ॥

नीम, अशोक, नागकेसर, शिरीष, प्रियङ्गु इन वृक्षों को घर के समीप अथवा बगीचे सबसे पहले लगायें, क्योंकि ये मांगलिक वृक्ष हैं ॥ ३ ॥

काण्डरोप्यवृक्षविधानम्—

पनसाशोककदलीजम्बूलकुचदाडिमाः ।
द्राक्षापालीवताश्चैव वीजपूरातिमुक्तकाः ॥ ४ ॥
एते द्रुमाः काण्डरोप्या गोमयेन प्रलेपिताः ।
मूलोच्छेदेऽथवा स्कन्धे रोपणीयाः परं ततः ॥ ५ ॥

कटहर, अशोक, केला, जामुन, बड़हर, दाड़िम, मुनक्का (अंगूर) पालीवत, बिजौरानीबू, अतिमुक्तक इन वृक्षों की शाखा को गोबर से लीप कर लगाना चाहिये। अन्य वृक्षों को जड़ सहित उखाड़कर अथवा दूसरे की शाखा को

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri
दूसरे से जोड़कर लगाना चाहिये। इस प्रकार की कलम करना और ऐसे वृक्षों के फलों को कलमी फल कहते हैं।

विचारणीय—उक्त श्लोक में कदली = केला की शाखा को लगाने के लिये कहा गया है। जो सर्वथा असम्भव है; क्योंकि केला की शाखा होती ही नहीं अतः निश्चय ही यहाँ कोई पाठभेद होगा।

कालानुसारिवृक्षाऽऽरोपणनियमाः—

अजातशाखान् शिशिरे जातशाखान् हिमागमे।
वर्षागमे च सुस्कन्धान् यथा दिक्स्थान् प्ररोपयेत् ॥ ६ ॥

जिस वृक्ष में लता, अंकुर न हो उसको शिशिर (माघ-फाल्गुन) में, जिसमें शाखा आदि हों उसको हेमन्त (मार्गशीर्ष-पौष) में बड़ी शाखाओं से युक्त वृक्षों को वर्षा (श्रावण-भाद्रपद) में लगाना चाहिये ॥ ६ ॥

उत्खातप्रतिरोपणविधिः—

घृतोशीरतिलक्षौद्रविडंगक्षीरगोमयैः ।
आमूलस्कन्धलिप्तानां सङ्क्रामणविरोपणम् ॥ ७ ॥

अब एक स्थान से उखाड़कर दूसरे देश में ले जाकर लगाने की विधि का वर्णन किया जा रहा है। घी, खश, तिल-मधु, गाय का गोबर और दूध, वायविडंग इन सब वस्तुओं को पीस कर लेप सा बनाकर जड़ से लेकर प्रति-

---

काश्यपमते—

अजातशाखा ये वृक्षाः शिशिरे तांश्च रोपयेत्।
जातशाखाश्च हेमन्ते रोपणीया विधानतः॥
सुस्कन्धाः शाखिनो ये तान् प्रावृट्काले तु रोपयेत्॥
घृतं क्षीरं तथा क्षौद्रमुशीरतिलगोमयैः।
विडङ्गलेपनं मूलात् सङ्क्रामणविरोपणम्॥
अन्तरं विंशतिर्हस्ता वृक्षाणामुत्तमं स्मृतम्।
मध्यमं षोडशं ज्ञेयमधमं द्वादशस्मृतम्॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri
शाखा पर्यन्त उखाड़े हुए पेड़ों मे लेपन करके दूसरे स्थान में ले जाकर रोपण करें ॥ ७ ॥

वृक्षारोपणविचारः—

शुचिर्भूत्वा तरोः पूजां कृत्वा स्नानानुलेपनैः ।
रोपयेद्रोपितश्चैव पत्त्रैस्तैरेव जायते ॥ ८ ॥

स्वयं स्नान आदि कृत्य द्वारा पवित्र होकर वृक्ष का स्नान, गन्ध, अक्षत, आदि से पूजन करके वृक्ष को लगायें ऐसा करने से उखाड़ने से पहले वाले पत्र भी नहीं सूखते हैं ॥ ८ ॥

रोपितवृक्षाणां सेचनविधिः—

सायं प्रातश्च घर्मर्त्तौ शीतकाले दिनान्तरे ।
वर्षासु च भुवः शोषे सेक्तव्या रोपिता द्रुमाः ॥ ९ ॥

उखाड़कर पुनः लगाये हुए वृक्षों को ग्रीष्म ऋतु में प्रातः-सायं दोनों समय, शीत काल में दिन के मध्य मे और वर्षा ऋतु में भूमि के सूखने पर अर्थात् जब वर्षा न हो तब सींचें ॥ ९ ॥

अनूपदेशजवृक्षसेचनप्रकारः—

जम्बूवेतसवानीरकदम्बोदुम्बरार्जुनाः ।
वीजपूरकमृद्वीकालकुचाश्च सदाडिमा ॥ १० ॥
वञ्जुलो नक्तमालश्च तिलकः पनसस्तथा ।
तिमिरोऽम्रातकश्चेति षोडशानूपजाः स्मृताः ॥ ११ ॥

जामुन, बेत, वानीर, कदम, गूलर, अर्जुन, बिजौरा, नीबू, मुनक्का, बड़हर, अनार, बेत, तिनिस, करञ्जुआ, तिलक, कटहर, तिमिर, आम्रातक (आमड़ा) ये सोलह अनूप देश के वृक्ष कहे जाते हैं। इनको अधिक सींचने की आवश्यकता नहीं होती है ॥ १०-११ ॥

वृक्षरोपणे मध्यान्तरविचारः—

उत्तमं विंशतिर्हस्ता मध्यमं षोडशान्तरम् ।
स्थानात् स्थानान्तरं कार्यं वृक्षाणां द्वादशावरम् ॥ १२ ॥

एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष की दूरी २०हाथ, यह उत्तम दूरी है, १६हाथ की दूरी मध्यम है और १२हाथ की दूरी अधम कही गयी है। यह प्रमाण बड़े वृक्षों का है।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

तेषां फलम्—

अभ्यासजातास्तरवः संस्पृशन्तः परस्परम् ।
मिश्रैर्मूलैश्च न फलं सम्यग्यच्छन्ति पीडिताः ॥ १३ ॥

पास-पास में लगे हुए पेड़ एक-दूसरे को अपनी छाया से ढक देते हैं और इसी प्रकार नीचे जड़ें भी आपस में मिल जाने से अपना आहार भली-भाँति ग्रहण न कर सकने के कारण अच्छे फल नहीं दे सकते। अतएव उक्त विधि से इनकी दूरी की व्यवस्था की गयी है ॥ १३ ॥

वृक्षाणां रोगज्ञानप्रकारः—

शीतवातातपै रोगो जायते पाण्डुपत्त्रता ।
अवृद्धिश्च प्रवालानां शाखाशोषो रसस्रुतिः ॥ १४ ॥

सर्दी, वायु, धूप, (लू लगना) के प्रभाव से वृक्षों में अनेक प्रकार के रोग (विकार) उत्पन्न हो जाते हैं। जिनके कारण पेड़ों का पीला पड़ जाना, किसलयों का ठीक प्रकार से विकास न होना, शाखाओं का सूखना और रस का स्राव होता है ॥ १४ ॥

वृक्षाणां चिकित्साप्रकारः—

चिकित्सितमथैतेषां शस्त्रेणादौ विशोधनम् ।
विडङ्गघृतपङ्काक्तान् सेचयेत् क्षीरवारिणा ॥ १५ ॥

वृक्षों की चिकित्सा का वर्णन—वृक्ष जिस अग में आहत हो उसको शस्त्र से काटकर वायविडंग, घी, कीचड़ इन सबको मिलाकर उम स्थान पर लेप कर उसको दूध तथा जल मिलाकर सींचें ॥ १५ ॥

काश्यपमते—

शाखाविटपपत्त्रैश्च छायया विहिताश्च ये ।
येऽपि पर्णफलैर्हीना रूक्षाः पत्त्रैश्च पाण्डुरः ॥
शीतोष्णवर्षवाताद्यैर्मूलैर्व्यामिश्रितैरपि ।
शाखिनां तु भवेद्रोगो द्विपानां लेखनेन च ॥
चिकित्सितेषु कर्त्तव्या ये च भूयः पुनर्नवाः ।
शोधयेत् प्रथमं शस्त्रैः प्रलेपं दापयेत्ततः ॥
कर्दमेन विडङ्गैश्च घृतमिश्रैश्च लेपयेत् ।
क्षीरतोयेन सेकः स्याद्रोहणं सर्वशाखिनाम् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

फलनाशचिकित्सावर्णनम्—

फलनाशे कुलत्थैश्च माषैर्मुद्गैस्तिलैर्यवैः ।
श्रृतशातपयःसेकः फलपुष्पसमृद्धये ॥ १६ ॥

पेड़ों के जब फल झड़ जाते हों तो ऐसी स्थिति में कुलथी, उड़द, मूंग, तिल और जौ को मिलाकर इनका क्वाथ करें, शीतल होने पर उसमें दूध मिलाकर पेड़ को सीचें, ऐसा करने से फूल और फल की वृद्धि होती है ॥१६॥

प्रयोगान्तरवर्णनम्—

अविकाजशकृच्चूर्णस्याढके द्वे तिलाढकम् ।
सक्तुप्रस्थो जलद्रोणो गोमांसतुलया सह ॥ १७ ॥
सप्तरात्रोषितैरेतैः सेकः कार्यो वनस्पतेः ।
वल्लीगुल्मलतानां च फलपुष्पाय सर्वदा ॥ १८ ॥

भेड और बकरे की मेंगन १-१ आढक (३ सेर १६ तोला), तिल १ आढक सत्तू १ प्रस्थ (६४ तोला) जल १ द्रोण (१२ सेर ६४ तोला), गोमांस १ तुला (५ सेर) इन सबको मिलाकर सात रात तक एक साथ रखें, इनके सेक करने से वल्ली, लता और फल की विशेष वृद्धि होती है। यह प्रमाण एक वृक्ष के लिये है, गोमांस मांस का उपलक्षण मात्र है, वैसे अन्य मांसों का भी उपयोग होता है ॥ १७-१८ ॥

ग्रन्थान्तरे—

त्रियवं कृष्णलं विन्द्यान्माषलः पञ्चकृष्णलः ।
ते स्युर्द्वादशलक्षाख्यं सुवर्णमथ षोडश ॥
पञ्चलक्षैश्चतुर्भिस्तु सुवर्णनिष्क उच्यते ।
चतुष्पलोऽथ कुडवः प्रस्थः स्यात्ताच्चतुष्टयम् ॥
आढकस्तु चतुष्प्रस्थो, द्रोणस्तु चतुराढकः ।
मानिकातु चतुर्द्रोणा खारी स्यात्ताच्चतुष्टयम् ॥
तुला पलशतं ज्ञेयं भारः स्याद्विंशतिस्तुलाः ।
शुष्कद्रव्येषु सङ्ख्येयं चार्द्रेषु द्विगुणा भवेत् ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

बीजवपनविधानम्—

वासराणि दश दुग्धभावितं वीजमाज्ययुतहस्तयोजितम् ।
गोमयेन वहुशो विरूक्षितं क्रोडमार्गपिशितैश्च धूपितम् ॥ १९ ॥
मांससूकरवसासमन्वितं रोपित च परिकर्मितावनौ ।
क्षीरसयुतजलावसेचितं जायते कुसुमयुक्तमेव तत् ॥ २० ॥

जिस बीज को लगाना हो उसे हाथ में घी लगाकर मले फिर १० दिन तक दूध में भिगो दें फिर गोबर के साथ मर्दन करें फिर सूकर और मृग के मांस की धूप दें फिर सूकर और मृग के मांस को मिलाकर भूमि पर रोपें बाद में उसे दूध और जल से सींचे ऐसा करने से बीज अंकुरित हो उसमें फूल लगाते हैं ॥ १९-२० ॥

तिन्तिडीबीजरोपणम्—

तिन्तिडीत्यपि करोति वल्लरीं व्रीहिमाषतिलचूर्णसक्तुभिः ।
पूतिमांससहितैश्च सेचिता धूपिता च सततं हरिद्रया ॥ २१ ॥

इमली के बीज को धान, माष, तिल के चूर्ण, सत्तू तथा सड़े मांस में मिलाकर हल्दी की धूप देने से शाखा निकलती है। इसके प्रयोग से इमली के अतिरिक्त और बीज भी अंकुरित होते हैं ॥ २१ ॥

कपित्थबीजरोपणप्रकारः—

कपित्थवल्लीकरणाय मूलान्यास्फोतधात्रीधववासिकानाम् ।
पलाशिनि वेतससूर्यवल्ली श्यामातिमुक्तैः सहिताष्टमूली ॥ २२ ॥
क्षीरे शृते चाप्यनया सुशीते तालीशतं स्थाप्य कपित्थवीजम् ।
दिने दिने शोषितमर्कपादैर्मासं विधिस्त्वेष ततोऽधिरोप्यम् ॥ २३ ॥
हस्तायतं तद्द्विगुणं गभीरं खात्वा वटं प्रोक्तजलावपूर्णम् ।
शुष्कं प्रदग्धं मधुसर्पिषा तत्प्रलेपयेद्भस्मसमन्वितेन ॥ २४ ॥
चूर्णीकृतैर्माषतिलैर्यवैश्च प्रपूरयेन्मृत्तिकयान्तरस्थैः ।
मत्स्यामिषाम्भस्सहितं च हन्याद्यावद्घनत्वं समुपागतं तत् ॥ २५ ॥
उप्तश्च बीजं चतुरङ्गुलाधो मत्स्याम्भसा मांसजलैश्च सिक्तम् ।
वल्ली भवत्याशु शुभप्रवाला विस्मापनी मण्डपमावृणोति ॥ २६ ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

कैथ के बीज को लगाने के लिये सारिवा, आँवला, धव, अडूसा, वृक्षों के जड़ों को तथा वेत के जड़, पत्ते सूर्य वल्ली, त्रिवृत्त और अतिमुक्त वृक्ष की जड़ इन सबके समूह को अष्टमूली कहते हैं। इनका दूध मिलाकर बचाव करें। शीतल होने पर इसको १०० ताली बजाने के समय तक क्वाथ में डाल दें। फिर इसको निकालकर धूप में सुखा दें, ऐसा ३० दिन तक बराबर करके तब इसका रोपण करें। इसके लिये १ हाथ लम्बा १ हाथ चौड़ा २ हाथ गहरा गड्ढा खोदकर दूध मिले जल से भर दें, जब वह सूख जाय तब उसमें आग जला दें फिर उसको शहद घी, भस्म से लीप दें।

इसके पश्चात् उसमें अंगुल मिट्टी भर दें, जौ, उड़द, तिल का चूर्ण डालकर फिर उसमें ४ अंगुल मिट्टी डालें। इसी क्रम से उस गड्ढे को भर दें। इसके बाद मछली के मांस जल से गीला करके उसको कड़ा होने तक पीटें। इस स्थान पर ४ अंगुल की गहरायी में बीज को रोपें। मत्स्य जल से उसको सींचें ऐसा करने से शीघ्र बल्ली (लता) उग आती है। इस प्रकार लगाया हुआ वृक्ष अनुपम शोभा वाला होता है और यह अपनी छाया से आश्रितों को सुख देता है ॥ २२-२६ ॥

श्लेष्मातकबीजरोपणविधानम्—

श्लेष्मातकस्य बीजानि निष्कुलीकृत्य भावयेत् प्राज्ञः ।
अङ्कोलविज्जलाद्भिश्छायायां सप्तकृत्वैवम् ॥ २७ ॥
माहिषगोमयघृष्टान्यस्य करीषे च तानि निक्षिप्य ।
करकाजलमृद्योगे न्युप्तान्यह्ना फलकराणि ॥ २८ ॥

लिसोड़ा के बीज का ऊपरी छिलका उतार कर अंकोल फल की चिकनाहट की भावना दें, छाया में सुखा लें, सात बार ऐसा करें। फिर भैंस के गोबर से घिसें, गोबर के बीच में रख दें। इस बीज को ओला के जल और मिट्टी में सानकर रोपें ऐसा करने से, यह अंकुरित बीज उत्तम फल को देता है ॥२७-२८॥

सामान्यवृक्षारोपणप्रकारः

शतशोऽङ्कोलसम्भवफलकल्केन भावितम् ।
Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal
एतत्तैलेन वा बीजं श्लेष्मातकफलेन वा ॥ २९ ॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

वापितं करकोन्मिश्रमृदि तत्क्षणजन्मकम् ।
फलभारान्विता शाखा भवतीति किमद्भुतम् ॥ ३० ॥

यदि उपर्युक्त वृक्षों के अतिरिक्त किसी का बीज लगाना हो तो उस बीज को पिस्ता के कल्क (पिस्ता को पीसकर चटनी सी बना लें) से १०० बार भावना (भिगो भिगोकर छाया में सुखाने) से अथवा इसी के तेल से १०० बार भावना देने से, फिर उस बीज को लिसोड़ा के फल के कल्क या तेल की भावना देकर लगाने से उसी क्षण में वह बीज, शाखा, लता, फल से युक्त हो जाता है।

वक्तव्य—बीजों का सामान्य रोपण सुप्रसिद्ध है, किन्तु उपर्युक्त प्रकार की विधियाँ विशेष प्रभावकारी होती हैं, तथापि उक्त फलश्रुतियाँ प्रशंसा की दृष्टि से लिखी गयी हैं ॥ ३० ॥

वृक्षरोपणनक्षत्राणि—

ध्रुवमृदुमूलविशाखा गुरुभं श्रवणस्तथाश्विनी हस्तः ।
उक्तानि दिव्यदृग्भिः पादपसंरोपणे भानि ॥ ३१ ॥

तीनों उत्तरा, रोहिणी, अनुराधा, मृगशिरा, रेवती, चित्रा, मूल, विशाखा, पुष्य, श्रवण, आश्विनी, हस्त ये नक्षत्र वृक्षारोपण के लिये शुभ होते हैं। ऐसा दिव्यदृष्टि वाले प्राचीन महर्षियों का मत है ॥ ३१ ॥

इति वृहत्संहितोक्तो वृक्षायुर्वेदाध्यायः ॥

—

देवमन्दिरनिर्माणप्रयोजनम्—

कृत्वा प्रभूतं सलिलमारामान् विनिवेश्य च ।
देवतायतनं कुर्याद्यशोधर्म्माभिवृद्धये ॥ १ ॥
इष्टापूर्त्तेन लभ्यन्ते ये लोकास्तान् बुभूषता ।
देवानामालयः कार्यो द्वयमप्यत्र दृश्यते ॥ २ ॥

अनेक प्रकार के जलाशय (पुष्कर, कूप, तड़ाग) बनवाकर फल, फूल के बगीचे लगवाकर यश एवं धर्म की वृद्धि के लिये देव मन्दिर का निर्माण करायें। इष्ट यज्ञ, पूर्त जलाशय के निर्माण से जिन (स्वर्ग आदि) लोकों की प्राप्ति

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

होती है। उनके लिये देव मन्दिरों का निर्माण करायें, क्योंकि इनसे दोनों प्रकार के फल देखे जाते हैं ॥ १-२ ॥

देवतानुरागस्थलानि—

सलिलोद्यानयुक्तेषु कृतेष्वकृतकेषु च।
स्थानेष्वेतेषु सान्निध्यमुपगच्छन्ति देवताः ॥ ३ ॥

जहाँ पर पहले से जलाशय तथा फल, पुष्प के उद्यान हों अथवा किसी भक्त के द्वारा बनवाये गये हों ऐसे स्थानों पर देवता निवास करते हैं ॥ ३ ॥

सरःसु नलिनीछत्त्रनिरस्तरविरश्मिषु।
हंसांसाक्षिप्तकह्लारवीथीविमलवारिषु ॥ ४ ॥
हंसकारण्डवक्रौञ्चचक्रवाकविराविषु।
पर्यन्तनिचुलच्छायाविश्रान्तजलचारिषु ॥ ५ ॥

जिन सरोवरों में विकसित कमल पुष्प सूर्य के सन्ताप निवारण के लिये छत्र का कार्य कर रहे हों और हंसों के कंधों से फेंके हुए कल्हार (कमल भेद) पुष्पों से जिस जल में मार्ग जैसा बन गया हो, वहाँ देवता निवास करते हैं।

जिन तालाबों में हंस, कारण्डव, क्रौंच, चकवा-चकई पक्षियों के कलरव हों तथा जिसमें जलवेतस की छाया में जलचर विश्राम करते हों वहाँ प्रतिदिन देवता निवास करते हैं ॥ ४-५ ॥

काश्यपमते—

इष्टापूर्त्तादिभिर्यज्ञैर्यावत् कुर्वन्ति मानवाः।
अग्निष्टोमादिपशुभिरिष्टं यज्ञं प्रकीर्तितम् ॥
वापीकूपतडागादिदेवतायतनानि च।
स्वर्गस्थितिं सदा कुर्याद् तद्दानं पूर्त्तसंज्ञितम् ॥
देवानामालयः कार्यो द्वयमप्यत्र लभ्यते।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्रौञ्चकाञ्चीकलापाश्च कलहंसकलस्वराः ।
नद्यस्तोयांशुका यत्र शफरीकृतमेखलाः ॥ ६ ॥
फुल्लतीरद्रुमोत्तंसाः सङ्गमश्रोणिमण्डलाः ।
पुलिनाभ्युन्नतोरस्या हंसवासाश्च निम्नगाः ॥ ७ ॥

करधनी के शब्द के समान सुमधुर क्रौञ्च पक्षी का कलरव तथा राजहंस का मधुर रव जिन जलाशयों में हों और शफरी (मछलियों) को जिन्होंने किनारा एवं जल को जिन्होंने अपना परिधान बना रखा है ऐसी नदियों में देवता विहार करते हैं ।

जिन नदियों के तट पर विकसित वृक्ष ही कनफूल हों, नदियों का संगम जिनका श्रोणि फलक हो, उन्नत प्रदेश जिनके स्तन हों, हंस जिनके उज्ज्वल वस्त्र हों ऐसी नदियों में देवता निवास करते हैं ॥ ६-७ ॥

वनोपान्तनदीशैलनिर्झरोपान्तभूमिषु ।
रमन्ते देवता नित्यं पुरेषूद्यानवत्सु च ॥ ८ ॥

वन के किनारों में, नदियों में, पर्वतों में, झरनों के समीप में तथा बगीचों से युक्त नगरों के समीप भी देवता रमण करते हैं ॥ ८ ॥

मन्दिरोचितभूमिनिर्देशः—

भूमयो ब्राह्मणादीनां याः प्रोक्ता वास्तुकर्मणि ।
ता एव तेषां शस्यन्ते देवतायतनेष्वपि ॥ ९ ॥

ब्राह्मणों के लिये वास्तुकर्म में जिस प्रकार की भूमि का वर्णन किया गया है वैसी ही भूमि देव मन्दिर के लिये भी शुभ होती है । भूमि लक्षण इसी ग्रन्थ के आरम्भ में देखें ॥ ९ ॥

देवालयोक्तवास्तुपुरुषलक्षणं द्वारविभागश्च—

चतुःषष्टिपदं कार्यं देवतायतनं सदा ।
द्वारं च मध्यमं तस्मिन् समदिक्स्थं प्रशस्यते ॥ १० ॥

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुःषष्टिपदो वास्तुनरः

ई पू आ

शिखी / अदितिः	पर्जन्यः	जयन्तः	इन्द्रः	सूर्यः	सत्यः	भृशः	अन्तरिक्षः / अनिलः
अदितिः	पर्जन्यः / अदितिः	जयन्तः	इन्द्रः	सूर्यः	सत्यः	भृशः / पूषाः	पूषाः
भुजगः	भुजगः	आपवत्सः / आपः	अर्यमा	अर्यमा	सविता / सावित्रः	वितथः	वितथः
सोमः	सोमः	पृथिवी धरः	ब्रह्मा	ब्रह्मा	विवस्वान्	बृहत्क्षतः	बृहत्क्षतः
भल्लाटः	भल्लाटः	पृथिवी धरः	ब्रह्मा	ब्रह्मा	विवस्वान्	यमः	यमः
मुख्यः	मुख्यः	रुद्रः / राजयक्ष्मा	मित्रः	मित्रः	इन्द्रः / जयः	गन्धर्वः	गन्धर्वः
नागः	नागः / शोषः	असुरः	वरुणः	कुसुम दन्तः	सुग्रीवः	भृङ्गराजः / दौवारिकः	भृङ्गराजः
रोगः / पापयक्ष्मा	शोषः	असुरः	वरुणः	कुसुम दन्तः	सुग्रीवः	दौवारिकः	मृगः / पिता

उ द

वा प नै

देवालय ६४ पद का बनाना चाहिये, उसके सभी दिशाओं के मध्य भाग-में द्वार निर्माण शुभ होता है। ६४ पद का विधान निम्नलिखित है—पूर्व से

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

पश्चिम और उत्तर से दक्षिण ९-९ रेखा खीचें इस प्रकार ६४ कोष्ठक बनेंगे। इसमें बीच के चार कोष्ठकों के अन्त से चारों कोण तक ४ तिरछी रेखायें खीचें, इसके बीच में ४ पद ब्रह्मा और बाह्य कोण में ८ देवता (१ आप, २ आपवत्स, ३ सविता, ४ सावित्र, ५ इन्द्र, ६ जयन्त, ७ राजयक्ष्मा, ८ रुद्र) का अर्धपद है। इसके बाद भी (१ शिखि. २ अन्तरिक्ष, ३ अनिल, ४ पितृ, ५ पाप, ६ यक्ष्मा, ७ रोग, ८ अदिति) ये अर्धपद हैं। इसके आगे—१ पर्जन्य, २भृश, ३ भृङ्गराज, ४ दौवारिक, ५ शोष, ६.नाग, ७ अदिति, ८ भृश ये आठ सार्धं १½ पदिक हैं। इनसे अवशिष्ट जो-जो देवता हैं वे द्विपदिक हैं। यथा--जयन्त, इन्द्र, सूर्य; सत्य, भृश, वितथ, वृहत्क्षत, यम, गन्धर्व, कुसुमदन्त, अम्बुपति, असुर, मुख्य, भल्लाट, सोम, भुजग, अर्यम, विवस्वान्, मित्र, पृथ्वीधर, अन्य आचार्यों ने इन्हीं को वास्तुनर भी कहा है।

देवालयविधानम्—

यो विस्तारो भवेद्यस्य द्विगुणा तत्समुन्नतिः।
उच्छ्रायाद्यस्तृतीयांशस्तेन तुल्या कटिः स्मृता ॥ ११ ॥
विस्तारार्धं भवेद्गर्भो भित्तयोऽन्याः समन्ततः।
गर्भपादेन विस्तीर्णं द्वारं द्विगुणमुच्छ्रितम् ॥ १२ ॥
उच्छ्रायात् पादविस्तीर्णा शाखा तद्वदुदुम्बरः।
विस्तारपादप्रतिमं बाहुल्यं शाखयोः स्मृतम् ॥ १३ ॥
त्रिपञ्चसप्तनवभिः शाखाभिस्तत् प्रशस्यते।
अधःशाखाचतुर्भागे प्रतीहारौ निवेशयेत् ॥ १४ ॥
शेषं मङ्गल्यविहगैः श्रीवृक्षैः स्वस्तिकैर्घटैः।
मिथुनैः पत्त्रवल्लीभिः प्रमथैश्चोपशोभयेत् ॥ १५ ॥
द्वारमानाष्टभागोना प्रतिमा स्यात् सपिण्डिका।
द्वौ भागौ प्रतिमा तत्र तृतीयांशश्च पिण्डिका ॥ १६ ॥

देवालय का जो विस्तार है उससे दुगुनी उसकी ऊँचाई होती है। जैसे देवालय के मध्य का विस्तार ३२ हाथ है तो उसकी ऊँचाई ६४ हाथ होगी। ऊँचाई का [illegible] भाग ([illegible] हाथ ८ अंगुल) उसका [illegible] होता है।

Prof. Madhav Prasad Lamichhane Collection, Kathmandu, Nepal

CC-0.In Public Domain. Digitization by eGangotri

